माघ शुक्ल पक्ष, अष्टमी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 17 फरवरी 2024
वर्ष 4, अंक 328, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

अमृत विचार

मुरादाबाद
एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

गल्फ स्ट्रीम समाप्ति के बाद आएगा हिमयुग 16

वैलेंटाइन वीक की लिस्ट में त्रिप्ति शीर्ष पर 15

एक नजर

पेटीएम पेमेंट्स बैंक की सेवा 15 मार्च तक मिलेगी

मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक ने पेटीएम पेमेंट्स बैंक को सेवाएं जारी रखने के लिए 15 दिन का अतिरिक्त समय दिया है। इसके तहत किसी भी ग्राहक खाते, प्रीपेड उत्पाद, वॉलेट और फास्टैग में जमा या 'टॉप-अप' स्वीकार नहीं करने के आदेश की अंतिम तारीख 15 मार्च तक बढ़ा दी गई है। आरबीआई ने शुक्रवार को कहा कि व्यापारियों सहित ग्राहकों के हित को ध्यान में रखते हुए यह कदम उठाया गया है। रिजर्व बैंक ने इसके पहले 31 जनवरी को पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड (पीपीबीएल) को किसी भी ग्राहक खाते, प्रीपेड उत्पाद, वॉलेट व फास्टैग में 29 फरवरी 2024 के बाद जमा या टॉप-अप स्वीकार न करने का निर्देश दिया था।

प्रियंका गांधी की तबीयत खराब, अस्पताल में भर्ती

नई दिल्ली। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा अस्वस्थ होने के कारण शुक्रवार को 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' में शामिल नहीं हो सकेंगी। उन्होंने कहा कि सेहत में सुधार होते ही वह इस यात्रा का हिस्सा बनेंगी। पहले से तय कार्यक्रम के अनुसार, उन्हें आज शाम उत्तर प्रदेश के चंदौली से यात्रा में शामिल होना था। इस यात्रा को शुरू हुए 34 दिन हो चुके हैं। प्रियंका गांधी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट कर खुद के अस्वस्थ होने और अस्पताल में भर्ती होने की जानकारी दी।

कांग्रेस के फ्रीज बैंक खातों से हटाई गई रोक

नई दिल्ली। कांग्रेस ने शुक्रवार को दावा किया कि आयकर विभाग ने उसके प्रमुख बैंक खाते फ्रीज कर दिए, हालांकि बाद में आयकर अपीलीय अधिकरण ने अगले सप्ताह सुनवाई होने तक उसके खातों पर से रोक हटा दी। आयकर विभाग के आदेश के खिलाफ अधिकरण के समक्ष उपस्थित हुए पार्टी नेता एवं अधिवक्ता विवेक तन्खा ने कहा कि पार्टी को अब अपने बैंक खाते संचालित करने की अनुमति दे दी गई है। अंतिम निर्णय लेने से पहले अधिकरण अगले बुधवार को मामले की सुनवाई करेगा। कांग्रेस के कोषाध्यक्ष अजय माकन ने 'एक्स' पर पोस्ट किया कि हमारी याचिका पर आयकर विभाग और आयकर अपीलीय अधिकरण ने कहा है कि हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि 115 करोड़ रुपये बैंक खातों में रखे जाएं... हम उससे ऊपर की राशि भी खर्च कर सकते हैं। इसका मतलब है कि 115 करोड़ रुपये फ्रीज कर दिए गए हैं।

पंजाब में बस सेवाएं ठप, किसानों ने राजमार्ग अवरुद्ध किए, व्यावसायिक प्रतिष्ठान रहे बंद

भारत बंद का हरियाणा में आंशिक असर, पश्चिमी यूपी के कई हिस्सों में भी प्रदर्शन

फिरोजपुर/अमृतसर/हिसार/मुजफ्फरनगर, एजेंसी

भारत बंद के दौरान शंभू सीमा पर प्रदर्शनकारी किसानों पर आंसू गैस छोड़ी गई।

न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी समेत विभिन्न मांगों को स्वीकार करने को लेकर सरकार पर दबाव बनाने के लिए संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) के 'भारत बंद' आह्वान के मद्देनजर शुक्रवार को पंजाब में सड़कों से बसें नदारद रहीं, जिसके चलते यात्रियों को काफी असुविधा हुई। हालांकि हरियाणा में बंद के आह्वान का मिला-जुला असर देखने को मिला, लेकिन पंजाब में कई स्थानों पर बाजार और व्यावसायिक प्रतिष्ठान बंद रहे।

अधिकारियों ने बताया कि बंद शांतिपूर्ण रहा। किसानों ने कई स्थानों पर प्रदर्शन किया और पठानकोट, तरनतारन, बठिंडा और जालंधर में राष्ट्रीय राजमार्गों को अवरुद्ध कर दिया। हरियाणा के हिसार में रोडवेज कर्मचारियों ने 'भारत बंद' का समर्थन किया, जिसके चलते बस सेवाएं ठप रहीं। बंद का कुरूक्षेत्र में कोई असर नहीं हुआ। बाजार खुले रहे और बसों का संचालन भी हुआ।

भारतीय किसान यूनियन (चढ़ूनी) के सदस्यों ने हरियाणा के कई टोल प्लाजा पर धरना दिया और अधिकारियों को यात्रियों से पथकर नहीं वसूलने दिया। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई हिस्सों में भी प्रदर्शन किए गए। भाकियू नेता राकेश टिकैत ने मुजफ्फरनगर में दिल्ली-देहरादून राष्ट्रीय राजमार्ग पर बागोवाली क्रॉसिंग पर किए गए विरोध प्रदर्शन में भाग लिया। भाकियू सदस्यों ने बिजनौर में कुछ गन्ने के वजन मापने वाले केंद्रों पर कामकाज को रुकवा दिया। बागपत में विरोध प्रदर्शन किया। शाहजहांपुर, बदायूं और मेरठ में बंद का कोई असर नहीं दिखा। कई बस अड्डों पर यात्री अपने-अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए बसों का इंतजार करते दिखे। बसों की अनुपलब्धता के कारण मुख्य रूप से छात्रों और कार्यालय जाने वालों को असुविधा हुई।

शंभू सीमा पर फिर हंगामा, पुलिस ने दागे आंसू गैस के गोले

चंडीगढ़। हरियाणा पुलिस ने शुक्रवार को प्रदर्शनकारी किसानों के अंबाला के पास शंभू सीमा पर अवरोधक की ओर बढ़ने के बाद उन्हें तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस के गोले दागे। पंजाब के प्रदर्शनकारी किसान हरियाणा के साथ लगती राज्य की सीमा पर दो बिंदुओं शंभू और खनौरी पर रुके हुए हैं। प्रदर्शन के पहले दो दिन भी किसानों और हरियाणा पुलिस के जवानों के बीच झड़पें हुईं। संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा ने भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर अपनी मांगों को लेकर दबाव बनाने के लिए 'दिल्ली चलो' मार्च का आह्वान किया था। पंजाब के किसानों ने मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी की ओर मार्च शुरू किया लेकिन सुरक्षा कर्मियों ने शंभू और खनौरी सीमा बिंदुओं पर उन्हें रोक दिया था।

प्रदेश में हड़ताल पर छह महीने की रोक

लखनऊ। किसान आंदोलन को देखते हुए राज्य सरकार ने प्रदेश में छह महीने के लिए हड़ताल पर रोक लगा दी है। यदि कोई कर्मचारी हड़ताल या प्रदर्शन करता पाया गया तो, बिना वारंट गिरफ्तारी की जाएगी। यह आदेश राज्य सरकार के अधीन विभागों, निगम और प्राधिकरण पर लागू होगा। अपर मुख्य सचिव कार्मिक डॉ. देवेश चतुर्वेद ने इस संबंध में अधिसूचना जारी की है। अधिसूचना में बताया गया कि एस्मा एक्ट लगने के बाद कोई भी कर्मचारी हड़ताल-प्रदर्शन करता है तो उसकी बिना वारंट गिरफ्तारी होगी। इससे पहले 2023 में छह महीने के लिए हड़ताल पर रोक लगाई गई थी। एस्मा का इस्तेमाल हड़ताल को रोकने के लिए किया जाता है। विभिन्न मांगों को लेकर किसान आंदोलित हैं।

जीबीसी के केंद्र में युवा, उद्योग लगने के साथ मिलेगी नौकरी

मुख्यमंत्री ने सेवानिवृत अधिकारियों और शिक्षाविदों को सौंपी बड़ी जिम्मेदारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जीबीसी के मद्देनजर शुक्रवार को सेवानिवृत अफसरों और शिक्षाविदों को बड़ी जिम्मेदारी सौंपते हुए कहा कि इन्वेस्टर्स समिट और ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी जैसे प्रयास केवल उद्यमियों के लिए नहीं हैं, अपितु इसके केंद्र में युवा वर्ग है। इसका सबसे ज्यादा लाभ युवाओं को ही होगा। उद्योग लगेंगे तो रोजगार के अवसर सृजित होंगे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को भारतीय प्रशासनिक सेवा के 12, भारतीय पुलिस सेवा के चार और भारतीय वन सेवा के सात अधिकारियों (सभी सेवानिवृत्त) और 19 शिक्षाविदों सहित 42 सदस्यीय खास टीम गठित की। टीम के साथ आवास पर आयोजित विशेष कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने पिछले साल 10 से 12 फरवरी तक आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट की अभूतपूर्व सफलता की जानकारी देते हुए कहा कि करीब 40 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव हमें प्राप्त हुए और अब एक वर्ष के भीतर ही इन्हें जमीन पर उतारा जा रहा है। यह प्रदेश के समग्र विकास और हमारे युवाओं के नौकरी/सेवायोजन के लिए अत्यंत लाभकारी होगा। योगी ने जीबीएस में लगने वाले उद्योगों से युवाओं को कैसे नौकरी के अवसर सृजित होंगे, इसे विश्वविद्यालयों का दौरा कर समझाने का कार्य टीम को सौंपा।

▸▸ सेवानिवृत्त 12 आईएएस, 4 आईपीएस, 7 आईएफएस अधिकारियों और 19 शिक्षाविदों समेत 42 सदस्यीय खास टीम तैयार

विविध आयामों से युवाओं का परिचय कराएगी अधिकारियों की टीम

10.15 लाख करोड़ से अधिक की औद्योगिक परियोजनाओं की एक साथ ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी से पहले सेवानिवृत्त अधिकारियों और वरिष्ठ शिक्षाविदों का समूह ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 और जीबीसी-4 के विविध आयामों से युवाओं का परिचय कराएगा। 17-18 फरवरी को टीम विश्वविद्यालयों/महाविद्यालयों में युवाओं से संवाद कर नौकरी/रोजगार/सेवायोजन से जुड़ी उनकी जिज्ञासाओं का समाधान करेगी।

प्रदेश में दूर होगी असमान विकास की समस्या

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि प्रदेश के विकास में असमानता एक बड़ी समस्या रही है। पूर्वी उत्तर प्रदेश और बुंदेलखंड में उद्योग नहीं लग पाए। नतीजतन यहां के युवाओं के सामने पलायन का संकट रहा। जीबीसी का लाभ प्रदेश के सभी 75 जिलों को मिलेगा। 19 फरवरी के मुख्य समारोह से सभी जिलों को जोड़ा जाएगा।

तमिलनाडु से 60 हजार श्रमिकों का लौटना अच्छा संदेश

मुख्यमंत्री ने कहा कि हाल ही में एक रिपोर्ट प्रकाशित हुई जो बताती है कि तमिलनाडु से 60 हजार श्रमिक प्रदेश में वापस लौटे। यह सभी टेक्सटाइल सेक्टर में कार्य कर रहे थे। निश्चित रूप से इन्हें प्रदेश में अपने सुखमय और सुरक्षित भविष्य की संभावना दिखी होगी, तभी प्रदेश लौटने का निर्णय लिया।

एनआरआई शादियों के लिए अनिवार्य किया जाए पंजीकरण

नई दिल्ली। विधि आयोग ने अनिवासी भारतीयों और भारतीय नागरिकों के बीच विवाह के मामलों में बढ़ती धोखाधड़ी को चिंताजनक बताते हुए स्थिति से निपटने के लिए एक व्यापक कानून और ऐसी शादियों के अनिवार्य पंजीकरण की सिफारिश की है। आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) ऋतुराज अवस्थी ने विधि मंत्रालय को अनिवासी भारतीयों और भारत के प्रवासी नागरिकों से संबंधित वैवाहिक मुद्दों पर कानून नामक रिपोर्ट प्रस्तुत की है। रिपोर्ट के अनुसार, आयोग की राय है कि प्रस्तावित केंद्रीय कानून एनआरआई और भारतीय मूल के प्रवासी विदेशी नागरिकों (ओसीआई) के भारतीय नागरिकों के साथ विवाह से जुड़े सभी पहलुओं को पूरा करने के लिए व्यापक होना चाहिए। न्यायमूर्ति अवस्थी ने गुरुवार को कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल को लिखे अपने 'कवरिंग लेटर' में कहा कि अनिवासी भारतीयों (एनआरआई) और भारतीय नागरिकों के बीच शादी के मामलों में बढ़ती धोखाधड़ी की प्रवृत्ति चिंताजनक है।

▸▸ विधि आयोग ने की सिफारिश, बनाया जाए सख्त कानून

टाइमर बोतल बम के साथ मास्टर माइंड गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ महिला के कहने पर बनाया था बम, 10 हजार रुपये मिले थे एडवांस

▸▸ एसटीएफ ने मुजफ्फरनगर से दबोचा, चार बोतल बम बरामद

▸▸ यू-ट्यूब और इंटरनेट से हासिल की बम बनाने की जानकारी

अमृत विचार : एसटीएफ ने शुक्रवार को मुजफ्फरनगर से टाइमर बम बनाने वाले मास्टर माइंड जावेद को गिरफ्तार किया है। उसके पास से चार टाइमर बोतल बम (आईईडी) बरामद किया गया है। उसने इमराना नाम की एक महिला के कहने पर बम बनाया था। इसके लिए महिला ने उसे 10 हजार रुपये एडवांस दिया था, जबकि 40 हजार रुपये बम की डिलीवरी के समय देने को कहा था। आईबी और एटीएस की टीमों ने भी उससे पूछताछ की।

एक सूचना के आधार पर मुजफ्फरनगर के खालापार निवासी जावेद की गिरफ्तारी की गई। उसने टाइमर बोतल बम शूज के डिब्बे में छिपाया था। बाद में बम डिस्पोजल स्क्वायड ने इनको निष्क्रिय किया। बोतल के अन्दर गन पाउडर, लोहे की छोटी गोलियां, रूई, पीओपी आदि डालकर बम तैयार किए गए थे। यह बोतल बम उसने इमराना नाम की महिला के कहने पर बनाया था। इमराना शामली जिले के बाबरी थाना क्षेत्र के बंतीखेड़ा की मूल निवासी और वर्तमान में मुजफ्फनगर के कोतवाली क्षेत्र में रह रही है। जावेद ने पूछताछ में बताया कि ग्लूकोज की बोतलें डाक्टरों से व लोहे की गोलियां साईकिल की दुकान व घड़ी की मशीन घडी की दुकानों से लेता था। जावेद ने बताया कि उसने पटाखे बनाने का काम करने वाले अपने चाचा मो. अरर्शी के यहां रहकर बारूद व बोतल बम बनाने का काम सीखा तथा कुछ जानकारी यू-टयूब और इंटरनेट से ली थी। इन बम का कहां प्रयोग करना था यह इमराना ही जानती है। जावेद पहले भी इस तरह के बम बनाकर बेच चुका है।

अज्ञात वाहन ने परिवार के 4 को रौंदा, मां-बेटे की मौत

संवाददाता, मंडावर (बिजनौर)

▸▸ पिता-पुत्र गंभीर रूप से घायल, पत्नी व दो बेटों के साथ चंदक रेलवे स्टेशन जा रहे थे सभी

▸▸ मुरादाबाद के कांठ थाना क्षेत्र के गांव दरियापुर का है परिवार, घने कोहरे के कारण हादसा

अमृत विचार : अज्ञात वाहन ने परिवार के चार लोगों को रौंद दिया, मां -बेटे की मौत हो गई है जबकि पिता-पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए। चारों परिजन ट्रेन पकड़ने के लिए चंदक रेलवे स्टेशन जा रहे थे।

थाना क्षेत्र के कस्बा चंदक के पास अज्ञात वाहन ने पैदल स्टेशन जा रहे परिवार के चार लोगों को रौंद दिया। हादसे में सुनीता (45) पत्नी धर्मेंद्र और पुत्र मुकुल (7) की मौत हो गई जबकि धर्मेंद्र और उसका दूसरा पुत्र टिंकू (12) गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। बताया जा रहा है कि सुबह के समय घने कोहरे के कारण हादसा हुआ। धर्मेंद्र अपने परिवार के साथ चंदक स्थित गोशाला में काम करता है। वहां से अपने गांव दरियापुर थाना कांठ जिला मुरादाबाद जा रहा था। चंदक स्टेशन जाते समय हादसा हो गया। सीओ संग्राम सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

प्रख्यात रंगकर्मी पद्मश्री राज बिसारिया नहीं रहे

लखनऊ। प्रख्यात रंगकर्मी पद्मश्री राज बिसारिया नहीं रहे। वह 89 साल के थे। 10 नवंबर 1935 को पैदा हुए राज बिसारिया ने भारतीय रंगमंच को समृद्ध करने का काम किया। लखनऊ की भारतेन्दु नाट्य अकादमी की स्थापना उन्होंने ही की थी। वह इसके संस्थापक निदेशक रहे।

▸▸ भारतेन्दु नाट्य अकादमी के संस्थापक थे

लखनऊ विश्वविद्यालय में वह अंग्रेजी के प्रोफ़ेसर रहे। कई किताबें भी लिखी हैं। कुछ समय से वह अस्वस्थ थे। काफी समय तक वह एसजीपीजीआई में भर्ती भी रहे और वहां से ठीक होकर अपने गोमतीनगर आवास पर आ गए थे। शुक्रवार की शाम अचानक उनकी सांस उखड़ने लगी। परिवार के लोगों ने डॉक्टर से सम्पर्क किया लेकिन डॉक्टर के आने से पहले ही निधन हो गया।

उनके निधन की सूचना पाते ही उनके आवास पर श्रद्धांजलि देने के लिए रंगकर्मियों का हुजूम उमड़ पड़ा।

गला काटकर पत्नी का सिर लेकर चौकी जा रहा था पति, गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

▸▸ आठ साल पहले हुआ था विवाह, पत्नी के अवैध संबंधों से था नाराज

अमृत विचार : फतेहपुर कोतवाली की इसरौली चौकी के बसारा गांव में अवैध संबंध के शक से नाराज पति ने पत्नी का सिर बांके से कलम कर दिया और सिर हाथ में लेकर पुलिस चौकी जा रहा था। तभी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। एसपी दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि मामले में मृतका की मां विमला देवी की तहरीर पर केस दर्ज किया गया है।

फतेहपुर कोतवाली की इसरौली चौकी के बसारा गांव निवासी अनिल कनौजिया राजगीर है। वह पत्नी के अवैध संबंधों को लेकर नाराज था। कई बार विवाद पुलिस चौकी तक भी पहुंचा था। शुक्रवार सुबह करीब साढ़े आठ बजे अनिल ने पत्नी वंदना 26 की बांके से गला काटकर हत्या कर दी। उसके बाद कटा सिर और दूसरे हाथ में बांका लेकर इसरौली चौकी जा रहा था। यह दृश्य जिसने देखा, उसकी रूह कांप उठी। इसकी सूचना पर पुलिस ने पति को गिरफ्तार कर महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। एसपी दिनेश कुमार सिंह, एएसपी उत्तर चिंरजीवी नाथ सिंहा, सीओ रघुबीर सिंह व प्रभारी निरीक्षक धीरेंद्र कुमार सिंह ने चौकी पहुंचकर जांच की। अभियुक्त के परिजनों से बात कर उनके बयान दर्ज किए। पुलिस ने बताया कि अनिल कनौजिया का विवाह आठ वर्ष पहले मसौली थाना क्षेत्र के मूलीगंज निवासी वंदना देवी (26) के साथ हुआ था। इनके दो बेटे अमन (5) व श्याम (1) है। पति-पत्नी में इन दिनों विवाद चल रहा था।

अमिताभ यश को एडीजी कानून व्यवस्था का अतिरिक्त प्रभार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

9 पीपीएस अफसरों का तबादला

अमृत विचार : एडीजी एसटीएफ अमिताभ यश को एडीजी कानून-व्यवस्था का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। शासन ने शुक्रवार को इस आशय का आदेश जारी किया। प्रशांत कुमार के कार्यवाहक डीजीपी बनाए जाने के बाद से यह पद खाली चल रहा था। इनके अलावा शासन ने 9 पीपीएस अफसरों के भी तबादले किए गए हैं।

शासन से जारी सूची के मुताबिक जितेंद्र कुमार दुबे को अपर पुलिस उपायुक्त लखनऊ बनाया गया है, जबकि राजेश कुमार भारतीय अब एएसपी कासगंज होंगे। डॉ.तेज वीर सिंह को एएसपी भदोही बनाया है, राघवेंद्र सिंह प्रथम अपर पुलिस उपायुक्त लखनऊ की जिम्मेदारी संभालेंगे। प्रवीन सिंह चौहान को 4वीं वाहिनी पीएसी प्रयागराज में नियुक्त दी गई, जबकि संजय कुमार, एएसपी यातायात गोरखपुर का जिम्मा संभालेंगे। विवेक त्रिपाठी को एएसपी यातायात आजमगढ़ तथा रश्मि रानी को एएसपी अधिसूचना मुख्यालय लखनऊ की जिम्मेदारी मिली है। मोनिका चड्ढा को एएसपी पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड लखनऊ में तैनाती मिली।

पुलिस भर्ती परीक्षा : झांसी में साल्वर गैंग का पर्दाफाश, एसटीएफ ने दो को किया गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ वाराणसी और आगरा में ठगी की कोशिश में जुटे चार पकड़े गए

अमृत विचार : शनिवार और रविवार को होने वाली पुलिस भर्ती परीक्षा में सेंध लगाने को जुटे गैंग का एसटीएफ ने पर्दाफाश किया है। इस मामले में गैंग के दो सदस्यों को झांसी से गिरफ्तार किया गया है। इसमें मोनू कुमार, शामली जिले के कांधला थाना क्षेत्र का रहने वाला है, जबकि दूसरा नालंदा (बिहार) का रजनीश रंजन हैं। वहीं एक अन्य मामले में एसटीएफ ने परीक्षा का एक फर्जी एवं काल्पनिक प्रश्नपत्र तैयार कर अभ्यर्थियों से ठगी करने की कोशिश में जुटे गैंग के दो सदस्यो को वाराणसी से गिरफ्तार किया है। उसका सरगना फरार हो गया। पकड़े गए ठगों में प्रिन्स कुशवाहा चंदौली का है, जबकि विजय कुमार मिर्जापुर जिले का रहने वाला हैं। एसटीएफ ने आगरा से भी दो ठगों को गिरफ्तार किया। इसमें करतार सिंह राजस्थान का मूल निवासी है और आगरा में रह रहा था, टिन्कू कुमार अलीगढ़ का निवासी है।

एसटीएफ के मुताबिक झांसी पुलिस लाइन के पास से पकड़ा गया मोनू कुमार उर्फ मोनू गुर्जर बीए पास है। वह 2010 में इंटर पास करके नौसेना में भर्ती हुआ था। उसने ओडिशा (चिल्का) में ट्रेनिंग की थी। उसी दौरान छुटटी पर आया था फिर वापस नहीं गया था। उसके बाद से वह गैंग बनाकर झांसी में ऑनलाइन प्रतियोगी परीक्षा कराने हेतु एक लैब बनाकर धांधली करने लगा। शुक्रवार को उसका गैंग पुलिस भर्ती परीक्षा का पेपर आउट कराने का प्रयास कर रहा था।

वाराणसी में हुई गिरफ्तारी के बाबत एसटीएफ ने बताया कि परीक्षा के नाम पर ठगी करने वाले गैंग का सरगना वंशराज सिंह कुशवाहा गैंग के सदस्यों के साथ वाराणसी एवं आस-पास के जनपदों में अभ्यर्थियों से सम्पर्क करने हेतु सक्रिय था। साथ ही उप्र पुलिस भर्ती परीक्षा का एक फर्जी एवं काल्पनित प्रश्नपत्र तैयार किया था।

संकट | 1996 से 2010-11 तक मानकों को ताख पर रख बांटा ऋण, अब वसूलना मुश्किल

ऋण लेकर हुए लापता, 2100 लाख फंसे, 'पिछड़ा' विभाग

विशेष

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

▸▸ बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, बदायूं समेत 34 जिले पीछे, किसी ने बदला पता तो कोई मौके पर नहीं मिला, कई लोगों की हो चुकी मृत्यु

अमृत विचार : पिछड़ा वर्ग वित्त एवं विकास निगम द्वारा बांटे गए करोड़ों रुपये लेकर लाभार्थी लापता हैं। इसकी विभाग वसूली नहीं कर पा रहा है। वजह 1996 से 2010-11 तक मानकों को ताख पर रखकर स्वरोजगार के लिए ऋण वितरण किया गया। कहीं अभिलेख नहीं लिए गए तो कहीं नियमों को पूरा नहीं किया गया।

इससे केंद्र से दिया जाने वाला ऋण फंसा है। जिन्होंने ऋण बांटा वह सेवानिवृत्त हो गए या फिर पदोन्नति पाकर इधर-उधर हो गए। अब वर्तमान के अधिकारियों को वसूली का जिम्मा दिया गया है जो उनके लिए चुनौती बना हुआ है। क्योंकि मौके पर न लाभार्थी हैं और न उनके द्वारा दर्शाया गया पता। कई की मृत्यु हो चुकी है। इस वजह से ढूंढना मुश्किल है। जो बकायेदार हैं तो वह समाधान योजना का इंतजार कर रहे हैं। बकाया तो काफी है लेकिन, जनवरी 2024 तक ब्याज समेत लक्ष्य 2167.29 लाख के सापेक्ष 66.71 लाख (3.8 प्रतिशत) ही वसूल हो पाए हैं। जबकि 2100 लाख रुपये की वसूली नहीं हो पाई। प्रबंध निदेशक डॉ. वंदना वर्मा ने सभी जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारियों को फरवरी व मार्च में 50-50 हजार रुपये वसूली का लक्ष्य सौंपा है।

पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी को 50 हजार का लक्ष्य

प्रदेश में जनवरी 2024 में 3.8 प्रतिशत वसूली हुई है, जो सबसे कम है। इनमें खराब प्रगति वाले 34 जिले बरेली, पीलीभीत, बदायूं, शाहजहांपुर अलीगढ़, हाथरस, कासगंज, आगरा, फिरोजाबाद, मथुरा, बलिया, मऊ, प्रयागराज, प्रतापगढ़, इटावा, औरैया, कानपुर देहात, कुशीनगर, गोरखपुर, चित्रकूट, बांदा, महोबा, जालौन, ललितपुर, जेपी नगर, बिजनौर, संभल, रामपुर, गौतमबुद्ध नगर, हापुड़, गाजीपुर, चंदौली, जौनपुर व मिर्जापुर हैं।

> यह काफी पुरानी योजनाओं के दिए गए ऋण हैं। इसलिए समस्या है। लाभार्थियों से ऋण वसूला जा रहा है। 100 प्रतिशत वसूली करने के लिए जिलों को लक्ष्य दिया है।
>
> – **डॉ. वंदना वर्मा**, प्रबंध निदेशक, उप्र पिछड़ा वर्ग वित्त एवं विकास निगम लिमिटेड

बंद हो गईं योजनाएं, वसूली नहीं तो वेतन नहीं

पूर्व में निगम केंद्र से मार्जिन मनी के आधार पर दुकान, रिक्शा, शिक्षा, पशुपालन, हलवाई, टेलर आदि के लिए ऋण देता था। इसमें सबसे बड़ा ऋण जीप खरीदने के लिए मिलता था। जो बांटने के बाद नहीं निकले तो सभी योजनाएं निगम की बंद कर दी गईं। इस वजह से जिले के कार्यालय बंद कर कर्मियों को मुख्यालय पर तैनात कर दिया गया। इनका वेतन इसी वसूली से निकलता है। इसी वजह से विभाग पिछड़ गया है। इसके पास सिर्फ छात्रवृत्ति, शादी अनुदान और ओ लेवल की योजना ही बची है।

एक नजर

सेवानिवृत कानूनगो ने बसपा की सदस्यता ली

मुरादाबाद, अमृत विचार : सेवानिवृत कानूनगो गजेंद्र सिंह ने शुक्रवार को बहुजन समाज पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। संगठन के जिलाध्यक्ष डॉ. सुनील आजाद ने गजेंद्र को पार्टी की सदस्यता दिलाई। संगठन कार्यालय पर गजेंद्र सिंह ने कहा कि सेवानिवृत होने के बाद बहुजन मूवमेंट एवं बहुजन समाज पार्टी के लिए कार्य करने का संकल्प ले रहा हूं। पार्टी की नीतियों को आगे बढ़ाने के लिए पूरी ईमानदारी निष्ठा के साथ काम करूंगा।

मंगलवार को होगा तहसील दिवस का आयोजन

मुरादाबाद, अमृत विचार : शनिवार को आयोजित होने वाला तहसील दिवस इस बार 20 फरवरी मंगलवार को आयोजित होगा। शनिवार को पुलिस भर्ती परीक्षा और सोमवार को ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के चलते मंगलवार को तहसील दिवस आयोजित होगा। शासन के अनुसचिव घनश्याम चतुर्वेदी ने इस संबंध में आदेश जारी किया। जिलाधिकारी ने बताया कि शासन के आदेश के क्रम में जिले में इस बार 20 फरवरी को तहसील दिवस का आयोजन होगा।

शिल्पकारों व कारीगरों को प्रोत्साहित करेगी सरकार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- हुनर को आगे बढ़ाने को सरकार कराएगी मार्केटिंग
- 5 मार्च को पंचायत भवन में प्रधान व पंचायत सहायकों की होगी बैठक

अमृत विचार: भारत सरकार ने शिल्पकारों व कारीगरों के हुनर को आगे बढ़ाकर उनकी मदद करने के लिए पीएम विश्वकर्मा योजना लागू की है। इसमें शिल्पकारों व कारीगरों को जागरूक करने लिए जिम्मेदारी देहात क्षेत्र में पंचायत सचिव व महानगर में जागरूकता के लिए नगर निगम को सौंपी है। 5 मार्च को पंचायत भवन में आयोजित बैठक में ग्राम प्रधान और पंचायत सहायकों योजना से संबंधित जानकारी दी जाएगी।

शिल्पकारों, दस्तकारों व कारीगरों के लिए केंद्र सरकार की ओर से पीएम विश्वकर्मा योजना संचालित है। इसमें आर्थिक रूप से कमजोर कारीगरों को सरकार की ओर से अपने हुनर को निखारने के लिए औजार व मार्केटिंग की जरूरत करने के लिए सोचना नहीं पड़ेगा। जिला पंचायत राज अधिकारी वाचस्पति झा ने बताया कि 18 प्रकार के पारंपरिक शिल्पकारों और कारीगरों की सहायता के लिए केंद्र की योजना है। टूल किट के लिए निर्धारित 15 हजार रुपये की धनराशि ई-वाउचर के माध्यम से दी जाएगी। मार्केटिंग में सहायता की जाएगी। प्रधान व पंचायत सहायक को जिला पंचायत राज अधिकारी ने पंचायत भवन में योजना से संबंधित जानकारी के करने के लिए 5 मार्च को बुलाया किया है। इसमें योजना के लिए आवेदन करने और उसमें मिलने वाले लाभ की जानकारी दी जाएगी। शिल्पकारों और कारीगरों को नगर निगम के कर्मचारी पार्षदों की मदद से सूचित करेंगे।

भाजपा की ओर से जिला कार्यालय पर लोकसभा क्षेत्र में लाभार्थी संपर्क अभियान की कार्यशाला आयोजित

25 फरवरी से 5 मार्च के मध्य तीन दिन चलेगा विशेष अभियान

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय पर शुक्रवार को लोकसभा क्षेत्र में लाभार्थी संपर्क अभियान की कार्यशाला आयोजित हुई। इसमें कार्यकर्ताओं को लाभार्थियों से घर-घर जाकर संपर्क करने के लिए कहा गया।

कार्यशाला की शुरुआत मुख्य अतिथि जिला सह प्रभारी ओमकार खड़कवंशी ने अन्य पदाधिकारियों के साथ पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीन दयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण करने के बाद दीप प्रज्ज्वलित कर किया। मुख्य अतिथि ने कहा कि संगठन की जिम्मेदारी सभी लाभार्थियों से संपर्क करके नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का संकल्प दिलाना है। उनकी आगामी जनकल्याणकारी योजना का लाभ आने वाले उनके कार्यकाल में और अधिक मिलेगा। प्रधानमंत्री के विकसित भारत में हम सभी को अपनी सहभागिता देनी है।

भाजपा जिला कार्यालय पर आयोजित कार्यशाला में उपस्थित पदाधिकारी। ● अमृत विचार

अध्यक्षता कर रहे जिलाध्यक्ष आकाश कुमार पाल ने कहा कि हम सभी को संगठन द्वारा संचालित विभिन्न कार्यक्रमों में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करनी है और संगठन को हर बूथ पर जाकर बूथ पर 51 प्रतिशत से अधिक मतदान भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में कराकर अपनी सहभागिता देनी है। जिले में पिछली बार से भी अधिक मतदान कराकर प्रदेश में प्रथम स्थान दिलाना है। लोकसभा संयोजक डॉ. विशेष गुप्ता ने बताया कि प्रत्येक जनप्रतिनिधि जिला एवं महानगर पदाधिकारी कार्यकर्ता को 20- 40 परिवारों में संपर्क करना है। लाभार्थी के मोबाइल नंबर से केंद्र द्वारा दिए गए मोबाइल नंबर 9638002024 पर मिस्ड कॉल कराना और नरेंद्र मोदी का पत्र देना व उनके घर पर स्टीकर लगाना है। कार्यकर्ता द्वारा प्रतिदिन की संपर्क किए गए लाभार्थी की जानकारी को नमो एप अथवा प्रदान की गई सूची में ऑफलाइन अपडेट किया जाएगा। इस जानकारी में लाभार्थी का अपडेट नंबर भी शामिल होगा।

लोकसभा के सह संयोजक आचार्य नरेंद्र देव ने कहा कि यह अभियान 25 फरवरी से 5 मार्च के मध्य तीन दिन विशेष संपर्क अभियान चलेगा जिसमें लोकसभा के अंतर्गत लाभार्थियों से संपर्क करने प्रत्येक बूथ और गांव में जाना है। संचालन जिला महामंत्री कमल प्रजापति एवं जिला संयोजक लाभार्थी संपर्क अभियान राहुल शर्मा ने किया। कार्यशाला में महानगर अध्यक्ष संजय शर्मा, बैंक चेयरमैन चौधरी विजय भान सिंह, जिला महामंत्री राजन विश्नोई कमल प्रजापति, हर ज्ञान सिंह, महानगर महामंत्री नाथूराम कश्यप, दिनेश शीर्षबाल, श्याम बिहारी शर्मा, जिला मीडिया प्रभारी संजय ढाका, जिला मंत्री चकित चौधरी, भानु प्रताप सिंह, नवीन चौधरी, डॉ. विजय लक्ष्मी पंडित, जिला सोशल मीडिया संयोजक मयूर भाटिया, रेनू चौधरी, शम्मी भटनागर, शशि किरन, दिव्यांश विश्नोई, चंद्र प्रजापति, जयप्रकाश आदि उपस्थित रहे।

आज आएंगी गुड़गांव व रेवाड़ी की बसें

मुरादाबाद, अमृत विचार : कुछ दिनों पहले शुरू हुए किसान आंदोलन के चलते गुड़गांव और रेवाड़ी से मुरादाबाद के लिए कोई बस नहीं आई थी। जिसके चलते मुरादाबाद से गुड़गांव और रेवाड़ी जाने वाले यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। परिवहन निगम अधिकारियों की मानें तो शनिवार को गुड़गांव व रेवाड़ी की बसें आएंगी।

जनपद से गुड़गांव की दूरी 197 और रेवाड़ी की दूरी 299 किलोमीटर है। कुछ लोग ट्रेन से न जाकर बसों से इन दोनों स्थानों का सफर करते हैं। जिसके लिए प्रतिदिन गुड़गांव और रेवाड़ी से मुरादाबाद में दो बसें आती है। लेकिन हरियाणा में किसान आंदोलन के चलते गुरुवार और शुक्रवार को दोनों बसें नहीं आईं थीं। जिससे कारण हरियाणा जाने वाले यात्री बस अड्डे पर परेशान दिखाई दिए। वहीं रोडवेज के अधिकारियों का कहना है कि शनिवार 17 फरवरी को गुड़गांव व रेवाड़ी की बस मुरादाबाद पहुंचेगी।

पंजाब मेल और किसान एक्सप्रेस हुईं प्रभावित

किसान आंदोलन का असर, कटिहार-श्रीमाता वैष्णो देवी कटरा एक्सप्रेस बदले रूट से चली

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: पंजाब में किसान आंदोलन के बीच यात्रियों को पंजाब मेल और सरयू-यमुना (किसान एक्सप्रेस) एक्सप्रेस की प्रतीक्षा करनी पड़ी। गुरुवार को कटिहार से श्रीमाता वैष्णो देवी कटरा एक्सप्रेस ट्रेन को बदले रूट से चलाया गया। कर्मभूमि और अमृतसर से आने वाली ट्रेनों की देरी की रेल प्रबंधन अपडेट लेता रहा। किसान आंदोलन का प्रभाव अंबाला मंडल में है। आंदोलन के चलते स्थानीय रेल प्रबंधन के अलावा सुरक्षा एजेंसियां भी सतर्क रहीं।

फिरोजपुर से चलकर कटिहार तक जाने वाली सरयू-यमुना (किसान एक्सप्रेस) सवा दो घंटे देरी से आई। पंजाब मेल के यात्री इससे प्रभावित हुए। उधर, रेल प्रबंधन ने किसान आंदोलन के मद्देनजर कोलकाता से अमृतसर के बीच चलने वाली एक्सप्रेस को बदले रूट से संचालित किया था। दिल्ली से पठानकोट, श्रीमाता वैष्णो देवी मंदिर स्टेशन कटरा, श्रीगंगानगर एक्सप्रेस के डायवर्जन की सुरक्षा एजेंसियां निगरानी करती रहीं। इसके लिए आरपीएफ नियंत्रण कक्ष, केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो की स्थानीय इकाई के सदस्य रेलवे मुख्यालय से अपडेट लेते रहे। कोहरा थमने के बाद भी लंबी दूरी की ट्रेनों के विलंब ने यात्रियों को खूब छकाया। रेलवे कंट्रोल रूम की मानें तो शुक्रवार को कुंभ एक्सप्रेस के दोनों फेरे प्रभावित रहे। डाउन दिशा से यह गाड़ी 7:06 घंटे देरी से आई, जबकि अप दिशा में 4:53 घंटे विलंबित रही। सुपरफास्ट श्रमजीवी एक्सप्रेस करीब दो घंटे लेट हो गयी। सद्भावना एक्सप्रेस के यात्रियों को 5:07 घंटे इंतजार करना पड़ा। हावड़ा से देहरादून के बीच चलने वाली दून एक्सप्रेस के खाते में फिर 3:40 घंटे का विलंब दर्ज हुआ। स्टेशन अधीक्षक महेंद्र कुमार का कहना है कि किसान आंदोलन की सीधा प्रभाव मंडल में नहीं है। घोषित आंदोलन के चलते कुछ ट्रेनों को बदले रूट से चलाया गया था। ऐसी ट्रेनें सीधे फिरोजपुर मंडल की हैं।

नरौरा में स्टेशन का निरीक्षण करते प्रवर मंडल प्रबंधक रेल व अन्य। ● अमृत विचार

दोपहर बाद समयबद्ध रहा 19 ट्रेनों का संचालन

मुरादाबाद, अमृत विचार : ट्रेनों के समयबद्ध संचालन में जुटे रेल प्रबंधन को सफलता मिलने का भी सिलसिला शुरू हो चुका है। परिचालन विभाग इसे मौसम का सहयोग मांग रहा है। शुक्रवार को नजीबाबाद स्पेशल, रक्सौल सद्भावना, राज्यरानी सुपरफास्ट, इंटरसिटी, पुरबिया एक्सप्रेस, नैनी जनशताब्दी, चंदौसी इंटरसिटी, सत्याग्रह, लालकुंआ स्पेशल, जलियांवाला बाग एक्सप्रेस, महामना एक्सप्रेस, अयोध्या एक्सप्रेस, जनता एक्सप्रेस, श्रीमाता वैष्णो देवी कटरा साप्ताहिक, नौचंदी एक्सप्रेस, बेगमपुरा सुपरफास्ट, न्यू तिनसुकिया एक्सप्रेस, रानीखेत एक्सप्रेस, चंडीगढ़ मेल समय से संचालित हुईं।

रेलवे के अधिकारियों ने किया स्टेशन का निरीक्षण

मुरादाबाद, अमृत विचार : अपर मंडल रेल प्रबंधक (परिचालन) राकेश सिंह ने राजघाट नरौरा और डिबाई रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। चंदौसी रेलवे स्टेशन का सेफ्टी ऑडिट हुआ। चंदौसी स्थित क्षेत्रीय रेल प्रशिक्षण संस्थान में संरक्षा सेमिनार को सम्बोधित किया। निरीक्षण में एडीआरएम राकेश सिंह के साथ वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी प्रशांत शर्मा ने राजघाट नरौरा, डिबाई का निरीक्षण किया। चंदौसी रेलवे स्टेशन के संरक्षा ऑडिट में स्टेशन यार्ड, सिग्नल व्यवस्था, स्टेशन मास्टर कार्यालय एव् संरक्षा संबंधित सभी रिकॉर्ड का निरीक्षण हुआ। संरक्षा सेमिनार में संस्थान के प्रधानाचार्य मोनू लूथरा ने संरक्षा के पहलुओं, नियमों के अध्ययनरत विषय पर रेल कर्मचारियों को जानकारी दी।

जांच में सभी 73 प्रत्याशियों के नामांकन पत्र वैध मिले

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

बार चुनाव

- एल्डर कमेटी के कार्यवाहक चेयरमैन ने की घोषणा
- आज नाम वापसी के बाद स्पष्ट होगी उम्मीदवारों की तस्वीर

अमृत विचार: दी बार एसोसिएशन एंड लाइब्रेरी मुरादाबाद के वार्षिक चुनाव में जांच के बाद सभी 73 प्रत्याशियों के नामांकन पत्र वैध पाए गए हैं। इसकी घोषणा एल्डर कमेटी के कार्यवाहक चेयरमैन विजय गुप्ता ने की।

एल्डर कमेटी के द्वारा दि बार एसोसिएशन एंड लाइब्रेरी के वार्षिक चुनाव की तारीख 27 फरवरी घोषित की गई है। कार्यकारिणी के लिए अध्यक्ष, महासचिव सहित 8 पदों के लिए 73 प्रत्याशियों ने नामांकन किया था। इसमें अध्यक्ष पद पर तीन प्रत्याशियों आनंद मोहन गुप्ता, परमाल सिंह और प्रदीप सिन्हा ने नामांकन दाखिल किया है। जबकि महासचिव पद पर छह ने नामांकन किया है। नामांकन पत्रों की जांच शुक्रवार को हुई। इसमें सभी 73 प्रत्याशियों का नामांकन वैध पाया गया है।

17 फरवरी शनिवार को नाम वापसी होगी। जिसके बाद प्रत्याशियों की आखिरी तस्वीर साफ हो जाएगी। अंतिम नामांकन सूची का प्रकाशन 19 फरवरी को किया जाएगा। कार्यवाहक अध्यक्ष ने बताया कि प्रत्याशियों के नाम की वापसी दो बजे होगी। नामांकन पत्रों की जांच कार्यवाहक चेयरमैन विजय गुप्ता, सुभाष चन्द्र गर्ग, सुधीर गुप्ता, जगदीश सरन आदि ने की।

एल्डर कमेटी के कार्यवाहक चेयरमैन विजय गुप्ता और सदस्य सुभाष चन्द्र गर्ग, सुधीर गुप्ता जगदीश सरन ने बताया कि चुनाव को शांतिपूर्वक कराने के लिए बनी कमेटी में नरेंद्र सिंह चौहान, अनिल कुमार सिंह, अजय वीर त्यागी, रमेश सिंह आर्य, संजय सक्सेना, सतीश कुमार विश्नोई, संजय कुमार यादव, जगदीश चंद्र मिश्रा, मनोज गुप्ता, विशालकांत, कपिल विश्नोई, संदीप खन्ना, शमशेर सिंह, खलीकजुम्मा, अरशद परवेज, अनिल कुमार सिंह, जाफर अली, विवेक शर्मा, अजय पाल सिंह, ओमपाल सिंह, आशकार हुसैन शामिल हैं।

कांठ रोड स्थित हरथला में दुकानों के आगे हो रहा नाला निर्माण। ● अमृत विचार

नगर में सरकारी भूमि को कब्जा मुक्त कराया

अगवानपुर, अमृत विचार : नगर पंचायत के मोहल्ला सराय फारूक में गाटा संख्या 1059 की भूमि है। जिसको लेखपाल सर्वेश कुमार ठाकुर ने पैमाइश कराकर कब्जा मुक्त कराया है।

खसरा खतौनी में यह भूमि नगर के मुनाजिर, मोहम्मद शुएब, खालिद पुत्र लड्डन, नन्हीं बेगम पत्नी लड्डन, मोहम्मद यासीन, मोहम्मद यामीन मोहम्मद नाजिम, मोहम्मद रिजवान, मोहम्मद अरशद ,मोहम्मद आदिल पुत्र अहसान, शहनाज पत्नी अहसान के नाम दर्ज है। वहीं लेखपाल सर्वेश कुमार ठाकुर ने यह भूमि ग्राम समाज की बताई है। नगर पंचायत अध्यक्ष गुलरेज खान ने नगर पंचायत कर्मचारियों के साथ भूमि की पैमाइश के बाद खंभे लगवा दिए गए हैं। वहीं मुनाजिर आदि ने बताया कि हमें बिना कोई सूचना दिए ही लेखपाल ने हमारी भूमि में खंभे लगवा दिए हैं।

शिविर में 237 ने कराया स्वास्थ्य परीक्षण

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: नगर निगम की ओर से विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन लाजपत नगर रामलीला मैदान के पास किया गया। कार्यक्रम में केंद्र सरकार के योजनाओं की जानकारी लोगों को दी गई। वहीं स्वास्थ्य शिविर में 237 लोगों ने अपना परीक्षण कराया। स्टॉल पर दवा भी निशुल्क वितरित किया गया।

शिविर में 830 लोगों ने प्रतिभाग किया। डूडा की ओर से स्टॉल पर प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के बारे में लोगों को जानकारी दी गई। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लिए जिला पूर्ति विभाग के काउंटर पर 3 लोगों को निशुल्क नया घरेलू गैस कनेक्शन वितरित किया गया। स्वास्थ्य शिविर में जांच पर चिकित्सकों ने परामर्श दिया। साथ ही आयुष्मान कार्ड के लिए भी लोगों ने आवेदन किया। लीड बैंक प्रबंधक की ओर से लगवाए गए स्टॉल पर 160 लोगों ने आधार कार्ड बनवाने, संशोधन कराने के बारे में जानकारी प्राप्त की।

विकसित भारत संकल्प यात्रा में स्वास्थ्य विभाग के काउंटर पर परामर्श के बाद दवा लेते लोग।

शिविर में अपर नगर आयुक्त अजीत कुमार, संयुक्त नगर आयुक्त निशा मिश्रा, परियोजना अधिकारी डूडा, सहायक अभियंता, क्षेत्रीय सफाई निरीक्षक व स्थानीय जन प्रतिनिधि आदि भी मौजूद रहे। इसी क्रम में दोपहर बाद प्रभात मार्केट के पास शिविर लगाया गया। जिसमें 750 लोग पहुंचे। 3 पात्र लाभार्थियों को प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत घरेलू गैस का नया कनेक्शन वितरित किया गया। जिला चिकित्सालय की ओर से लगे शिविर में 211 ने परीक्षण कराया। केंद्र सरकार के योजनाओं की जानकारी लोगों को विभागों के स्टॉल पर दिया गया।

क्रिकेट एसोसिएशन के लिए पंजीकरण शुरू

मुरादाबाद, अमृत विचार: उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के वर्ष 2024-25 के लिए होने वाले सभी ट्रायल के लिए ऑनलाइन पंजीकरण 15 फरवरी से शुरू हो गए हैं। इसके लिए इच्छुक खिलाड़ी स्वयं https://registration.upca.tv/ लिंक पर अपना पंजीकरण करा सकते हैं। इससे खिलाड़ियों की पंजीकरण आइडी भी पोर्टल से ही बन जाएगी।

डिस्ट्रिक्ट स्पोर्ट्स एसोसिएशन के सचिव विजय गुप्ता ने बताया कि पंजीकरण के लिए 400 रुपये शुल्क निर्धारित किया गया है। इसके बाद पोर्टल से चालान की कापी निकाल कर खिलाड़ियों को सी-32 गांधी नगर कार्यालय पर जमा करना होगा। इस लिंक पर खिलाड़ी के मोबाइल नंबर से ही लाग इन हो सकेगा। फिलहाल 15 दिनों के लिए पंजीकरण की सुविधा है। इस बार ऑफलाइन पंजीकरण कराने की सुविधा को बंद कर दिया गया है।

आयोजन | जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट सभागार में किया योजना का आरंभ

कुपोषित बच्चों को सप्ताह में एक दिन अंडा खिलाएं

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: कुपोषित बच्चों को स्वस्थ करने के लिए सप्ताह में एक दिन अंडा खिलाकर उनका पोषण स्तर सुधारने की योजना की शुरुआत शुक्रवार को जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह ने कुपोषित बच्चे को अंडा खिलाकर किया। उन्होंने कहा कि अंडा प्रोटीन का स्रोत है। इससे अन्य पोषक तत्व प्राप्त होने से बच्चे का पोषण स्तर जल्द सुधरेगा।

कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम में छजलैट परियोजना में बाल विकास विभाग द्वारा चिह्नित कुपोषित बच्चों को सप्ताह में एक दिन अंडा खिलाकर पोषण स्तर सुधारने के लिए अभियान की शुरुआत हुई। जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह ने मुख्य विकास अधिकारी सुमित यादव आदि की उपस्थिति में कुपोषित बच्चों को अंडा खिलाया। कहा कि अंडा प्रोटीन का स्रोत है इसे खाने से बच्चों को प्रोटीन और अन्य पोषक तत्व प्राप्त होंगे। इन सभी बच्चों की आयु, वजन और लंबाई नोट की गयी। जिला कार्यक्रम अधिकारी प्रीति सिंह ने बताया कि तीन माह तक इन बच्चों का लगातार फालोअप किया जाएगा, जिससे कुपोषित बच्चों के स्वास्थ्य सुधार की मानिटरिंग होगी। आंगनबाड़ी कार्यकत्री गृह भ्रमण के समय अपने सामने सैम (कुपोषित) बच्चों को अण्डा खिलाएंगी। शाकाहारी बच्चों को केला, चना गुड़ दिया गया। भविष्य में मांसाहार खाने वाले कुपोषित बच्चों को मछली भी देने की योजना है। इसके लिए तालाब चिह्नित कर मछली पालन की योजना बनाई जा रही है। छजलैट मे 238 बच्चें सैम चिह्नित किए गए हैं। इस योजना के सफल होने पर अन्य ब्लॉकों में भी इसे लागू किया जाएगा।

कलेक्ट्रेट सभागार में कुपोषित बच्चे को अंडा खिलाते जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह।

पहल

- अंडे से बच्चों को प्रोटीन और अन्य पोषक तत्व प्राप्त होंगे

क्रीड़ा प्रतियोगिता में छात्रों ने दिखाया दम

मुरादाबाद, अमृत विचार: चौधरी शिवचरन सिंह इंटर कॉलेज ताजपुर माफी में शुक्रवार को वार्षिक खेल प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इसमें 100, 200, 400, 800 व 1600 मीटर दौड़, गोला फेंक, लंबी कूद आदि स्पर्धाएं हुईं।

100 मीटर बालिका वर्ग में कक्षा 9 की मनीषा ने पहला स्थान हासिल किया। 200 मीटर में कक्षा 9 के राम यादव और बालिका वर्ग में कक्षा 10 की पल्लवी, 400 मीटर में कक्षा 11 के रेहान और बालिका वर्ग में नेहा, 1600 मीटर में सचेत और बालिका वर्ग में शालिनी ने बाजी मारी। इसके अलावा लंबी कूद में सुभान, ऊंची कूद में भी सुभान और गोला फेंक में मोइन ने बाजी मारी। इस दौरान स्कूल प्रबंधक कुशल यादव, प्रधानाचार्य विक्की प्रजापति, गुफरान, सलोनी आदि मौजूद रहे।

रेलवे स्टेशन पर गेट मीटिंग में उपस्थित नरमू के पदाधिकारी व सदस्य। ● अमृत विचार

नरमू ने की सरकार के खिलाफ नारेबाजी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: आल इंडिया रेलवे मेंस फेडरेशन और संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर शुक्रवार को नार्दर्न रेलवे मेंस यूनियन (नरमू) के सदस्यों ने लोको रनिंग रूम के सामने सभा की। पुरानी पेंशन बहाली, श्रम कानूनों में संशोधन, निजीकरण एवं निगमीकरण के मुद्दे पर अपनी राय रखी।

कार्यक्रम का संचालन शाखा अध्यक्ष मनोज शर्मा और अध्यक्षता मंडल उपाध्यक्ष खेमपाल सिंह ने की। यूनियन के वरिष्ठ केंद्रीय उपाध्यक्ष एमपी चौबे ने अन्नदाता के सड़कों पर आने को अशुभ ठहराया। बोले, देश में किसान, मजदूर एवं कर्मचारी मांगों को लेकर एक मंच पर हैं। रेल कर्मचारियों की पुरानी पेंशन बहाली की मांग नहीं सुनी गयी तो कर्मचारी अनिश्चितकालीन रेल हड़ताल करेंगे। संगठन के मंडलीय कोषाध्यक्ष नफीस खान, सहायक मंडल मंत्री कुंवर सुहेल खालिद, शिवराज सिंह, दीपक यादव, मंडल उपाध्यक्ष मंजू विष्ट, रजनीश चौबे, मोहित गुप्ता ने अपनी बात रखी। संगठन की स्थानीय शाखाओं पर विरोध प्रदर्शन किए गए। अखिल भारतीय आह्वान पर नरमू के सदस्यों ने गेट मीटिंग की।

शहर में आज

- महानगर के केंद्रों पर पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा 10 :00 बजे से।
- सीबीएसई की परीक्षा केंद्रों पर सुबह 10 :30 बजे।
- श्री परिवार दिव्य महायज्ञ समिति ट्रस्ट की ओर से मनोरंजन सदन में दिव्य महायज्ञ दोपहर 3 :00 बजे।

एक नजर

समर वैली स्कूल के छात्रों का इंस्पायर अवार्ड में चयन

मुरादाबाद, अमृत विचार : समर वैली स्कूल के दो विद्यार्थियों का इंस्पायर अवार्ड के लिए चयन हुआ है। सरकार द्वारा संचालित इंस्पायर अवार्ड मानक योजना के तहत बच्चों का चयन किया है। कार्तिकेय वर्मा ने ग्रेड 9 और दिव्यम गर्ग ने ग्रेड 7 पाकर उपलब्धि हासिल की है। बताया कि विज्ञान और प्रौद्योगिकी और रचनात्मक कार्य करने पर दोनों छात्रों का चयन हुआ। चयनित छात्र राज्य प्रतियोगिता में भाग लेंगे जो इस साल नवंबर-दिसंबर में होगी।

एडीएम प्रशासन के चालक से लोन बंद कराने के नाम ठगी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

फर्जीवाड़ा

- पीड़ित चालक ने एजेंट के खिलाफ एसएसपी से की शिकायत
- भुगतान करने के बाद भी लोन नहीं किया गया बंद

अमृत विचार: लोन बंद कराने के नाम पर एजेंट ने अपर जिलाधिकारी प्रशासन के चालक से हजारों रुपये की ठगी कर ली। पीड़ित चालक ने आरोपी के खिलाफ एसएसपी से शिकायत की है।

थाना मझोला क्षेत्र के कांशीराम नगर निवासी दिनेश अपर जिलाधिकारी प्रशासन का वाहन चालक है। एसएसपी को दिए गए शिकायती पत्र में चालक दिनेश ने बताया कि उसने काफी समय पहले बजाज फाइनेंस कंपनी से 4,17,000 रुपये का लोन एजेंट अक्षय राघव के माध्यम से लिया था। लोन लेने के बाद चालक दिनेश लगातार उसकी किस्त जमा करता रहा। अब तक उसने 3,60,932 रुपये जमा भी कर दिए है। जिसके बाद दिनेश ने एजेंट अक्षय राघव से कहा कि बकाया राशि वह पूरा भुगतान करके लोन बंद करना चाहता है। आरोप है कि एजेंट ने कहा कि वह बकाया राशि में काफी छूट दिला देगा। जिसके बाद चालक ने एजेंट को ऑनलाइन के माध्यम से एक बार में 2000 और दूसरी बार में 54,290 रुपये दिए।

लेकिन, पैसा लेने के बाद भी एजेंट अक्षय ने लोन बंद नहीं कराया। जिसके बाद दिनेश ने कंपनी के कार्यालय जानकारी की तो पता लगा कि कंपनी ने अक्षय को हटा दिया गया है। पीड़ित दिनेश की शिकायत पर एसएसपी ने मझोला पुलिस को मामले की जांच कर कार्रवाई के आदेश दिए है।

18 सेक्टर और 54 स्टेटिक मजिस्ट्रेट के साथ एक हजार पुलिसकर्मियों की भी परीक्षा के लिए लगी ड्यूटी

54 केंद्रों पर सिपाही भर्ती परीक्षा आज, सुरक्षा का खाका तैयार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: उत्तर प्रदेश पुलिस सिपाही भर्ती परीक्षा को नकल विहीन संपन्न कराने के लिए पुलिस-प्रशासन ने कड़ी सुरक्षा व्यवस्था का खाका तैयार किया है। जिले में 17 और 18 फरवरी को दो-दो पालियों में होने वाली परीक्षा में 1,00,704 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। जिसके लिए 54 केंद्रों पर लगभग एक हजार पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। जबकि 18 सेक्टर और 54 स्टेटिक मजिस्ट्रेट की देखरेख में सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में पूरी परीक्षा कराई जाएगी।

उत्तर प्रदेश नागरिक पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा-2024 के तहत प्रदेश में सिपाही के 60,244 पदों के भर्ती के लिए प्रक्रिया चल रही है। जिसके तहत 17 और 18 फरवरी को सुबह 10 से 12 और दोपहर तीन से शाम पांच बजे तक दो पालियों में भर्ती परीक्षा कराई जाएगी। प्रत्येक पाली में 25,176 अभ्यर्थी के हिसाब से चार पालियों में कुल एक लाख 704 अभ्यर्थी इस परीक्षा में शामिल होंगे। परीक्षा के सहायक नोडल अधिकारी एसपी ट्रैफिक सुभाष चंद्र गंगवार ने बताया कि इस परीक्षा के लिए जिले में 54 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। सभी केंद्रों पर जैमर भी लगाए गए हैं। जिससे इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस से नकल न हो सके। उन्होंने बताया कि पुलिस और प्रशासन के अधिकारी मिलकर परीक्षा की व्यवस्था संभालेंगे। जिसके लिए कार्ययोजना तैयार कर ली गई है। प्रत्येक केंद्र पर एक-एक स्टेटिक मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है। जबकि केंद्रों पर 18 सेक्टर में बांट कर प्रत्येक एक-एक सेक्टर मजिस्ट्रेट भी लगाए गए हैं। सेक्टर और स्टेटिक मजिस्ट्रेट के साथ कम से कम दो-दो पुलिसकर्मी रहेंगे। वहीं प्रत्येक केंद्र पर एक इंस्पेक्टर, दो दरोगा और चार सिपाहियों की ड्यूटी लगाई गई है। जबकि एक दरोगा कंट्रोल रूम में बैठकर सीसीटीवी कैमरों से निगरानी करेंगे। परीक्षा केंद्रों के बाहर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम रहेंगे। परीक्षा केंद्र के गेट पर शिक्षा विभाग के साथ ही पुलिसकर्मी भी अभ्यर्थियों की चेकिंग करेंगे। अभ्यर्थी अपने साथ केवल पेन, पहचान पत्र और प्रवेश पत्र लेकर अंदर प्रवेश कर सकेंगे। अन्य कोई सामग्री अंदर नहीं जाएगी। परीक्षा के दौरान एसपी सिटी अखिलेश भदौरिया व एसपी देहात संदीप कुमार मीना और शहरी क्षेत्र के सभी सीओ भी भ्रमणशील रहकर व्यवस्थाओं का जायजा लेते रहेंगे। परीक्षा के दौरान केंद्र के आसपास कोई भी साइबर कैफे या फोटोस्टेट करने वाली दुकान नहीं खुलेगी। परीक्षा से पहले शुक्रवार को एसपी सिटी अखिलेश भदौरिया और सीओ सिविल लाइंस अर्पित कपूर ने परीक्षा केंद्रों का स्थलीय निरीक्षण किया। परीक्षा केंद्रों पर पहुंच कर एसपी सिटी ने वहां लगने वाली सुरक्षा व्यवस्था, अभ्यर्थियों के बैठने की व्यवस्था की जांच की। व्यवस्था का जायजा लेने के बाद उन्होंने केंद्र व्यवस्थापकों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए है।

केंद्र का निरीक्षण करते एसपी सिटी अखिलेश भदौरिया और अन्य अधिकारी।

तैयारी

- चार पालियों में होगी परीक्षा, प्रत्येक पाली में परीक्षा देंगे 25,176 अभ्यर्थी

रोटरी क्लब ने चार्टर-डे का स्थापना दिवस मनाया

मुरादाबाद, अमृत विचार : रोटरी क्लब मुरादाबाद साउथ ने शुक्रवार को रोटरी साउथ का चार्टर-डे स्थापना दिवस के रूप में मानसरोवर पैराडाइज में मनाया। इस अवसर पर क्लब के पूर्व प्रेसीडेंट्स व चार्टर सदस्यों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में क्लब संस्थापक डॉ. काव्य सौरभ जैमिनी ने वर्ष 1905 में पॉल हेरिस द्वारा स्थापित रोटरी क्लब को विश्व का सबसे बड़ा सेवा संगठन बताया और कहा रोटरी में व्यापार, पेशेवर, नौकरी वाले लोगों को सदस्यता प्रदान की जाती है। विश्व में रोटरी ही एकमात्र ऐसी संस्था है जो नैतिक मूल्यों और आचरण पर विशेष बल प्रदान करता है। इस दौरान पूर्व अध्यक्षों मनोज कुमार रस्तोगी, बबीता रस्तोगी, राजीव अग्रवाल, तृप्ति जैमिनी, देवेंद्र शर्मा को फूलमालाओं से सम्मानित किया गया। क्लब अध्यक्ष तृप्ति जैमिनी ने आभार व्यक्त किया। जबकि कार्यक्रम में सचिव सुषमा रस्तोगी ने प्रगति आख्या प्रस्तुत की। अरविंद गुप्ता, पूनम गुप्ता, संजय भारद्वाज, ऋचा शर्मा, सीमा रस्तोगी, मुकुल रस्तोगी, डॉ. कुलदीप शर्मा, अंजू अग्रवाल, सुषमा रस्तोगी, धीरज गुप्ता आदि मौजूद रहे।

पूर्व प्रधान की गोली मारकर हत्या

घर से बाहर बुलाकर सिर से सटाकर पड़ोसी ने मारी गोली, पिता-पुत्र गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद/मैनाठेर

अमृत विचार: जनपद के मैनाठेर थाना क्षेत्र में शुक्रवार सुबह छह बजे घर के बाहर बुलाकर पूर्व प्रधान की गोली मारकर हत्या कर दी गई। हत्यारोपी ने पूर्व प्रधान के सिर से सटाकर तमंचे से गोली मारी। जिससे पूर्व प्रधान की मौके पर ही मौत हो गई। हत्या की सूचना मिलने पर एसपी देहात संदीप कुमार मीणा पुलिस फोर्स और फॉरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंचे। फॉरेंसिक टीम ने घटना स्थल से साक्ष्य जुटाए। जिसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पूर्व प्रधान की मौत से उनके परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

थाना मैनाठेर क्षेत्र के रसूलपुर गोसर गांव निवासी राजवीर सिंह के परिवार में बेटा सोमवीर उर्फ सोनू, बेटी अंशु है और उनकी पत्नी नीतू की मौत हो चुकी है। बताया गया कि वर्ष 2000 में राजवीर सिंह ग्राम प्रधान पद पर चुनाव लड़े थे और जीत गए थे। पूर्व प्रधान के घर से कुछ दूरी पर जगदीश कुमार रहता है। शुक्रवार सुबह लगभग छह बजे जगदीश अपने खेतों की ओर से जा रहा था। इसी दौरान उसने पूर्व प्रधान के घर के पास रुककर आवाज लगाई। आवाज सुनते ही पूर्व प्रधान राजवीर सिंह बाहर आ गए। दोनों बातचीत करते हुए घर से 50 कदम आगे चले। आरोप है कि इसी दौरान जगदीश ने तमंचा निकालकर पूर्व प्रधान के सिर में सटाकर गोली मार दी। जिसके बाद आरोपी जगदीश मौके से फरार हो गया। गोली चलने की आवाज सुनते ही आसपास के लोग दौड़ पड़े। पूर्व प्रधान खून से लथपथ जमीन पर पड़े थे और उनकी मौत हो चुकी थी।

सूचना मिलने पर एसपी देहात संदीप कुमार मीना, सीओ राजेश कुमार फॉरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। एसपी देहात ने बताया कि मृतक के बेटे सोमवीर उर्फ सोनू की तहरीर पर तीन आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

उन्होंने बताया कि आरोपी पिता-पुत्र को पकड़कर पूछताछ की जा रही है। जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा। वहीं पुलिस ने पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया।

मैनाठेर क्षेत्र में पूर्व प्रधान की हत्या की सूचना पर मौके पर पहुंचे एसपी देहात संदीप कुमार मीणा व अन्य। ● अमृत विचार

घर में घुसकर महिला से दुष्कर्म का प्रयास

मुरादाबाद, अमृत विचार: मूंढापांडे थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक महिला के साथ घर में घुसकर एक युवक ने दुष्कर्म की कोशिश की। शोर मचाने पर आरोपी धमकी देते हुए भाग गया। पुलिस ने महिला की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

थाना मूंढापांडे क्षेत्र के एक गांव में रहने वाली महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बीते 14 फरवरी को रात लगभग आठ बजे उसका पति किसी काम से बाहर गया था और वह घर पर अकेली थी। महिला ने आरोप लगाया कि उसी दौरान गांव गुलड़िया निवासी खलीक अहमद उसके घर में घुस आया।

आरोपी ने आते ही महिला को पीछे से पकड़ लिया और उसके साथ अश्लील हरकतें करते हुए छेड़छाड़ करने लगा। विरोध करने पर आरोपी ने महिला से दुष्कर्म करने की कोशिश की।

पीड़िता ने शोर मचाया तो आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गया। थाना प्रभारी संजय कुमार ने बताया कि पीड़िता की तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

प्रधानों ने पंचायत सचिव के खिलाफ खोला मोर्चा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- डीएम व सीडीओ को दिए शिकायती पत्र में रुपये न देने पर अभद्रता का लगाया आरोप

अमृत विचार : ग्राम पंचायत सचिव से परेशान ग्राम प्रधानों ने जिला अधिकारी व सीडीओ को शिकायती पत्र दिया। इसमें ग्राम प्रधानों ने आरोप लगाया है कि काम के बदले सचिव द्वारा रुपयों की मांग की जाती है। प्रधानों का आरोप है कि रुपये न देने पर सचिव मनमानी और अभद्रता करती हैं। जिला पंचायत राज अधिकारी ने बताया की पहले की तैनाती के दौरान भी आरोपी सचिव स्वाति सिंह का स्थानांतरण किया गया था।

ठाकुरद्वारा ब्लॉक में संबद्धता के बाद तैनात ग्राम पंचायत सचिव स्वाति सिंह पर ग्राम प्रधानों ने आरोप लगाया है। बता दें कि उनकी मूल तैनाती शाहजहांपुर जिले में है। मुरादबाद जिले में वह संबद्ध हैं। इस मामले में कई ग्राम प्रधान शुक्रवार को जिलाधिकारी और सीडीओ से मिले। कहा कि ग्राम पंचायतों में सचिव के कारण विकास कार्य पिछड़ रहे हैं। राई भूड़ के प्रधान भानुप्रताप सिंह, शेरपुर पट्टी गांव के प्रधान तेजवीर सिंह, बालापुर गांव की प्रधान यशोदा देवी और दरियापुर गांव के प्रधान प्रेम सिंह सैनी ने जिलाधिकारी को ग्राम पंचायत सचिव स्वाति सिंह पर विकास कार्य निधि के फाइल पर हस्ताक्षर करने के लिए रुपये मांगने का आरोप लगाया। राई भूड़ गांव के प्रधान ने बताया की गांव के मेट और मनरेगा सुपरवाइजर फाइल पर हस्ताक्षर कराने गए तो सचिव ने बिना रुपये हस्ताक्षर करने से मना कर दिया। ग्राम प्रधानों ने जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी से कार्रवाई की मांग की। जिलाधिकारी ने सीडीओ से मामले की जांच कराकर रिपोर्ट मांगी है। जिला पंचायत राज अधिकारी वाचस्पति झा ने बताया कि ठाकुरद्वारा ब्लॉक के खंड विकास अधिकारी को जांच सौंपी गई थी। जिसमें सचिव पर लगे आरोपों को सही पाया गया है। बताया कि विभाग में तैनात कर्मचारियों के अनुसार पहले की तैनाती में भी आरोपी सचिव का स्थानांतरण रुपयों की वसूली के आरोप में हुआ था।

फोटो स्टोरी

यादें : दोस्ती बहुत खास होती है, खासकर कॉलेज की दोस्ती। सत्र पूरा हो गया है। अब केवल 12वीं की परीक्षा देना बाकी है। उसके बाद दोस्तों का ठौर ठिकाना बदलेगा, जिंदगी की जद्दोजहद में कोई कहीं होगा तो कोई कहीं, लेकिन यादें हमेशा साथ रहेंगी। शुक्रवार को साहू रमेश कन्या इंटर कॉलेज की छात्राओं ने अपनी शर्ट को यादों का खजाना बना लिया। और सब एक दूसरे की शर्ट पर कुछ न कुछ लिखते नजर आए, बाद में इस याद भरे पल को सेल्फी के माध्यम से छात्राओं ने अपने कैमरे में कैद किया। ● अमृत विचार

पुत्रवधु ने सास को घर से निकाला, शिकायत

मुरादाबाद, अमृत विचार: एक वृद्धा ने अपनी पुत्रवधु पर मकान पर कब्जा और मारपीट कर घर से निकालने का आरोप लगाते हुए एसएसपी से शिकायत की है।

थाना मझोला क्षेत्र के प्रेमनगर में रहने वाली वृद्धा कुन्दनिया ने एसएसपी को दिए गए शिकायत पत्र में बताया कि उसके बेटे शीशपाल का निधन हो चुका है। शीशपाल की मौत के बाद उसकी पत्नी सविता ने अशोकराज से दूसरी शादी कर ली है। वृद्धा का आरोप है कि उसकी पुत्रवधु सविता अपने दूसरे पति के साथ मिलकर उसके मकान पर कब्जा कर रही है। वृद्धा ने इसका विरोध किया को सविता ने उसे मारपीट कर घर से निकाल दिया। जिसके बाद से वृद्धा सड़कों पर सोना पड़ रहा है। वृद्धा की शिकायत पर एसएसपी हेमराज मीना ने मझोला थाना पुलिस को कार्रवाई के आदेश दिए है।

जेडएफए ने डीपीजीएस को 2-0 से हराया

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: डीपीजीएस फुटबॉल मैदान में खेली जा रही बालिका फुटबॉल लीग में शुक्रवार को चार मैच खेले गए। जेडएफए की टीम ने डीपीजीएस को 2-0 से हराया। इसके अलावा जेडएफए ने महाराजा की टीम को भी हराया।

पहला मैच डीपीजीएस और अंजुम कॉन्वेंट के मध्य खेला गया। इसमें अंजुम कॉन्वेंट के खिलाड़ी गोल करने के लिए जूझते रहे। वहीं डीपीजीएस की रमिषा ने गोल कर टीम का मनोबल बढ़ा दिया। उसके बाद अरीबा ने गोल कर टीम का स्कोर 2-0 कर दिया। दूसरे हाफ में रमिषा ने तीसरा गोल कर टीम का स्कोर 3-0 कर दिया। जो अंत तक बना रहा। डीपीजीएस ने मैच अपनी झोली में 3-0 से डाल कर जीत दर्ज की। दूसरा मैच महाराजा और जेडएफए के बीच हुआ। इसमें महाराजा की टीम के खिलाड़ी पहले जैसा प्रदर्शन नहीं कर सके। यह मैच जेडएफए की टीम ने 3-0 से जीत लिया। तीसरा मैच अब्दुल इस्लाम और सर सय्यद एकेडमी के मध्य खेला गया। सर सय्यद एकेडमी की 10 नंबर की खिलाड़ी तुबा ने गोल कर अपनी टीम को 1-0 से जीत दिलाई। चौथा मैच डीपीजीएस और जेडएफए के मध्य हुआ। मैच के दूसरे हाफ में जेडएफए की खिलाडियों ने कई आक्रमण किए। अंतिम क्षणों में अनम ने एक और गोल कर टीम का दबदबा कायम रखा और यह मैच 2-0 से जीता। निर्णायकों में मुहम्मद इमरान, राजकुमारी, निशिता सिंह, मुहम्मद वसीम, नावेद अहमद व राखी दिवाकर रहे। इस अवसर पर निशा परवीन, सुखवीर सिंह मौजूद रहे। संचालन मुहम्मद नासिर कमाल ने किया।

फुटबॉल मैच जीतने के बाद खुशी मनातीं विजेता टीम के खिलाड़ी। ● अमृत विचार

चार एजेंसियों ने की दावेदारी जांच के बाद मिलेगा ठेका

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- अभी विभाग चारों एजेंसियों के प्रपत्र की जांच करेगा

अमृत विचार: कपूर कंपनी पुल निर्माण के लिए चार एजेंसियों ने ठेके के लिए दावेदारी की है। रेलवे छानबीन के बाद एजेंसी का ऐलान करेगा। परियोजना के एक हिस्से के काम की एजेंसी तय हो चुकी है। अभी खंभा और ढांचा निर्माण की एजेंसी का ठेका बाकी है। इसके निर्माण में रेलवे सात से आठ करोड़ रुपये खर्च करेगा।

पुल के डिजाइन के कार्य की एजेंसी तय हो चुकी है। जिसे रेलवे मुख्यालय से पुल के नक्शे पर मुहर लगनी है। रेलवे में निर्माण को लेकर मानक तय है। ऐसे में नए पुल को आगे की सुविधा और जरूरत को देखते हुए डिजाइन किया जाना है। सूत्रों का कहना है कि रेल प्रबंधन ने समय भीतर कार्य पूरा करने और गुणवत्ता की शर्त के मद्देनजर इस परियोजना को दो हिस्से में बांटा है। नया पुल तीन मीटर चौड़ा होगा। प्रस्तावित पुल से भी दोपहिया वाहनों के ही आने-जाने की अनुमति होगी। पुल के दोनों किनारे स्टेशन रोड और लाइनपार क्षेत्र में जगह की कमी है। ऐसे में बड़े और भारी वाहनों का संचालन संभव नहीं हो पाएगा। रेलवे के डीईएन हरपाल सिंह का कहना है कि चार बिड डाले गए हैं। विभाग की ओर से जांच होगी। मानक पूरा करने वाले को ही काम मिलेगा। बहुत जल्द यह प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी, उसके बाद एजेंसी का चयन हो जाएगा। ठेका होने के साथ ही पुराने पुल को तोड़ने, नींव तैयार करने, स्लैब बनाने की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी।

उदासीनता | सांसद ने इस सुविधा के लिए मंत्रालय को लिखा है पत्र

मुख्यालय पर बड़ी वाशिंग लाइन योजना अधर में

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: मंडल मुख्यालय से लंबी दूरी की ट्रेनों के संचालन की मूल कड़ी टूटी है। केवल नौ कोच की लंबाई की वाशिंग लाइन है, इसे बड़ा करने के कई प्रस्ताव स्वीकार नहीं हो पाए हैं। रेलवे मुख्यालय में सांसद का प्रस्ताव भी असर नहीं दिखा पाया है। स्थान के अभाव में यहां बड़ी वाशिंग लाइन नहीं बन पा रही है। रेल प्रबंधन इस मुद्दे पर कुछ भी कहने से बच रहा है।

मंडल मुख्यालय से मायानगरी यानी मुम्बई तक सीधी ट्रेन सेवा की मांग में वाशिंग लाइन का अभाव बड़ा अवरोध माना जा रहा है। रेल प्रबंधन का कहना है कि कहीं से ट्रेनों के संचालन के लिए वहां वाशिंग लाइन का होना अनिवार्य होता है। इससे कोच की सफाई और तकनीकी परीक्षण होता है। स्टेशन की लंबाई को लेकर कई बार चर्चा चौपाल तक पहुंच चुकी है। मुरादाबाद में मात्र नौ कोच की लंबाई की ही वाशिंग लाइन है, जहां दो ट्रेनों की सफाई और प्रेशर जांच की सुविधा है। दुर्घटना राहत ट्रेन का मेंटीनेंस भी यहां होता है। 24 कोच की ट्रेन की लंबाई 576 मीटर होती है। भारतीय रेल में 24 कोच होने का मानक है। ऐसे में यहां वाशिंग की लंबाई ही पूरी नहीं है।

इसलिए ट्रेन परिचालन की महत्वपूर्ण शर्त ही पूरी नहीं हो पा रही है। सूत्रों का कहना है कि पांच साल पहले यहां कंटेनर डिपो की ओर नई वाशिंग लाइन बनाने का सुझाव भी बेनतीजा रहा। अब सांसद ने विभागीय जानकारों के सुझाव को रेल मंत्रालय तक पहुंचाया है, लेकिन उसका परिणाम शून्य प्रतीत हो रहा है। विभागीय जानकारों का कहना है कि वाशिंग लाइन बनने के बाद ही ट्रेनों को यहां से चलाया जा सकता है। यह सुविधा बरेली और हरिद्वार में है।

सांसद डा. एसटी हसन का कहना है कि मुम्बई तक रेल सेवा बहाल कराना हमारा संकल्प है। हमने विभागीय सूत्रों के सुझाव के आधार पर विभाग से पत्राचार किया है। प्रबंधन की ओर से नई वाशिंग लाइन का प्रस्ताव भी रेल मंत्रालय में लंबित है। बरेली से बांद्रा के बीच चलने वाली ट्रेन को मुरादाबाद तक लाने का सुझाव भी दिया है। इस ट्रेन को चंदौसी से निकाला जाता हे। ऐसे में अगर इसे मंडल मुख्यालय तक ला दिया जाए तो भी सेवा मिल सकती है। वाशिंग लाइन को लेकर फिर पत्र लिखूंगा।

दिक्कत

- स्थानाभाव से मात्र नौ कोच की सफाई की यहां है सुविधा
- वाशिंग लाइन बनने से एक्सप्रेस ट्रेनें यहां से शुरू हो सकती हैं

मकान बेचने का झांसा देकर हड़प लिए 4.5 लाख रुपये

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- पीड़ित की शिकायत पर दंपती के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

अमृत विचार: मझोला थाना पुलिस ने नेता कालोनी में रहने वाली सुमन सिंह की तहरीर पर बुद्धि विहार सेक्टर तीन-बी निवासी प्रियंका धारीवाल और उसके पति रूप सिंह पर धोखाधड़ी और धमकी के आरोप में रिपोर्ट दर्ज की है।

पुलिस को दी तहरीर में सुमन सिंह ने बताया कि संभल के सैदपुर जसकोली निवासी रूप सिंह और प्रियंका मझोला के बुद्धि विहार सेक्टर तीन बी में रहते हैं। दोनों ने बुद्धि विहार स्थित मकान का सौदा 43 लाख 50 हजार रुपये में किया था। इसके बाद 19 जुलाई 2021 से सात सितंबर 2021 के बीच चार लाख 50 हजार रुपये एडवांस लेकर एग्रीमेंट किया। शेष 39 लाख रुपये बैनामा के समय देना तय हुआ। सुमन के अनुसार उसने तय समय से पहले आरोपियों से कहा कि पैसे लो और मकान का बैनामा करा दो तो दोनों अपनी बीमारी का बहाना करके टालमटोल करते रहे। कई बार कहने पर भी बैनामा नहीं किया। इसके बाद 14 जून 2022 को कहा कि हम अपना मकान नहीं बेचेंगे और एग्रीमेंट का समय बीत चुका है, रकम वापस नहीं करेंगे। रकम वापस मांगने पर धमकी देने लगे। जिसके बाद पीड़िता ने पुलिस से गुहार लगाई। एसएचओ मझोला संजय कुमार पांचाल ने बताया कि तहरीर के आधार पर दोनों नामजद आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है। विवेचना में जो भी तथ्य सामने आएगा उसके अनुसार कार्रवाई होगी।

एक नजर

बधाई देते कांठ विधायक कमाल अख्तर।

समाजवादी युवजन सभा के राष्ट्रीय सचिव बने मुन्शाद

मैनाठेर, अमृत विचार : क्षेत्र के ग्राम डींगरपुर निवासी मुन्शाद अली पाशा को समाजवादी युवजन सभा का राष्ट्रीय सचिव बनाया गया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहम्मद फहद ने कांठ विधायक कमाल अख्तर के करीबी मुन्शाद अली को समाजवादी युवजन सभा के राष्ट्रीय सचिव की जिम्मेदारी सौंपी है। पार्टी कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय सचिव के आवास पहुंचकर उनका फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया।

चाकू के साथ आरोपी पकड़ा

रामपुर,अमृत विचार : पटवाई पुलिस ने आरोपी खेमपाल पुत्र दोधी निवासी ग्राम काजीपुरा को ग्राम सुर्जनपुर चौराहे से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाने में आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई। उसके पास से चाकू मिला है।

दीनदयाल नगर स्थित श्रीराम मंदिर में भजनों पर झूमतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

वार्षिकोत्सव में किया भगवान शिव की महिमा का गुणगान

मुरादाबाद, अमृत विचार: वैश्य समाज उत्तर प्रदेश महिला संगठन ने दीनदयाल नगर स्थित श्रीराम मंदिर में शिव परिवार का 14वां वार्षिकोत्सव आयोजित किया। इसका आरंभ शिव परिवार के श्रृंगार से किया गया। महिलाओं ने कीर्तन किया। उन्होंने भजनों के माध्यम से भगवान शिव की महिमा का गुणगान किया। सदस्यों ने भक्तिभाव से सराबोर होकर नृत्य किया। आरती के बाद भगवान को भोग लगाकर भंडारा किया गया। अल्पना रितेश गुप्ता एवं प्रिया अग्रवाल सहित अन्य मौजूद रहे। संयोजक अरविंद गुप्ता एवं सुनीता गुप्ता रहीं। व्यवस्था में शिवम गुप्ता, शिवांश गुप्ता, अक्षय गुप्ता, श्रेया गुप्ता, भावना गुप्ता, सुरेंद्र प्रकाश गुप्ता, कपिल गुप्ता, वनिता मल्होत्रा, रेनू, प्रिया, रितु आदि का सहयोग रहा।

यात्रा में झांकियों ने किया मंत्रमुग्ध, पीताम्बरा बगलामुखी देवी महायज्ञ व श्री भक्तमाल कथा का हुआ आरंभ

पीले वस्त्रों में 101 महिलाओं ने निकाली कलश यात्रा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: पीताम्बरा बगलामुखी देवी महायज्ञ एवं श्री भक्तमाल कथा में शुक्रवार को कलश यात्रा निकाली गई। इसमें 101 महिलाएं पीले वस्त्र धारण कर सिर पर कलश रखकर चल रही थीं। कलश स्थापना के बाद कथा का आरंभ हुआ।

श्रीपरिवार दिव्य महायज्ञ समिति की ओर से शुक्रवार को कथा का आयोजन किया गया। इसमें सबसे पहले कलश यात्रा निकाली गई। यात्रा का आरंभ कैप्टन मीनू महरोत्रा ने किया। यात्रा की शुरुआत स्वतंत्रता सेनानी भवन एकता द्वार कंपनी बाद से हुई और मनोरंजन सदन निकट सैंट मेरी स्कूल पर समाप्त हुई। इस दौरान यात्रा में विभिन्न प्रकार की झांकियां निकाली गई। जिन पर पुष्पवर्षा की गई। इस दौरान महिलाओं ने सिर पर कलश रखकर गीत गए। जिससे माहौल भक्तिमय हो गया।

स्वतंत्रता सेनानी भवन से निकली कलश यात्रा में शामिल झांकी। ● अमृत विचार

कलश यात्रा में ये लोग रहे मौजूद

इस अवसर पर कार्यकारी अध्यक्ष अरविंद अग्रवाल, जोनी, हरिगोपाल शर्मा, अतुल सोती एडवोकेट, चंद्रभान श्रीवास्तव, नरेश सक्सेना, राजीव मल्लू, सुधीर श्रीवास्तव, विकास ममगाईं, विशाल अग्रवाल, दिनेश अग्रवाल, धवल दीक्षित, सुमन सक्सेना, अनीता श्रीवास्तव, अंजू सक्सेना, नीलम अग्रवाल, कल्पना शर्मा, अर्चना अग्रवाल, शीला श्रीवास्तव, सीमा शर्मा, उमा तोमर, अंजना चौहान आदि मौजूद रहे।

- श्रीपरिवार दिव्य महायज्ञ समिति की ओर से महायज्ञ का आयोजन
- महानगर में पुष्पवर्षा से जगह जगह हुआ यात्रा का स्वागत

भगवान अपने से अधिक भक्तों को देते हैं आदर

मुरादाबाद, अमृत विचार : कलश यात्रा के बाद कथा आरंभ हुई। इसमें मथुरा से आए पंडित नंद किशोर पांडे ने भक्तमाल कथा में बताया कि महा भागवत नाभा दास जी महाराज उच्च कोटि के संत हुए है। जिन्होंने इस संसार में श्री भक्तमाल ग्रंथ प्रकट किया। भगवान के भक्तों के चरित्र इस ग्रंथ में नाभा जी द्वारा स्मरण किए गए। बताया कि संत तो प्रियतम के भी प्रिय है। भगवान अपने से अधिक भक्तों को आदर देते हैं। गोस्वामी तुलसीदास जी ने लिखा है मोते संत अधिक कर लेखा। भगवान से भी अधिक महिमा उनके भक्तों की है। गोस्वामी जी ने एक और पद में लिखा है मोरे मन प्रभु अस बिस्वासा। राम ते अधिक राम कर दासा। जैसा की भक्तमाल नाम से स्पष्ट है की यह ग्रंथ भक्तों के परम पवित्र चरित्र रूपी पुष्पों की एक परम रमणीय माला के रूप में गुम्फित है। कहा कि श्रृंगारित रूप विशेष आकर्षक होता है। इष्टदेव को प्रसन्न करने के लिए टीकाकार ने श्री भक्ति देवी के श्रृंगार का वर्णन एक रूपक के द्वारा किया है। भक्ति देवी के श्री विग्रह की निर्मलता के लिए श्रद्धा रूपी फुलेल से शुष्कता दूर कर कथा श्रवण रूपी उबटन लगाए और अहंकार रूपी मेल को प्रत्येक अंग से छुडाएं। फिर मन के सुंदर जल से स्नान कराकर दया के अंगोछे से पोछिए। सायं कालीन सत्र में मुख्य अतिथि महामण्डलेश्वर संजय नंद गिरी जी महाराज और प्रनीत गुप्ता रहे। पूजन श्री परिवार पीठाधीश्वर पंडित कृष्णा स्वामी और सह संचालक आचार्य कामेश्वर मिश्र ने कराया।

इलाज के नाम पर अवैध वसूली का आरोप

मुरादाबाद, अमृत विचार: मझोला थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक युवक ने निजी अस्पताल के चिकित्सकों पर बच्चों के इलाज के लिए अवैध वसूली करने का आरोप लगाया है।

थाना मझोला क्षेत्र के चिड़िया टोला निवासी निवासी जितेंद्र कुमार दवा कंपनी में एमआर हैं। जितेंद्र कुमार ने एसएसपी को दिए गए शिकायती पत्र में बताया कि सात दिसंबर- 2023 को उसकी पत्नी प्रिया ने करूला स्थित एक निजी अस्पताल में दो बच्चों को जन्म दिया था। चिकित्सकों ने ठंड होने के कारण दोनों नवजात को एनआईसीयू में रखने की सलाह दी थी। जिस पर उसने अपने नवजात बच्चों को मोहल्ले के ही डॉ. तुषार गुप्ता के अस्पताल में भर्ती करा दिया। आरोप है कि डॉ. तुषार व डॉ. गुड्डू ने उसके नवजात बच्चों के इलाज का 2,50,000 का बिल बताया। जब उसने कहा कि वह भी दवा कंपनी में है तो उसे छूट देकर 1,20,000 का बिल दिया। जिस पर जितेंद्र ने 75,000 रुपये जमा कर दिए। जितेंद्र का आरोप है कि अब दोनों चिकित्सक उसे फोन पर गाली-गलौच करते हुए धमकी दे रहे हैं। जिससे पीड़ित और उसकी पत्नी मानसिक तनाव में है। पीड़ित ने एसएसपी से शिकायत कर न्याय की गुहार लगाई है।

परीक्षा देकर उत्साहित दिखे छात्र-छात्राएं

दूसरे दिन सीबीएसई 10वीं और 12वीं के छात्र-छात्राओं ने 16 केंद्रों पर दी परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : सीबीएसई की महानगर में 16 केंद्रों पर 10वीं और 12वीं की परीक्षा चल रही है। 10वीं की परीक्षा के लिए 5100 और 12वीं की परीक्षा के लिए 4000 छात्र-छात्राएं पंजीकृत हैं। शुक्रवार को दूसरे दिन 10वीं के विद्यार्थियों ने फिजिकल एक्टिविटी ट्रेनर की परीक्षा दी। जबकि 12वीं के विद्यार्थियों ने बायोटेक्नोलॉजी की परीक्षा दी।

10वीं के छात्र-छात्राओं की रिटेल, सिक्योरिटी, आटोमोटिव, इंट्रोडक्शन टू फाइन मार्केट, इंट्रोडक्शन तो टूरिज्म, ब्यूटी एंड वेलनेस, एग्रीकल्चर, फूड प्रोडक्शन, फ्रंट ऑफिस ऑपरेशन, बैंकिंग एंड इंश्योरेंस, मार्केटिंग एंड सेल्स, मल्टीमीडिया, फिजिकल एक्टिविटी ट्रेनर, डाटा साइंस, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड हार्डवेयर, डिजाइन थिंकिंग विषय की परीक्षाएं होनी थी। लेकिन, महानगर में अधिकांश छात्र-छात्राओं ने केवल फिजिकल एक्टिविटी ट्रेनर की परीक्षा दी।

पीएमएस स्कूल के बाहर परीक्षा के बाद प्रश्नपत्र को लेकर आपस में चर्चा करते छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

परीक्षा 10:30 बजे से 12:30 बजे तक चली। पीएमएस स्कूल से 10वीं की परीक्षा देकर बाहर निकले रोहन व साहिल ने बताया कि प्रश्नपत्र आसान था। परीक्षा की तैयारी स्कूल में अच्छे से करा दी गई थी। अधिकांश सवाल वहीं आए, जिनकी तैयारी अच्छी थी। वहीं कक्षा 12 में बायोटेक्नोलॉजी, नॉलेज ट्रेडीशन और प्रैक्टिस ऑफ इंडिया, इलेक्ट्रॉनिक टेक्नोलॉजी, शॉर्टहैंड इंग्लिश, शॉर्टहैंड हिंदी, फूड न्यूट्रिशन एंड डाइट्स, लाइब्रेरी एंड इनफॉरमेशन, साइंस बैंकिंग की परीक्षा 10:30 बजे से 1:30 बजे तक हुई। जबकि अर्ली चाइल्डहुड केयर एंड एजुकेशन की परीक्षा 10:30 से 12:30 बजे तक हुई। महानगर में अधिकांश छात्र- छात्राओं ने बायोटेक्नोलॉजी की परीक्षा दी। परीक्षा देकर बाहर निकले छात्र-छात्राएं उत्साहित नजर आए। उन्होंने बताया कि पेपर तैयारी के अनुसार प्रश्न आसान रहे। यकीन है कि अच्छे नंबर आएंगे। ग्रीन मिडोज स्कूल के अध्यापक विपिन ने बताया कि महानगर में केवल उनके ही स्कूल के विद्यार्थियों ने कक्षा 10वीं फिजिकल एक्टिविटी ट्रेनर की परीक्षा दी है। उम्मीद है आने वाले समय में इन विषयों के प्रति छात्र-छात्राओं की रुचि बढ़ेगी।

महिला पति के साथ जाने की जिद पर अड़ी

शाहबाद, अमृत विचार: दहेज प्रथा के मामले में कोर्ट आई महिला ने तहसील परिसर में ड्रामा किया। वह अपने पति के साथ जाने की जिद पर अड़ गई। उसने पति को दुपट्टे से बांध लिया। साथ लेकर घूमती रही, लेकिन पति ने उसे रखने से इनकार करता रहा। सूचना के बाद पुलिस भी पहुंच गई, लेकिन मामला कोर्ट में विचाराधीन होने के चलते पुलिस ने भी हाथ खड़े कर दिए। हालांकि बाद में पति उसे अपने घर ले गया।

कोतवाली क्षेत्र के गांव तुरखेड़ा निवासी युवती की शादी करीब सात साल पहले बिलारी थाना क्षेत्र के देवरी के रहने वाले व्यक्ति से हुई थी। बताया जा रहा है कि शादी के कुछ समय बाद से दोनों में अनबन हो गई और महिला मायके में आ गई। इसके बाद महिला ने पति के खिलाफ दहेज प्रथा का मामला दर्ज करा दिया। शुक्रवार को कोर्ट में मामले की सुनवाई थी। कोर्ट में उसका पति भी आया था। यहां अचानक महिला ने हंगामा शुरू कर दिया और पति के साथ जाने की जिद पर अड़ गई। महिला ने पति के हाथ में अपना दुपट्टा बांध दिया। लेकिन वह उसे साथ ले जाने से इनकार करता रहा। बाद में पत्नी की जिद के आगे पति को झुकना पड़ा और वह उसे अपने घर ले गया।

बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारी व अन्य। ● अमृत विचार

कार्यक्रम में बाल विवाह, बाल श्रम को रोकने की दी जानकारी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत हुआ आयोजन

अमृत विचार: बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम के तहत महिला कल्याण विभाग की ओर से मिशन शक्ति के अन्तर्गत डिप्टी जगन्नाथ सिंह शिशु मंदिर में प्रेरणा दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें सरकार की योजनाओं की जानकारी के साथ ही बाल विवाह, बाल श्रम, साइबर अपराध रोकने के बारे में जानकारी देकर जागरूक किया गया।

महिलाओं को घरेलू हिंसा से बचने के लिए टोल फ्री नंबर व सहायता के बारे में बताया गया। वन स्टॉप सेंटर, साइबर अपराध के बारे में भी महिला कल्याण अधिकारी आदि ने जानकारी दी। इसके अलावा सरकार द्वारा संचालित योजनाओं निराश्रित महिला पेंशन योजना, वृद्धावस्था पेंशन योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना , स्पॉन्सरशिप योजना, छात्राओं को हेल्पलाइन नंबर 108, 1090, 1098, 181, 1076, 112 आदि के बारे में विस्तार से बताकर इसका लाभ लेने को प्रेरित किया गया। इस दौरान वन स्टॉप सेंटर की केंद्र प्रबंधक गुंजन तिवारी, महिला कल्याण अधिकारी अरुण के अलावा विद्यालय के प्रधानाचार्य व अन्य लोग मौजूद रहे।

कई संगठनों के कार्यकर्ताओं का कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: प्रदेश व केंद्र सरकार के विरोध में महानगर के कई संगठनों के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने आंबेडकर पार्क से जुलूस निकालकर विरोध प्रदर्शन किया। कलेक्ट्रेट पर पहुंचे संगठनों के कार्यकर्ताओं ने मांगों को लेकर प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा।

शुक्रवार को आंगनबाड़ी कार्यकत्री एवं सहायिका वेलफेयर एसोसिएशन की पदाधिकारी व कार्यकत्री आंबेडकर पार्क में एकत्र हुईं। प्रदेश सचिव शशि बाला ने कार्यकत्रियों को संबोधित करते हुए कहा कि बढ़ती महंगाई के बोझ को देखते हुए केंद्र व राज्य सरकार ने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के मानदेय भत्ते में कोई बढ़ोतरी नहीं की है। उन्होंने कहा

मांगों को लेकर जुलूस की शक्ल में कलेक्ट्रेट की ओर जाते विभिन्न संगठनों के कार्यकर्ता।

ऐसी स्थिति में गरीब आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और सहायिकाओं के सामने जीवन यापन करने का संकट गहराने लगा है। इसके बाद जुलूस की शक्ल में नारेबाजी करती हुईं कलेक्ट्रेट पर पहुंचीं। जहां उन्होंने प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी के कार्यालय में प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा। इस दौरान शमीम जहां, विमलेश, सूरजमुखी, राजमाला, जेबा, अफरोज, मिथलेश, लाजवंती, गीता, कविता यादव आदि मौजूद रहीं।

वहीं कलेक्ट्रेट पर मजदूर, कर्मचारी और किसानों की मांगों को लेकर केंद्र सरकार के खिलाफ केंद्रीय ट्रेड यूनियनों एवं संयुक्त किसान मोर्चा ने विरोध प्रदर्शन किया। मांगों को लेकर प्रशासनिक अधिकारी को प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर पूर्व पार्षद इरशाद हुसैन, आबिद हुसैन, लोकतंत्र बचाओ मोर्चा, जलकल कर्मचारी यूनियन, पीतल मजदूर यूनियन के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

उत्तर प्रदेश उत्तराखंड मेडिकल एंड सेल्स रिप्रेजेंटेटिव एसोसिएशन के पदाधिकारियों व सदस्यों ने अपनी मांगों को लेकर आंबेडकर पार्क से जुलूस निकाला और कलेक्ट्रेट पहुंचे। जहां इकाई के सदस्यों ने अपनी बिक्री संवर्धन कर्मचारियों की मांग को लेकर जिला अधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा। इस दौरान प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अजय चौधरी, महासचिव अनुपम चौधरी, हर्षित, राहुल, राजकिशोर, विशाल गुप्ता, नंदराय, राजकुमार आदि मौजूद रहे।

ई-पोस्टर प्रतियोगिता में उत्कर्ष सक्सेना प्रथम

मुरादाबाद, अमृत विचार : एमआईटी कॉलेज में शुक्रवार को आईईईई सोसायटी द्वारा पोस्टर वोलिक नामक तकनीकी प्रतियोगिता का आयोजित की गई। प्रतियोगिता में कंप्यूटर साइंस विभाग के छात्रों ने बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं द्वारा ई पोस्टर तैयार किए गए। प्रतिभागियों ने आकर्षक ई- पोस्टर तैयार किए। निर्णायक मंडल ने सभी प्रतिभागियों के ई- पोस्टर का आंकलन किया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान उत्कर्ष सक्सेना ने हासिल किया। वहीं द्वितीय स्थान राजदीप सिंह और तृतीय स्थान मगन मल्होत्रा ने प्राप्त किया। विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के फैकेल्टी कॉर्डिनेटर अरविंद कुमार सिंह, छात्रा साक्षी चौहान, दिव्यांशी सक्सेना, अनिकेत सक्सेना आदि रहे।

दुकानों के बाहर मीटर लगाने पर व्यापारी नाराज, अधीक्षण अभियंता से नोकझोंक

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

विरोध

- रात में मीटर लगाने की शर्त पर शांत हुए टाउनहाल के व्यापारी

अमृत विचार: विद्युत विभाग ने दुकानों में लगे मीटरों को बाहर लगाना शुरू कर दिया है। शुक्रवार को टाउनहाल बाजार में दुकानों पर पहुंचे बिजली कर्मचारियों ने मीटर उतारने शुरू किए तो व्यापारियों विरोध जताया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे अधीक्षण अभियंता मनीष चोपड़ा और व्यापारियों के बीच नोकझोंक भी हुई।

शुक्रवार को बिजली विभाग ने बिजली चोरी रोकने के लिए टाउनहॉल स्थित मुख्य बाजार में दुकानों में लगे मीटर दुकानों से बाहर निकाल कर लगाने की शुरुआत की। जिस पर बिजली विभाग के एसडीओ टाउनहाल उपदेश कुमार और स्मार्ट सिटी के नोडल अधिकारी सुधाकर से व्यापारियों ने असहमति जताई। बाजार में भीड़भाड़ देखकर नोडल अधिकारी ने अधीक्षण अभियंता मनीष चोपड़ा को मौके की स्थिति बताई। मौके पर पहुंचे अधीक्षण अभियंता ने व्यापारियों से मीटर बाहर लगाने को कहा। जिस पर पहले मीटर लगाने के लिए व्यापारी जगह का संकट बताते रहे और बाद में विरोध जताने लगे। जिस पर अधीक्षण अभियंता ने सहयोग न करने वालों के बिजली कनेक्शन काटने की बात अपने कर्मचारियों से कही। जिससे व्यापारियों में हलचल मच गई। उसके बाद व्यापारियों ने अधीक्षण अभियंता से रात में मीटर लगाने की बात कही। जिसमें 80 मीटर में से दोपहर तक 40 मीटर विभाग लगा चुका था। अधीक्षण अभियंता ने बचे 40 मीटर शुक्रवार की रात को लगाने के लिए कर्मचारियों को निर्देशित किया। वहीं कांठ रोड पर आदर्श कालोनी में बढ़ती बिजली चोरी के लिए विभाग द्वारा बंच वायर को बदल कर आरमंड केबल डालना शुरू कर दिया।

अधीक्षण अभियंता ने बताया आदर्श कालोनी में वंच वायर में कील गाड़ कर बिजली चोरी करनी शुरू कर दी है। जिससे वंच वायर भी खराब हो गई है।

कपूर कंपनी पुल के नीचे से पकड़ा शातिर, भेजा जेल

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- नशे का आदी पुलिस से बोला शौक पूरा करने को करता हूं अपराध

अमृत विचार : राजकीय रेलवे पुलिस की टीम को शुक्रवार को कपूर कंपनी पुल के नीचे से एक आरोपी को पकड़ लिया। आरोपी नशे का आदी है और ट्रेनों में अपराध करता है। इसके खिलाफ चोरी और आयुध अधिनियम के मामले पहले से दर्ज हैं।

थाना प्रभारी राजन शर्मा ने बताया कि दीपू उर्फ दीपक पुत्र टिंकू को पकड़ा गया है। दीपू थाना मझोला के सूर्यनगर मुहल्ले का निवासी है। 24 वर्षीय आरोपी को कपूर कम्पनी पुल के नीचे रेलवे की अप लाइन के पास से गिरफ्तार किया गया है।

इसके पास से 2420 रुपये नकद मिले हैं। इस मामले में धारा 380 के तहत केस दर्ज है। आरोपी की आपराधिक इतिहास की जानकारी अन्य थानों से भी की जा रही है। न्यायालय में पेशी के बाद उसे जेल भेज दिया।

दीपू के खिलाफ थाना मझोला, सिविल लाइंस में डकैती, आयुध अधिनियम के मामले दर्ज हैं। दीपू ने बताया कि वह नशे का आदी है। शौक व नशे की लत पूरा करने के लिए ट्रेनों में भीड़-भाड़ का फायदा उठाकर लोगों के मोबाइल व बैग चोरी कर लेता है।

दीपू को पकड़ने वाली टीम में उप निरीक्षक विज्ञान सिंह, सिपाही क्रमशः तौसीफ रजा और विवेक पाल शामिल रहे।

बोर्ड परीक्षा प्रश्नपत्र को 3 घंटे में हल करने का करें अभ्यास, देर रात तक न करें अध्ययन

सैंपल पेपर के अभ्यास से आसान होगा प्रश्नपत्र

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: बोर्ड परीक्षा को लेकर छात्र-छात्राओं में को चिंता रहती है। परीक्षा के डर से जानकारी के बावजूद गलतियां हो जाती हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि परीक्षा से पहले सैंपल पेपर का नियमित अभ्यास करें। क्योंकि अभ्यास से प्रश्नपत्र आसान हो जाएगा। प्रश्नपत्र को 3 घंटे में हल करने का अभ्यास करें। विद्यार्थी देर रात तक अध्ययन न करें।

राजकीय हाईस्कूल बहोरनपुर कला की शिक्षिका अर्चना जैसल ने बताया कि प्रश्नपत्र मिलते ही हम सभी जवाब लिखना शुरू कर देते हैं। जबकि सही तरीका यह है कि पहले सभी सवालों पर एक बार अच्छे से नजर डाल लें। इससे आपका दिमाग सवालों के जवाब लिखने के लिए खुद को तैयार कर लेता है। अचानक से कोई सवाल सामने आने पर कभी-कभी आप चौंक जाते हैं और सवाल के जवाब में उलझ सकते हैं। कहा कि एग्जाम हॉल में अपनी सीट पर पहुंचने के बाद थोड़ी देर तक आंखें बंद कर बिलकुल ही शांत मन से बैठें। कुछ भी नहीं सोचें बस जो पहले पढ़ चुके हैं, जिसकी तैयारी की है उनको अपने दिमाग में एक बार याद करने की कोशिश करें कि कौन से पन्ने पर क्या पढ़ा था। इससे आपको कुछ भूलती हुई चीज भी दिमाग में आ जाएगी। साथ ही साथ एक बात का ख्याल रहे कि कुछ भूल रहे हों जो आपने पढ़ा हो तो उसे याद करने की बिलकुल भी कोशिश न करें। इससे टेंशन ही बढ़ेगी और कुछ नहीं होगा।

परीक्षा हाल में दूसरे से न पूछें

हमारी आदत होती है कि हम परीक्षा हाल में अंदर जैसे ही जाते हैं वैसे ही हम अपने अगल-बगल वालों से पूछने लगते हैं कि आपने क्या-क्या पढ़ा, आपने कौन-कौन से टॉपिक तैयार कर लिए। इससे आपको फायदा तो कुछ नहीं होना है लेकिन, पता चला सामने वाले ने आपसे किसी ऐसे एक-दो टॉपिक का नाम बोल दिया जो शायद आपकी नजरों से चूक गया हो। ऐसे में आपका भरोसा कमजोर होने लगता है और आप बार-बार उसी बारे में सोचने लगते हैं।

इन बातों का रखें खास ख्याल

देर रात तक अध्ययन न करें। दिन में पढ़ाई करें और रात में भरपूर नींद लें।
दिमाग को तरोताजा रखने के लिए 25-30 मिनट के छोटे-छोटे हिस्सों में पढ़ाई करें और उसके बाद 5-10 मिनट का ब्रेक लें।
प्रतिदिन 15-20 मिनट का हल्का व्यायाम अवश्य करें, व्यायाम करने से मस्तिष्क की याद रखने की क्षमता बढ़ती है।
पढ़ाई के दौरान हेडफोन का इस्तेमाल न करें और न ही गाने सुनें। मोबाइल से दूरी बनाकर रखें।
फ्लैशकार्ड बनाएं, गणित के सूत्र को कागज पर लिख लें और उन्हें अपने अध्ययन कक्ष में चिपकाएं।

ससुरालियों ने महिला का गला दबाया, तीन के खिलाफ रिपोर्ट

संवाददाता, पाकबड़ा

अमृत विचार : दहेज के लिए ससुराल वालों ने महिला से मारपीट और उसका गला दबा दिया। जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। सूचना मिलने पर मायके वाले मौके पर पहुंच गए। महिला की हालत देखकर सभी घबरा गए। महिला को दिल्ली रोड स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसकी हालत नाजुक है। पुलिस ने भाई की तहरीर पर पति समेत तीन लोगों पर रिपोर्ट दर्ज की है।

कस्बे के कैलसा रोड निवासी साहिल पुत्र मोहम्मद अहसान ने अपनी बहन की शादी 2017 में कस्बे के ही जुबेर पुत्र मोहम्मद हनीफ निवासी दिल्ली रोड से की थी। उसने कहा कि शादी के कुछ माह बाद से ही ससुराल वाले उसकी बहन को दहेज को लेकर के परेशान करते थे। घर वालों से और दहेज लाने के लिए उसे पीटते थे। कुछ समय बाद महिला ससुराल से मायके आ गई थी। वह करीब छह माह से मायके में ही रह रही थी। जब महिला अपने ससुराल गई तो उसे पति जुबैर, देवर मोहम्मद समीर एवं सास आयशा ने पीटा। उसके बाद उसका गला दबा दिया। जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। गला दबाने की सूचना जैसे ही मायके वालों को मिली तो वह मौके पर पहुंच गए। उन्होंने महिला को दिल्ली रोड स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। महिला के भाई ने तहरीर देकर पति समेत तीन लोगों पर रिपोर्ट दर्ज करा दी है।

एक नजर

पुलिस ने 10 वाहनों का किया चालान

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : कोतवाली पुलिस ने नगर में अपराधियों पर नियंत्रण के लिए पैदल गश्त की। इस दौरान पुलिस ने आसपास खड़े वाहनों, ट्रिपल सवारी और जांच अभियान चलाकर संदिग्धों से पूछताछ कर सुरक्षा व्यवस्थापरखी। कोतवाली प्रभारी किरनपाल सिंह के निर्देश पर नगर में वरिष्ठ उपनिरीक्षक बिरेन्द्र सिंह के नेतृत्व में शुक्रवार को पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान मुख्य मार्गों पर दोपहिया और चौपहिया वाहनों की भी जांच की। इस दौरान पुलिस ने 10 चालान भी किए।

ग्राम पंचायत कार्यालय से सोलर पैनल ले गए चोर

कांठ, अमृत विचार : ग्राम पंचायत कार्यालय में लगा सोलर पैनल चोर चुरा ले गए। ग्राम पंचायत अधिकारी ने थाना छजलैट में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। ग्राम पंचायत अधिकारी विकास खंड छजलैट सूरज नायक ने थाना छजलैट में दी तहरीर में बताया है कि ग्राम पंचायत संजरपुर सुल्तानपुर के पंचायत भवन में सोलर पैनल लगा हुआ था, जिसको 13 फरवरी रात को चोर ले गए। ग्राम पंचायत अधिकारी ने थाना छजलैट पुलिस से आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग कर सोलर पैनल को बरामद करने की मांग की है।

एक अप्रैल से होगी गेहूं की खरीद

कांठ/छजलैट, अमृत विचार : इस बार गेहूं की खरीद एक अप्रैल से शुरू होगी। मंडी समिति कांठ के इंचार्ज सुनील कुमार त्यागी ने बताया कि गेहूं खरीद केंद्र एक अप्रैल से शुरू होंगे। जिसमें क्षेत्र के किसानों से अपील की गई है कि वह अपने गेहूं सरकारी तौल पर बिक्री करने के लिए पंजीकरण करा लें। जिन किसानों के पंजीकरण होंगे उनके ही गेहूं खरीदे जाएंगे। उन्होंने बताया कि इस वर्ष सरकार ने गेहूं दरों में बढ़ोतरी की है जिसकी शीघ्र ही घोषणा हो जाएगी। उन्होंने क्षेत्र के किसानों से अपील की है कि अपने गेहूं बिक्री करने के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन आवश्यक करा दें ताकि सरकार द्वारा मिलने वाला लाभ किसानों को मिल सके।

छुट्टा गाय एवं बछड़े को पहुंचाया गोशाला

छजलैट, अमृत विचार : छजलैट क्षेत्र के ग्राम कुरी रवाना में छुट्टा गाय एवं बछड़े को गो सेवा गतिविधि के जिला संयोजक विकास शर्मा, ग्राम प्रधान एवं ग्रामीणों की मदद से गोशाला पहुंचाया। छजलैट के ग्राम कुरी रवाना में एक छुट्टा गोवंश एवं बछड़ा घूम रहा था। जिसकी सूचना विकास शर्मा को दी गई। उन्होंने खंड विकास अधिकारी छजलैट से दोनों गो वंशों को सिरसा ठाठ की गोशाला में भिजवाया।

कुत्ते ने दुकानदार की उंगली चबाई

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : दुकान बंद कर घर जा रहे दुकानदार पर कुत्ते ने हमला कर दिया। हमले में कुत्ते ने दुकानदार की उंगली चबा ली। कोतवाली क्षेत्र के गांव रतुपुरा निवासी अफसर अली पुत्र शमसुद्दीन गांव के बस स्टैंड से दुकान बंद कर गुरुवार देर रात घर जा रहा था। इसी दौरान एक कुत्ते ने उस पर हमला कर दिया। कुत्ते ने अफसर अली के बाएं हाथ की उंगली चबा ली। उसके शोर मचाने पर लोगों ने लाठी-डंडों से कुत्ते को दौड़ाकर दुकानदार को कुत्ते से बचाया। घायल को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से अफसर अली को एंटी रेबीज का इंजेक्शन लगा कर घर भेज दिया गया।

स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट लागू करे सरकार

किसान संगठनों ने भारत बंद को लेकर लगाया जाम, समस्याओं के समाधान की मांग की

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

अमृत विचार : अखिल भारतीय किसान मजदूर सभा व किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं ने भारत बंद को सफल बनाने की अपील की। वहीं किसान यूनियन के जिला महामंत्री धनेंद्र शर्मा के नेतृत्व में सुरजननगर-स्योहारा मार्ग पर ट्रैक्टर-ट्रालियों से सड़क पर जाम लगाकर प्रदर्शन कर मांगें पूरी करने की मांग की।

शुक्रवार को प्रीतम सिंह के नेतृत्व में सुरेंद्र सिंह, नरेश सिंह, रमेश सिंह, सचिन कुमार, अर्जुन सिंह, सतवीर सिंह ने टीम बनाकर रामूवाला गणेश, मुंशीगंज, कालेवाला, माधोवाला गोपीवाला तथा भरतावाला तथा पीलकपुर गुमानी में किसानों-मजदूरों से ग्रामीण भारत बंद की अपील की। प्रीतम सिंह ने कहा कि किसानों-मजदूरों के शोषण का विरोध जरूरी है। किसानों ने सरकार के विरुद्ध नारेबाजी की और कहा कि स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट लागू की जाए, एमएसपी पर खरीद का गारंटी कानून बने, नया बिजली कानून रद्द हो तथा किसानों पर झूठे मुकदमे समाप्त करने की मांग की। इस दौरान बलराम सिंह, सुखबीर सिंह, मिथुन उर्फ प्रदीप कुमार, सरजीत सिंह, मोहम्मद उमर, अमित कुमार से संपर्क किया गया।

ट्रैक्टर-ट्राली खड़ी कर जाम लगाते भाकियू के कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

बिलारी में भाकियू तोमर के पदाधिकारियों से ज्ञापन लेते तहसीलदार कमलेश कुमार।

भाकियू तोमर के पदाधिकारियों को किया नजरबंद

बिलारी, अमृत विचार : मोहल्ला अंसारियान स्थित भाकियू तोमर के कैंप कार्यालय पर पुलिस-प्रशासन ने भाकियू तोमर के सदस्यों और पदाधिकारियों को नजर बंद कर दिया। अधिकारियों ने उनकी मांगों से संबंधित ज्ञापन उनके कैंप कार्यालय पर लिया। शुक्रवार को भाकियू तोमर के युवा मंडल उपाध्यक्ष नूर मोहम्मद के कैंप कार्यालय पर कई पदाधिकारी एकत्र हुए थे। जैसे ही प्रशासन को इसकी भनक लगी कि किसान धरना-प्रदर्शन के लिए निकल रहे हैं। तभी कोतवाली प्रभारी रविंद्र प्रताप सिंह पुलिस बल के साथ पहुंच गए। वहां तहसीलदार कमलेश कुमार ने उनसे ज्ञापन प्राप्त किया। जिसमें मुख्य रूप से एमएसपी पर गारंटी, बिजली बिल अधिक होने पर कनेक्शन काटने, किसानों के बिजली बिल को माफ करने, गन्ने के भुगतान को 14 दिनों में करने, किसानों का कर्ज माफ करने आदि मांगें की गईं हैं। इस दौरान मोहम्मद आसिफ, मोहम्मद सलीम, शकील अहमद, इश्तियाक हुसैन, मोहम्मद हनीफ, मुमताज, अशफाक, मोहम्मद शाहिद, मोहम्मद रईस, मुजम्मिल, मुन्नी अली मौजूद रहे।

कल घोषित होगा साइंस ओलंपियाड का परिणाम

कांठ, अमृत विचार : सेंट पॉल्स इंटरनेशनल स्कूल द्वारा आयोजित ग्रैण्ड साइंस ओलंपियाड का 18 फरवरी को विद्यालय के वार्षिकोत्सव में परिणाम घोषित होगा।

इस प्रतियोगिता में सेंट पॉल्स इंटरनेशनल स्कूल व सेंट पॉल्स ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन से अलग विभिन्न स्कूलों के 8000 से अधिक छात्र-छात्राओं जिसमें धामपुर, स्योहारा, सहसपुर, छजलैट, अगवानपुर हरथला, मुरादाबाद आदि विभिन्न क्षेत्रों के बच्चे शामिल हुये थे। विद्यालय के प्रबंधक जितेंद्र कुमार विश्नोई ने बताया कि 18 फरवरी को विद्यालय के वार्षिक महोत्सव उमंग में साइंस ओलम्पियाड के परिणाम को घोषित किया जायेगा। डॉयरेक्टर सचिन कुमार विश्नोई ने क्षेत्र के सभी स्कूलों के समस्त छात्र-छात्राओं से आग्रह किया कि वो विद्यालय में होने वाले सम्मान समारोह में पहुंचे। ज्ञात हो कि विद्यालय ने चार फरवरी को साइंस ओलम्पियाड का आयोजन किया था।

20 वर्षों से क्षतिग्रस्त सड़क के निर्माण की मांग को लेकर ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

अमृत विचार : गोपीवाला गांव से जनता इंटर कॉलेज से जाने वाली सड़क करीब 20 वर्षों क्षतिग्रस्त है। इस सड़क पर वाहन चलाना तो दूर स्कूली छात्रों का पैदल चलना भी दुश्वार है। इस सड़क के निर्माण की मांग को लेकर ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया।

गोपीवाला गांव के लोगों ने एकत्र होकर प्रदर्शन के दौरान कहा कि गांव से जनता इंटर कॉलेज जाने वाला मार्ग 20 वर्षों से क्षतिग्रस्त है। यहां बरसात के दिनों में तो हालत यह होती है कि स्कूली बच्चों को जूते-चप्पल हाथ में लेकर स्कूल जाना पड़ता है। स्कूल जाने के दौरान छात्र-छात्राएं कीचड़ में गिर जाते हैं। इस संबंध में कई बार वरिष्ठ अधिकारियों को लिखित शिकायत भी दर्ज कराई गई। लेकिन सड़क का निर्माण अभी तक नहीं किया है। गांव चौपाल में भी उक्त सड़क का निर्माण ग्राम पंचायत, जिला पंचायत व अन्य किसी योजना के तहत कराने की मांग की थी। जिस पर अधिकारियों ने आश्वासन दिया था कि उक्त सड़क का निर्माण शीघ्र कराया जाएगा। सड़क का निर्माण तो दूर 500 मीटर क्षतिग्रस्त सड़क की मरम्मत भी नहीं कराई गई है। प्रदर्शन के दौरान ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र ही उक्त सड़क का निर्माण नहीं कराया गया तो तो गोपीवाला और अन्य क्षेत्रों के स्कूली बच्चों के साथ धरना प्रदर्शन करेंगे। प्रदर्शन में धर्मेन्द्र कुमार, भीम सिह, अभिषेक सिंह, जितेन्द्र सिंह, सुमित कुमार, छोटू सिंह, निपेन्द्र सिंह, कमल सिंह आदि मौजूद रहे।

सड़क ठीक कराने को लेकर प्रदर्शन करते ग्रामीण। ● अमृत विचार

- **सड़क खराब होने से कई गांवों के लोगों को परेशानी**
- **शिकायत करने पर भी अधिकारी नहीं करा रहे समाधान**

कमजोर नेटवर्क से राशन वितरण में देरी

कांठ, अमृत विचार : नेटवर्क में परेशानी आने से कई राशन कार्ड धारकों को बिना राशन लिए ही लौटना पड़ा। विभागीय अधिकारियों के निर्देश पर शुक्रवार को राशन की दुकानों पर राशन का वितरण होना था। कमजोर नेटवर्क के कारण ई पॉश की गति अत्यंत धीमी रही। नेटवर्क की परेशानी के चलते राशन उपभोक्ताओं को आधे घंटे से भी अधिक समय तक प्रतीक्षा करनी पड़ी। कई उपभोक्ताओं की राशन डीलरों से नोकझोंक भी हुई।

शुक्रवार को उपभोक्ता दुकानों पर खाद्यान्न लेने पहुंच थे। जहां दोपहर 12 बजे के बाद ई पॉश मशीन धीमी हो गईं। इससे कार्ड धारकों को अपना नंबर आने की काफी प्रतीक्षा करनी पड़ी और बाद में राशन नहीं मिलने पर लौट गए। ऑल इंडिया फेयर प्राइस डीलर शॉप के प्रदेश सचिव ब्रजेश कुमार चौधरी ने बताया कि डीलर संघ के लोग सरकार से मशीनों के नेटवर्क में सुधार के लिए प्रार्थना पत्र दे चुके हैं परंतु समस्या का समाधान नहीं हो रहा है।

ग्रामीण की हत्या में छह लोगों को उम्रकैद, जुर्माना भी लगा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार: रुपये के लेन देन में कुछ लोगों ने घर में सो रहे ग्रामीण की गोली मारकर हत्या कर दी थी। इस मामले में एडीजे द्वितीय की कोर्ट ने शुक्रवार को छह आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है और सभी पर जुर्माना भी लगाया है।

मामला गंज थाना क्षेत्र के काशीपुर गांव का है। यहां के रहने वाले बब्बू के अनुसार, 11 जुलाई 2010 को उसके घर में उसके बच्चे की छठी का कार्यक्रम था। इसमें लोग खाना खाने के बाद चले गए थे। रात करीब 11 बजे गोली चलने की आवाज आई। गोली की आवाज सुनकर बब्बू और उसके भाई ने बाहर जाकर देखा, तो उसके छोटे लाल को गोली मार दी गई थी। वह मच्छरदानी में सो रहा था। छोटे लाल की मौत हो गई थी। इस मामले में छह लोगों के खिलाफ तहरीर दी गई थी। हालांकि पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करने के बाद विवचेना कर मनोज और बलवीर के खिलाफ कोर्ट में चार्जशीट दाखिल कर दी थी। सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से अजय, अमर सिंह, विजय करन सिंह को भी तलब किया था। इसके बाद छह लोगों को आरोपी बनाया गया था। इस मामले में शुक्रवार को कोर्ट ने सुनवाई की। साक्ष्यों व बयानों के आधार पर कोर्ट ने छह आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। साथ ही 12-12 हजार का जुर्माना लगाया। एडीजीसी प्रमोद कुमार सागर ने बताया कि मनोज पर 13 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। सभी आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। हत्या का कारण रुपयों को लेकर विवाद रहा था।

युवक की मौत का कारण स्पष्ट नहीं, बिसरा सुरक्षित

कांठ, अमृत विचार: घर से कांठ जाने को कहकर निकले युवक की मौत हो गई थी। जिसकी पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट नहीं होने पर बिसरा की जांच होगी।

थाना कांठ के ग्राम मौढ़ी हजरतपुर निवासी दीपांशु पुत्र कृपाल सिंह 23 वर्ष बुधवार को घर से कांठ जाने को कहकर बाइक लेकर निकला था। जब वह घर नहीं पहुंचा तो गुरुवार को उसके परिजनों ने उसकी गुमशुदगी की सूचना पुलिस को दी थी। गुरुवार को ग्राम मुख्तियारपुर नवादा और कांठ क्रॉसिंग के समीप जंगल में युवक का शव मिला था। बाद में कृपाल सिंह ने दीपांशु का शव होने की पुष्टि की थी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। जिसके पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मृत्यु का कारण स्पष्ट नहीं होने पर बिसरा सुरक्षित रख लिया है। उप निरीक्षक परविंदर सिंह ने बताया कि बिसरा प्रयोगशाला भेजा जाएगा और रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई होगी।

चोरों ने तोड़े दुकान के ताले, कार्रवाई की मांग

संवाददाता, कुंदरकी

- **बाजार के मालिक के जागने पर भाग गए चोर**

अमृत विचार : थाना क्षेत्र के ग्राम सैफपुर चित्तू में कार सवार चोरों ने हाईवे स्थित बीज भंडार की दुकान के ताले तोड़ दिए। हालांकि बाजार के मालिक के जागने पर चोर मौके से फरार हो गए। पीड़ित ने थाने में तहरीर देते हुए कार्रवाई की मांग की है।

नदीम अख्तर पुत्र महबूब अली निवासी ग्राम सैफपुर चित्तू ने थाने में तहरीर देकर बताया कि उसकी दुकान हाईवे स्थित उस्मान अली की मार्केट में है। 16 फरवरी की रात करीब ढ़ाई बजे के एक कार से आए कई चोरों ने उसके बीज भंडार की दुकान के शटर के ताले तोड़ दिए। ताले तोड़ने की आवाज सुनकर बाजार के मलिक सुलेमान जाग गए। उसके ललकारने पर सभी चोर अपनी कार से कुंदरकी की ओर फरार हो गए। गौरतलब है कि यहां से ही बीते दिनों चोर 40 लोहे के गर्डर वाहन में भरकर फरार हो गए थे। जिसका अभी तक पुलिस कोई सुराग नहीं लगा पाई है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच की जा रही है।

टूटा पड़ा ताला। ● अमृत विचार

ठेले व ई-रिक्शा से मुख्य मार्गों पर अतिक्रमण, परेशानी

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

अमृत विचार : तहसील मुख्यालय से तिकोनिया पार्क तक ठेले वालों ने सड़क किनारे अवैध रूप से कब्जा जमा लिया है। जिस कारण नगर वासियों को परेशानी हो रही है।

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र से तहसील मुख्यालय, पूर्व सांसद स्व. बाबू रामपाल सिंह की प्रतिमा के स्थान से बुद्ध बाजार, शगुन तिराहा, बाजार गंज, सब्जी मंडी, कदीर तिराहा, नूरी मार्केट से तिकोनिया पार्क, कमालपुरी चौराहे पर ठेला फल विक्रेताओं और ई-रिक्शाओं ने क्षेत्र को अतिक्रमण की चपेट में ले लिया है। इसी कारण इन क्षेत्रों में आए दिन दुर्घटनाएं भी बढ़ रही हैं। इस दौरान अगर कोई व्यक्ति उनसे कुछ कह देता तो वह गाली गलौज व मारपीट करने के लिए उतारु हो जाते हैं।

कभी-कभी वाहनों की चपेट में आकर राहगीर भी चोटिल हो जाते हैं। मगर इन परेशानियों से ठेले वालों को कुछ भी लेना-देना नहीं है। वहीं, कदीर तिराहे पर राहगीरों ने बताया कि मुख्य मार्ग पर हाथ ठेले वाले फल बेचते हैं। ऐसे में दोपहिया चार पहिया वाहन चालक सड़क पर वाहन खड़ा कर देते हैं। जिससे हाइवे पर दुघर्टना की स्थिति बनी रहती है। व्यापारियों ने बताया कि उनकी दुकान के सामने ठेले खड़े पूरे मार्ग को घेर लेते हैं। जिससे ग्राहकों को परेशानी तो होती ही है और छोटे-बड़े वाहनों को निकलने में असुविधा का सामना करना पड़ता है। अधिशासी अधिकारी ललित आर्य ने बताया कि शीघ्र ही अतिक्रमण हटाओ अभियान के तहत कार्रवाई होगी।

आयोजन डायट में डीएलएड प्रशिक्षुओं ने किया टीएलएम प्रदर्शनी का आयोजन

टीएलएम प्रदर्शनी में अभिषेक प्रथम, दिव्या द्वितीय

संवाददाता, कांठ

अमृत विचार : धर्म सिंह जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान कांठ में शुक्रवार को एक दिवसीय टीएलएम प्रदर्शनी आयोजित हुई।

प्रदर्शनी का आरंभ डायट प्राचार्य डॉ. ओमप्रकाश गुप्त ने मां सरस्वती के प्रतिमा के सम्मुख पुष्प अर्पित कर किया। डीएलएड प्रशिक्षुओं द्वारा लगाई गई टीएलएम प्रदर्शनी में डॉ. ओम प्रकाश गुप्त ने टीएलएम की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा की इस प्रकार के कार्यक्रम से प्रशिक्षुओं का उत्साहवर्धन होता है। वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेन्द्र सिंह रावत ने प्रशिक्षुओं द्वारा बनाए टीएलएम की प्रशंसा की और उन्हें कुशल शिक्षक बनने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम के अन्त में सभी प्रशिक्षुओं को प्रमाण पत्र एवं मेडल से सम्मानित किया। इसमें प्रथम स्थान पर अभिषेक कुमार, द्वितीय स्थान पर दिव्या शर्मा, तृतीय स्थान पर इरम मिर्जा रहे। इन प्रशिक्षुओं को ट्राफी से सम्मानित किया और प्रतिभागी प्रशिक्षुओं को मेडल और प्रमाण पत्र से सम्मानित किया था। निर्वाचक मण्डल में डॉ. मुकुल कौशिक, डॉ. टीना वर्मा, डॉ. लोकेन्द्र विश्वकर्मा रहे। कार्यक्रम प्रभारी डॉ. नेहा इकबाल और शीतल कुमार रहे और संचालन डॉ. अभिषेक भारद्वाज ने किया। इस अवसर पर डॉ. अनिल कुमार यादव, राशिद अली, डॉ. सुनील कुमार, डॉ. स्नेहा राव लता व प्रशिक्षुओं में अमन मंसूरी, चौधरी अभिषेक, विन्देश्वर प्रजापति, नीशू राघव, हिमानी चौहान, सुमेना, शिलपी विश्नोई, अनामिका, इरम, इमरान, गुड्डू, अर्जुन सिंह आदि प्रशिक्षु मौजूद रहे।

टीएलएम प्रदर्शनी में उपस्थित प्रशिक्षु व अन्य। ● अमृत विचार

सार-संक्षेप

बीआरसी केंद्र पर अध्यापकों को दिया प्रशिक्षण

बिलारी, अमृत विचार : नगर के बीआरसी केंद्र पर बैच तीन व चार का प्रशिक्षण कराया गया। इसमें मूलभूत साक्षरता और संख्या ज्ञान पर आधारित सत्रवार कार्य कराया। शुक्रवार को आयोजित चार दिवसीय प्रशिक्षण में शिक्षक संदर्शिका की समझ, कार्य पुस्तिका पर कार्य कराने की रणनीति, भाषा और गणित के पहले, दूसरे और तीसरे कालांश की रणनीतियों और शिक्षण योजनाओं पर विस्तृत चर्चा की गई। खंड शिक्षा अधिकारी ने निपुण लक्ष्य एप पर कक्षा एक से तीन तक सभी बच्चों का आंकलन करने और दिसम्बर 2024 तक सभी विद्यालयों को निपुण बनाने का निर्देश दिया। प्रशिक्षण एआरपी मुहम्मद अफजाल, प्रवीण कुमार, अशोक कुमार और मालती गौतम ने दिया। इस दौरान प्रशिक्षण में 100 अध्यापक उपस्थित रहे।

ग्रामीणों को तंबाकू सेवन के दुष्प्रभाव की जानकारी दी

कांठ, अमृत विचार : जिला तंबाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ मुरादाबाद की टीम ने ग्राम अकबरपुर सिहाली के हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर में ग्रामीणों को तंबाकू सेवन से होने वाले दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक किया। शुक्रवार को डॉ. प्रशांत राजपूत ने तंबाकू के सेवन से होने वाली बीमारियों जैसे मुंह का कैंसर, हार्ट अटैक, टीबी आदि रोगों के प्रति लोगों को जागरूक किया। पंकज चौहान ने बताया कि धारा चार के तहत किसी भी सार्वजनिक स्थान पर तंबाकू व धूम्रपान का सेवन करने पर 200 रुपये का जुर्माना लगाया जाता है। काउंसलर रीमा यादव ने बताया कि तंबाकू की लत के छोड़ने के उपाय बताते हुए बताया कि जिला चिकित्सालय में आकर तंबाकू की लत को छोड़ने का इलाज करा सकते हैं। हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर प्रभारी सुमन मेहरा ने सेंटर पर मिलने वाली समस्त स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर पंकज चौहान, रीमा यादव, सीएचओ सुमन मेहरा, आशा रहा।

नहरों में पानी न होने से किसानों को दिक्कत

छजलैट, अमृत विचार : क्षेत्र में नहरों और रजवाहों से कई गांवों के किसानों के खेतों की सिंचाई की जाती है। लेकिन विभागीय अधिकारियों की लापरवाही से किसानों को समय से पानी न मिलने से फसलों की सिंचाई में परेशानी हो रही है। तहसील क्षेत्र में करीब 12 गांवों के किसान रजवाहों और नहरों से खेतों की सिंचाई करते हैं। लेकिन समय से नहर में पानी न छोड़ने के कारण किसानों को निराशा होती है। कई बार किसानों ने इसकी शिकायत भी विभागीय अधिकारियों से की। लेकिन अब तक कोई भी सुधार नहीं हो पाया है। वर्तमान में किसानों को गन्ना की बुआई और पलेवा करने के लिए ट्यूबवेल से सिंचाई करनी पड़ रही है और गेहूं को भी पानी की आवश्यकता है। लेकिन समय से नहर में पानी न छोड़ने के कारण किसानों में नाराजगी है। कई संगठनों ने भी अधिकारियों से समस्या बताई। लेकिन किसानों का कहना है कि पानी तब छोड़ा जाता है जब आवश्यकता नहीं होती। किसानों ने फसलों की सिंचाई करने के लिए तत्काल नहरों और रजवाहों में पानी छोड़ने की मांग की। ग्राम नवादडी निवासी जयपाल सिंह, रोहतास, कांठ ओमकार, सचिन, देवराज जमील, शकील, रसूलपुर के यशवीर सिंह, जितेंद्र, गुरुदेव, खलीलपुर के श्रीओम सिंह, शिव कुमार सिंह, सदरपुर के राजवर्धन, राकेश, देवराज सिंह ने नहर में पानी छोड़े जाने की मांग की है।

बैठक में उपस्थित कांवड बेड़े के सदस्य। ● अमृत विचार

बैठक में बनाई कांवड़ यात्रा की रणनीति

कांठ, अमृत विचार : श्री त्रिशूलधारी कांवड़ बेड़ा के सदस्यों ने वैश्य धर्मशाला बाजार में बैठक की। बैठक में सभी सदस्यों ने महाशिवरात्रि पर हरिद्वार से गंगाजल लाने के लिए योजना बनाई। जिसमें कुछ सदस्यों को पदाधिकारी बनाकर जिम्मेदारी दी गई। जिसमें अध्यक्ष पद के लिए विशाल विश्नोई को जिम्मेदारी और नरेश यादव को महंत, राजीव अग्रवाल को कोषाध्यक्ष, आशु बिश्नोई को भंडारी और आदि अन्य सदस्यों को जिम्मेदारी दी गई। बैठक में अमित बंसल, अभय माहेश्वरी, आकाश विश्नोई, मोहित ठाकुर, सुजल वर्मा, विपिन कुमार, नीरज अग्रवाल, कृष्ण अग्रवाल ,रजत अग्रवाल आदि रहे।

दो भाइयों में मकान व जमीन को लेकर मारपीट

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र के गांव भायपुर में दो सगे भाइयों में मकान व खेत की जमीन के रुपयों के लेनदेन को लेकर मारपीट हो गई। सूचना पर दोनों पक्षों के परिवार आमने-सामने आ गए। हंगामे की सूचना पर पीआर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने दोनों पक्षों को समझाने का प्रयास किया। लेकिन वह नहीं माने। जिसके बाद कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने राजकुमार व उसके भाई चन्द्रपाल सिंह पुत्र हर्षरूप सिंह को साथ बैठाकर मामले को निपटाने का प्रयास किया। लेकिन दोनों भाई पुलिस की मौजूदगी में फिर से मारपीट पर उतारू हो गए। जिसके बाद पुलिस ने शांति भंग की आशंका के चलते दोनों भाइयों को गिरफ्तार कर एसडीएम न्यायालय में पेश किया। जहां से उनको जमानत पर रिहा कर दिया।

राशन कार्ड बनवाने के नाम पर ठगी

बिलारी, अमृत विचार : राशन कार्ड बनाने के नाम पर कुछ लोग ठगी कर रहे हैं। इस मामले में पूर्ति निरीक्षक शिखा पांडे ने एसडीएम बिलारी से शिकायत की है। बिलारी की पूर्ति निरीक्षक को जानकारी हुई कि राशन कार्ड बनाने के नाम पर कुछ लोग कार्ड बनवाने वालों को फोन करके क्यूआर कोड भेज कर रुपयों की मांग कर रहे हैं। जानकारी होने पर पूर्ति निरीक्षक शिखा पांडे ने एसडीएम मणी अरोड़ा से शिकायत की। शिकायत में कहा गया कि मढ़ैया नमैनी गद्दी गांव के नेपाल सिंह ने उनके कार्यालय पहुंच कर बताया कि उनकी चाची ओमवती के राशन कार्ड बनाने के नाम पर मोबाइल नंबर से कॉल आई। जिसमें 2000 रुपयों की मांग की गई। शिकायत के आधार पर नंबर को जांचने पर पता लगा कि इसी नंबर से कुछ दिन पहले तखतपुर हासा के प्रदीप पुत्र सोमपाल को भी राशन कार्ड बनाने के नाम पर मिठाई की मांग की गई थी। जानकारी करने पर पता चला कि क्यूआर कोड अकाउंट धर्मेंद्र नाम से है। जो विभाग के नाम पर अवैध वसूली कर रहा है।

खेलते समय गर्म पानी से झुलसा आठ माह का बच्चा

बिलासपुर, अमृत विचार : खेलते समय आठ माह का मासूम घर के बाहर बरामदे में रखे डिब्बे में खौल रहे गर्म पानी से झुलस गया। परिजन उसे लेकर सीएचसी पहुंचे। नगर के मोहल्ला शीरी मियां के रहने वाले रफीक का परिवार शुक्रवार दोपहर जुमे की नमाज की तैयारियों में लगा हुआ था। इस दौरान उसका आठ माह का मासूम पुत्र अबुतला खिसकते हुए घर के बरामदे में पहुंच गया। बताया गया कि परिजनों की उस पर नजर नहीं गई। यहां वह डिब्बे में खौल रहे गर्म पानी की चपेट में आ गया। गर्म पानी में वह चेहरे के बल गिर गया। मासूम को नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने उसका उपचार करने के बाद उसे घर भेज दिया गया। सीएचसी के चिकित्साधिकारी डॉ. मणिक अग्रवाल ने बताया कि गर्म पानी की चपेट में आने से मासूम का चेहरा झुलसा है। उन्होंने बताया कि अभिभावकों को अपने मासूम बच्चों पर खास ध्यान रखना चाहिए। बच्चों के खेलने के दौरान उन्हें अकेला न छोड़ें, साथ ही उनका मित्र बनकर अच्छे से परवरिश करें।

चीनी मिल के गन्ना अधिकारी से मारपीट

बिलारी, अमृत विचार : गन्ना लेकर मझावली चीनी मिल जा रहे ट्रैक्टर-ट्राली चालक ने गन्ना अधिकारी के साथ मारपीट की। इस मामले में तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज करके जांच शुरू कर दी है। बिलारी की लक्ष्मी शुगर मिल में मितेंद्र चौधरी पुत्र धीर सिंह गन्ना अधिकारी हैं। अमरपुर काशी के पास गन्ना बाहर जाने से रोकने के लिए उनकी ड्यूटी लगी हुई थी। शुक्रवार को बिलारी थाना क्षेत्र के गांव बीरमपुर निवासी आकाश, नन्हे व नेतराम आदि मझावली चीनी मिल में गन्ना लेकर जा रहे थे। लक्ष्मी शुगर मिल के गन्ना अधिकारी मितेंद्र चौधरी ने जब उन्हें रोका तो आरोपी किसानों ने उनसे गाली गलौज कर मारपीट की। जिससे उनके बाएं हाथ में चोट आई है। मामले में दी तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

एक नजर

भांग की नई फसल को नष्ट करने के निर्देश

अमरोहा, अमृत विचार : मुख्य विकास अधिकारी अश्विनी कुमार मिश्र की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में नारको को-ऑर्डिनेशन सेंटर (एनसीओआरडी) की समिति की मासिक बैठक हुई। इसमें मुख्य विकास अधिकारी ने विभागवार जानकारी कर जरूरी निर्देश दिए। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि अब भांग की नई फसल उगने वाली है इसलिये इसे समय से नष्ट कर दिया जाये। प्रत्येक विद्यालयों में नशा विरोधी जागरुकता अभियान चलाया जाए। अपर जिलाधिकारी (न्यायिक), उप जिला अधिकारी सदर, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला आबकारी अधिकारी आदि मौजूद रहे।

रेलवे स्टेशन पर फुट ओवरब्रिज का निर्माण कार्य शुरू

गजरौला, अमृत विचार : रेलवे स्टेशन पर फुट ओवरब्रिज का निर्माण शुरू हो गया है। प्लेटफार्म एक से तीन तक ओवरब्रिज बनेगा। इससे रेलवे ट्रैक के दूसरी तरफ मोहल्लों में रहने वाले लोगों को रेलवे ट्रैक पार करने में राहत मिलेगी। उन्हें रेलवे स्टेशन से नहीं गुजरना पड़ेगा।

कड़ी सुरक्षा में 34 केंद्रों पर आज होगी यूपी पुलिस भर्ती परीक्षा

दो पालियों में होगी परीक्षा, 17,544 अभ्यर्थी होंगे शामिल, केंद्रों पर लगाए जाएंगे जैमर, सीसीटीवी कैमरों से भी होगी निगरानी

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचारः जनपद में पुलिस भर्ती परीक्षा के लिए प्रशासन ने तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया है। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शनिवार को 34 केंद्रों पर परीक्षा होगी। इसमें 17,544 अभ्यर्थी शामिल होंगे। दो पालियों में परीक्षा होगी। पहली पाली में सुबह 9:30 से और दूसरी पाली में शाम को 2:30 बजे से पेपर शुरू होगा। परीक्षा में नकल रोकने के लिए स्टेटिक मजिस्ट्रेटों के साथ ही केंद्रों पर जैमर भी लगाए गए हैं। पुलिस अधीक्षक कार्यालय में कंट्रोल रुम बनाया गया है।

पुलिस भर्ती परीक्षा में सुरक्षा की दृष्टि से जनपद को चार जोन और 12 सेक्टर में बांटा गया है। जिन परीक्षा केंद्रों पर अभ्यार्थियों की संख्या 600 से ज्यादा होगी वहां एक इंसपेक्टर और एक दरोगा तैनात किया जाएगा।

परीक्षा की व्यवस्थाएं देखते सीओ श्वेताभ भास्कर। ● अमृत विचार

प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर कंट्रोल रूम बनाया गया है। इसकी निगरानी दरोगा स्तर का अधिकारी करेगा। परीक्षा केंद्र के गेट पर दो महिला और दो पुरुष कांस्टेबल तैनात किए जाएंगे। परीक्षा केंद्र के गेट के बाहर संबंधित थाना स्तर की पीआरवी तैनात रहेगी। कक्ष निरीक्षक बाहर से तैनात किए जाएंगे। अभ्यर्थियों का परीक्षा केंद्र पर ही चेकअप किया जाएगा। प्रवेश पत्र पर अभ्यर्थी के फोटो का मिलान किया जाएगा। आधार कार्ड से प्रवेश पत्र का भी मिलान किया जाएगा। बायोमेट्रिक मैचिंग और आंखों की मैचिंग भी कराई जाएगी। अपर जिलाधिकारी सुरेंद्र सिंह ने बताया कि परीक्षा केंद्र पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रहेंगे। परीक्षा केंद्रों और आसपास के क्षेत्र में मोबाइल फोन प्रतिबंधित रहेंगे। फोटो स्टेट की दुकान भी बंद रहेंगी। पहली पाली के लिए अभ्यर्थी को सुबह 8 बजे केंद्र पर पहुंचना जरुरी है। दूसरी पाली के लिए दोपहर में एक बजे पहुंचना है। जनपद में 17 और 18 फरवरी को परीक्षा होगी।

इन स्कूल कॉलेजों को बनाया गया परीक्षा केंद्र : मेस्को पब्लिक स्कूल धनौरा रोड अमरोहा, श्री मोती स्मृति इंस्टीटयूट ऑफ टेक्नोलाजी अदलपुर, ग्लोबल पब्लिक स्कूल धनौरा, ब्लू वर्ड इंटरनेशनल स्कूल धनौरा, वाईएमएस इंटर कालेज धनौरा, हिल्टन कांवेट स्कूल अमरोहा, जीपीएस एकेडमी अमरोहा, अब्दुल रज्जाक पीजी कालेज जोया, राधा कृष्ण पब्लिक स्कूल अमरोहा, जेएस हिंदू महाविद्यालय अमरोहा, हाशमी गर्ल्स डिग्री कालेज अमरोहा, एएनडीपी इंटर कालेज बछरायूं, आईएम इंटर कालेज अमरोहा, एएसएम बाल विद्या मंदिर खाता, सिख इंटर कालेज नारंगपुर, राजकीय बालिका इंटर कालेज अमरोहा, राजकीय इंटर कालेज अमरोहा, कुंदन माडल इंटर कालेज अमरोहा, जेएस हिंदू इंटर कालेज अमरोहा, एकेके इंटर कालेज अमरोहा, शिव इंटर कालेज गजरौला, ज्ञान भारती इंटर कालेज गजरौला, राष्ट्रीय इंटर कालेज धनौरा, श्री गांधी विद्यालय इंटर कालेज धनौरा, मजाहिर हुसैन इंटर कालेज असगरीपुर, सुशीला देवी कन्या इंटर कालेज डिडौली, कृष्णा सारस्वत इंटर कालेज घंसूरपुर माफी, तुर्की इंटर कालेज पलौला, फारुख असलम डिग्री कालेज अमरोहा, भगीरथी देवी डिग्री कालेज धनौरा, वाईएमएस पीजी कालेज धनौरा, श्री राम इंटर कालेज बादशाहपुर, महाराजा अग्रसेन कालेज एंड आईटी बागड़पुर, वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय रजबपुर को परीक्षा केंद्र बनाया गया है।

सीओ ने परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण

गजरौला, अमृत विचार : शनिवार व रविवार को होने वाली पुलिस भर्ती परीक्षा को शांतिपूर्ण और नकलविहीन संपन्न कराने के लिए पुलिस-प्रशासन पूरी तरह अलर्ट है। इसके लिए कड़े बंदोबस्त किए गए हैं। गजरौला में ज्ञान भारती इंटर कालेज में बनाए गए परीक्षा केंद्र पर 480 एवं शिव इंटर कालेज में 600 अभ्यथी परीक्षा देंगे। शुक्रवार को मंडी धनौरा के सीओ श्वेताभ भास्कर ने इंस्पेक्टर हरीश वर्धन सिंह, क्राइम निरीक्षक बालेन्द्र सिंह के संग के साथ दोनों परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं परखीं। प्रधनाचार्यों से बातचीत करके उन्हें आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

इन पर रहेगा प्रतिबंध

परीक्षा केंद्र पर पेंसिल, पेपर, बाक्स, कैलकुलेटर, पर्स, चश्मा, कैप, ज्वेलरी, फूड आइटम, मोबाइल, पेन, ड्राइव, कैमरा, घड़ी, चाबी, ब्लूटूथ, डिजिटल पेन, हैंड बैंड आदि प्रतिबंधित रहेंगे।

महामंडलेश्वर का किया गया स्वागत

अमरोहा, अमृत विचार : कल्कि धाम में तैयारियों को देख हरिद्वार लौट रहे निरंजन पीठाधीश्वर श्री श्री 1008 आचार्य महामंडलेश्वर पूज्य स्वामी कैलाशानंद गिरी का कस्बे में स्वागत किया गया।

19 फरवरी को सम्भल के एचोडा में कल्कि धाम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शिलान्यास कार्यक्रम में पहुंचेंगे। आचार्य प्रमोद कृष्णम के अनुरोध पर कार्यक्रम की तैयारियां को देखने निरंजन पीठाधीश्वर कैलाशानंद गिरी महाराज पहुंचे। वहां से लौटते समय जिला सहकारी बैंक के निदेशक ब्रजपाल सिंह के आवास पर लोगों ने उनका स्वागत किया। उन्हों ने लोगों से मन्दिर के शिलान्यास कार्यक्रम में पहुंचने की अपील की। इस मौके पर अखाड़ा के प्रतिनिधि प्रिंसराज उप्पल, कमल सिंह मलिक, विजय पांडे, ब्रजेश चौधरी आदि रहे। निरंजन पीठाधीश्वर ने बताया कि 19 फरवरी की सुबह नौ बजे रजबपुर के वेंकेटेश्वरा यूनिवर्सिटी में वह हेलीकॉप्टर से पहुंचेंगे। वहां से कार द्वारा एचोड़ा में कल्कि धाम जाएंगे और शिलान्यास कार्यक्रम में भाग लेंगे।

ट्रैक्टर-ट्राली की टक्कर से ई-रिक्शा चालक घायल

नौगावां सादात, अमृत विचार : थाना क्षेत्र के गांव पीलाकुंड के नजदीक मिट्टी लदी ट्रैक्टर-ट्राली ने ई रिक्शा को टक्कर मार दी। इसमें ई-रिक्शा चालक गंभीर रूप से घायल हो गया।पुलिस ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया है।

मामला थाना क्षेत्र के मोहल्ला अलीनगर का है। यहां बुंदू का परिवार रहता है। उसका बेटा दानिश ई-रिक्शा चलाकर परिवार का पालन-पोषण करता है। दोपहर एक बजे वह ई-रिक्शा से गांव पीलाकुंड जा रहा था। भट्टे के सामने मिट्टी लदी टैक्टर-ट्राली ने ई-रिक्शा में टक्कर मार दी। इससे ई-रिक्शा पलट गया और दानिश की टांग टूट गई। हादसे के बाद मौके पर भीड़ जमा हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस मौके पर पहुंच गई और परिजनों को सूचना दी। पुलिस ने एंबुलेंस द्वारा घायल दानिश को जिला अस्पताल भिजवा दिया जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है।

हाईवे पर मौजूद डग्गामार वाहन। ● अमृत विचार

यातायात नियम तोड़ रहे डग्गामार वाहन

संवाददाता, गजरौला

अमृत विचार : नेशनल हाईवे पर यातायात नियमों की अनदेखी की जा रही हैं। जबकि सड़क सुरक्षा जागरुकता को लेकर स्कूल-कॉलेजों में कुछ दिन पहले गोष्ठी के साथ रंगोली आदि प्रतियोगिताएं भी हुई थीं। पुलिस अधिकारी भी लोगों को जागरूक कर रहे हैं।

दूसरी ओर डग्गामार वाहन यातायात नियमों का धड़ल्ले से उल्लंघन कर रहे हैं। चौपला पर डग्गामार वाहनों की भरमार है। संभल-गजरौला मार्ग पर भी यातायात नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही है। चौराहों पर तैनात पुलिसकर्मी व रास्ते से होकर गुजरने वाले पुलिस, परिवहन विभाग व प्रशासनिक अधिकारी इन वाहनों पर कार्रवाई की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे हैं।

डग्गामार वाहनों से आए दिन हादसे हो रहे हैं। लोगों की जान से खिलवाड़ किया जा रहा है। कई संगठन इस संबंध में लगातार आवाज उठाते रहे हैं। लेकिन, कोई कार्रवाई नहीं की जाती। सीओ श्वेताभ भास्कर ने बताया कि जल्द ही चेकिंग अभियान चलाकर डग्गामार वाहन बंद करा दिए जाएंगे।

सिमथला आश्रम में होगी बालाजी महाराज की प्राण प्रतिष्ठा

हसनपुर, अमृत विचार : तहसील क्षेत्र के गांव सिमथला में 19 से 21 फरवरी तक श्री बालाजी महाराज प्राण प्रतिष्ठा उत्सव का आयोजन किया जाएगा। इसमें भारी संख्या में भक्त भाग लेकर बाबा का आशीर्वाद प्राप्त करेंगे।

तहसील क्षेत्र के ग्राम सिमथला में ढबारसी-रहरा मार्ग पर श्री बालाजी धाम स्थापित है। यहां श्री बालाजी महाराज का दरबार एवं भजन कीर्तन प्रत्येक मंगलवार को महंत बाबा सेवक दास द्वारा किया जाता है। आश्रम में श्री बालाजी महाराज की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा उत्सव का आयोजन 19 से 21 फरवरी तक किया जाएगा। आश्रम के आचार्य किशोरी लाल तिवारी ने बताया कि 19 फरवरी को पूजन एवं संकीर्तन, 20 फरवरी को मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा व भोग तथा 21 फरवरी को भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

अमरोहा महोत्सव में प्रस्तुति देते हरियाणवी कलाकार अजय हुड्डा। ● अमृत विचार

तने कौन कहे बहू काले की.. पर थिरके लोग

कार्यालय संवाददाता अमरोहा

अमृत विचार : जिले में पहली बार आयोजित अमरोहा महोत्सव के पांचवें दिन हरियाणवी गायक अजय हुड्डा ने समां बांध दिया। सीजेएम व एडीएम व महोत्सव में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने वाले लोगों को भी सम्मानित किया।

शुक्रवार को पांचवें दिन हरियाणवी गायक अजय हुड्डा व इंडियन आइडल के गायक ने अपनी प्रस्तुति से समां बांध दिया। लोग झूमने पर मजबूर हो गए। हरियाणवी गायक अजय हुड्डा ने अपने मशहूर गाने तने कौन कहे बहू काले की, छन-छन बोले तेरी तागड़ी, सॉलिड बॉडी आदि गानों पर लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया।

उल्लेखनीय है कि यह महोत्सव 20 फरवरी तक चलेगा। इस आयोजन में कई और हस्तियां भी हिस्सा लेंगी। 18 फरवरी को मुशायरा व कवि सम्मेलन होगा। जिसमें प्रमुख प्रस्तुति मशहूर कवि विष्णु सक्सेना की होगी।

सोशल आडिट के लिए टीमों का किया चयन

अमरोहा, अमृत विचार : जनपद के सभी छह विकास खंडों की 570 ग्राम पंचायतों में मनरेगा तथा प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) तथा अन्य के अन्तर्गत कराए गए कार्यों का सोशल आडिट किया जाएगा।

इसके लिए ब्लाक स्तर पर चार सदस्यीय सोशल आडिट टीमों का पैनल तैयार कर चयन समिति का गठन किया गया है। समस्त विकास खंड के लिए जिला विकास अधिकारी को समिति का अध्यक्ष, प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कालेज को सदस्य एवं जिला सोशल आडिट समन्यवक को सदस्य सचिव नामित किया गया है। उन्होंने बताया कि विकास खंड अमरोहा और जोया का 23 फरवरी को पूर्वान्ह 11 बजे, 24 फरवरी को धनौरा और हसनपुर, 26 को गजरौला और गंगेश्वरी विकास खंड का आडिट जिला विकास कार्यालय विकास भवन अमरोहा में किया जायेगा।

शिक्षिका को शान-ए-अमरोहा का खिताब देते एमएलसी व डीएम। ● अमृत विचार

सुमन रानी को मिला शान ए अमरोहा का खिताब

संवाददाता, हसनपुर

अमृत विचार : तहसील क्षेत्र के ग्राम के कंपोजिट विद्यालय की शिक्षिका को अमरोहा महोत्सव कार्यक्रम में शिक्षक विधायक एवं जिलाधिकारी ने शान ए अमरोहा के खिताब से सम्मानित किया।

हसनपुर तहसील क्षेत्र के ग्राम शेखूपुर झकड़ी स्थित कंपोजिट विद्यालय में सुमन शिक्षिका है। अमरोहा के स्टेडियम में चल रहे अमरोहा महोत्सव में शिक्षक विधायक हरि सिंह ढिल्लो एवं जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी ने शिक्षिका के कार्य एवं व्यवहार को देखते हुए शान ए अमरोहा के खिताब से सम्मानित किया। पूर्व में भी सुमन रानी राज्य शिक्षक पुरस्कार लखनऊ में बेसिक शिक्षा मंत्री द्वारा सम्मान प्राप्त कर चुकी हैं। शिक्षिका को मिले सम्मान से परिवार व मित्रों में खुशी है।

शायरों ने मौला अब्बास की शान में पढ़े कलाम

सैदनगली, संवाददाता

अमृत विचार : नगर के पीर जी इमामबारगाह में हजरत अब्बास अलमदार अलैहिस्सलाम की यौमे विलादत पर नूरानी जश्न का आयोजन हुआ। गुरुवार की रात जश्न का आगाज अम्मार हैदर रिजवी ने हदीसे किसा की तिलावत से किया।

नाते रसूल गुलाम सय्यदेन रिजवी ने पढ़ी। इसके बाद फिरोज हैदर रिजवी, रियाजुल हसन, गुलाम हैदर रिजवी, खादिम सफदर अली, वफा हैदर, मुहम्मद अब्बास, जाफर अब्बास, मुहम्मद हैदर, मिसाल अब्बास, हैदर अब्बास शबीह हैदर, सुहैल अब्बास, अजीम हैदर, मुहम्मद जैद, याकूत हैदर, मुहम्मद कैफ, ऐजाज मुर्तजा, हसन मेहदी आदि शायरों ने मौला अब्बास की शान में कलाम पढ़े।

मौलाना हाजी कम्बर अली ने तकरीर में कहा कि मौला अब्बास की विलादत चार शाबान को मदीना में हुई थी। हजरत अबुलफजलिल अब्बास के मशहूर लकब गाजी, बावपु, बाबुलहवाइज, सक्का ए सकीना, मुश्किल कुशा, अलमदार, जरी, अलम्बरदार हैं। हजरत अली की तरह मौला अब्बास भी बहुत बहादुर थे। इस मौके पर अनवर आबिद, डॉ. अफसार हैदर, मुनाजिर हुसैन, रिजवान हैदर, शुऐब रजा, कायम मेहदी, पिंटू रजा, कुमैल असगर, हाजी तनवीर अब्बास, हसन रजा, खलीक हैदर, गुलाम हुसैन, मुहम्मद कासिम, हाशिम रजा, जैगम अब्बास, मजाहिर हुसैन आदि मौजूद रहे।

कार्यक्रम में कलाम पेश करते शायर। ● अमृत विचार

- हजरत अब्बास अलमदार की यौमे विलादत पर हुआ नूरानी जश्न का आयोजन

रेलवे ट्रैक पार कर रही किशोरी की ट्रेन की चपेट में आकर मौत

गजरौला, अमृत विचार : रेलवे ट्रैक पार कर रही किशोरी की ट्रेन की चपेट में आकर मौत हो गई। सूचना पर पहुंची जीआरपी ने मौके पर मौजूद लोगों से घटना की जानकारी की। जीआरपी के पहुंचने से पहले ही परिजन किशोरी का शव उठाकर ले गए।

शहर के तिगरिया भूड़ मोहल्ला निवासी नीलम (16) पुत्री सतपाल अपनी छोटी बहन के साथ शुक्रवार की शाम चौपला पर किसी काम से जा रही थी। रेलवे ओवरब्रिज के निकट दोनों रेलवे ट्रैक पार कर रही थीं। तभी उधर से गुजरने वाली ट्रेन की चपेट में आकर नीलम की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलने पर नीलम के परिजन भी पहुंचे। वह नीलम के शव को उठाकर घर ले गए। जीआरपी चौकी इंचार्ज श्याम बाबू ने बताया कि परिवार वालों ने कार्रवाई कराने से मना कर दिया है।

सरकार की योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को करें जागरूक

संवाददाता, हसनपुर

बैठक

- गांव कांकाठेर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया
- विधायक ने ग्रामीणों की समस्याओं पर भी चर्चा की

अमृत विचार : भाजपा संगठन के निर्देश पर चलाए जा रहे गांव चलो अभियान के तहत विधायक ने विधानसभा क्षेत्र के एक गांव में रात्रि प्रवास कर सरकार की योजनाओं का प्रचार किया। कार्यकर्ताओं की बैठक कर पार्टी की योजनाओं के विषय में बताया।

भारतीय जनता पार्टी के गांव चलो अभियान के तहत गुरुवार में हसनपुर विधानसभा क्षेत्र के गांव कांकाठेर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी ने गांव में रात्रि प्रवास के दौरान बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं की बैठक कर पार्टी की योजनाओं के विषय में विस्तार से जानकारी दी।

विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के नेतृत्व में सरकार द्वारा विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। इन योजनाओं के बारे में हम सबको ग्रामीणों को बता कर जागरूक करना है। इसके अलावा इन योजनाओं के लाभार्थियों से भी मिलें। इस दौरान विधायक ने ग्रामीणों से अन्य समस्याओं को लेकर विस्तार से वार्ता की। उन्होंने समस्याओं के समाधान का हर संभव भरोसा भी दिलाया।

इस अवसर पर हसनपुर मंडल अध्यक्ष संजय शर्मा, ग्राम प्रधान हरिओम सिंह, बूथ अध्यक्ष राम रतन सिंह खड़गवंशी, चंद्रपाल, महावीर, राम सिंह, रमेश आदि मौजूद रहे।

आयोजन विधायक ने श्रीमद् भागवत कथा में पहुंचकर की पूजा अर्चना

सनातन के प्रति जागरूक करते हैं धार्मिक कार्यक्रम

संवाददाता, हसनपुर

अमृत विचार : तहसील क्षेत्र के गांव में चल रही श्रीमद् भागवत कथा में विधायक महेंद्र खड़गवंशी ने पहुंचकर व्यास पीठ का पूजन कर कथा का शुभारंभ किया। कथा स्थल पर पहुंचे ग्रामीणों ने विधायक का फूल माला पहनकर स्वागत किया।

तहसील क्षेत्र के ग्राम कांकाठेर में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया गया है। कथा का वर्णन वृंदावन धाम से आए कथा व्यास मनोज महाराज ने किया। बृहस्पतिवार की रात विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी पहुंचे। ग्रामीणों ने विधायक का फूलमाला पहनकर स्वागत किया। इसके बाद विधायक ने कथा स्थल पर पहुंचकर व्यास पीठ का पूजन कर कथावाचक का तिलक किया।

कथावाचक का तिलक करते विधायक महेंद्र खड़गवंशी। ● अमृत विचार

- वृंदावन धाम से आए व्यास मनोज महाराज ने किया कथा का वर्णन

विधायक ने कहा कि इस तरह के धार्मिक कार्यक्रम हमारे बच्चों में सनातन धर्म के प्रति जागरुकता लाते हैं।

इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष संजय शर्मा, पवन राज, ग्राम प्रधान हरिओम सिंह, चंद्रपाल सिंह, डॉ. महावीर सिंह, राम रतन नेताजी, सुरेंद्र सिंह, राजेंद्र ट्रेलर, परमा, मदन, जानकी, फूलचंद पूर्व प्रधान, मनोहर, नम्बरदार, निरंजन आदि ग्रामवासी उपस्थित रहे।

सेल्समैन पर जानलेवा हमले के आरोपी पुलिस पकड़ से दूर

संवाददाता, चौधरपुर

निराशा

- घटना के तीन दिन बाद भी आरोपियों का सुराग नहीं लगा सकी है पुलिस
- शराब की दुकान के पास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही पुलिस

अमृत विचार : सेल्समैन को गोली मारकर जख्मी करने वाले बदमाश पुलिस की पकड़ से दूर हैं। घटना के तीसरे दिन भी पुलिस ने शराब की दुकान के पास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली लेकिन बदमाशों का कोई सुराग नहीं लग सका। जबकि घायल सेल्समैन की हालत गंभीर बनी है।

डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव चौधरपुर में मनौटा मार्ग के किनारे स्थित अंग्रेजी शराब के की दुकान में बुधवार की देर रात नकाबपोश बदमाशों ने लूट करने की कोशिश की थी। सेल्समैन के शोर मचाने पर पास में ही स्थित बियर की दुकान के सेल्समैन रामकेश ने नकाबपोश बदमाश को पकड़ने की कोशिश की। तब बदमाशों ने पकड़े जाने के डर से उसे गोली मार दी। इसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को मुरादाबाद के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। घटना के बाद पुलिस में हड़कंप मचा है।

बुधवार की रात से ही पुलिस चौधरपुर में डेरा डाले है। घटना के बाद से ही व्यापारियों की दुकानों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही हैं। इसके बावजूद 48 घंटे बीतने के बाद भी पुलिस बदमाशों का सुराग नहीं लगा सकी। घायल रामकेश की हालत अभी भी गंभीर बनी है।

लड़का-लड़की में न करें भेदभाव

संवाददाता, हसनपुर

अमृत विचार : पुरुषोत्तम शरण राममूर्ति कन्या इंटर कॉलेज में तीन दिवसीय पावर एंजिल सशक्तिकरण प्रशिक्षण शिविर बीआरसी द्वारा कराया जा रहा है। इसमें संदर्भ दाता सुमन रानी, रीना गौर, यशवीर सिंह द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसके द्वारा वह विद्यालय में पावर एंजेल को सशक्त करेंगे और विद्यालय को मुख्य धारा से जोड़ेंगे।

जीवन को प्रभावित करने वाले अनेक विषयों पर चर्चा की गई। स्वच्छता प्रबंधन, जलवायु परिवर्तन, आत्म सम्मान, आत्मविश्वास जैसे विषयों के विषय में न केवल चर्चा की गई बल्कि शिक्षकों को उनकी विषय वस्तु पर अनेक गतिविधियां भी कराई गईं। आत्म सुरक्षा से संबंधित लड़का-लड़की में कोई भेदभाव नहीं करना चाहिए। उन्हें आत्मनिर्भर बनकर अपने काम को आगे बढ़ाने के लिए कहा गया। हर क्षेत्र में लड़कियों को आगे बढ़ने एवं उनका मनोबल बढ़ाने के लिए बताया गया। शिक्षकों ने कहा कि इस प्रशिक्षण को विद्यालय स्तर पर लागू करके बालक-बालिकाओं की शिक्षा को उन्नतशील बनाने के लिए प्रेरित करें।

प्रशिक्षण में मौजूद शिक्षिकाएं। ● अमृत विचार

कार्यक्रम

- तीन दिवसीय पावर एंजिल सशक्तिकरण प्रशिक्षण शिविर का हुआ आयोजन

एक नजर

पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

30 लीटर कच्ची शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

हसनपुर, अमृत विचार : पुलिस ने कच्ची शराब के निर्माण और बिक्री रोकने के खिलाफ छापेमारी की। इस दौरान पुलिस ने 30 लीटर कच्ची शराब व शराब बनाने के उपकरण सहित एक आरोपी को गिरफ्तार किया। मौके पर पुलिस ने लगभग 500 लीटर लहन भी नष्ट कराया। कोतवाली क्षेत्र में कच्ची शराब का धंधा खूब फल-फूल रहा है। गुरुवार को पुलिस ने गांव लुहारी खादर स्थित गन्ने के खेतों में छापेमारी की। इस दौरान पुलिस ने राम अवतार को मौके से गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से 30 लीटर कच्ची शराब और शराब बनाने के उपकरण मिले। पुलिस ने लगभग 500 लीटर लहन को मौके पर ही नष्ट कर दिया। प्रभारी निरीक्षक विनय कुमार ने बताया कि आरोपी का चालान कर दिया गया है।

रोडवेज बस की टक्कर से युवक की मौत

भांजा गंभीर घायल, नौगावां सादात मार्ग पर हुआ हादसा

कार्यालय संवाददाता अमरोहा

अमृत विचार : तेज रफ्तार रोडवेज बस ने अमरोहा-नौगावां सादात मार्ग पर बाइक सवार मामा-भांजे को टक्कर मार दी। हादसे में मामा की मौके पर ही मौत हो गई जबकि भांजा गंभीर घायल हो गया। परिजनों ने घायल को मुरादाबाद के हायर सेंटर में भर्ती कराया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

यह हादसा शुक्रवार की दोपहर नौगावां सादात थाना क्षेत्र की सीमा में अमरोहा-नौगावां सादात मार्ग स्थित गांव बादशाहपुर के पास हुआ। गजरौला थाना क्षेत्र के गांव गंगानगर निवासी सुभाष सिंह रेलवे में ठेकेदार हैं। उनके परिवार में पत्नी प्रवेश देवी के अलावा चार बच्चे हैं। उनकी बहन की ससुराल अमरोहा देहात थाना क्षेत्र के गांव नाजरपुर में है। दोपहर में सुभाष सिंह अपने भांजे पिंटू के साथ बाइक से गजरौला से गांव नाजरपुर की ओर जा रहे थे। जैसे ही उनकी बाइक गांव बादशाहपुर के पास पहुंची तो सामने से आ रही तेज रफ्तार रोडवेज बस ने टक्कर मार दी।

सुभाष सिंह ने हेलमेट भी पहन रखा था, हादसे में उनकी मौके पर ही मौत हो गई जबकि पिंटू गंभीर घायल हो गया।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया लेकिन वहां से रेफर किए जाने पर परिजन मुरादाबाद के निजी अस्पताल ले गए। वहीं, पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। सीओ अंजलि कटारिया ने तहरीर मिलने पर जांच व कार्रवाई की बात कही।

युवक की मौत के बाद बिलखते परिजन। ● अमृत विचार

▸▸ परिवार में मचा कोहराम, पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेजा

घायल युवक की मेरठ में उपचार के दौरान मौत

सैदनगली, अमृत विचार : गुरुवार की सुबह सड़क हादसे में घायल हुए युवक की मेरठ में उपचार के दौरान मौत हो गई। युवक की मौत से परिवार में कोहराम मचा है। थाना क्षेत्र के गांव इकौंदा निवासी 21 वर्षीय मोनू प्रजापति पुत्र नन्हें गुरुवार की सुबह जनपद संभल के असमोली बूढ़े बाबू के थान पर प्रसाद चढ़ाकर घर लौट रहा था। असमोली-गोजनी मार्ग पर सामने से आ रही तेज रफ्तार बस ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी दी। इसमें बाइक सवार मोनू गंभीर रूप से घायल हो गया था। हालत नाजुक होने पर चिकित्सकों ने उसे मेरठ रेफर कर दिया था। मेरठ के एक अस्पताल में उपचार के दौरान घायल मोनू की देर रात मौत हो गई। इसके बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शुक्रवार की दोपहर बाद शव गांव पहुंचा तो चीख-पुकार मच गई। परिजनों ने गंगा घाट पर अंतिम संस्कार कर दिया।

खराब प्रगति पर अधिकारियों को चेताया

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी की अध्यक्षता में शासन की प्राथमिकता वाले कार्यक्रमों की सीएम डैशबोर्ड पर उपलब्ध प्रगति पुस्तिका के अनुसार विकास कार्यों की जनवरी तक की प्रगति की समीक्षा बैठक हुई।

इसमें जिलाधिकारी ने सीएम डैशबोर्ड पर खराब प्रगति वाले विभागों की समीक्षा की और लापरवाही बरतने वाले विभागों के अधिकारियों को चेतावनी दी। जिलाधिकारी ने भवन निर्माण के शेष कार्यों को 25 फरवरी तक पूर्ण न होने पर कार्यवाही के निर्देश दिये। दुग्ध विभाग के लक्ष्य के सापेक्ष कार्य न करने और बार-बार निर्देश देने के बाद भी कार्य में सुधार न होने पर प्रतिकूल प्रवृष्टि देते हुए कड़ी नाराजगी जताई। जीएम दुग्ध दलजीत सिंह को अपने कार्यालय में उपस्थित होने के निर्देश भी दिये।

शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में हुई बैठक में जिलाधिकारी ने जल जीवन मिशन के अन्तर्गत बिछाई जाने वाली पाइपलाइन के बाद सड़क ठीक न करने पर कड़ी नाराजगी जताई। कार्य में सुधार न होने पर एफआईआर की चेतावनी दी। जिला पंचायत राज अधिकारी को जल जीवन मिशन से प्रत्येक सप्ताह ठीक हुई सड़कों की की रिपोर्ट लेकर सर्वे करने को कहा। सीएम डैशबोर्ड पर आपरेशन कायाकल्प को प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर खुशी जाहिर की। मुख्य विकास अधिकारी को गोवंश संरक्षण में अच्छा काम करने वालों को सम्मानित करने के निर्देश दिए। जिला मत्स्य अधिकारी को मत्स्य पालन के लिये तालाबों की संख्या बढ़ाने को कहा। मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, सड़क निर्माण, उद्योग विभाग, नहर, स्वास्थ्य, कृषि विभाग आदि सहित अन्य विभागों को निर्देश दिए कि गुणवत्तापूर्ण में किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाना चाहिए। दिव्यांग, वृद्धा, विधवा पेंशन के संबंध में समीक्षा करते हुए कहा कि मिलने वाले आवेदनों का सत्यापन कराकर समय से पेंशन दी जाए। जनपद की रैंकिंग खराब हुई तो कठोर कार्रवाई की जाएगी। सभी विभाग अपनी रैंकिंग हर हाल में सुधारें। रैंकिंग के संबंध में किसी प्रकार का समझौता नहीं होगा। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी, जिला विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्साधिकारी, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी सहित अन्य संबंधित विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

विकास कार्यों की प्रगति की जानकारी लेते जिलाधिकारी राजेश त्यागी। ● अमृत विचार

भगवान देव नारायण की पूजा करते डॉ. मोमराज सिंह गुर्जर। ● अमृत विचार

भगवान देव नारायण की जयंती मनाई

संवाददाता, नौगावां सादात

अमृत विचार : तहसील नौगावां सादात क्षेत्र के सहकारी कताई मिल पर स्थित ब्रिलिएंट स्कॉलर्स पब्लिक इंटर कालेज परिसर में भगवान देव नारायण की जयंती मनाई गई।

उत्तर प्रदेश अखिल भारतीय गुर्जर देव सेना संगठन के प्रदेश अध्यक्ष डा. मोमराज सिंह गुर्जर ने कहा कि भगवान देव नारायण को राजस्थान में सामाजिक क्रांति के जनक के रूप में जाना जाता है। उन्होंने दलितों, पिछड़ों, आदिवासियों के साथ चरवाहों आदि को पूजा पद्धति के अंधविश्वास, आडम्बरवाद से अलग कर सामान्य पूजा पद्धति बनाई। पंच परमेश्वर के सिद्धांत के इस प्रणेता ने मूर्ति पूजा से अलग हटकर पांच ईंट की स्थापना कर मंदिर की जगह देवरा बनाकर पूजा का अधिकार दिलाकर सामाजिक समानता का नारा बुलंद किया। उनके पद चिन्हों पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर गोपीचंद गुर्जर, बरन सिंह, ब्रह्म सिंह, मास्टर हरलाल सिंह शास्त्री, विपिन कुमार, महिपाल सिंह, मदन सिंह, राजपाल सिंह, आदि मौजूद रहे।

हेल्प डेस्क का महिलाओं को मिलेगा लाभ

संवाददाता, मंडी धनौरा/बछरायू

अमृत विचार : थाने में आने वाले फरियादी की समस्या सुनकर निस्तारण करने तथा महिलाओं को न्याय के लिए थाना बछरायूं में शुक्रवार को रिसेप्शन व महिला हेल्प डेस्क का विधायक राजीव तरारा, पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह व जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी ने फीता काटकर उद्घाटन किया। विधायक ने इस पहल को लेकर पुलिस कर्मियों को बधाई दी।

कहा कि रिसेप्शन और महिला हेल्प डेस्क से थाने में आने वाले लोगों को फायदा मिलेगा। भाजपा सरकार सभी की सरकार है। इसलिए भाजपा सरकार में होने वाले सभी कार्यों से देशवासियों को सीधा फायदा होना चाहिए। इसी शैली पर भाजपा कार्य कर रही है। महिलाओं की सुरक्षा और जनता को न्याय दिलाना ही भाजपा का उदेश्य है।

रिसेप्शन डेस्क का उद्घाटन करते विधायक राजीव तरारा, डीएम व एसपी।

एसपी ने कहा कि महिला हेल्प डेस्क की स्थापना से उन पीड़ित महिलाओं को अपनी बात कहने का अधिकार मिलेगा जो पुरुषों के सामने अपनी व्यथा को सही से नहीं बता पाती थीं। महिला हेल्प डेस्क में महिला कांस्टेबिल ही पीड़ित महिलाओं की समस्याओं को सुनकर निराकरण कराएंगी। रिसेप्शन डेस्क शुरू करने से थाने में आने वाले फरियादी सीधे रिसेप्शन पर जाकर अपना नाम मोबाइल नम्बर व अपनी पीड़ा दर्ज करा सकेंगे। 24 घंटे के अन्दर फरियादी के पास पुलिस पहुंचेगी और समस्या का समाधान करेगी। 48 घंटे के अन्दर ही उस फरियादी को फोन कर पूछा जायेगा कि उसके पास पुलिस पहुंची थी या नहीं। उसकी समस्या का समाधान हुआ या नहीं। इस अवसर पर डीएम राजेश कुमार त्यागी, उप जिलाधिकारी चंद्रकांता, क्षेत्राधिकारी श्वेताभ भास्कर, थानाध्यक्ष बछरायूं राजीव गंगवार आदि मौजूद रहे।

दुकान में आग लगाने के आरोप में भाजपा नेता के बेटे पर रिपोर्ट

गजरौला, अमृत विचार : फोटो फ्रेमिंग की दुकान में आग लगाने के आरोप में पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर भाजपा नेता के बेटे के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

गढ़मुक्तेश्वर के मोहल्ला राजीव नगर निवासी सुनील आर्य की नगर में डिग्री कॉलेज के सामने फोटो फ्रेमिंग की दुकान है। दो फरवरी की देर रात उसकी दुकान में आग लग गई थी। तीन फरवरी की सुबह करीब चार बजे सूचना मिलने पर पहुंचे अग्निशमन कर्मियों ने ताले तोड़कर किसी तरह शटर को खोला और आग पर काबू पाया था। दुकान स्वामी के अनुसार आग लगने से करीब चार लाख रुपये का नुकसान हुआ था। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि सुनील की तहरीर के आधार पर भाजपा नेता सुरेंद्र औलख के बेटे अंकित औलख के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

मंगेतर से किया दुष्कर्म, बरात लेकर नहीं पहुंचा आरोपी

संवाददाता, डिडौली/अमरोहा

अमृत विचार : रिश्ता तय होने के बाद भी दुल्हन के घर बरात नहीं पहुंची। इससे परिजनों में हड़कंप मच गया। पुलिस ने मंगेतर समेत सात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव निवासी किसान का परिवार 27 फरवरी 2022 को मुरादाबाद जनपद के दलपतपुर गांव में शादी समारोह में गया था। वहां किसान की बेटी की मुलाकात उत्तराखंड के उधम सिंह नगर जिले के बाबरखेड़ा गांव निवासी मोहम्मद मुकीम से हुई। मोहम्मद मुकीम रेलवे कर्मचारी है। आरोप है कि समारोह में ही मोहम्मद मुकीम ने किसान की बेटी को पसंद कर लिया और उससे शादी करने की बात कही। आरोप है कि 20 मार्च 2022 को किसान का परिवार खेत पर गया था। तभी मुकीम घर आया और शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म किया। बाद में दोनों पक्ष शादी करने को तैयार हो गए। 22 जनवरी 2023 को मुकीम और उसके परिवार वालों ने युवती की गोद भराई की रस्म पूरी की। 15 अक्टूबर 2023 को मंगनी हो गई। छह फरवरी 2024 को शादी थी लेकिन बरात लाने से एक दिन पहले मुकीम और उसके परिवार वालों ने दहेज में कार और 10 लाख रुपये की मांग की।

युवती के परिजनों ने इसका विरोध किया तो आरोपियों ने बरात लाने से इनकार कर दिया। सीओ सिटी अरुण कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर मोहम्मद मुकीम, मोहम्मद मोमिन, रूबी, नदीम, फरदीन, मोहम्मद यासीन और शबनम निवासी बाबरखेड़ा जनपद उधम सिंह नगर उत्तराखंड के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

एमएसपी लागू कराने की रणनीति बनाई

बुरावली, अमृत विचार : संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर भारत बंद को लेकर रहरा थाना क्षेत्र के गांव दौरारा में भारतीय किसान यूनियन अंबावत की बैठक हुई। इसमें एमएसपी की गारंटी व किसानों का संपूर्ण कर्जा माफी को लेकर चर्चा हुई।

संगठन के महासचिव चौधरी दिमाग सिंह प्रधान ने कहा कि भारत बन्द में भारतीय किसान यूनियन अंबावत पूरा समर्थन करेगी। न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) कानून लागू कराने के लिए रणनीति बनाई गई। युवा जिला अध्यक्ष लोकेश विधूड़ी ने कहा कि सरकार किसानों को दिल्ली आने दे। उनकी बात सुने। सरकार किसानों पर आंसू गैस और रबर बुलेट का प्रयोग ना करें अन्यथा पूरे देश का किसान दिल्ली कूंच करेगा। बैठक में युवा मंडल अध्यक्ष सतपाल सिंह, कुलवीर सिंह अंबावता, इरशाद अली, शमशाद सैफी, आरिफ मलिक, यादराम सिंह, सुशील कुमार आदि मौजूद रहे।

6000 करोड़ की योजनाओं का होगा आरंभ

संवाददाता, गजरौला

अमृत विचार : ग्लोबल इन्वेस्टर समिट की ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी वेंकटेश्वरा विश्वविद्यालय में हुई। जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी और पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह ने दीप जलाकर इसका शुभारंभ किया।

जिलाधिकारी ने कहा कि 19 फरवरी को लखनऊ में ग्राउंड सेरेमनी का आयोजन किया जा रहा है। इसका आरंभ प्रधानमंत्री करेंगे और इसका सजीव प्रसारण भी दिखाया जाएगा। जनपद में 1789 करोड़ रुपये का निवेश का रास्ता खुला है।

सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाया जा रहा है। कहा कि शिक्षा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में जनपद अमरोहा ही नहीं बल्कि पश्चिम उत्तर प्रदेश का श्री वेंकटेश्वरा सबसे बड़ा केंद्र है। जनपद में 6000 करोड़ की योजनाओं का शुभारंभ किया जाएगा। इसें जूबिलेंट, तेवा लिमिटेड, यूएस फूड्स लिमिटेड, वेव इंडस्ट्री के अलावा श्री वेंकटेश्वरा विश्वविद्यालय की सबसे बड़ी भूमिका होगी।

कार्यक्रम का शुभारंभ करते डीएम राजेश त्यागी। ● अमृत विचार

कार्यक्रम

▸▸ वेंकटेश्वरा विश्वविद्यालय में हुई ग्लोबल इन्वेस्टर समिट की ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी

इस मौके पर डिप्टी कमिश्नर उद्योग विकास यादव, सीडीओ अश्विनी मिश्रा, जुबिलेंट के सीईओ सुनील दीक्षित, आरबीएस के जनरल मैनेजर, तेवा के जीएम पीयूष कुमार, प्रमुख उद्योगपति अजय टंडन, शिक्षकों, अर्थशास्त्रियों एवं छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। वेंक्टेश्वरा समूह अध्यक्ष डॉ. सुधीर गिरी, प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी आदि मौजूद रहे।

भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं में भरा जोश

अमरोहा, अमृत विचार : भाजपा कार्यालय पर पहुंचे क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिंह सिसोदिया ने आने वाले चुनाव को लेकर बैठक की। उन्होंने कहा कि प्रत्येक घर में लाभार्थी मौजूद हैं। उन्हें चिन्हित करें। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ बताते हुए कहा कि 2014 के बाद भाजपा सरकार ने देश में चौमुखा विकास किया है।

शुक्रवार को जोया रोड स्थित भाजपा जिला कार्यालय पर लाभार्थी संपर्क अभियान का शुभारंभ मुख्य अतिथि क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिंह सिसोदिया ने किया। मुख्य अतिथि ने कहा कि कांग्रेस के कार्यकाल में प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह कहते थे कि भारत की सीमाएं सुरक्षित नहीं है। लेकिन 2014 के बाद भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने विश्व में वह स्थान बनाया कि चाहे अमेरिका हो या रुस हो अन्य देश पंचायत करने के लिए भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बुलाया जाता है।

पुलिस ने किसान नेताओं को नजरबंद किया

संवाददाता, गजरौला

अमृत विचार : भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी के पदाधिकारियों को पुलिस ने फिर से नजरबंद कर दिया। दिल्ली में चल रहे धरना-प्रदर्शन को लेकर पदाधिकारियों को तीन घंटे टोल फ्री करना था। पुलिस ने पदाधिकारियों को गुरुवार की रात ही नजरबंद कर लिया।

दिल्ली में किसान आंदोलन तूल पकड़ता जा रहा है। अमरोहा जनपद के किसानों को दिल्ली जाने से पुलिस रोक रही है। जनपद के अंदर होने वाले आंदोलन को लेकर भी पुलिस सख्ती बरत रही है। गुरुवार की रात प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन संगठन के जिलाध्यक्ष नरेश चौधरी के आवास पर पहुंचे तथा उन्हें नजरबंद कर लिया। जिलाध्यक्ष ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष गुरनाम सिंह चढ़ूनी के निर्देशानुसार शुक्रवार को 12 से तीन बजे तक अतरासी स्थित टोल को फ्री करना था लेकिन गुरुवार की रात ही पुलिस ने उन्हें घर पर ही नजरबंद कर लिया। शुक्रवार की शाम तीन बजे तक जिलाध्यक्ष को नजरबंद रखा। जानकारी मिलने पर संगठन के अन्य पदाधिकारी मौके पर पहुंचे। उन्होंने प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। प्रभारी निरीक्षक ने उन्हें समझाकर किसी तरह शांत कराया। इस दौरान जिला प्रभारी जगदेव सिंह, युवा जिलाध्यक्ष सौरभ वर्मा, जिला सचिव रवि चौधरी, प्रदीप चौधरी, अभिषेक चड्ढा, संजीव चौधरी, आसिफ चौधरी, जयंत चौधरी, पंचम सिंह, मौजूद रहे। वहीं दूसरी ओर किसानों को दिल्ली जाने से रोकने के लिए पुलिस ने हाईवे पर कई स्थानों पर बैरिकेडिंग कर रखी है।

भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी के पदाधिकारियों को नजरबंद करती पुलिस।

सरकार की योजनाओं की दी जानकारी

संवाददाता, गजरौला

अमृत विचार : नगर पालिका परिषद ने अवंतिका पार्क व चौपला स्थित रोडवेज बस स्टैंड के पास विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया। इसमें भाजपा के नेताओं ने केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा चलाईं जा रहीं जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया।

पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष कमलेश आर्या के पति भाजपा नेता हेम सिंह आर्य ने केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में जानकारी दी। मंडलाध्यक्ष सुनील गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में देश-प्रदेश आगे बढ़ रहा है। मनमोहन सिंह सैन ने कहा कि विकसित भारत के निर्माण के लिए तीसरी बार भी नरेन्द्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाएं। इस दौरान केन्द्र सरकार की विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्रों का वितरण किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद की ईओ गार्गी त्यागी, वरिष्ठ लेखाकार आदेश अग्रवाल, वरिष्ठ लिपिक वेदप्रकाश, इरशाद खां, ललित कुमार, अजय गोस्वामी, राजपाल प्रधान, सभासद देवेश शर्मा, अशोक चौधरी उर्फ दिले चौधरी, सरताज अहमद उर्फ कलुआ, अनिल अग्रवाल, शशि चौहान, प्रियंका शर्मा, डॉ.आशुतोष भूषण शर्मा, सौरभ जैन आदि मौजूद रहे।

कार्यक्रम में बोलतीं वक्ता। ● अमृत विचार

▸▸ नपा परिषद ने किया अवंतिका पार्क में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन

पदाधिकारियों को सम्मानित करते एडीएम। ● अमृत विचार

श्री धार्मिक रामलीला कमेटी के पदाधिकारियों को किया सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : अमरोहा महोत्सव में धार्मिक रामडोल कमेटी एवं श्री धार्मिक रामलीला कमेटी के संयुक्त तत्वाधान में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसमें मुंबई से आए कलाकार रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति दे रहे हैं।

शुक्रवार को शिक्षक विधायक डॉ. हरि सिंह ढिल्लो, जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी, अपर जिलाधिकारी सुरेंद्र सिंह, नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी डॉ. बृजेश सिंह ने श्री धार्मिक रामलीला कमेटी और श्री धार्मिक रामडोल कमेटी के पदाधिकारियों को शॉल ओढ़ाकर व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में श्री धार्मिक रामलीला कमेटी अध्यक्ष विशाल गोयल एडवोकेट, शार्दुल अग्रवाल महामंत्री, कुंवर विनीत अग्रवाल कोषाध्यक्ष, सुबोध रस्तोगी, अमित रस्तोगी, धार्मिक रामडोल कमेटी के अध्यक्ष पंडित कपिल शर्मा, विजय चतुर्वेदी, मनु शर्मा, दीपक बंसल आदि रहे।

100 मीटर दौड़ में तृषा ने मारी बाजी

संवाददाता, बुरावली

अमृत विचार : न्याय पंचायत बुरावली के राजकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज सुतावली परिसर में शुक्रवार को दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता शुरू हुई।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्राविधिक शिक्षा पश्चिमी क्षेत्र दौराला मेरठ के संयुक्त निदेशक मोहम्मद साबिर ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन करके किया। संस्था के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। खेलों का शुभारंभ छात्रों ने मार्चपास्ट तथा पूर्व चैंपियन ने मशाल जलाकर किया।

खेलकूद प्रतियोगिता के पहले दिन 100. 200, 400 व 800 मीटर दौड़, चक्का फेंक, गोला फेंक, बैडमिंटन, वॉलीबाल, टेबिल टेनिस, लम्बी व ऊंची कूद आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। 100 मीटर दौड बालिका वर्ग में तृषा ने बाजी मारी। द्वितीय स्थान पर ख्वाईश श्रीवास्तव और तृतीय स्थान शिवानी यादव ने प्राप्त किया।

मुख्य अतिथि ने 100 मीटर दौड़ में विजयी छात्राओं को ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया तथा जीवन में खेलों का महत्व बताकर आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। प्रधानाचार्य लखमी चंद ने अतिथियों को स्मृति चिह्न देकर धन्यवाद दिया।

इस मौके पर अभिनव जैन, अश्वनी कुमार, कमल कुमार, अमित कुमार, राहुल कुमार, डॉ. जितेन्द्र कुमार, चेतन कुमार गर्ग आदि मौजूद रहे।

विजेताओं को सम्मानित करते मुख्य अतिथि। ● अमृत विचार

एक नजर

दो युवकों ने किशोरी से की छेड़छाड़, रिपोर्ट दर्ज

गुन्नौर, अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र के गांव में दो युवकों ने शौच को जा रही किशोरी से रास्ते में छेड़छाड़ की। पुलिस ने पीड़िता के पिता शिकायत पर आरोपी युवकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। एक गांव निवासी ग्रामीण ने पुलिस को दी शिकायत में कहा कि 13 फरवरी की शाम उसकी 15 वर्षीय बेटी शौच के लिए जा रही थी। आरोप है कि गांव बहलोलपुर निवासी सोनू व पुष्पेन्द्र ने किशोरी को पकड़ लिया और उससे छेड़छाड़ शुरू कर दी। शोर मचाने पर आरोपी भाग गए।

गाली गलौज के विरोध पर पिता पुत्र से मारपीट

संभल, अमृत विचार : नखासा थाना क्षेत्र के मुहल्ला हौज भदेसराय के कुनाल ने थाने में तहरीर दी है कि मुहल्ला में मंदिर के पास बच्चे क्रिकेट मैच खेल रहे थे। कुनाल व मुहल्ला के ही तीन सगे भाई और एक अन्य युवक भी वहीं खड़े थे। आरोप है कि सगे भाइयों का पिता मौके पर पहुंचा और गाली गलौज करने लगा। विरोध करने पर सगे भाइयों ने साथी के साथ मिलकर कुनाल से मारपीट की। बेटे के बचाने पहुंचे कुनाल के पिता कल्याण के साथ भी मारपीट की।

शोरूम में आग से लाखों का सामान जला, तीन युवक झुलसे

फर्नीचर व 10 लाख के मोबाइल जलकर राख, आधा दर्जन दमकल की गाड़ियों ने तीन घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया

संवाददाता, बहजोई/संभल

अमृत विचार : फर्नीचर व मोबाइल के शोरूम में अचानक आग लग गई। आग लगने आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया। नागरिकों के साथ आधा दर्जन दमकल की गाड़ियों ने तीन घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग से शोरूम में रखा लाखों का सामान जलकर राख हो गया। शोरूम स्वामी ने शॉर्ट सर्किट से आग लगने की बात बताई है।

बहजोई के पुराना डाकखाना रोड पर नवीन वार्ष्णेय का फर्नीचर व मोबाइल का शोरूम है। सुबह लगभग 9 बिजली के मीटर में शॉर्ट सर्किट हो जाने के कारण शोरूम में अचानक आग लग गई। आग ने धीरे-धीरे विकराल रूप ले लिया। जैसे ही आग की लपटें शोरूम से बाहर दिखाई दीं तो लोगों में हड़कंप मच गया। मौके पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने लोगों की मदद से तीन घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया लेकिन तब तक शोरूम में रखे मोबाइल, सोफा सेट, डबल बेड, स्लीपवेल के गद्दे अन्य फर्नीचर आदि लाखों का सामान जलकर राख हो गया। शोरूम स्वामी ने 50 लाख का नुकसान होने की बात कही है।

फर्नीचर व मोबाइल के शोरूम में लगी आग बाहर एकत्र लोग। ● अमृत विचार

शोरूम की आग बुझाने का प्रयास करते दमकल कर्मी व अन्य लोग। ● अमृत विचार

शटर खोला तो लपटें चेहरे पर आईं

बहजोई। जैसे ही शोरूम के अंदर आग लगी तो आग पर काबू करने की कोशिश में युवक डोरी लाल, प्रशांत कुमार, रिशु शटर खोल रहे थे। जैसे ही उन्होंने शटर खोला तो आग की लपटें उनके चेहरे पर आ गयी। जिससे वह झुलस गए। आनन फानन में उन्हें प्राथमिक उपचार के लिए निजी चिकित्सक के यहां भेजा गया।

स्टेट बैंक व एटीएम तक पहुंच सकती थी आग

बहजोई। फर्नीचर व मोबाइल का शोरूम स्टेट बैंक तथा स्टेट बैंक के ही पास एटीएम के निकट है। गनीमत रही कि दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पा लिया, नहीं तो एटीएम तक आग पहुंच सकती थी और बड़ा नुकसान हो सकता था।

धमाके से लोग दहशत में आए

बहजोई। फर्नीचर तथा मोबाइल के शोरूम में जैसे ही आग लगी तो उसमें दमकल विभाग द्वारा लगाए गए आग बुझाने के सिलेंडरों में भी आग लग गई। सिलेंडरों में जोरदार धमाकों से लोग दहशत में आ गए। लोगों का कहना था अगर बड़े सिलेंडर होते तो और भी तेज धमाके होते। जिससे आसपास की दुकानों में भी नुकसान हो सकता था।

रात में कमरे में सो रहे मजदूर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

संभल/कैलादेवी, अमृत विचार : कैलादेवी थाना क्षेत्र में गुरुवार की रात कमरे में सो रहे मजदूर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई।

मजदूर की मौत होने का पता परिजनों को सुबह चला तो कोहराम मच गया। मजदूर पांच दिन पहले ही अपनी बीमार मां को देखने हरियाणा से घर आया था।

थाना क्षेत्र के गांव गौहत निवासी वीर सिंह का 25 वर्षीय बेटा अरविंद गुरुवार की शाम गांव में अपने दोस्तों से मिलकर घर आकर कमरे सो गया था। शुक्रवार की सुबह अरविंद जब सोकर नहीं उठा तो वीर सिंह ने चाय पीने के लिए आवाज लगाई, लेकिन कोई जवाब नहीं मिलने पर वीर सिंह ने कमरे के अंदर जा देखा तो अरविंद मृत अवस्था में चारपाई पर पड़ा हुआ था। परिजनों ने बताया कि अरविंद अपने चार भाइयों के साथ हरियाणा में रहकर मेहनत मजदूरी करता था।

हैंडीक्राफ्ट कारखाने में आग, लाखों की क्षति

संवाददाता, संभल/सरायतरीन

अमृत विचार : हयातनगर थाना क्षेत्र के सरायतरीन में संदिग्ध परिस्थितियों में हैंडीक्राफ्ट कारखाने में आग लगने से लाखों रुपये की मशीनें व माल जलकर बर्बाद हो गया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची दमकल के वाहन का आग बुझने से पहले ही पानी खत्म हो गया। जिसके बाद ऐंचोड़ा कम्बोह से आग बुझाने के लिए दूसरे वाहन को बुलाया गया।

थाना क्षेत्र में सरायतरीन के मुहल्ला मंगलपुरा निवासी नाजिम अख्तर मुहल्ला कोटला में हैंडीक्राफ्ट का कारखाना चलाते हैं। गुरुवार की देर शाम नाजिम अख्तर कारखाना बंद कर घर आ गए। शुक्रवार की तड़के साढ़े तीन बजे के आसपास मुहल्ला के लोगों से नाजिम अख्तर को कारखाने से धुंआ व आग की लपटें निकलने की सूचना मिली। आग लगने की सूचना मिलने पर नाजिर अख्तर मौके पर पहुंचे। सूचना मिलने पर दमकल कर्मी भी मौके पर पहुंचे। नाजिम ने बताया कि दमकल कर्मी पानी ड़ालकर आग बुझाने की कोशिश करने लगे, लेकिन आग बुझने से पहले ही दमकल का पानी खत्म हो गया। जिसके बाद दमकल कर्मी पानी भरकर मौके पर पहुंचे। आग के विकराल रुप को देखकर गांव ऐचोड़ा कंबोह से दूसरी दमकल बुलानी पड़ी। करीब दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद दमकल कर्मियों ने पानी डालकर आग पर काबू पाया। तब तक लाखों रुपये का सामान जल गया। नाजिम अख्तर ने बताया कि कारखाने में लेदर, सीएनसी, पैनल व अन्य मशीनों और माल सहित 50 लाख रुपये का नुकसान हो गया है।

हैंडीक्राफ्ट कारखाने में लगी आग को बुझाने का प्रयास करते दमकल कर्मी।

▸▸ **मौके पर पहुंची दमकल के वाहन का आग बुझने से पहले ही पानी खत्म हो गया**

कार के पेड़ से टकराने पर युवक की मौत, दोस्त घायल

कार्यालय संवाददाता, संभल/रजपुरा

दुर्घटना

▸▸ **रजपुरा थाना क्षेत्र में बबराला-अनूपशहर मार्ग पर हादसा दिल्ली से लौट रहे थे दोनों**

▸▸ **घायल को गंभीर हालत में अलीगढ़ रेफर किया**

अमृत विचार : रजपुरा थाना क्षेत्र में बबराला-अनूपशहर मार्ग पर शुक्रवार को तड़के दिल्ली से लौट रहे युवकों की कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। हादसे में एक युवक की मौत हो गई जबकि उसका दोस्त घायल हुआ।

थाना क्षेत्र के गांव खोजापुर निवासी सुभाष (30 वर्ष) पुत्र भूरे लाल दिल्ली में रहकर गोलगप्पे बेचता था। गुरुवार को देर रात सुभाष अपने दोस्त अजय कुमार पुत्र रतीराम निवासी बाघऊ थाना गुन्नौर के साथ कार में सवार होकर दिल्ली से वापस गांव लौट रहा था। अजय कुमार कार से सुभाष को छोड़ने के लिए गांव बाघऊ के लिए चला। शुक्रवार को तड़के करीब तीन बजे बबराला-अनूपशहर मार्ग पर गांव रजापुर के पास कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। हादसे में सुभाष की मौके पर ही मौत हो गई जबकि अजय कुमार गंभीर रूप से घायल हुआ। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने घायल अजय कुमार को गंभीर हालत में सीएचसी पहुंचाया। हालत गंभीर होने पर गुन्नौर से अलीगढ़ रेफर किया गया।

वाहन ने दो छात्रों को रौंदा, एक की मौत

कार्यालय संवाददाता, संभल/बबराला

दुखद

▸▸ **गुन्नौर थाना क्षेत्र में नूरपुर तिराहे से पहले हुआ हादसा,**

▸▸ **प्रयोगात्मक परीक्षा देने जा रहे थे इंटर के छात्र**

अमृत विचार : मुरादाबाद-आगरा नेशनल हाईवे पर तेज रफ्तार पिकअप (दूध वाहन) ने प्रयोगात्मक परीक्षा देने जा रहे बाइक सवार छात्रों को रौंद डाला। हादसे में एक छात्र की मौत हो गई जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने पिकअप कब्जे में ले लिया है।

अंशु।

कोतवाली क्षेत्र के गांव ईसमपुर डांडा निवासी अंशु (18 वर्ष) पुत्र वीरपाल और प्रमोद (18 वर्ष) पुत्र राधेश्याम गुन्नौर के दीनानाथ अग्रवाल इंटर कॉलेज में इंटरमीडिएट के छात्र हैं। कॉलेज में दो से चार फरवरी तक हुई फिजिक्स, केमिस्ट्री व बायोलॉजी की प्रयोगात्मक परीक्षा में दोनों हिस्सा नहीं ले पाए थे। इसलिए शुक्रवार को सुबह साढ़े दस बजे दोनों बाइक से प्रयोगात्मक परीक्षा देने राजकीय इंटर कॉलेज लहरावन जा रहे थे। नेशनल हाईवे पर स्थित नूरपुर तिराहे से पहले बहजोई की ओर से आई तेज रफ्तार अनियंत्रित पिकअप (दूध वाहन) ने बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से अंशु ने मौके पर ही दम तोड़ दिया जबकि प्रमोद गंभीर रूप से घायल हो गया। दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुन्नौर पहुंचाया गया। सीएचसी में चिकित्सक ने अंशु को मृत घोषित करते हुए प्रमोद को उपचार देकर अलीगढ़ मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। पुलिस ने हादसे की जिम्मेदार बोलेरो पिकअप को कब्जे में ले लिया। कोतवाल संजीव बालियान ने बताया कि मृतक छात्र के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों की ओर से तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

छात्र की मौत से बुझ गया घर का चिराग

गुन्नौर, अमृत विचार : हादसे में इकलौते बेटे अंशु की मौत की खबर मिली तो मां की चीख निकल गई। नजारा देखकर सीएचसी में मौजूद लोगों की आंखें भी छलक आईं। मृतक अंशु तीन बहनों का इकलौता भाई था। वीर पाल के घर में मातम छा गया। अंशु की मां सुनीता बेहोशी की हालत में है। अकेले भाई की मौत से बहन सरिता, पूनम व ज्योति का रो कर बुरा हाल है।

'ट्रेन गई जब मेले में' के लिए डॉ. फहीम को मिला पुरस्कार

कार्यालय संवाददाता, संभल

उपलब्धि

▸▸ **दिल्ली में आयोजित हुई अखिल भारतीय बाल साहित्य लेखन प्रतियोगिता**

▸▸ **चिल्ड्रेन बुक ट्रस्ट द्वारा सचित्र पुस्तक के रूप में प्रकाशित होगी डॉ. फहीम की कहानी**

अमृत विचार : एमजीएम कॉलेज में हिंदी विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डा. फहीम अहमद को अखिल भारतीय बाल साहित्य लेखन प्रतियोगिता के रील आउट चित्र पुस्तक वर्ग में उनकी कहानी 'ट्रेन गई जब मेले में' के लिए पुरस्कृत किया गया है। इस कहानी को चिल्ड्रन बुक ट्रस्ट द्वारा सचित्र पुस्तक के रूप में प्रकाशित किया जाएगा।

हिंदी और उर्दू में समान रूप से बाल साहित्य सेवा करने वाले डॉ. फहीम को पहले भी कई सरकारी और गैर सरकारी पुरस्कारों से सम्मानित किया जा चुका है। बाल साहित्य में उनकी तीन पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं तथा दर्जनों रचनाएं राष्ट्रीय स्तर के संग्रहों में शामिल हैं। पिछले 28 वर्षों से बाल साहित्य सेवारत डॉ. फहीम की रचनाएं राष्ट्रीय स्तर की पत्र पत्रिकाओं में नियमित प्रकाशित होती रही हैं। हाल ही में जवाहरलाल नेहरू बाल साहित्य अकादमी राजस्थान से डॉ. फहीम की पुस्तक रंगबिरंगे बालगीत प्रकाशित हुई है। बाल साहित्य सेवा पर वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर से डा. फहीम द्वारा लघु शोध प्रबंध प्रस्तुत किया जा चुका है।

सात केंद्रों पर होगी पुलिस भर्ती परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार : शनिवार व रविवार को शहर के सात विद्यालयों में पुलिस भर्ती परीक्षा कराई जाएगी। परीक्षा कराने के लिए केंद्र व्यवस्थापकों ने पुख्ता इंतजाम कर लिए हैं। परीक्षा के दौरान हर परीक्षा केंद्र पर पुलिस बल तैनात रहेगा। किसी प्रकार की कोई अराजकता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अभ्यर्थियों को परेशानी न हो इसका पूरा ध्यान रखा जाएगा।

एसएम इंटर कॉलेज में शुक्रवार को केंद्र प्रभारियों की बैठक हुई। जिसमें बताया गया कि प्रवेश पत्र में त्रुटि को केंद्र व्यवस्थापक ही दूर कर सकेंगे। अगर किसी छात्र के प्रवेश पत्र में फोटो साफ नहीं या गलत है, तो छात्र को दो फोटो लेकर आना अनिवार्य होगा। प्रवेश पत्र में अभ्यर्थी, उनके पिता व माता का नाम गलत तो उसी का आधार कार्ड लेना जरूरी है। हर कक्ष में जैमर व सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। शहर में सेक्रेड हार्ट कान्वेंट स्कूल, राजेश कुमारी सरस्वती मंदिर इंटर कॉलेज, सिल्वर स्टोन पब्लिक स्कूल, बीएमजी इंटर कॉलेज, चन्दौसी इंटर कॉलेज, एसएम इंटर कॉलेज, एफआर इंटर कॉलेज में होगी।

एसएम इंटर कॉलेज में पुलिस भर्ती परीक्षा पर बैठक करते केंद्र प्रभारी व कक्ष निरीक्षक।

सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में होगी परीक्षा

चन्दौसी, अमृत विचार : पुलिस भर्ती परीक्षा देने आने वाले अभ्यर्ती अपने साथ केवल आधार कार्ड, प्रवेश पत्र और काला व नीला बॉल प्वाइंट पेन ही ला सकेंगे। इसके अलावा स्केल, स्केच, पेंसिल, पानी की बोतल, एटीएम कार्ड व मोबाइल सहित अन्य सामग्री लाने पर प्रतिबंध रहेगा। हर परीक्षा कक्ष में अभ्यर्थियों को समय देखने के लिए घड़ी लगाई गई है। कक्ष के बाहर ही पानी पीने की व्यवस्था की गई है।

अलग-अलग जगहों से चाकू के साथ तीन आरोपी गिरफ्तार

संभल/असमोली, अमृत विचार : पुलिस ने शुक्रवार को अलग अलग जगहों से तीन लोगों को गिरफ्तार कर उनके पास से दो चाकू बरामद किए। थाना क्षेत्र के गांव ओबरी के इवरान को गांव में ही जमशेद चौराहे के नजदीक से गिरफ्तार किया। वहीं थाना क्षेत्र के गांव मतावली पट्टी परशुरान निवासी प्रदीप कुमार को गांव हीरापुर मोड़ से हिरासत में ले लिया। तलाशी लेने पर पुलिस को इवरान व प्रदीप के पास से दो चाकू बरामद हुए। इनके अलावा नखासा थाना क्षेत्र में बुलाकी चौराहे से सरदार मिया के तिराहे की ओर जाने वाले रास्ते पर पुलिस ने संदिग्ध व्यक्ति को हिरासत में ले लिया। तलाशी लेने पर चाकू बरामद हुआ। उसने अपना नाम पता दीपासराय के मुहल्ला गैरतपुरा निवासी फरहान उर्फ मुल्ला बताया।

24 को पहुंचेगी न्याय यात्रा कांग्रेसियों ने किया मंथन

संभल, अमृत विचार : जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में तरीन कैंपस में हुई बैठक में राहुल गांधी की न्याय यात्रा के 14 को संभल आगमन को लेकर चर्चा की गई।

प्रदेश उपाध्यक्ष रिजवान कुरैशी ने कहा कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा का कार्यक्रम 24 फरवरी को मुरादाबाद से संभल लगने जा रहा है। कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों को पूरी ताकत से राहुल गांधी भारत जोड़ो न्याय यात्रा को सफल बनाना है। यात्रा मुरादाबाद से संभल के बाद बुलंदशहर होते हुए अलीगढ़ की ओर जाएगी। प्रदेश सचिव चौधरी सुखराज सिंह ने कहा कि एक-दो दिन में राहुल गांधी की टीम रूट मैप को सत्यापन के लिए संभल में पहुंचेगी। बैठक में जिलाध्यक्ष विजय शर्मा, शहर अध्यक्ष तौकीर अहमद, कल्पना सिंह, मुशीर खां तरीन, आरिफ तनवीर, हाजी मरगूब आलम, चौधरी एहसान, आरिफ तुर्की, हम्माद मूवीन, मोहम्मद अंसार, हसन आरिफ जैदी आदि रहे।

तैयारियां दो दिन चार पालियों में 9840 परीक्षार्थी देंगे परीक्षा, नकलविहीन परीक्षा के लिए रहेगी कड़ी चौकसी

21 केंद्रों पर आज होगी पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा

संवाददाता, बहजोई/संभल

अमृत विचार : कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच उत्तर प्रदेश पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा जनपद के 21 परीक्षा केंद्रों पर आज से प्रारंभ होगी। दो दिन की चार पालियों में 9840 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। जिला प्रशासन ने नकल विहीन परीक्षा कराने के लिए जिला प्रशासन ने सभी तैयारियां पूर्ण कर ली हैं।

जनपद के 21 केंद्रों पर आयोजित उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा में 17 व 18 फरवरी को जनपद के 9840 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। इसके लिए परीक्षा केंद्रों पर दिन भर तैयारियां जोरों से चलती रहीं। परीक्षा कक्षों को पूरी तरह से सीसीटीवी कैमरा से युक्त किया गया है।

वहीं सीट प्लानिंग के हिसाब से लगाई गई हैं। इस परीक्षा को नकल विहीन कराने को लेकर जहां परीक्षा केंद्रों पर सशस्त्र पुलिसकर्मी तैनात होंगे वहीं परीक्षा केंद्र के अंदर व्यवस्था ऐसी रखी गई है कि किसी प्रकार की गतिविधि हो तो सीसीटीवी कैमरे में कैद हो जाए।

सीसीटीवी कैमरा को ऑनलाइन भी किया गया है। कोई भी परीक्षार्थी ऐसी कोई वस्तु लेकर परीक्षा केंद्र के अंदर नहीं जाएगा। जिससे नकल या पेपर लीक हो सके।

सिटिंग प्लान देखते विद्यालय के अध्यापक व अन्य। ● अमृत विचार

> जनपद के 21 केंद्र पर पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा में 17 व 18 फरवरी की चार पालियों में 9840 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। सुरक्षा को लेकर कड़े इंतजाम किए गए हैं। परीक्षा को नकल विहीन व शांतिपूर्ण करने को लेकर सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। असामाजिक तत्वों पर भी नजर रखी जा रही है। परीक्षा केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के लिए सशस्त्र पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं।
>
> – प्रदीप वर्मा, सह नोडल अधिकारी संभल।

यह वस्तुएं रहेंगी प्रतिबंधित

बहजोई। बहजोई महाविद्यालय के परीक्षा केंद्र व्यवस्थापक ने बताया कि परीक्षा केंद्र के अंदर कॉलेज का स्टाफ हो या परीक्षार्थी किसी का भी मोबाइल प्रतिबंधित रहेगा। किसी भी प्रकार की इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस, स्मार्ट घड़ी, प्लास्टिक का बॉक्स, किसी प्रकार का कागज, पेन ड्राइव, स्कैनर, इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस, क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड, खाने पीने का कोई भी सामान परीक्षा केंद्र के अंदर नहीं ले जाने दिया जाएगा।

एक नजर

हादसे में हलवाई की मौत मामले में रिपोर्ट दर्ज

संभल, अमृत विचार : ऐचोड़ा कंबोह थाना क्षेत्र के गांव अल्लीपुर निवासी संजय ने गुरुवार की देर रात नखासा थाना पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बड़ा भाई दिनेश 35 वर्ष गांव सिंहपुरसानी से हलवाई की दुकान पर काम करने के बाद शाम छह बजे बाइक से घर जा रहा था। नखासा थाना क्षेत्र में संभल हसनपुर मार्ग पर गांव देहपा पुलिस चौकी के पास अज्ञात वाहन ने दिनेश की बाइक में टक्कर मार दी। जिसमें दिनेश की मौत हो गई थी। संजय की तहरीर के आधार पर पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

बोर्ड परीक्षा ड्यूटी का मानदेय भुगतान की मांग

संभल अमृत विचार : उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक/शिक्षामित्र संगठन के जिला प्रवक्ता रविन्द्र कुमार खारी ने कहा कि पिछले वर्ष हुई यूपी बोर्ड हाईस्कूल इंटर की परीक्षा में कक्ष निरीक्षक के रूप में ड्यूटी की लेकिन मानदेय भुगतान नहीं किया गया जबकि अब पुन: बोर्ड परीक्षा शुरू होने वाली है। जिसकी तैयारियां पूरी की जा रही हैं। कहा कि जल्द ही खातों में परीक्षा ड्यूटी का मानदेय नहीं पहुंचा तो संभल जिले के शिक्षक, शिक्षामित्र, अनुदेशक बोर्ड परीक्षा ड्यूटी का बहिष्कार करेंगे।

गुन्नौर के सचिवालय की दीवार काटकर चोरी

संभल, अमृत विचार : विकास खंड गुन्नौर क्षेत्र की ग्राम पंचायत जगन्नाथपुर में गुरुवार को रात सचिवालय की दीवार काटकर चोर अंदर दाखिल हो गए। चोर इनवर्टर और दो बड़े बैटरे चोरी कर ले गए। शुक्रवार को सुबह पंचायत सहायक धनवती ने सचिवालय पर आकर देखा तो मेन गेट का ताला टूटा मिला। हालांकि अंदर का ताला चोर नहीं तोड़ सके। सूचना मिलने पर प्रधान सरोज और पति सचिवालय पहुंचे। इस मामले में प्रधान ने गुन्नौर थाना पुलिस को तहरीर दी है।

संभल-चन्दौसी की खबरें पेज 12 पर भी

पदक के साथ ताइक्वांडो खिलाड़ी।

पदक लेकर लौटे खिलाड़ियों का स्वागत

चन्दौसी, अमृत विचार : चन्दौसी ताइक्वांडो एकेडमी के आठ खिलाड़ियों ने 10 व 11 फरवरी को नजीबाबाद के कान्हा पैलेस में हुई ओपन ताइक्वांडो प्रतियोगिता में भाग लिया था। जिसमें सात खिलाड़ियों ने विभिन्न भार वर्ग में पदक जीते। प्रमाण पत्र व पदक लेकर लौटे बच्चों का एकेडमी में स्वागत किया गया। जिसमें पूर्वी राघव, माधव व आराध्या सिंह ने स्वर्ण पदक, गर्व भारद्वाज रजत पदक व राघव व फरहाद अली ने कांस्य पदक जीता है। एकेडमी में विजेता प्रतिभागियों को मिठाई खिलाकर हौंसला अफजाई की गई।

तैयार किया गया सेफ हाउस, विशेषज्ञ डॉक्टरों की तैनाती के साथ जीवन रक्षक दवाएं भी

प्रधानमंत्री के दौरे को लेकर जिला अस्पताल में इंतजाम बढ़े

कार्यालय संवाददाता, संभल

अमृत विचार : ऐंचौड़ा कम्बोह में 19 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दौरे को लेकर स्वास्थ्य विभाग भी तैयारी में जुटा है। जिला अस्पताल को कंटिंजेंसी हास्पिटल रूप में तैयार करने के साथ ही सेफ हाउस बनाया गया है। विशेषज्ञ डॉक्टरों की ड्यूटी लगाने के साथ ही जीवन रक्षक दवाओं का इंतजाम किया जा रहा है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 19 फरवरी को श्री कल्कि धाम का शिलान्यास किया जाना है। प्रधानमंत्री के दौरे को लेकर विभिन्न विभाग तैयारी में जुटे हैं। वहीं जिला अस्पताल में भी तैयारी की जा रही है। अस्पताल को कंटेंजेंसी हास्पिटल के रूप में तैयार किया जा रहा है। चौथी मंजिल पर पांच बेड का वार्ड बनाया गया है। जिसमें कार्डियोलॉजिस्ट, जनरल सर्जन, ईएनटी, फिजिशियन समेत तमाम विशेषज्ञ डॉक्टरों की तैनाती की जा रही है। जिसके लिए जिलेभर से विशेषज्ञ डॉक्टरों की मांग की गई है। इतना ही नहीं, अस्पताल के कक्ष पांच को सेफ हाउस बनाया गया है। अस्पताल प्रशासन ने प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री और राज्यपाल के ब्लड ग्रुप के दो-दो यूनिट ब्लड की व्यवस्था की है। अस्पताल की डॉ.जया कौशल ने बताया कि चूंकि कार्यक्रम में प्रधानमंत्री और अन्य के अलावा बड़ी संख्या में लोगों की भागीदारी रहेगी। इसलिए जिला अस्पताल को कंटिजेंसी हास्पिटल के रूप में तैयार किया गया है। सेफ हाउस भी बनाया गया है। यहां कई विशेषज्ञ डॉक्टरों की तैनाती की जा रही है। तमाम जीवनरक्षक दवाओं के अलावा ऑक्सीजन, वेंटिलेटर और अन्य इंतजाम किए जा रहे हैं।

संभल जिला अस्पताल में बनाया गया सेफ हाउस। ● अमृत विचार

सीओ कार्यालय के बाहर मारपीट, पथराव

महिला मायके वालों के साथ बयान दर्ज कराने आई थी, पति व पुत्र ने की मारपीट

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार : सीओ कार्यालय के बाहर दो पक्षों में जमकर मारपीट के साथ पथराव हुआ। जिसमें महिला व उसका भाई घायल हो गए। उनका उपचार सीएचसी में कराया गया है। घायल पक्ष की ओर से तहरीर दी गई है। घटना उस समय हुई जब एक पक्ष की महिला अपने मायके वालों के साथ सीओ कार्यालय में बयान दर्ज कराने आई थी। जबकि विरोधी पक्ष से महिला का पति व उसका पुत्र कई लोगों के साथ वहां पहुंच गए।

घटलेश्वर गेट निवासी रामकली की शादी कई वर्ष पहले धनारी थाना क्षेत्र में हाकिम से हुई थी। कुछ दिनों से महिला अपने मायके में अपने भाई महेंद्र के घर रह रही है। महिला ने अपने पति व पुत्र पर मारपीट का आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत की थी। इस मामले में शुक्रवार को दोनों पक्षों को सीओ कार्यालय में बयान दर्ज करने के लिए बुलाया गया था। दोपहर ढाई बजे महिला रामकली अपने भाई के साथ सीओ कार्यालय पहुंच गई। जबकि दूसरे पक्ष से पति, उसका पुत्र व पुत्रवधु कुछ लोगों के साथ सीओ कार्यालय पहुंच गए। तभी सीओ कार्यालय के बाहर पति व पुत्र ने महिला को देखा तो हमलावर हो गए।

सीओ कार्यालय पर महिलाओं से जानकारी लेता पुलिस कर्मी। ● अमृत विचार

▸▸ पुलिस ने आरोपी पिता-पुत्र को लिया हिरासत में, मारपीट में महिला व उसका भाई घायल

बहन को पीटता देख भाई महेंद्र उसे बचाने पहुंचा तो हमलावरों ने उसको भी पीटना शुरू कर दिया। शोर-शराबा होने पर अन्य लोग मौके पर पहुंचे तो दूसरे पक्ष ने पथराव कर दिया। जिससे सीओ कार्यालय के बाहर हाइवे पर अफरा-तफरी मच गई। लोग इधर-उधर अपनी जान बचाने के लिए भागने लगे। यह देख सीओ कार्यालय में मौजूद पुलिस कर्मी मौके की ओर दौड़े और मारपीट कर रहे पिता व पुत्र को हिरासत में ले लिया।

मारपीट की घटना में महिला रामकली व उसका भाई महेंद्र घायल हो गए। जिसका उपचार सीएचसी में कराया जा रहा है।

बाइक व साइकिल की टक्कर में दो लोग घायल

चन्दौसी, अमृत विचार : बनियाठेर थाना क्षेत्र के पुराने बाईपास पर यादव ढाबा के निकट बाइक सवार ने साइकिल को टक्कर मार दी। हादसे में दो लोग घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया है।

बनियाठेर थाना क्षेत्र के देवरखेड़ा निवासी चंद्रपाल पुत्र किशोरी खेत पर मजदूरी करके साइकिल से घर लौट रहे थे। साइकिल सवार मजदूर जब शुक्रवार की दोपहर पुराने बाईपास रोड स्थित यादव ढाबे के पास पहुंचा तो सामने से आ रहे बाइक सवार ने साइकिल को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार रघुनंदन पुत्र सुमेरी लाल निवासी गांव पथरा कोतवाली चन्दौसी व साइकिल सवार दोनों घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने दोनों को हायर सेंटर रेफर कर दिया।

121 लाभार्थी महिलाओं को बांटे गैस कनेक्शन

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार : प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत शुक्रवार को बदायूं रोड स्थित भारत गैस एजेंसी के गैस गोदाम पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि माध्यमिक शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गुलाब देवी ने लाभार्थियों को घरेलू गैस कनेक्शन बांटे। गैस सिलेंडर, चूल्हा, रेगुलेटर, पाइप आदि भी दिए गए। साथ ही राज्यमंत्री ने केंद्र व प्रदेश सरकार की लाभकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी।

राज्यमंत्री ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार सबका साथ सबका विकास को ध्यान में रखते हुए हर वर्ग के लोगों को लाभान्वित कर रही है। खासकर मुस्लिम महिलाओं को। उन्होंने कहा की आयुष्मान कार्ड के जरिए से पांच लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज सरकार द्वारा कराया जा रहा है। इसके अलावा मुफ्त अनाज, प्रधानमंत्री आवास योजना व उज्ज्वला योजना से प्रदेश ही नहीं पूरे देश के लोग लाभ उठा रहे हैं। भारत गैस एजेंसी के वितरक हाजी वसीम अख्तर ने कहा कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना में 121 लोगों को गैस सिलेंडर, चूल्हा, पाइप व रेगुलेटर दिया गया है। इस मौके पर मंत्री प्रतिनिधि चंद्रसेन छोटू, अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष प्रेम ग्रोवर, युवा प्रदेश मंत्री शाह आलम मंसूरी, सचिन कुमार, अनुज वार्ष्णेय, सुशील अग्रवाल, आशु खान, काशिफ शमसी, प्रभात कृष्णा, नजमी हुसैन, वासित एडवोकेट, खालिद समेत नगर व ग्रामीण क्षेत्र की महिलाएं और पुरुष उपस्थित रहे।

उज्जवला योजना के लाभार्थियों को घरेलू गैस उपकरण बांटतीं राज्यमंत्री गुलाब देवी।

उज्जवला योजना

▸▸ राज्यमंत्री गुलाब देवी ने सरकार की योजनाओं की दी जानकारी

▸▸ बदायूं रोड स्थित गैस गोदाम पर किया गया कार्यक्रम का आयोजन

छेड़छाड़ के आरोप में युवक से मारपीट

चन्दौसी, अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र के आवास विकास स्थित बाबू जगजीवनराम पार्क के पास चार युवकों ने एक युवक को मारपीट घायल कर दिया। पुलिस ने मारपीट के आरोप में चार युवकों को हिरासत में लिया है।

घायल का उपचार सीएचसी में कराया गया है। जबकि एक छात्रा ने घायल युवक पर छेड़छाड़ का आरोप लगाया है। शुक्रवार की शाम सात बजे शक्ति नगर निवासी शिवांग गुप्ता पुत्र पंकज गुप्ता आवास विकास स्थित बाबू जगजीवन राम पार्क से गुजर रहा था। आरोप है कि तभी युवकों ने उसे घेर लिया और मारपीट कर घायल कर दिया। परिजन घायल को लेकर कोतवाली पहुंचे। जानकारी होने पर मारपीट करने वाले युवक व उनके साथी भी कोतवाली पहुंच गए। पुलिस ने घायल के कहने पर चार युवकों को हिरासत में ले लिया। जबकि आरोपी युवकों का कहना है कि वह एक छात्रा के साथ छेड़छाड़ कर रहा था।

मौके पर पहुंचे सीओ डॉ प्रदीप कुमार व एसडीएम नीतू रानी। ● अमृत विचार

कई गोवंशीय पशुओं की ट्रेन के इंजन से कटकर मौत

संवाददाता, बहजोई

अमृत विचार : रेलवे ट्रैक से गुजर रहे ट्रेन के इंजन की चपेट में कई गोवंशीय पशुओं की मौत हो गई। हालांकि एसडीएम तीन ही पशुओं की मौत होने का दावा कर रही हैं।

बहजोई बबराला मार्ग स्थित गांव जैतपुर के रेलवे ट्रैक पर गोवंशीय पशु आ गए। चंदौसी की ओर से जा रहे ट्रेन के इंजन की चपेट में आकर कई गोवंशीय पशुओं की कटकर मौके पर ही मौत हो गई। इसकी सूचना ट्रेन के इंजन के गार्ड ने जिला प्रशासन को दी। मौके पर एसडीएम चंदौसी नीतू रानी व सीओ चंदौसी डॉ प्रदीप कुमार सिंह विकासखंड के कर्मियों के साथ पहुंच गए। जहां उन्होंने घटनास्थल पर पहुंचकर पशुओं के बारे में जानकारी की। ग्रामीण तथा ब्लॉक कर्मियों की मदद से मदद से पशुओं का जेसीबी से गड्ढा खोदवा कर अंतिम संस्कार कराया। एसडीएम नीतू रानी ने बताया कि ट्रेन के इंजन की चपेट में आकर गोवंश पशु घायल हुए थे। जिनमें तीन पशुओं की मौत हो गई है। एक पशु को उपचार के लिए भेजा गया है।

सार संक्षेप

शोभायात्रा को लेकर विवाद के बाद तैनात पुलिस। ● अमृत विचार

पुलिस ने बिना अनुमति निकल रही राम बरात रोकी

संभल/जुनावई, अमृत विचार : जुनावई थाना क्षेत्र के गांव कादराबाद में बिना अनुमति निकाली जा रही राम बारात को पुलिस ने रुकवा दिया। कमेटी के सदस्यों ने एसडीएम से अनुमति लेने के बाद राम बारात निकालने की बात कही। गांव कादराबाद में वृंदावन के कलाकारों द्वारा रामलीला का मंचन दिन में किया जा रहा है। गुरुवार को रात धनुष यज्ञ की लीला का मंचन हुआ। इसके बाद शुक्रवार को कमेटी के सदस्यों ने राम बारात निकालनी प्रारंभ कर दी। जानकारी होने पर पुलिस भी पहुंच गई। पुलिस ने अनुमति दिखाने के लिए कहा तो सदस्य अनुमति नहीं दिखा सके। इस पर थाना प्रभारी अनिल कुमार ने एसडीएम और उच्चाधिकारियों को जानकारी दी। एसडीएम रमेश बाबू, थाना प्रभारी जुनावई नरेश सिंह, थाना प्रभारी रजपुरा मुकेश कुमार भारी पुलिस बल के साथ मौके पहुंच गए। जिसके बाद पुलिस ने बिना अनुमति निकाली जा रही राम बारात को रुकवा दिया। सदस्यों का कहना रहा कि जब एसडीएम से राम बारात के लिए अनुमति मिल जाएगी तब राम बारात निकलवाई जाएगी।

विद्यार्थियों को नमो एप की जानकारी देते प्रदेश प्रभारी अभिषेक कौशिक।

विद्यार्थियों को नमो एप डाउनलोड करा कर लाभ बताए

चन्दौसी, अमृत विचार : नगर के एसएम कॉलेज में शुक्रवार को भाजपा द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं को मोदी व योगी सरकार की दी जा रही योजनाओं और नमो एप से लाभ के विषय पर जानकारी दी गई। छात्र-छात्राओं व कॉलेज स्टाफ के मोबाइल में नमो एप डाउनलोड कराया गया। भाजपा के प्रदेश प्रभारी नमो एप एवं मुख्यमंत्री के पूर्व ओएसडी अभिषेक कौशिक ने सभी को नमो एप को अपने मोबाइल में डाउनलोड करने की अपील करते हुए उसके लाभ बताए। भाजपा जिलाध्यक्ष चौधरी हरेन्द्र सिंह ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। प्राचार्य डॉ. दानवीर सिंह यादव ने भी विचार व्यक्त किए। संचालन सतीश अरोरा नमो एप सह संयोजक ने किया। इस अवसर पर पूर्व एमएलसी परमेश्वर लाल सैनी, नगराध्यक्ष अंकुर अग्रवाल, अमन कोरी, शिव सैनी, शुभम अग्रवाल, यश मदान, मीनाक्षी सागर समेत शिक्षक प्रवीन कुमार, अजय प्रकाश आदि मौजूद रहे।

असमोली चीनी मिल में किसानों को जानकारी देते विशेषज्ञ डॉ. बक्शीराम।

गन्ने को लाल सड़न रोग से बचाने की दी जानकारी

संभल/असमोली, अमृत विचार : चीनी मिल असमोली क्षेत्र में डॉ. बक्शीराम ने गांव शकरपुर सोत, मुजाहिदपुर, राजा गालिबपुर, रुस्तमपुर नियावाली, नगला, दुर्गापुर, हुमायूं नगर, सरकड़ा कमाल, लोदीपुर, धोनी, बाजितपुर, नौरंगी आदि का दौरा कर गन्ना बुआई और पेड़ी प्रबंधन के प्लाटों को देखा। उन्होंने किसानों से कहा कि अगर बुवाई के समय ही बीज एवं भूमि उपचार शुरू कर दिया जाए तो लाल सड़न रोग के प्रभाव की संभावना बहुत कम होगी। किसान सीओ-0238 के स्थान पर सीओ-0118 गन्ना की बुवाई करें और सीओ-0238 के जैसा ही फायदा पाएं। डॉ.बक्शीराम ने अधिक से अधिक क्षेत्रफल की ट्रेंच/टूरी विधि से गन्ना बुवाई करने की बात कही। बताया कि किसान गन्ना बुवाई से पूर्व ट्राईकोडर्मा से भूमि उपचार एवं थियोफेनेट मिथाइल से बीज उपचार आवश्यक किया जाए। जिससे लाल सड़न रोग से बचाया जा सके। महाप्रबंधक गन्ना इंद्र कुमार शर्मा ने कहा कि कुछ वर्षों से देखा जा रहा है गन्ना प्रजाति सीओ-238 में लाल सड़न रोग पाया गया है, इसलिए किसान ट्राइकोडर्मा से भूमि उपचार एवं थियोफेनेट मिथाइल से बीज उपचार करें।

रुक्मिणी का प्रसंग सुन कर भाव विभोर हुए श्रद्धालु

चन्दौसी, अमृत विचार : गीता सत्संग भवन में श्रीमद्भागवत कथा के छठें दिन कथा वाचक वीरेश अग्निहोत्री रामायणी ने दैत्यों का वध, भगवान कृष्ण का गोपियों के साथ महारास, महारास करते-करते कृष्ण का अदृश्य हो जाना और उद्धव व गोपियों के बीच ज्ञान और भक्ति जनित अति महत्वपूर्ण संवाद तथा रूक्मिणी प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन किया। कथा सुन कर श्रद्धालु भाव विभोर हो गए। कथा के दौरान भजनों की छटा बिखरी। भजनों पर श्रद्धालु झूम उठे। कान्हा के जयकारे गूंजते रहे। आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर प्रमोद कुमार अग्रवाल, ओम प्रकाश गोगी, अनिल अग्रवाल, अनूप कुमार अग्रवाल समेत तमाम महिला व पुरुष श्रद्धालुओं की भागीदारी रही।

संग्रहण पहले इसी इंजन को चलाने का दिया जाता था प्रशिक्षण, संस्थान में रेल संग्रहालय भी है स्थापित

स्टीम इंजन को धरोहर के रूप में संजोए है प्रशिक्षण संस्थान

श्याम मिश्रा, चन्दौसी

अमृत विचार : उत्तर रेलवे के प्रशिक्षण संस्थान में दो दशकों पहले चलने वाला स्टीम इंजन को धरोहर के रूप में संजोए हुए है। बाहर से आने वाले प्रशिक्षणार्थियों को पहले इसी स्टीम इंजन को चलाने का प्रशिक्षण दिया जाता था। अब यह स्टीम इंजन संस्थान की शोभा बढ़ा रहा है। समय-समय पर स्कूली बच्चे व अन्य लोग स्टीम इंजन को देखने के लिए संस्थान में पहुंचते हैं। आज के बच्चों के लिए ये किसी प्रदर्शनी से कम नहीं है।

चन्दौसी में उत्तर भारत का क्षेत्रीय रेलवे प्रशिक्षण संस्थान 1925 से स्थापित है। यहां बहुत दूर-दूर से प्रशिक्षणार्थियों को रेलवे के हर क्षेत्र की ट्रेनिंग दी जाती है। संस्थान में दो दशक पहले चलने वाला स्टीम इंजन खड़ा है। पहले इसे चलाने की ट्रेनिंग दी जाती थी। मगर 2003 से स्टीम इंजन बंद हो गए और उनकी जगह डीजल व इलेक्ट्रिक इंजन ने ले ली। उसके बाद से स्टीम इंजन को संस्थान धरोहर के रूप में संजोए हुए है। इंजन को बारिश आदि से बचाने के लिए उसके ऊपर टीन-शेड भी लगवा दिया गया है। समय-समय रंगाई-पुताई के साथ-साथ पूरा ध्यान रखा जाता है। वहीं समय-समय पर स्कूली बच्चों को स्टीम इंजन को दिखाया जाता है। इसके अलावा संस्थान में प्रशिक्षण को आने वाले प्रशिक्षणार्थियों को भी स्टीम इंजन को दिखाया जाता है, ताकि उन्हें याद रहे कि पहले इस तरह के स्टीम इंजन ट्रेन को खींचने का कार्य करते थे।

चन्दौसी के रेलवे प्रशिक्षण संस्थान में स्टीम इंजन। ● अमृत विचार

एक स्थान पर चल रहा स्टीम इंजन

रेलवे के एक अधिकारी ने बताया कि देश में एक स्थान पर स्टीम इंजन चल रहा है। जो कालका से शिवला के बीच पर्यटकों की संख्या बढ़ाने के लिए स्टीम इंजन में दो डिब्बे लगाकर घुमाने के लिए चलाया जाता है। इस ट्रेन में सवार होकर पर्यटक पहाड़ की वादियों की खूबसूरती को निहारते हैं।

"प्रशिक्षण संस्थान में रेल संग्रहालय भी है। इसकी स्थापना भी 1925 को की गई थी। इस संग्रहालय में पहले चलने वाले रेल के डिब्बे, सिग्नल, घड़ी, इंजन आदि को संजोकर रखा गया है। प्रशिक्षणार्थियों को जानकारी दी जाती है कि पहले किस तरह से रेल का संचालन किया जाता था और अब किस तरह से हो रहा है। **-आशुतोष राज, छात्रावास अधीक्षक, क्षेत्रीय रेलवे प्रशिक्षण संस्थान**"

अंडरपास निर्माण के लिए धरना 24वें दिन भी जारी

संभल, अमृत विचार : भारतीय किसान यूनियन असली के बैनर किसानों का धरना 24वें दिन भी जारी रहा। किसानों ने अंडरपास निर्माण की मांग उठाई। डीएम के निर्देश पर नायब तहसीलदार किसानों के बीच पहुंचे। किसानों से अंडरपास निर्माण के लिए अप्रूवल लेटर पांच दिन में मिलने की बात कही।

गांव भटौला में धरने पर बैठे किसानों ने अंडरपास निर्माण के लिए नारेबाजी की। इस बीच डीएम के निर्देश पर नायब तहसीलदार अनुज कुमार सिंह मौके पर पहुंचे। उन्होंने कहा कि अंडरपास निर्माण का अप्रूवल मिल गया है। औपचारिकताएं पूर्ण होने पर पांच दिन में अप्रूवल लेटर भी मिल जाएगा। भाकियू असली के पश्चिमी उत्तर प्रदेश प्रभारी चौधरी संजीव गांधी ने कहा कि अप्रूवल लेटर मिलने तक किसानों का धरना जारी रहेगा। शनिवार को धरना स्थल पर किसान महापंचायत होगी। इस दौरान राहिद, गनपत, रामकिशन, कृपाली, विनोद, सत्यप्रकाश आदि रहे।

...मैंने कलम उठाया और अब्बास लिख दिया

कार्यालय संवाददाता, संभल/सिरसी

अमृत विचार : सिरसी के मुहल्ला शर्की इमाम बारगाह सादात में हुसैनी मिशन की ओर से इमाम हुसैन के भाई मोला अब्बास अलमदार की विलादत चार शाबान के मौके पर हुई महफिले मकासिदा में शायरों ने शेर पेश किए। महफिले मकासिदा में बड़ी संख्या में लोगों ने शिरकत की।

महफिले मकासिदा में तिलावते कलामे पाक शरफ मुरसलीन ने पढ़ी। हादिसे किसा की तिलावत मौलाना मुहम्मद अब्बास ने की। मौलाना मिकदाद हुसैन रसूलपुरी ने नाते पाक पढ़ी। महफिल में शायर अंजार सीतापुरी ने कहा- कैसे लफ्जों में बयां हो तेरी मिधहत अब्बास, तेरा गहवारा है आगोशे इमामत अब्बास। जौहर शिकारपुरी ने कहा-कौम के टुकड़े जो करने में लगे हैं ऐसे लोगो को न मिंबार पर बिठाया जाए। सलीम अमरोही ने कहा-यूं तो न जाने कितने चचा है जहान में लेकिन सकीना तेरा चचा लाजवाब है। मुनाजिर मेरठी ने कहा-गले लगा लिया हूर को हुसैन ने बढ़कर, जमीं से झुक के मिला आसमान मकतल में। असद नसीराबादी ने कहा-जब भी उठा सवाल वफादार कौन है, मैंने कलम उठाया और अब्बास लिख दिया। अनवर सेथली, डॉ. कैफी संभली, ऋषि बनारसी, वारिस जलालपुरी, अरशद, शोबी, हसन मेहंदी, अजमल, राहत सिरसीवी ने भी शेर पेश किए। आखिर में मौलाना मीसम अब्बास ने मुल्क और कौम के लिए दुआ कराई। मुहम्मद कामिल ने आभार व्यक्त किया। निजामत की अहमद रजा बिजनौरी ने की।

महफिल में कलाम पेश करते शायर। ● अमृत विचार

▸▸ सिरसी में हुई महफिल में शायरों ने पेश किए कलाम

अनाहूत : प्रविशति अपृष्टो बहु भाषते।
अविश्वस्ते विश्वसिति मूढ़चेता नराधम : ।।

मूढ़ चित्त वाला नीच व्यक्ति बिना बुलाए ही अंदर चला आता है, बिना पूछे ही बोलने लगता है तथा जो विश्वास करने योग्य नहीं हैं, उन पर भी विश्वास कर लेता है।

संपादकीय

बिखरता विपक्षी कुनबा

2024 लोकसभा चुनाव जैसे-जैसे नजदीक आ रहे हैं, वैसे-वैसे सात माह पूर्व बना आइएनडीआइए गठबंधन बिखरता जा रहा है। उससे जुड़े सहयोगी दल चाहें कितना भी दावा करें कि हम गठबंधन के साथ हैं, लेकिन पार्टियों में चलता अंतर्द्वंद्व और असीम महत्वाकांक्षाओं की वजह से कोई मजबूत पहल सिरे चढ़ते नहीं दिख रही है। गुरुवार को नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री डॉ फारूक अब्दुल्ला ने अकेले दम पर चुनाव लड़ने की बात कही है। उनका कहना है कि उनकी पार्टी किसी भी दल के साथ चुनाव पूर्व गठबंधन नहीं करेगी। हालांकि बाद में उनके बेटे उमर अब्दुल्ला ने सफाई देते हुए कहा कि हम आइएनडीआइए से अलग नहीं हो रहे हैं। आइएनडीआइए के साथ अभी सीटों पर तालमेल को लेकर कोई अंतिम बातचीत नहीं हुई है। यह कहना गलत नहीं होगा कि विपक्षी एकता की कमजोरी की मुख्य वजह क्षेत्रीय दलों में किसी भी कीमत पर समझौते की मंशा का न दिखना है। इसके अलावा एक के बाद एक गठबंधन के प्रमुख चेहरों का गठबंधन से दूरी बनाना मुख्य कारणों में से एक है। जैसे बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आइएनडीआइए के मुख्य सूत्रधार माने जा रहे थे, लेकिन उनका अचानक से एनडीए में शामिल होना गठबंधन के लिए बहुत बड़ा झटका था। इसके बाद पश्चिमी उत्तर प्रदेश के गठबंधन के प्रमुख नेता जयंत चौधरी का भी एनडीए में शामिल होना गठबंधन के लिए किसी बड़े झटके से कम नहीं है। गौरतलब है कि सीटों के बंटवारे को लेकर विपक्षी गठबंधन में शुरू से ही स्थिति साफ नहीं हो सकी है। जबकि सीटों के बंटवारे को लेकर कई बार बैठकें भी हुईं, लेकिन उन बैठकों का कोई ठोस नतीजा नहीं निकल सका। यदि सीटों की स्थिति पर बात करें तो बंगाल में टीएमसी अध्यक्ष और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पहले ही कह चुकी हैं कि उनकी पार्टी अकेले लोस चुनाव लड़ेगी। पंजाब में भी सत्ताधारी आम आदमी पार्टी कांग्रेस के साथ सीटों के बंटबारे को लेकर ठोस नतीजे पर नहीं पहुंच सकी है। यही स्थिति दिल्ली और उत्तर प्रदेश में है।

उल्लेखनीय है कि कांग्रेस ही सभी राज्यों में अपनी पहचान रखती है, ऐसे में सभी क्षेत्रीय दलों को कांग्रेस के साथ ही सीटों का बंटबारा करना होगा, लेकिन कोई भी दल कांग्रेस के साथ चुनाव लड़ने में खास दिलचस्पी नहीं दिखा रहा है। गठबंधन के दिन ब दिन बिखरने का मुख्य कारण यह भी है कि गठबंधन अपना प्रधानमंत्री का चेहरा स्पष्ट नहीं कर सका। इसकी मुख्य वजह है कि कांग्रेस अपनी पार्टी के किसी चेहरे को प्रधानमंत्री की दावेदारी के रूप में आगे करना चाहती है और इस पर वह कहीं पर भी समझौते की स्थिति में नहीं दिख रही है। टीएमसी ममता बनर्जी को प्रधानमंत्री पद का दावेदार बनाना चाह रही थी। कहना गलत नहीं होगा कि पार्टियों की असीम महत्वाकांक्षाओं की वजह से विपक्षी गठबंधन आइएनडीआइए में आपस में कोई सामंजस्य नहीं बना सका जिसकी वजह से गठबंधन बिखरता जा रहा है।

भारत की सांस्कृतिक विजय का प्रतीक अबू धाबी मंदिर

डॉ. ओ.पी. त्रिपाठी
अंबेडकरनगर

अयोध्या के भव्य राम मंदिर में जिस तरह प्राण-प्रतिष्ठा की गई, उसी तरह मंत्रोच्चार और आरती के साथ अबू धाबी के इस मंदिर में भी प्राण प्रतिष्ठा की गई। दरअसल यह मंदिर भारत-अमीरात की प्राचीन दोस्ती की मिसाल है। यह अरब देश भारत का तीसरा सबसे बड़ा कारोबारी साझेदार है।

अबू धाबी में स्वामीनारायण संप्रदाय के भव्य मंदिर का शुभारंभ बीती 14 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया। संयुक्त अरब अमीरात में हिन्दू धर्म के अनुसार सार्वजनिक रूप से पूजा-पाठ विशेष रूप से मूर्ति पूजा की अनुमति नहीं थी, लेकिन बीते कुछ दशकों में कुछ छोटे-छोटे देशों के इस समूह में भारतीयों की संख्या जिस तेजी से बढ़ी उसने उन्हें अमीरात की जरूरत बना दिया। बदलते वक्त के साथ यूएई की सोच भी बदल रही है। उसी का नतीजा है कि वहां आज एक भव्य हिंदू मंदिर स्थापित हो पाया है। ये मंदिर दुबई-अबू धाबी शेख जायद हाईवे के पास अल रहबा में अबु मुरेखा नाम की जगह पर बना है। ये मंदिर बोचासनवासी श्री अक्षर पुरुषोत्तम स्वामीनारायण संस्था यानी बीएपीएस ने बनाया है। दुनियाभर में इस संस्था के 1200 से ज्यादा मंदिर हैं। दिल्ली और गुजरात में अक्षरधाम मंदिर इसी संस्था ने बनाया है। अबू धाबी में मंदिर की कल्पना बीएपीएस के प्रमुख स्वामी महाराज ने 5 अप्रैल 1997 को की थी। उनका मानना था कि अबू धाबी में भी एक मंदिर होना चाहिए जिससे देश, संस्कृति, समुदाय और धर्म और करीब आ सकें।

अबू धाबी के शासक ने बड़ी ही उदारता से भूमि प्रदान की जो किसी इस्लामिक देश में कल्पनातीत है। इसका श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दिया जाना पूरी तरह सही होगा, क्योंकि उन्होंने अपने दस वर्ष के कार्यकाल में संयुक्त अरब अमीरात के शाही परिवारों से आत्मीय रिश्ते बना लिए। यही वजह है कि पाकिस्तान और भारत के बीच किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में वे हमारे पक्ष में खड़े नजर आए। निश्चित रूप से इसके पीछे उन लाखों भारतीयों का भी योगदान है जिन्होंने अपने परिश्रम और सदाचरण से वहां की सरकार और समाज का विश्वास अर्जित किया। दुनिया के अनेक देशों में स्वामी नारायण संप्रदाय के भव्य मंदिर बने हैं, किंतु अबूधाबी का यह मंदिर उन लोगों के मुंह पर तमाचा है, जो भारत में मंदिर बनाए जाने पर नाक सिकोड़ते हैं।

> अबू धाबी के शासक ने बड़ी ही उदारता से भूमि प्रदान की जो किसी इस्लामिक देश में कल्पनातीत है। इसका श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दिया जाना पूरी तरह सही होगा, क्योंकि उन्होंने अपने दस वर्ष के कार्यकाल में संयुक्त अरब अमीरात के शाही परिवारों से आत्मीय रिश्ते बना लिए। यही वजह है कि पाकिस्तान और भारत के बीच किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में वे हमारे पक्ष में खड़े नजर आए। निश्चित रूप से इसके पीछे उन लाखों भारतीयों का भी योगदान है जिन्होंने अपने परिश्रम और सदाचरण से वहां की सरकार और समाज का विश्वास अर्जित किया।

इसी के साथ ये मुस्लिम कट्टरपंथियों के लिए भी सबक है, जो अतीत में मंदिरों को तोड़कर बनाई गई मस्जिदों पर हिंदुओं के दावे को स्वीकार करने की सौजन्यता दिखाने के बजाय उसमें अड़ंगे लगाया करते हैं। अयोध्या में गत 22 जनवरी को राममंदिर के शुभारंभ के अवसर पर समूचे विश्व के सनातन प्रेमियों ने हर्षोल्लास मनाया।

संयुक्त अरब अमीरात के रेगिस्तान में हिंदू मंदिर बना है। यह दुनिया के किसी अजूबे, करिश्मे और अभूतपूर्व मिसाल से कम नहीं है। इसके गहरे सामाजिक-सांस्कृतिक निहितार्थ भी हैं, जिन्हें दुनिया पढ़ेगी और समझेगी। अरब के इस्लामी देश अमूमन कट्टरपंथी, धार्मिक तौर पर संकीर्ण और असहिष्णु माने जाते रहे हैं। यह मंदिर उन धारणाओं को खंडित करता है। अबू धाबी शहर के मरुस्थल में बने हिंदू मंदिर में मिस्र, एजटेक, अफ्रीकी, यूरोपीय और चीनी सभ्यताओं के प्रतिचिह्न भी हैं और कहानियां भी हैं। कुरान को भी देखा जा सकता है, जो 'वॉल ऑफ हॉरमोनी' बनाई गई है, वह सर्वधर्म समभाव का दुर्लभ उदाहरण है। वोहरा समुदाय के मुसलमानों ने उसमें योगदान दिया है। हिंदू के अलावा बौद्ध, जैन, ईसाई संप्रदायों की प्रतिमाएं भी हैं। यकीनन यह मंदिर अध्यात्म और आस्थाओं का सामंजस्य है, सह-अस्तित्व का बेजोड़ नमूना है। करीब 27 एकड़ भूखंड के आधे भाग में बनाए गए मंदिर के लिए संयुक्त अरब अमीरात के इस्लामी शासक, राष्ट्रपति शेख मुहम्मद बिन जायद ने जमीन दान में दी और अरब देश में हिंदू स्वामीनारायण मंदिर बनाने की इजाजत भी दी। इससे व्यापक सहिष्णुता और धार्मिक उदारता और क्या हो सकती है? महत्वपूर्ण यह भी है कि हिंदू मंदिर बनाने का न तो कोई विरोध किया गया और न ही कोई दंगा-फसाद भड़का। किसी अन्य अरब देश ने भी आपत्ति नहीं की। असल में यही धर्मनिरपेक्षता है। मंदिर के सात शिखर सात महत्वपूर्ण भगवानों को समर्पित हैं। भगवान राम, भगवान शिव, भगवान कृष्ण, भगवान जगन्नाथ, भगवान स्वामीनारायण, तिरुपति बालाजी और भगवान अयप्पा की प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं। सात शिखर अरब के सात अमीरात के भी प्रतीक हैं। हिंदू मंदिर में गंगा, यमुना, सरस्वती नदियों को प्रतीक-रूप में बनाया गया है। समुद्री जहाजों से पवित्र नदियों के जल अबू धाबी में लाए गए और अब वही जल इन प्रतीकात्मक नदियों में प्रवाहित हो रहा है। मंदिर के आंगन में वाराणसी का घाट भी बनाया गया है।

ऐसे बिम्बात्मक भारत की कल्पना हमने तो कभी नहीं की थी। मंदिर में खासतौर पर 96 घंटियां बनाई गईं हैं। घंटियां हमारे मंदिर की सार्थक पहचान होती हैं। मंदिर को देखें, तो 'लघु हिंदुस्तान' प्रतीत होता है। मंदिर परिसर में एक 'दैवीय आंख' भी बनाई गई है जिसके जरिए क्या देखा जा सकता है, वह अनिर्वचनीय है। करीब 900 करोड़ रुपए की लागत से बने मंदिर में सफेद संगमरमर, राजस्थान का गुलाबी बलुआ पत्थर का ही प्रयोग किया गया है। नागर शैली में बनाए गए मंदिर में कोई लोहा, इस्पात जैसी धातु का इस्तेमाल नहीं किया गया है। मंदिर के 402 स्तंभों पर जो मूर्तियां, पशु-पक्षी, जानवर उकेरे गए हैं, उस नक्काशी का वर्णन एक आलेख में नहीं किया जा सकता। मेजबान देश को समान प्रतिनिधित्व देने के लिए भारतीय पौराणिक कथाओं में हाथी, ऊंट और शेर जैसे महत्वपूर्ण स्थान रखने वाले जानवरों के साथ संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रीय पक्षी बाज को भी स्थान दिया गया है। सबसे महत्वपूर्ण यह है कि एक अरब, इस्लामी देश में हिंदू मंदिर बनाया गया है और भारत के प्रधानमंत्री मोदी ने उसका उद्घाटन किया है। यह हमारे देश के लिए गरिमापूर्ण सम्मान है।

अयोध्या के भव्य राम मंदिर में जिस तरह प्राण-प्रतिष्ठा की गई, उसी तरह मंत्रोच्चार और आरती के साथ अबू धाबी के इस मंदिर में भी प्राण प्रतिष्ठा की गई। दरअसल यह मंदिर भारत-अमीरात की प्राचीन दोस्ती की मिसाल है। यह अरब देश भारत का तीसरा सबसे बड़ा कारोबारी साझेदार है। करीब 39 लाख भारतीय यहां बसे हैं और काम कर रहे हैं। अमेरिका, सऊदी अरब, नेपाल के बाद संयुक्त अरब अमीरात चौथा देश है, जहां इतनी बड़ी संख्या में भारतीय बसे हैं। आर्थिक और कूटनीतिक संबंधों के अलावा आध्यात्मिक आत्मीयता और सहिष्णुता ज्यादा मायने रखती है। वैसे तो इंडोनेशिया और मलेशिया जैसे इस्लामिक देशों में भी हिंदू मंदिर प्राचीनकाल से हैं, परंतु किसी अरब देश में इतना भव्य नया मंदिर बनना भारत की कूटनीतिक से अधिक सांस्कृतिक विजय है।

संयुक्त अरब अमीरात ने इस्लामिक कानून से चलने वाली सत्ता होने के बावजूद अपने देश को विकास के रास्ते पर आगे बढ़ाने हेतु उदारवादी रवैया दिखाते हुए पूरी दुनिया से लोगों को वहां आकर काम करने और कमाने का अवसर दिया, लेकिन हिंदू मंदिर बनाने के लिए पहले अनुमति और फिर भूमि प्रदान करना इस बात का प्रमाण है कि वहां के शासक भारत और भारतीयों के महत्व को महसूस कर उनके प्रति सम्मान का भाव रखते हैं। इस मंदिर को इसीलिए धर्म विशेष से न जोड़कर राष्ट्रीय गौरव के तौर पर देखा जाना चाहिए।

प्रसंगवश

चुनौतियां और किताबों से प्यार

रोहित कौशिक
वरिष्ठ पत्रकार

इस समय नई दिल्ली में विश्व पुस्तक मेला चल रहा है, जो 18 फरवरी तक चलेगा। अक्सर इस दौर में पुस्तकों पर छाए संकट की चर्चा होती रहती है। इन चर्चाओं के बीच एक सुखद खबर आई है। हाल ही में आयोजित कोलकाता पुस्तक मेले में 29 लाख लोगों ने दौरा किया और 27 करोड़ रुपये की ब्रिकी दर्ज की गई। इस दौर में हिंदी की किताबों को लेकर कई तरह की चुनौतियां हैं। एक तरफ पुस्तक मेले में स्टाल का किराया काफी बढ़ गया है तो दूसरी तरफ छोटे प्रकाशकों को कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि सरकार प्रकाशन उद्योग को अपेक्षित छूट नहीं दे रही है। हालांकि विभिन्न चुनौतियों के बावजूद किताबों से प्यार का रिश्ता कायम है। कोरोना काल में हमने पुनः किताबों का महत्व महसूस किया है। लॉकडाउन के दौरान पढ़ने-लिखने वाले लोगों ने किताबों के माध्यम से अपनी निराशा को दूर किया। यह सुखद ही है कि इंटरनेट के इस युग में भी किताबों का महत्व बरकरार है। इंटरनेट आगमन के शुरूआती दौर में यह चिंता व्यक्त की गई थी कि सूचना का यह आधुनिक माध्यम किताबों के लिए नुकसानदायक साबित होगा, लेकिन इंटरनेट का उपयोग बढ़ने के साथ-साथ किताबों की उपयोगिता भी बढ़ती चली गई। आज जबकि डिजिटल लाइब्रेरी की अवधारणा जन्म ले चुकी है तो ऐसे में पुनः किताबों का अस्तित्व खतरे में बताया जा रहा है, लेकिन सवाल यह है कि विदेशों में जहां डिजिटल लाइब्रेरी की अवधारणा हमारे देश से अधिक परिपक्व हो चुकी है, क्या किसी संकट की आहट सुनी गई है? विदेशों में इंटरनेट और डिजिटल लाइब्रेरी का अधिक उपयोग हो रहा है, लेकिन इसके बावजूद वहां किताबों की लोकप्रियता बरकरार है। हालांकि कुछ लोग 'किताबों पर संकट' जैसे जुमले उछालते रहते हैं, लेकिन वास्तविकता यह है कि न ही तो आज किताबों पर कोई संकट है और न ही भविष्य में रहेगा। किताबों से हमारा रिश्ता बहुत पुराना है और यह यूं ही कायम रहेगा, लेकिन आज जरूरत इस बात की है कि किताबें पाठकों तक भी पहुंचे। दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि इस दौर में हिन्दी के ज्यादातर प्रकाशक किताबों को पाठकों तक पहुंचाने की ईमानदार कोशिश नहीं कर रहे हैं।

महानता और अंधविश्वास

प्रो. जगदीश्वर चतुर्वेदी
कोलकाता

> यह अकारण नहीं, बल्कि सुविचारित चाल थी कि पुराने जमाने के लोगों ने जनता के दिमाग में देवताओं और मृत्यु के बाद के जीवन की बातें बैठाईं।

आज हम रोम की महानता के गुण गाते हैं, किंतु यह भूल जाते हैं कि रोम की महानता का आधार अंधविश्वास था। रोम की महानता के बारे में पोलिबियस ने लिखा कि मैं साहसपूर्वक यह बात कहूंगा कि संसार के शेष लोग जिस चीज का उपहास करते हैं, वह रोम की महानता का आधार है और उस चीज का नाम अंधविश्वास है।

इस तत्व का उसके निजी और सार्वजनिक जीवन के सभी अंगों में समावेश कराया गया है और इसने ऐसी खूबी से उनकी कल्पनाशक्ति को आक्रांत कर लिया है कि उस खूबी को बेहतर नहीं बनाया जा सकता। संभवतः बहुत से लोग इसकी विशेषता समझ नहीं पाएंगे, लेकिन मेरा मत है कि ऐसा लोगों को प्रभावित करने के लिए किया गया है। यदि किसी ऐसे राज्य की संभावना होती जिसके सभी नागरिक तत्वज्ञ होते तो इस तरह की चीज से हम बचे रह सकते थे, लेकिन सभी राज्यों में जनता अस्थिर है, निरंकुश भावनाओं, अकारण क्रोध और हिंसक आवेगों से ग्रस्त है। इसलिए केवल यही किया जा सकता है कि जनता को अदृश्य के भय से और इसी किस्म के पाखंडों से काबू में रखा जाए। यह अकारण नहीं, बल्कि सुविचारित चाल थी कि पुराने जमाने के लोगों ने जनता के दिमाग में देवताओं और मृत्यु के बाद के जीवन की बातें बैठाईं। हमारी मूर्खता और विवेकहीनता यह है कि हम इस प्रकार की भ्रांतियों को दूर करना चाहते हैं।

अंधविश्वास की बुनियादी विशेषता है अंधानुकरण, वैज्ञानिक विवेक का त्याग और स्वतंत्र चिंतन का विरोध। सामाजिक जीवन में इसका लक्ष्य था आम लोगों को अपने श्रेष्ठजनों के किसी भी आदेश के पालन का अभ्यस्त बनाया जाए। दूसरा वे उन्हीं पर भरोसा करना सीखें जो हर मामले में समान भाव से धार्मिक विधि-विधानों का पालन करते हों। कलाओं की दुनिया में इसने नयनाभिराम चित्रों और मधुर गीतों की सृष्टि की। नयनाभिराम चित्रों और मधुर गीत-संगीत को मंदिरों में मानदंड के रूप में स्थापित किया गया। कला के क्षेत्र में किसी को यह इजाजत नहीं थी कि उनमें परिवर्तन करे। इसके कारण कलाओं के रूप सैकड़ों वर्षों तक अपरिवर्तित रहे। किसी ने यह साहस नहीं दिखाया कि कलाओं और मधुर गीतों में परिवर्तन करे। ये कलारूप सैकड़ों वर्षों से एक जैसे हैं। मिस्र के कलारूप इस अंधानुकरण के आदर्श उदाहरण हैं। कई हजार साल से उनकी शैली में किसी तरह का परिवर्तन नहीं हुआ है। इस दौरान वे न तो बेहतर बन पाए और न बदतर ही बन पाए।

इसी तरह अंधविश्वास को जनप्रिय बनाने में झूठ खासकर इष्टकर झूठ की बहुत बड़ी भूमिका रही है। एक ऐसा झूठ, उदात्त झूठ जिसके सहारे संपूर्ण समुदाय को संभव हो सके तो शासकों को भी स्वीकार करने के लिए राजी किया जा सके। इस तरह के झूठ के आदर्श उदाहरण हैं हमारे रीति-रिवाज और संस्कार जिनकी प्रशंसा करते हुए हमारे शास्त्र थकते नहीं हैं। रीति-रिवाज और संस्कारों की प्रशंसा के क्रम में सबसे ज्यादा हमला स्वतंत्र चिंतन पर किया गया, उन लोगों पर हमले किए गए जो स्वतंत्र चिंतन के हिमायती थे, जो प्रत्येक बात पर शंका करते थे। प्रश्न करते थे। अंधविश्वास का ही एक आयाम है चमत्कार वर्णन और दंतकथा। चमत्कार वर्णन और दंतकथाओं ने अंधविश्वासों को आम जनता के जीवन में उतारने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की। किसी भी दर्शनवेत्ता और धर्मशास्त्री के उपदेशों के द्वारा पुरुषों और औरतों के समूहों को श्रद्धा, भक्ति और विश्वास की ओर नहीं मोड़ा जा सकता था। इनको प्रभावित करने के लिए अंधविश्वास का लाभ उठाना पड़ता था। यह कार्य चमत्कार वर्णन और दंतकथाओं के बिना संभव नहीं था। कालांतर में इसने नागरिक जीवन की प्राचीन व्यवस्था और साथ ही, वास्तविक सृष्टि संबंधी स्थापनाओं में मिथकशास्त्र के रूप में सम्मान जनक स्थान प्राप्त कर लिया।

कौटिल्य का अंधविश्वास में विश्वास नहीं था, किंतु उन्होंने राज्य के कौशल के तौर पर अर्थशास्त्र में अंधविश्वास की चर्चा की है। उनका न तो राजा के दैवी अधिकार और उसकी सर्वज्ञता की सच्चाई में विश्वास था और न वे यह चाहते थे कि स्वयं शासक इस तरह की वाहियात बात को सच मानें। वे सुझाव देते हैं कि राज्य को अपनी आंतरिक और बाह्य स्थितियों को सुदृढ़ करने के लिए सामान्य लोगों की अंधमान्यताओं का लाभ उठाना चाहिए। अंधविश्वास के साथ-साथ पुनर्जन्म और कर्मफल की प्राप्ति की धारणा का भी व्यापक पैमाने पर इस्तेमाल किया गया। इसका साहित्य पर भी गहरा प्रभाव पड़ा। हजारी प्रसाद द्विवेदी के अनुसार साहित्य में काव्य-रूढ़ियों का चलन शुरू हुआ।

सोशल फोरम

अनिवार्य मिलिट्री सेवा

तजिंदर सिंघ
जमशेदपुर, झारखंड

इस उन्माद, नफरत, क्रोध और बदला लेने की इच्छा से भरे माहौल में अक्ल की बात करने वाले को भी लोग देशद्रोही ठहरा देंगे, लेकिन इसके बावजूद भी एक बात तो मैं जरूर कहूंगा कि जिनको युद्ध का, उसकी विभीषका कोई अनुभव ही नहीं वो ही युद्ध की बाते ज्यादा करते हैं। खास कर हमारे राजनेता।

इधर इजराइल का नाम लेकर और उसकी बहादुरी की तारीफ में कसीदे पढ़ने वाले लोगों की एक बाढ़ सी आ गई है तो उन लोगों को बता दूं कि वहां के प्रधानमंत्री नेतान्याहू ने 1967 से 1973 तक इस्राइल डिफेंस सेवा में नौकरी भी की। अपनी नौकरी के दौरान उन्होंने कई खतरनाक मिशन में हिस्सा भी लिया। ऐसे ही एक मिशन में उनके कंधे पर गोली भी लगी।

इजराइल के हर उस नागरिक के लिए सैनिक सेवा अनिवार्य है जो 18 वर्ष की उम्र से अधिक है। पुरुषों के लिए ये अवधि 2 साल आठ महीने और स्त्रियों के लिए 2 साल की है। इजराइल के अरब नागरिकों के लिए ये सेवा अनिवार्य नहीं है। अमेरिका में प्रेसिडेंट बनने के लिए मिलिट्री का अनुभव अनिवार्य नहीं है। फिर भी अमेरिका के 45 प्रेसिडेंट में से 29 के पास मिलिट्री में काम करने का अनुभव था और वो अच्छे पदों पर थे। इंग्लैंड में भी राजशाही के साथ जुड़े लोगों को मिलिट्री में काम करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है ताकि उन्हें सेना का बेहतर अनुभव मिल सके। यह वहां की परंपरा भी है। अब अगर हमारे देश से तुलना करें तो यहां वही कौम सबसे बड़ी देशभक्त है जिनका सेना में सबसे कम योगदान है। देशभक्ति के सारे तगमे उनके सीने पर सजे हैं जिनका सेना में अनुभव का रिकॉर्ड सबसे खराब है। जहां सैनिक बनने की कोई परंपरा ही नहीं आज वही सबसे बड़े देशभक्त हैं।

सेना का अनुशासन और ईमानदारी एक बेहतर नागरिक बनने में सहायक होती है। आज भी अन्य क्षेत्रों की तुलना में सेना में भ्रष्टाचार सबसे कम है। यहां जाति धर्म के नाम पर आपस मे नफरत भी नहीं है। इसलिए सरकार सबसे पहले ऐसा ही अनिवार्य मिलिट्री सेवा का नियम यहां भी लाए। खासकर उनके लिए तो ये बिल्कुल जरूरी होना चाहिए, जो देशसेवा करना चाहते हों।

-फेसबुक वॉल से

भाजपा के एजेंडे का मुख्य हिस्सा है यूसीसी

प्रो. विवेकानंद तिवारी
अध्यक्ष, आंबेडकर पीठ एचपीयू, शिमला

> 1991 के लोकसभा चुनाव में भी बीजेपी ने कहा कि वो कॉमन सिविल लॉ के लिए लॉ कमीशन गठित करेगी, जो तमाम सिविल लॉ का अध्ययन करेगी।

यूनिफॉर्म सिविल कोड का मुद्दा आज का नहीं है। ये मुद्दा कई दशकों से चल रहा है। 1967 के आम चुनाव में जनसंघ ने चुनाव जीतने पर देश में यूनिफॉर्म सिविल कोड लागू करने का वादा किया था, लेकिन 1967 के आम चुनाव में जनसंघ की हार हुई। इसके बाद कुछ सालों तक यूनिफॉर्म सिविल कोड का मुद्दा गायब रहा। इसके बाद साल 1980 जनता पार्टी टूटी, इसी साल जनता पार्टी का राष्ट्रीय अधिवेशन हुआ जिसमें 17-14 के बहुमत से जनसंघ से आए नेताओं को पार्टी के बाहर करने का फैसला लिया गया और इसके बाद बीजेपी का गठन हुआ। 1980 में लोकसभा चुनाव के करीब चार महीने बाद बीजेपी का गठन हुआ। इसके बाद 1984 में हुए लोकसभा चुनाव में बीजेपी ने अपने घोषणापत्र में यूसीसी का कोई जिक्र नहीं किया। इस चुनाव में बीजेपी को सिर्फ दो सीटें मिली थीं। पार्टी के दिग्गज नेता अटल बिहारी वाजपेयी को बुरी हार का सामना करना पड़ा था। बाद में 1980 का मध्य आते-आते लालकृष्ण आडवाणी की अगुवाई में बीजेपी ने तीन एजेंडों-यूनिफॉर्म सिविल कोड, अनुच्छेद 370 की वापसी और राम मंदिर के निर्माण पर बेहद आक्रामक तरीके से काम करना शुरू किया। साल 1985 में शाहबानो मामले के बाद समान नागरिक संहिता का मामला जोर-शोर से गरमाया। बीजेपी और आरएसएस ने आक्रामक तरीके से यूनिफॉर्म सिविल कोड की मांग करनी शुरू की। 1989 के लोकसभा चुनाव में बीजेपी ने अपने घोषणा पत्र में वादा किया कि अगर वह सत्ता में आई तो अलग-अलग पर्सनल लॉ की समीक्षा के लिए एक कमीशन गठित करेगी।

1991 के लोकसभा चुनाव में भी बीजेपी ने कहा कि वो कॉमन सिविल लॉ के लिए लॉ कमीशन गठित करेगी, जो तमाम सिविल लॉ का अध्ययन करेगी। बीजेपी सांसद लगातार संसद में भी यह मामला उठाते रहे। इसी बीच अल्मोड़ा से बीजेपी के सांसद बच्ची सिंह रावत 20 दिसंबर 1996 को यूसीसी पर प्राइवेट मेंबर बिल लेकर आए जिसका शीर्षक था 'यूनिफॉर्म मैरिज एंड डायवोर्स बिल'। हालांकि यह संसद में पास नहीं हो सका। 1986 में संघ ने अपनी अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा में संविधान का हवाला देते हुए सरकार से यूनिफॉर्म सिविल कोड लाने की मांग की।

1995 में आरएसएस के अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल ने एक प्रस्ताव पारित कर देशभर के सांसदों से अपील की कि वे भले ही किसी पार्टी से ताल्लुक रखते हों, लेकिन नागरिकों के हित को ध्यान में रखते हुए यूनिफॉर्म सिविल कोड लाने का समर्थन करें। 1996 और 1998 में भी बीजेपी ने अपने चुनावी घोषणा पत्र में यूनिफॉर्म सिविल कोड का जिक्र किया और लॉ कमीशन गठित करने की बात कही। 1991 में बीजेपी को और लाभ हुआ और उनकी सीटों की संख्या बढ़कर 100 के पार हो गई। इन लोकसभा चुनावों में बीजेपी ने यूनिफॉर्म सिविल कोड, राम मंदिर, धारा 370 के मुद्दों को जमकर उठाया। ये सभी मुद्दे बीजेपी के चुनावी घोषणापत्र में शामिल थे, मगर संख्या बल के कारण ये पूरे नहीं हो पाए थे। इसके बाद 1996 में बीजेपी ने 13 दिन के लिए सरकार बनाई। 1998 में बीजेपी ने 13 महीने सरकार चलाई। 1999 में बीजेपी ने अपने सहयोगियों के साथ बहुमत से सरकार बनाई। तब अटल बिहारी वाजपेयी प्रधानमंत्री बने। इस बीच बीजेपी के मुद्दे रह-रह कर उछाले जाते रहे। इसके बाद 2005 के लोकसभा चुनाव में एनडीए की हार हुई। तब कांग्रेस ने सहयोगियों के साथ सरकार बनाई। इसके बाद साल 2014 में पहली बार बीजेपी प्रचंड बहुमत के साथ सत्ता पर काबिज हुई और केंद्र में मोदी सरकार आई। मोदी सरकार ने पूरे जोर-शोर से अपने चुनावी वादों पर काम करना शुरू किया। इसमें सबसे पहले मोदी सरकार ने जम्मू-कश्मीर में धारा 370 को खत्म किया। इसके बाद यूनिफॉर्म सिविल कोड और राम मंदिर को लेकर आंदोलन तेज किया गया। यूसीसी बीजेपी के मुख्य तीन एजेंडों में हमेशा ही शामिल रहा है। जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद-370 को हटाने और अयोध्या राममंदिर निर्माण के बाद अब बीजेपी देश में यूनिफॉर्म सिविल कोड लागू करने के लिए काम कर रही है। बीजेपी ने घोषणापत्र में समान नागरिक संहिता को शामिल कर इसे लैंगिक समानता से जोड़ा है। पार्टी के मुताबिक 'पार्टी सर्वश्रेष्ठ परंपराओं से प्रेरित समान नागरिक संहिता बनाने के लिए कटिबद्ध है।' लोकसभा चुनाव 2024 से पहले यूसीसी लागू करवाना बीजेपी के एजेंडे का सबसे मुख्य हिस्सा है।

आपका पत्र

सिव समान प्रिय मोहि न दूजा

बलिहारी है लोकसभा चुनावों की निकटता की जिसके कारण भगवानों का भी राजनीतिकरण हो गया है और जबरदस्त खींचातानी हो रही है। राजनेता तो ऐसा अपने स्वार्थवश करते हैं, किंतु लेखक भी यदि खेमेंबंदी करें और किसी एक भगवान के शिविर में बैठकर दूसरे को कमतर बता दें, तो आपत्ति दर्ज करना जरूरी हो जाता है ताकि गलत परंपरा न पड़ने पाए। इनमें बड़ा-छोटा कोई नहीं होता। एक ही विराट शक्ति अपनी अलग-अलग हैसियतों से सृष्टि का सृजन, पालन और लय करती है, बस नाम का ही भेद है। अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण और प्रधानमंत्री द्वारा प्राण प्रतिष्ठा का यजमान बनना बहुत प्रचार पा गया और उन्हें चुनावी लाभ मिलता दिखने लगा। ऐसे में अलग-अलग दलों ने भी अपने अपने धार्मिक एजेंडे बनाए। इस क्रम में समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव ने इटावा में केदारेश्वर शिव मंदिर को अपना चुनावी भगवान बनाया और वे भी कुछ मिलता जुलता आयोजन, प्राण प्रतिष्ठा आदि करवाने जा रहे हैं। इसे लेकर एक लेखक ने दैनिक अमृत विचार के 16 फरवरी अंक में लिखे अपने एक लेख में समाजवादी पार्टी और अखिलेश को नीचा दिखाने के लिए भगवान शंकर को ही राम के मुकाबले नीचा दिखा दिया। ऐसा करते समय विद्वान लेखक ने रावण का उदाहरण दिया। लेखक ने कहा कि रावण शिव भक्त था, लेकिन राम के मुकाबले उसका जो हुआ, वह सब कोई जानता है। यहां सवाल यह है कि क्या रावण की हार भगवान शिव की हार है? कदापि नहीं। भगवान राम तो स्वयं बहुत बड़े शैव थे। उन्होंने रामेश्वरम की स्थापना की थी, जो आज भी उनकी शिव भक्ति की गवाही दे रहा है और प्रसिद्ध द्वादश ज्योतिर्लिंगों में से एक है। गोस्वामी तुलसीदास के शब्दों में -लिंग थापि करि विधिवत पूजा। सिव समान प्रिय मोंहि न दूजा।। सिव द्रोही मम दास कहावा। सो नर मोहि सपनेउ नहि भावा।। "विनय पत्रिका" में तुलसी बाबा ने एक पद लिखा है 'हरिशंकरी'। इसमें एक पंक्ति में हरि की स्तुति और दूसरी में हर की। इसी क्रम से पूरा पद उन्होंने लिखा है। यह है बड़ों का आदर्श, न की एक (हरि) को बड़ा और दूसरे (हर) को छोटा बता देना। विश्व के अन्यतम दर्शन ग्रंथ श्रीमद्भगवद्गीता अध्याय-4/11 में भी भगवान श्रीकृष्ण कहते हैं, "हे अर्जुन! जो भक्त जिस भाव से मेरी शरण लेता है, मैं उसे उसी भाव (रूप) से आश्रय देता हूं" ये यथा माम् प्रपद्यन्ते तांस्तथैव भजाम्यहम्।

अतः भगवानों में अभेद मानते हुए, उन्हें किसी राजनीतिक खेमें का मानकर, अपनी अपनी निष्ठानुसार बड़ा छोटा घोषित करने से लेखक बंधु बचें। **-शारदा शुक्ला,** वरिष्ठ पत्रकार, लखनऊ

एक नजर

ट्रेन की चपेट में आकर बच्चे की मौत

बिजनौर, अमृत विचार : गांव पैदा के पास रेलवे ट्रैक पार करते समय ट्रेन की चपेट में आने से 12 वर्षीय बालक की मौत हो गई। नहटौर थाना क्षेत्र के गांव बल्लाशेरपुर निवासी विजेंद्र सिंह का 12 वर्षीय पुत्र यश अपनी ननिहाल गांव पैदा में गया था। बताया जाता है कि गांव के पास ही वह अपनी नानी के साथ रेलवे ट्रैक पार कर रहा था। इसी दौरान उसकी ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। गमगीन माहौल में शव गांव बल्लाशेरपुर लाकर उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया।

गोवंश के शव से उठ रही दुर्गंध से लोग परेशान

हल्दौर, अमृत विचार : करीब एक सप्ताह से सड़क किनारे पड़े गोवंश के शव को चील, कव्वे एवं कुत्ते नोच रहे हैं। नगर की पश्चिमी दिशा बल्दिया मार्ग रेलवे फाटक के समीप एक गाय करीब सात दिन से मरी पड़ी है। मगर इसकी सुध न तो किसी नगर पालिका कर्मचारी ने ली और न ही किसी हिन्दू संगठन ने इसे उठवाने का प्रयास किया। इसमें से उठने वाली दुर्गन्ध से लोगों का उधर से गुजरना दुश्वार हो रहा है। आक्रोशित क्षेत्रवासियों ने जल्द से इस समस्या से निजात दिलाने की मांग नगर पालिका प्रशासन से की है।

युवा ब्राह्मण एकता मंच को समर्थन का आह्वान

हल्दौर, अमृत विचार : क्षेत्रीय ब्राह्मण कल्याण सभा की बैठक में लोगों ने युवा ब्राह्मण एकता मंच को समर्थन देने पर जोर दिया। शुक्रवार को पोखर बाजार में राकेश कुमार शर्मा की दुकान पर क्षेत्रीय ब्राह्मण सभा की बैठक हुई। इसमें युवा ब्राह्मण एकता मंच को समर्थन देने का आह्वान किया गया। आगामी त्योहार परशुराम जयंती पर भव्य एवं दिव्य शोभा यात्रा निकालने की बात कही। सभा के अध्यक्ष ब्रह्मदत्त शर्मा, जितेन्द्र कुमार शर्मा, पंडित महेन्द्र शर्मा, पंडित आनंद प्रकाश शर्मा, मुन्ना लाल शर्मा, सुमन शर्मा, सतीश शर्मा, अवधेश शर्मा आदि मौजूद रहे।

पूर्ण मनोयोग से काम करें कार्यकर्ता

भाजपा के जिला कार्यालय पर लाभार्थी सम्पर्क अभियान के संबंध में हुई कार्यशाला

कार्यालय संवाददाता, बिजनौर

अमृत विचार : भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय पर लाभार्थी सम्पर्क अभियान के सम्बंध में कार्यशाला हुई। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष भूपेंद्र चौहान बॉबी एवं संचालन जिला महामंत्री विनय राणा ने किया।

मुख्य अतिथि पूर्व प्रदेश मंत्री वाईपी सिंह ने कहा कि इस अभियान के तहत प्रत्येक बूथ पर लाभार्थियों से संपर्क कर उनके आवास पर स्टीकर लगाया जाएगा। कहा कि अभियान के फोटो सरल ऐप पर भी अपलोड करने हैं और पार्टी द्वारा जारी किए गए नंबर 963800 2024 से मिस कॉल भी करानी है। लोकसभा चुनाव तक प्रत्येक कार्यकर्ता को पूर्ण मनोयोग के साथ काम करना है। प्रत्येक मंडल में कार्यशाला का आयोजन 24 फरवरी तक किया जाएगा। अभियान में आईटी और सोशल मीडिया टीम का विशेष योगदान रहेगा। एक से पांच मार्च तक विशेष अभियान रहेगा। जिलाध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं से आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने का आह्वान किया।

पूर्व प्रदेश मंत्री वाईपी सिंह को गुलदस्ता देते जिलाध्यक्ष भूपेंद्र चौहान। ● अमृत विचार

कार्यक्रम में डॉ. यशवंत सिंह, लोकसभा संयोजक महेंद्र धनोरिया, पूर्व जिलाध्यक्ष राजीव सिसोदिया, लोकसभा सहसंयोजक ब्लॉक प्रमुख चौधरी तपराज सिंह देशवाल, प्रदेश महामंत्री महिला मोर्चा रश्मि रावल, जिला उपाध्यक्ष वेदप्रकाश विश्वकर्मा, पूनम गोयल, सुभाष चौहान, दिनेश सैनी, जिला मंत्री नरेश भाटी, कोषाध्यक्ष केके रवि, जिला मीडिया प्रभारी विक्रांत चौधरी, लोकसभा विस्तारक विपिन सागर एवं आतिश शर्मा, अनीता चौहान आदि समेत सभी मंडल प्रभारी एवं मंडल अध्यक्ष मौजूद रहे।

एसपी ने किया परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण

नहटौर, अमृत विचार : एचएमआई इंटर कॉलेज व एसएनएसएम इंटर कॉलेज में आरक्षी नागरिक पुलिस भर्ती के परीक्षा केंद्रों का पुलिस अधीक्षक पूर्वी ने व्यवस्थाओं का जायजा लिया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

एचएमआई इंटर कॉलेज व एसएनएसएम इंटर कॉलेज में आरक्षी नागरिक पुलिस सीधी भर्ती के परीक्षा केंद्रों का पुलिस अधीक्षक पूर्वी धर्म सिंह मर्छाल ने निरीक्षण लिया। उन्होंने परीक्षा केदों की व्यवस्थाएं देखीं और कॉलेज के स्टाफ से जानकारी ली। पुलिस को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक दिनेश कुमार शर्मा, कस्बा इंचार्ज सुरेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

निरीक्षण करते एसपी पूर्वी धर्म सिंह मर्छाल।

विरोध करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

आबादी से दूर बने कूड़ास्थल

संवाददाता, नजीबाबाद

अमृत विचार : आबादी में कूड़ा डालने का ग्राम वासियों ने विरोध कर तहसीलदार से शिकायत की।

शुक्रवार को ग्राम करमास खेड़ी की महिलाएं व परुष तथा बुजुर्ग तहसील पहुंचे। उन्होंने तहसीलदार कमलेश कुमार को बताया कि गांव में आबादी के नजदीक ग्राम प्रधान के पति द्वारा कूड़ा डालने के लिए जगह बनाई जा रही है। चुनाव रंजिश के चलते प्रधान का पति मनमर्जी कर रहा है। इससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कूड़ेदान को गांव से कुछ दूरी पर बनाने की मांग की। तहसीलदार ने उन्हें आश्वासन दिया है कि आबादी के बीच कूड़ा डालने की जगह नहीं बनेगी। इस अवसर पर अनवार अहमद, बशीर अहमद, गालिब, मोहम्मद फिरोज, मेहंदी हसन आदि मौजूद रहे।

शिक्षक में नेतृत्व की क्षमता का विकास होना बेहद जरूरी : सुन्था

कार्यालय संवाददाता, बिजनौर

अमृत विचार : विवेक कालेज ऑफ एजुकेशन में आईसीएसएसआर नई दिल्ली द्वारा प्रयोजित राष्ट्रीय सेमीनार का आयोजन हुआ। इसकी थीम अमृत कालः एजुकेशन हेरिटेज एण्ड न्यू टेंस इन एजुकेशन रही। मुख्य अतिथि उच्चशिक्षा निदेशक उत्तराखंड डॉ. सीडी सुन्था रहे। उन्होंने कहा कि एक शिक्षक के भीतर नेतृत्व की क्षमता का विकास होना आवश्यक है। उन्होंने आर्टिफिशियल इन्टेलिजेन्स व इससे जुड़ी भविष्य की चुनौतियों पर भी प्रकाश डाला।

कार्यक्रम का शुभारंम्भ मुख्य अतिथि डा. सीडी सुन्था, हिमाचल केन्द्रीय विश्वविद्यालय के डॉ. दीपक पंत, मिजोरम केन्द्रीय विश्वविद्यालय के प्रोफसर डॉ. लोकनाथ मिश्रा, उत्तराखण्ड के एनआईओएस निदेशक प्रो. डीएन उप्रेती, भूतपूर्व निदेशक डीटीटीई डॉ. विमल डिमरी, महाविद्यालय के चेयरमैन अमित गोयल, सचिव दीपक मित्तल ने मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्जवलित करके किया। सेमीनार की आयोजक विवेक कालेज की प्राचार्या डॉ. दीप्ति डिमरी ने अमृत काल योजना व शिक्षक-शिक्षा विरासत पर प्रकाश डालते हुए वर्तमान परिपेक्ष्य में किये जा रहे सकल प्रयासों पर चर्चा की।

डॉ. दीपक पंत ने नये शैक्षिक परिवेश में प्राचीन परम्पराओं एवं विरासत को ध्यान में रखते हुए शैक्षिक गुणवत्ता बढ़ाने पर प्रकाश डाला। प्रो. लोकनाथ मिश्रा ने नई शिक्षा नीति अमृत कालः के सन्दर्भ में कैसे प्रभावी होगी तथा गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा पर प्रकाश डाला।

डॉ. विमल डिमरी ने कौशल केन्द्रित शिक्षा पर विचार व्यक्त किये। प्रो. एसके जोशी ने पाश्चात्य संस्कृति का भारतीय संस्कृति पर पड़ने वाले प्रभाव की चर्चा करते हुए शंकारचार्य के दर्शन को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 से जोड़ा। डॉ. महफूज अहमद ने बच्चों में बढ़ रही आत्महत्या की प्रवृति पर प्रकाश डालते हुए बताया कि प्रायोगिक ज्ञान और परामर्श की जीवन में नितान्त आवश्यकता है। संचालन डॉ. निधि शुक्ला एवं शालिनी ने किया।

सार संक्षेप

सांड ने किसान को पटक-पटक कर मार डाला

नगीना, अमृत विचार : नगीना देहात क्षेत्र के गांव मक्खूवाला में फसल की रखवाली कर रहे बुजुर्ग किसान को सांड ने पटक-पटक कर मौत के घाट उतार दिया। गुस्साए ग्रामीणों ने अल्लैहदादपुर मार्ग पर शव रखकर जाम लगा दिया। प्रशासनिक अधिकारियों के मौके पर पहुंचने पर जाम खुलवाया गया। गांव मक्खूवाला निवासी 82 वर्षीय लल्लू सिंह अपनी फसल की रखवाली के लिए खेत पर गया था। वहां एक सांड उनकी फसल में घुसा हुआ था। वह उसे भागने लगे। इस दौरान सांड ने किसान पर हमला कर दिया और पटक-पटक कर उन्हें मौके पर ही मार डाला। आसपास खेतों में काम कर रहे किसान मौके पर पहुंचे और सांड को भगाया।

खाता हैक कर 30,000 रुपये निकाले

बढ़ापुर, अमृत विचार : थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति के खाते से हैकर ने 30,000 रुपये की रकम निकाले जाने की शिकायत थाना बढ़ापुर में की गई। पीड़ित व्यक्ति द्वारा साईबर क्राइम पोर्टल भी शिकायत दर्ज कराकर रुपये वापस दिलाने की गुहार लगाई गई है। थाना क्षेत्र के गांव शाहअलीपुर कोटरा उर्फ गांवड़ी निवासी फसीहुद्दीन ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि 14 फरवरी को उसके मोबाइल पर बैंक से 30,000 रुपये निकालने का मैसेज आया। इसके बाद उसके खाते से 900 रुपये और निकाले जाने का मैसेज मिला। इस पर फसीहुद्दीन बैंक पहुंचा और पैसे निकालने पर रोक लगवा दी। इसकी वजह से बैंक में कुछ रकम बाकी रह गई। इसके बाद उसने साइबर क्राइम पोर्टल पर ऑनलाइन रिपोर्ट दर्ज कराई। फसीहुद्दीन ने बताया कि साइबर हेल्प डेस्क ने शुक्रवार को बताया कि उनकी रिपोर्ट के आधार कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

सामूहिक विवाह योजना में एक-दूजे के हुए 121 जोड़े

स्योहारा, अमृत विचार : शुक्रवार को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में भाग्य श्री फॉर्म हाउस में खण्ड विकास बुढ़नपुर की ओर से 100 हिन्दू और 21 मुस्लिम जोड़ों का विवाह सम्पन्न हुआ। एडीओ समाज कल्याण सतेंद्र कुमार ने बताया कि खण्ड विकास बुढ़नपुर की और से 134 जोड़ों का विवाह संपन्न होना था। लेकिन कार्यक्रम में 121 जोड़े ही पहुंच पाए। जबकि 13 जोड़ों की अनुपस्थिति होने के कारण विवाह नहीं हो सका। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख उज्ज्वल चौहान ने सरकार की जनकल्याण कारी योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया सरकार निरंतर बहन-बेटियों के लिए कार्य कर रही है। कार्यक्रम में खण्ड विकास अधिकारी रामकुमार सिंह, एडीओ पंचायत करुणा चौहान, ग्राम पंचायत अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

वोट की ताकत से संविधान को बचाना है : मनोज

नहटौर, अमृत विचार : नगीना लोकसभा क्षेत्र की नहटौर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम कूकड़ा विलाई में संविधान जागरुकता विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व जज मनोज कुमार का लोगों ने फूल मालाएं पहनाकर स्वागत किया। गोष्टी में पूर्व ने बाबा भीमराव आंबेडकर के सिद्धांतों पर चलने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जातियों में बंट कर रहने से कुछ हासिल नहीं होगा। एक होकर अपने हक के लिए लड़ो, वर्तमान की स्तिथि देख कर वोट करो और सुनहरे कल का आज ही निर्माण करो। कहा कि सभी को संविधान से सुविधा मिली हैं। इसलिए संविधान की रक्षा करना हमारा पहला कर्तव्य है। इस दौरान अनिल कश्यप, भारत सिंह, किशोरी सिंह सैनी ,हरेंद्र सैनी, पंकज सैनी आदि मौजूद रहे।

शिविर में मरीजों का परीक्षण कर दवा बांटी

अफजलगढ़, अमृत विचार : द्वारिकेश शुगर मिल इण्डस्ट्रीज लिमिटेड द्वारिकेशपुरम के परिसर में नर्बदा देवी मोरारका चैरिटेबल ट्रस्ट व कृष्णा हॉस्पिटल काशीपुर, सीएल गुप्ता आई हॉस्पिटल मुरादाबाद के संयुक्त तत्वावधान में नि :शुल्क चिकित्सा शिविर का मिल के अध्याशी एसपी सिंह ने फीता काटकर शुभारंभ किया। शिविर में मरीजों के स्वास्थ्य का परीक्षण किया और चिकित्सकों ने उन्हें इलाज के बारे में बताया। शिविर में विशेषज्ञों एवं चिकित्सकों की टीम ने हृदय रोग, सामान्य रोग, हड्डी एवं जोड़ रोग, चर्म रोग, नेत्र रोग, स्त्री रोग, दन्त रोग, बाल रोग, ब्लड प्रेशर, शुगर, ईसीजी विशेषज्ञ तथा शुगर मिल के चिकित्सक वीर सिंह ने लगभग 600 मरीजों का परिक्षण कर नि :शुल्क दवा का वितरण किया गया। शिविर में डॉ. हरीश पाटनी, डॉ. शुभम शेखर सिंह, अर्चना आदि ने मरीजों का परीक्षण किया।

बैठक करते जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल। ● अमृत विचार

25 फरवरी से पहले पूरा करें कालेज के निर्माण कार्य

संवाददाता, बिजनौर

अमृत विचार : शुक्रवार को कलेक्ट्रेट स्थित डीएम कार्यालय कक्ष में राजकीय मेडिकल कालेज की प्रगति एवं लोकार्पण की समीक्षा बैठक हुई। जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल ने निर्माणाधीन राजकीय मेडिकल कॉलेज की कार्यदायी संस्थाओं को 25 फरवरी से पूर्व कॉलेज के निर्माण कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि पूरे हो चुके कार्यों को तत्काल हैंडओवर करें। बताया कि मेडिकल कालेज के लोकार्पण का कार्य 10 मार्च से पूर्व होना प्रस्तावित है। उन्होंने निर्देश दिए कि निर्धारित गाइडलाइन के अनुसार एलओपी के अंतर्गत एवं मेडिकल कॉलेज के अन्य सभी कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर निर्धारित समय में पूरा करें।

इस अवसर पर प्रधानाचार्य डा. उर्मिला, अधिशासी अभियंता आरसी वर्मा, पीएमसी अतिकुल रहमान, विनोद कुमार आदि मौजूद रहे।

भारत बंद का रहा मिला-जुला असर

अफजलगढ़, अमृत विचार : संयुक्त किसान मोर्चा के तत्वावधान में एक दिवसीय भारत बंद का नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में मिला-जुला असर दिखा। व्यापार मंडल सहित ग्रामीण क्षेत्र के दुकानदारों ने भी समर्थन में दुकानें बंद रखीं।

शुक्रवार को नगर व ग्रामीण क्षेत्र के दुकानदारों ने किसानों के समर्थन में किए गए भारत बंद के आह्वान का मिला-जुला असर दिखा। समर्थन में दुकानें बंद रखीं। इस दौरान भाकियू टिकैत ग्रुप के ब्लाक अध्यक्ष मदन सिंह राणा ने कहा कि संयुक्त किसान मोर्चा के तत्वावधान में भारत बंद को सफल बनाने के लिए ब्लाक क्षेत्र के लोगों ने जो किसानों के हक की लड़ाई में सहयोग किया किसान उसे कभी नहीं भूलेंगे। जब तक मांग पूरी नहीं होगी तब तक किसान अपनी लड़ाई इसी तरह लड़ता रहेगा। इस अवसर पर राणा सिंह सैनी, वसीम गुर्जर, सभासद रिजवान हसन, पूर्व प्रधान चिरंजीलाल सिंह, जसपाल सिंह तथा हम्माद अहमद आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

आय बढ़ाने को खाली जमीन पर दुकान बनाएगी पालिका

संवाददाता, अफजलगढ़

▸▸ **बोर्ड बैठक में नगर पालिका के सीमा विस्तार समेत कई प्रस्ताव हुए पारित**

अमृत विचार : नगर पालिका परिषद के चेयरमैन तबस्सुम जावेद व ईओ कृष्ण मुरारी तथा सभासदों के नेतृत्व में बोर्ड बैठक हुई। इसमें पालिका की खाली पड़ी जमीन में दुकान बनाने सहित कई प्रस्ताव पास किए गए। नगर पालिका सीमा विस्तार व विकास कार्य कराने का प्रस्ताव भी सर्वसम्मति से पास हुआ है।

बैठक में नगर में सौन्दर्यीकरण, जल निकासी, पथ प्रकाश, सफाई व्यवस्था, चैनल, सड़कें, पुलिया, नालियां सहित विकास कार्यों के प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किए गए। पालिकाध्यक्ष तबस्सुम जावेद ने विकास कार्य कराने के लिए सभासदों व जनता से सहयोग का आह्वान किया। सभासदों ने ईओ कृष्ण मुरारी व पालिकाध्यक्ष को समस्याओं के बारे में बताया। इसके बाद चिन्हित किये गये आदर्श मार्ग, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र से कालागढ़ मार्ग पर स्थित गुरुद्वारे तक सौन्दर्यकरण, संचारी रोगों के मद्देनजर बॉयलाज लागू करने हेतु उपविधि तैयार करने, पालिका की खाली भूमियों को संरक्षित करने हेतु बाउण्ड्रीवाल कराने, पालिका की आय में वृद्धि करने के लिए दुकानों का निर्माण कराने एवं विभिन्न स्थानों पर सड़कों के निर्माण, पाईप लाईन विस्तार आदि विकास कार्यों के प्रस्ताव सर्व सम्मति से पारित किए गए।

इस अवसर पर सभासद रियासतुल्ला, डॉ. शाहिद हुसैन, शेख इमरोज, शाहिद कुरैशी, रिजवान हसन, वजीर अहमद, उमेश अग्रवाल, रिजवान नसरुल्लाह, जुबैर अहमद, कादिर अंसारी, अजीमुशान उर्फ चांद आदि उपस्थित रहे।

जंगल में मादा गुलदार का शव मिलने से सनसनी

नहटौर, अमृत विचार : गांव पुटठा पुटठी के जंगल में स्थित चारागाह की भूमि पर मादा गुलदार का शव मिलने से सनसनी फैल गई। आपसी संघर्ष में गुलदार की मौत होने की

आशंका व्यक्त की जा रही है। सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और गुलदार के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। क्षेत्र के गांव पुटठा पुटठी के जंगल में गांगन नदी के किनारे स्थित चारागाह की भूमि पर मादा गुलदार का शव दिखाई देने पर ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची है। जंगल में गुलदार का शव मिलने से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। पूर्व में भी इस क्षेत्र में गुलदार की दस्तक दिखाई दी थी। कुछ माह पूर्व एक किसान के कुएं से गुलदार का रेस्क्यू भी किया गया था। वन रेंजर गोविंद गंगवार ने बताया कि गले पर दांतों के निशान दिखाई देने से गुलदार की मौत आपसी संघर्ष में होना लग रहा है। मादा गुलदार की उम्र एक वर्ष के करीब हैं। शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की असल वजह का पता लगेगा।

कार्यालय ग्राम पंचायत हैदराबाद वि0ख0 जुनावई जिला सम्भल

अल्पकालीन निविदा/ कुटेशन- सूचना

समस्त अधिकृत फर्मों, पंजीकृत विक्रेताओ को एतद्वारा सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत हैदराबाद वि0ख0 जुनावई जनपद सम्भल मे वित्तीय वर्ष 2023-24 हेतु ग्राम पंचायत मे राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान द्वारा प्राप्त हुई धनराशि एवं पंचम राज्य वित्त आयोग, पन्द्रहवां वित्त आयोग, मनरेगा एवं अन्य शासकीय मदो से ग्राम पंचायत से एक बहुद्देशीय पंचायत भवन का निर्माण कार्य कराये जाने हेतु सामग्री निर्माण स्थल पर आपूर्ति करने हेतु मोहर बन्द निविदायें/कुटेशन आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्म एव आपूर्तिकर्ता दिनांक 17-02-2024 से 23-02-2024 तक निविदा प्रपत्र क्रय करके दोपहर 12 बजे तक ग्राम पंचायत सचिवालय मे रखे बॉक्स मे सीलबन्द लिफाफे मे निविदा/ कुटेशन दरे सहित जमा करा सकते है। जो कि दिनांक 24-02-2024 को अधोहस्ताक्षरी के समक्ष दिन के 02 बजे खोली जायेगी। स्वीकृत निविदा/ कुटेशन के अनुसार आपूर्ति ग्राम पंचायत मे उपलब्ध धनराशि के आधार पर की जायेगी जो समय समय पर प्राप्त आवंटित धनराशि पर आधारित है। आवश्यकतानुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम प्रधान/पंचायत सचिव के आदेश पर की जायेगी। सामग्री की मात्रा घटायी बढायी जा सकती है। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधि मे स्वीकृत दर पर निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी। सामग्री आपूर्ति का भुगतान अधोहस्ताक्षरी की स्वीकृति के उपरान्त ही किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता का जी0एस0टी0 रजिस्ट्रेशन सम्बन्धित विभाग मे होना अनिवार्य है। प्रस्तुत दरे पी0डब्लू0डी0 की दरों की अनुरूप गुणवता एवं मानक अनुरूप हो। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के आदेशानुसार निर्धारित समय सीमा के अर्न्तगत की जानी अनिवार्य है। सामग्री की गुणवता मानक के अनुरूप नही पाये जाने की स्थिति मे भुगतान की धनराशि मे नियमानुसार कटौती कर ली जायेगी। निविदा को बिना कारण बतायें निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

क्र.सं.	सामग्री का नाम	मात्रा दर	दर
1	सीमेंट	प्रति बैग	4
2	बालू रेत	घन मी.	
3	बजरफुट	घन मी.	
4	20 एम.एम. बजरी	घन मी.	
5	40 एम.एम. बिक ब्लास्ट	घन मी.	
6	ईंट प्रथम श्रेणी एम-150	प्रति हजार	
7	ईंट बालदार एम-275	प्रति हजार	
8	सी.सी. इंटरलॉकिंग टाइल्स 80 एम.एम. सफेद	प्रति नग (एक)	
9	सी.सी. इंटरलॉकिंग टाइल्स 80 एम.एम. रंगीन	प्रति नग (एक)	
10	दीवार टाईल्स	प्रति वर्ग मी.	
11	फर्श टाईल्स	प्रति वर्ग मी.	
12	सरिया	प्रति कुंतल	
13	लोहे का जाल	प्रति कुंतल	
14	मिटटी-दूरी सहित	प्रति घन मी.	
15	लोकल रेत	प्रति घन मी.	
16	बाल पेंटिंग	प्रति वर्ग मी.	
17	दीवार पुताई/समोशन 2 कोट	प्रति वर्ग मी.	
18	इंडिया मार्का हैण्डपम्प रिवोर	प्रति नग	
19	सैनेट्री सामग्री	प्रति नग	
20	बिजली उपकरण	प्रति नग	
21	लोहे का फेन्सिंग तार	प्रति किग्रा.	
22	आयरन एंगिल	प्रति किग्रा.	
23	फर्नीचर/बेंच	प्रति नग	
24	सी.सी. बेंच	प्रति नग	
25	डस्टबिन	प्रति नग	
26	स्ट्रीट एल.ई.डी. लाईट	प्रति नग	
27	वारवेट वायर	प्रति मी.	
28	फर्नीचर स्कूल बेंच कम्पलीट	प्रति नग	
29	पेन्ट	प्रति लीटर	
30	प्राईमर (लोहा लकड़ी)	प्रति लीटर	
31	शौचालय शीट	प्रति नग	
32	हैण्डपम्प मरम्मत उपकरण	नग/फीट	
33	आर.सी.सी. पिलर	नग/बैग	
34	वालपुटटी	बैग	
35	पी.वी.सी. पाईप	मीटर	
36	वाटर स्टोरेज टैंक	प्रति नग 1000 ली.	
37	प्लाईबोर्ड	प्रतिफिट	
38	रनिंग वाटर सप्लाई उपकरण	प्रति नग/फिट	
39	लोहे का गेट	प्रति कुंतल	
40	आर्यन सीट/Roof सीट	प्रति किलो.	
41	माईका सीट	प्रति नग	

ग्राम प्रधान हैदराबाद
वि0ख0 जुनावई सम्भल

ग्राम सचिव हैदराबाद
वि0ख0 जुनावई सम्भल

एनपीएस खाते में जमा की जाए धनराशि

संवाददाता, बिजनौर

अमृत विचार : अटेवा पेंशन बचाओ मंच उत्तर प्रदेश जनपद शाखा ने जिला संरक्षक भूपेंद्र कुमार एवं मोहित शर्मा के नेतृत्व में जनपद के अशासकीय माध्यमिक विद्यालय में एनपीएस कटौती की लेजर एवं मार्च 2023 से एनपीएस की हो रही कटौती को समय से शिक्षकों एवं कर्मचारियों के एनपीएस खाते में जमा कराने के संबंध में जिला विद्यालय निरीक्षक रामाज्ञा कुमार को ज्ञापन दिया।

प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पश्चिम जोन प्रभारी चंद्रहास सिंह ने कहा कि जनपद के 2005 के बाद नियुक्त शिक्षकों एवं कर्मचारियों की निरंतर कटौती तो हो रही है लेकिन विद्यालय स्तर पर कोई भी एनपीएस कटौती का ब्यौरा नहीं है। इससे शिक्षकों एवं कर्मचारियों में एनपीएस कटौती की धनराशि को लेकर संदेह की स्थिति है। मार्च 2023 से एनपीएस कटौती एनपीएस खाते में समय से जमा न होने पर खेद व्यक्त किया। एनपीएस कटौती का व्यवस्थित ब्यौरा कराने के लिए लेजर बनवाने एवं मार्च 2023 से हो रही कटौती की धनराशि को समय से एनपीएस खाते में जमा कराने की मांग की। जिला विद्यालय निरीक्षक ने संगठन की दोनों मांगों को अविलंब पूरा करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर जिला कोषाध्यक्ष विनीत कुमार गहलौत, मनोज कुमार यादव, केपी सिंह, चौधरी भूपेंद्र सिंह, विजय कुमार यादव आदि मौजूद रहे।

जिला विद्यालय निरीक्षक रामाज्ञा कुमार को ज्ञापन देते कर्मचारी। ● अमृत विचार

मांग

▸▸ **एनपीएस कटौती खाते में समय से जमा न होने पर जताया खेद**

▸▸ **जिला विद्यालय निरीक्षक ने दिया मांग पूरी करने का आश्वासन**

पर्व को शांति और भाईचारे के साथ मनाएं

स्योहारा, अमृत विचार : रविदास जयंती को लेकर थाना परिसर में अमन कमेटी की बैठक हुई। सीओ सर्वम सिंह, एसडीएम धामपुर रितु रानी ने संयुक्त रूप से इस पर्व को शांति और भाईचारे के साथ मनाने की अपील की।

बताया कि सभी आयोजक प्रभात फेरी की वीडियो ग्राफी करेंगे। पर्व में शराब की बिक्री ना हो। प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र सिंह ने भी सभी से सहयोग की अपील की। सभासद के पति विजय पाल सिंह ने कहा कि अनुमति के लिए उसी दिन परेशान होना पड़ता है। इसलिए पहले से ही अनुमति दी जाए तो आयोजक परेशान नहीं होंगे।

इस मौके पर मास्टर एमपी सिंह, विजय पाल सिंह, मोनू, शैलेंद्र उर्फ बब्बू, वीर सिंह, तुगल सिंह, राजपाल प्रधान, पवन कुमार, मदनपाल आदि के अलावा क्षेत्र के कई ग्रामों से लोग भी मौजूद रहे।

कार्यक्रम में प्रमाण पत्र देते पूर्व सांसद डॉ. यशवंत सिंह। ● अमृत विचार

लाभार्थियों को बांटे प्रमाण पत्र

संवाददाता, किरतपुर

अमृत विचार : नगर पालिका परिसर में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भाजपा की योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया गया। मुख्य अतिथि भाजपा के पूर्व सांसद डॉक्टर यशवंत सिंह तथा उप जिला अधिकारी नजीबाबाद राजबहादुर सिंह रहे। विशिष्ट अतिथि नगर अध्यक्ष योगेंद्र राजपूत रहे। संचालन कैप्टन मजहर नामी ने किया। कार्यक्रम में विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए तथा उनके द्वारा मेरी कहानी मेरी जुबानी के अंतर्गत अपने अनुभवों को भी साझा किया गया। मुख्य अतिथि ने लाभार्थियों को पांच प्रण दिलाए। अधिशासी अधिकारी मेघा गुप्ता ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। व्यापार मंडल अध्यक्ष आबिद खान, सोनू वर्मा, सभासद कन्हैया राणा, मयंक अग्रवाल, अंकुश जैन, रमन सहाय संजय चौहान तथा कार्यालय के प्रधान लिपिक हसन मुस्तफा, लेखाकर सुरेंद्र, टैक्स कलेक्टर बाबूराम, ज्ञानेश्वर, उपेंद्र, मुस्तकीम, संजीव, सोनू, प्रशान्त, नासिर आदि कर्मचारी उपस्थित रहे।

एक नजर

दिव्यांग महिला के घर जाकर खोला खाता

हापुड़, अमृत विचार : सुकन्या योजना के तहत डाकघर की जिला शाखा के कर्मी ने दिव्यांग महिला के घर जाकर उसकी बेटी का सुकन्या खाता खोलने के लिए उनके घर से पैसे लाकर जमा कराने का सराहनीय कार्य किया । इस दिव्यांग महिला ने डाकघर में फोन कर अपनी समस्या जिला शाखा को बताई थी कि वह दिव्यांग है और अपने ग्राम घर से आने में असमर्थ है । इस पर प्रधान डाकघर के पोस्टमैन नीरज कुमार ने दिव्यांग महिला के घर जाकर पैसे लेकर जमा कराए और वापस पासबुक उनके घर पहुंचा कर सराहनीय कार्य किया ।

तहसील दिवस आगामी मंगलवार को होगा : डीएम

हापुड़, अमृत विचार : जिलाधिकारी प्रेरणा शर्मा ने बताया कि 17 फरवरी शनिवार को उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा तथा 19 फरवरी को ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी का आयोजन होना है । जिसके चलते 17 फरवरी को आयोजित होने वाला तहसील दिवस आगामी मंगलवार 20 फरवरी को आयोजित किया जाएगा ।

हर गली, नुक्कड़ पर दंगाइयों के पोस्टर चस्पा, तलाश तेज

मास्टर माइंड अब्दुल मलिक समेत सभी फरार 9 लोगों के पोस्टर जारी

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : मास्टर माइंड अब्दुल मलिक समेत बनभूलपुरा दंगे के फरार सभी 9 आरोपियों के खिलाफ पोस्टर पुलिस ने जारी कर दिए हैं। शुक्रवार को हर गली, नुक्कड़ पर पुलिस ने इनके पोस्टर चस्पा किए। रेलवे स्टेशन और बस अड्डों के साथ अन्य सार्वजनिक स्थानों पर भी पुलिस की अलग-अलग टीमों ने पोस्टर लगाए और जनता से इनके बारे में जानकारी देने की अपील की। इन पोस्टर को पूरे प्रदेश में लगाया जाएगा।

बता दें कि बीती 8 फरवरी को बनभूलपुरा में दंगा भड़का था। पुलिस, प्रशासन और नगर निगम की टीम जब मलिक का बगीचा में नजूल की भूमि पर बने अवैध मदरसे और धार्मिक स्थल को ढहाने पहुंची तो स्थानीय लोगों ने टीम पर पथराव शुरू कर दिया। करीब 4 घंटे पथराव लगातार हुआ।

> सभी फरार आरोपियों के खिलाफ पोस्टर जारी कर दिए गए हैं। पुलिस की अलग-अलग टीमों ने शहर में कई स्थानों पर पोस्टर चस्पा कर दिए हैं। इसके अलावा नंबर जारी कर आम लोगों से इस संबंध में सूचना देने की अपील की गई है।
> **– प्रह्लाद नारायण मीणा,** एसएसपी नैनीताल

टीमें जब वापस लौटने लगीं तो आगजनी कर उन्हें घेर लिया गया। फिर उन पर जलते टायर, पेट्रोल बम, पत्थर और गोलियां बरसाई गईं। इस दंगे का मास्टर माइंड लाइन नंबर 8 बनभूलपुरा निवासी अब्दुल मलिक पुत्र अब्दुल रज्जाक को माना गया, जो मलिक का बगीचा में नजूल की भूमि पर अपना दावा ठोंक रहा था। घटना की रात से ही अब्दुल मलिक अपने बेटे अब्दुल मोईद समेत फरार हो गया। पुलिस ने दंगाइयों की पहचान कर तलाश शुरू की तो आरोपी फरार होने लगे।

मामले में पुलिस ने जिन 18 लोगों को नामजद किया था, उनमें से 9 की गिरफ्तारी अभी तक नहीं हो सकी। जिसके बाद सभी के खिलाफ गैर जमानती वारंट (एनबीडब्ल्यू) जारी किया गया। जबकि मास्टर माइंड मलिक और उसके फरार बेटे मोईद के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी हुआ। शुक्रवार को पुलिस ने मास्टर माइंड मलिक समेत फरार सभी आरोपियों के पोस्टर जारी कर दिए।

पीएम के कार्यक्रम स्थल पर कड़े सुरक्षा प्रबंध, अवांछितों का प्रवेश प्रतिबंधित

कार्यालय संवाददाता, संभल

अमृत विचार : संभल के ऐंचौड़ा कम्बोह में कल्कि धाम शिलान्यास कार्यक्रम में 19 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन को देखते हुए आयोजन स्थल पर सुरक्षा इंतजाम कड़े कर दिए गए हैं। प्रधानमंत्री के हैलीपेड, सभा स्थल आदि पर बाहरी लोगों का आवागमन रोक दिया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 19 फरवरी को ऐंचौड़ा कम्बोह में कल्कि धाम का शिलान्यास करने के लिए आ रहे हैं। शिलान्यास कार्यक्रम के बाद प्रधानमंत्री यहां एक बड़ी सभा को भी संबोधित करेंगे। आयोजन स्थल पर जहां हैलीपेड बनकर तैयार हो गए हैं, वहीं सड़क व पंडाल का काम भी लगभग पूरा हो गया है। प्रधानमंत्री के आगमन में अब महज दो दिन बचे हैं तो सुरक्षा की कमान केंद्रीय एजेंसियों ने संभाल ली है। आयोजन स्थल पर बाहरी व अवांछित लोगों का प्रवेश रोक दिया गया है। अब जिला प्रशासन द्वारा जारी पास से ही एंट्री देने की व्यवस्था लागू की जा रही है। बम निरोधक दस्ता प्रधानमंत्री के कार्यक्रम स्थल पर सक्रिय रहकर जांच पड़ताल और निगरानी कर रहा है। अधिकारी आयोजन की व्यवस्थाओं को भी जल्द से जल्द पूरा करने में लगे हैं। जिलाधिकारी मनीष बंसल ने शुक्रवार को ऐंचौड़ा कम्बोह में अधीनस्थ अधिकारियों के साथ बैठक कर प्रधानमंत्री के कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा की।

पूरे जनपद में सतर्कता

संभल अमृत विचार : 19 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन को देखते हुए ऐंचौड़ा कम्बोह ही नहीं बल्कि संभल नगर और संपूर्ण जनपद में सतर्कता का माहौल है। पुलिस संदिग्ध लोगों पर निगाह रखे हुए है। शुक्रवार सुबह को कई जगह होटलों की भी औचक चेकिंग की गई। मुख्य मार्गों पर भी चेकिंग और जांच पड़ताल के लिए अभियान चलाया जा रहा है।

सार-संक्षेप

प्रधानमंत्री को एक्स पर मैसेज भेजते समिति पदाधिकारी। ● अमृत विचार

संभल - गजरौला रेल लाइन विस्तारीकरण के लिए संगठनों ने प्रधानमंत्री मोदी को भेजे संदेश

संभल, अमृत विचार : मानव विकास जनसेवा समिति ने 19 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संभल आने को लेकर स्वागत करते हुए उनसे संभल से गजरौला रेल लाइन विस्तारीकरण की घोषणा करने की मांग की है। समिति के सदस्यों ने कहा कि समिति कई संस्थाओं से रोजाना एक्स पर पीएम को मैसेज करा रही है। शनिवार को चौधरी सराय और नगर के मुख्य बाजारों में जाकर लोगों से समर्थन जुटाया जाएगा। कहा कि लोग भी रेल लाइन का महत्व समझकर अधिक से अधिक मैसेज करें। प्रधानमंत्री ने दो दर्जन से अधिक नई रेलवे लाइन का जाल बिछाया है। उम्मीद है कि संभल की मांग को भी स्वीकार किया जाएगा। इस दौरान डॉ.मुहम्मद नाजिम, रविराज चाहल एडवोकेट, सफदर अली अल्वी, डॉ.शाहवेज, शकील मलिक, मोहसिन अली, कमांडर अली, अनवर अली, महावीर यादव, कैलाश सिंह, गजराज सिंह, रामपाल, चौधरी वसीम एडवोकेट, नवाब साद आदिल आदि रहे।

बूढ़े बाबू के मेले में तालाब में स्नान करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

बूढ़े बाबा के मेले में प्रसाद चढ़ाकर मांगी मनौती

असमोली, अमृत विचार : असमोली में चल रहे बूढ़े बाबा के मेले में शुक्रवार को बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना कर प्रसाद चढ़ाया और मनौती मांगी। बूढ़े बाबा के मेले में शुक्रवार को सुबह से ही क्षेत्र के आसपास के गांवों, हयातनगर और सरायतरीन से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। श्रद्धालुओं ने चर्म रोगों से मुक्ति के लिए तालाब में स्नान किया। श्रद्धालुओं ने मंदिर में प्रसाद चढ़ाकर मनौती मांगी। पूजा अर्चना का सिलसिला घंटों तक चलता रहा। मेले में लगी सौंदर्य प्रसाधन के सामान की दुकानों पर महिलाओं की भीड़ रही। बच्चों ने खेल खिलौने खरीदे। श्रद्धालुओं की सुरक्षा में पुलिस बल मुस्तैद रहा।

चेक बाउंस केस में प्रधानाचार्या को 3 माह की सजा

काशीपुर, अमृत विचार : तृतीय एसीजे की अदालत ने चेक बाउंस के मामले में एक निजी स्कूल की प्रधानाचार्या को तीन माह के कारावास और एक लाख रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। रामनगर रोड स्थित एआर इंटरनेशनल के प्रोपराइटर अभिनव अग्रवाल ने अपने अधिवक्ता राकेश दुआ के माध्यम से कोर्ट में परिवाद प्रस्तुत किया था कि एक निजी स्कूल की प्रधानाचार्या ने अपने स्कूल की मरम्मत के लिए 2 सितंबर 2021 को 40,141 रुपये का सरिया और 6 सितंबर 2021 को 46,909 रुपये का सीमेंट खरीदा था। बिल भुगतान की एवज में प्रधानाचार्य ने उसे 87 हजार रुपये का चेक दिया था। यह चेक उसने 4 अक्टूबर 2021 को केनरा बैंक की काशीपुर शाखा के अपने अकाउंट में लगाया, लेकिन 12 अक्टूबर 2021 को चेक बाउंस हो गया। परिवाद पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने आरोपी प्रधानाचार्य को तलब किया। दोनों पक्षों को सुनने और पत्रावली का परिशीलन कर अदालत ने आरोपी प्रधानाचार्या को धारा 138 एनआई एक्ट का दोषी पाया। तृतीय एसीजे हर्षिता शर्मा की अदालत ने आरोपी प्रधानाचार्या को तीन माह की कैद और एक लाख रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है।

भाजपाइयों को सौंपी गई कार्यक्रम की जिम्मेदारियां

कार्यालय संवाददाता, संभल

अमृत विचार: ऐंचोड़ा कम्बोह में 19 फरवरी को प्रधानमंत्री के आगमन को देखते हुए भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिसोदिया ने पार्टी पदाधिकारियों के साथ बैठक कर उन्हें जिम्मेदारियां सौंपीं। बताया कि किस तरह लोगों को बसों से आयोजन स्थल तक लाया जायेगा।

आयोजन स्थल पर आयोजित बैठक में सत्येंद्र सिसोदिया ने भाजपा पदाधिकारियों के साथ बैठक में कल्कि धाम शिलान्यास कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन के मद्देनजर व्यवस्थाओं को लेकर बिंदुवार समीक्षा की। सभी कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों को पार्टी द्वारा दी गई व्यवस्था में अपनी जिम्मेदारी के अनुसार कार्य करने के लिए कहा। गांवों में बसें भेजने से लेकर आयोजन स्थल तक लोगों को लाने तक की व्यवस्था पर गहन मंथन हुआ। क्षेत्रीय महामंत्री हरीश ठाकुर ने कहा कि संभल में हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आना ही संभल लोकसभा के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। सभी सौभाग्यशाली हैं पहली बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संभल आ रहे हैं। सभी को मिलकर व्यवस्था में लगे रहना होगा। राज्य मंत्री गुलाब देवी ने कहा कि कल्कि धाम का शिलान्यास होने से क्षेत्र की तस्वीर बदल जायेगी। जिला अध्यक्ष चौधरी हरेंद्र सिंह ने सभी कार्यकर्ताओं का आभार प्रकट किया। बैठक में क्षेत्रीय मंत्री अनूप वाल्मीकि, अभिषेक कौशिक, मंजू दिलेर, परमेश्वर लाल सेनी, ओमवीर सिंह,, उदय गिरी, डा. अनामिका यादव, राकेश सिंह, पंकज गुप्ता, अर्जुन बाल्मीकि, योगेंद्र त्यागी आदि उपस्थित रहे।

प्रधानमंत्री के कार्यक्रम की तैयारियां देखते भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष व अन्य नेता।

असालतपुर जारई में ज्ञापन सौंपते किसान संघर्ष समिति के पदाधिकारी।

घर में नजरबंद भाकियू असली नेता ऋषिपाल सिंह यादव। ● अमृत विचार

भारत बंद को किसान संगठनों का रहा समर्थन

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

▸▸ **किसानों ने प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार व कोतवाल को सौंपा**

अमृत विचार: संयुक्त किसान मोर्चा ने 16 फरवरी को भारत बंद का आह्वान किया था । जिसमें सड़क व रेल मार्ग जाम करने की बात कही गई थी। किसान मोर्चा के आह्वान के बाद प्रशासन व पुलिस में हड़कंप मच गया। शुक्रवार को पुलिस ने किसान नेताओं को घर पर नजरबंद कर दिया । किसान नेताओं ने अपने-अपने घर पर नायब तहसीलदार व कोतवाल को ज्ञापन सौंपे।

किसान मोर्चा के आह्वान पर शुक्रवार की सुबह से ही प्रशासन व पुलिस सक्रिय हो गया। सुबह से किसान नेताओं को घर पर नजरबंद कर दिया और पुलिस बल तैनात कर दिया। भारतीय किसान यूनियन टिकैत के प्रदेश प्रमुख महासचिव विजेंद्र सिंह यादव के प्रगति विहार आवास पर सैकड़ों किसान पहुंचे और भारत बंद को सफल बनाने पर चर्चा की। यहां किसानों ने प्रधानमंत्री को संबोधित आठ सूत्रीय ज्ञापन प्रभारी निरीक्षक अतर सिंह को सौंपा। किसानों ने कहा कि उक्त समस्याओं से 19 फरवरी को प्रधानमंत्री के जनपद में आमगन पर ज्ञापन सौंप अवगत कराया जाएगा।

इसके बाद जनपद में शीघ्र ही बड़ा आंदोलन किया जाएगा। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष मनपाल सिंह, रामवीर सिंह यादव, महावीर सिंह, शिशुपाल सिंह, हाजी अजीम, देशराज सिंह, विपिन यादव, हैदर अली, राजेश मौर्य, विमल यादव, धर्मेंद्र प्रधान, पुष्पेंद्र सिंह, हरि सिंह, राशिद अली, लल्ला बाबू, नरेंद्र पप्पू, ऋषिपाल सिंह, गनेशी सिंह, विजेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

उधर गांव असालतपुर जारई में राष्ट्रीय किसान संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार को सौंपा। ज्ञापन देने वालों में राष्ट्रीय अध्यक्ष रामेश्वर दयाल शर्मा, शलभ शर्मा, राहुल कश्यप, संजीव राघव, देवपाल जोशी, हरद्वारी, संजय शर्मा, नीलकमल, हरिओम शर्मा, नरेश शर्मा, ओमकार सिंह, रामपाल, अमित राघव, पप्पू राघव आदि मौजूद रहे।

भारत बंद को लेकर किसान नेता नजरबंद

संभल, अमृत विचार : किसान संगठनों के भारत बंद को लेकर शुक्रवार को पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड पर रहा। शहर कस्बों के बाजार रोजाना की तरह खुले। इस बीच पुलिस ने एक दर्जन से अधिक किसान नेताओं को घरों पर ही नजरबंद किया। भारत बंद को लेकर जनपद संभल में पुलिस प्रशासन ने तैयारी की थी। रात को ही तमाम किसान नेताओं को उनके घरों पर पुलिस बैठा दी गई थी। शुक्रवार को शाम तक इन नेताओं के घरों पर पुलिस का पहरा रहा। विभिन्न प्वाइंटों पर पुलिस की मुस्तैदी के साथ ही निगरानी के इंतजाम किए गए थे। सूचना तंत्र को भी सक्रिय किया गया था। शुक्रवार को सुबह से ही पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड पर रहा। इस बीच संभल और दूसरे शहर कस्बों में बाजारों में दुकानें रोजाना की तरह खुली। लोगों ने बाजारों में दुकानों पर पहुंचकर खरीदारी की। पुलिस भी हर गतिविधि पर निगाह जमाए रही। रोजाना की तरह बाजार खुले।

पुलिस पर जानलेवा हमले में दो आरोपियों को पांच वर्ष की सजा

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

▸▸ **15 मई 2011 को थाना रजपुरा क्षेत्र के गांव चमरपुरा में हुई थी घटना**

अमृत विचार: अदालत ने पुलिस टीम पर जानलेवा हमले के दो आरोपियों को पांच वर्ष दो माह की सजा और 6500 रुपये का जुर्माना लगाया है। घटना थाना रजपुरा क्षेत्र के गांव चमरपुरा में 15 मई 2011 को हुई थी।

वादी तत्कालीन एसआई विपिन कुमार मौर्य ने थाना रजपुरा पर अभियुक्त लोचन पुत्र रक्षपाल व बाबाजी पुत्र जयपाल निवासी गांव चमरपुरा के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कराया गया था। जिसमें बयां किया कि 15 मई 2011 को एसआई विपिन कुमार मौर्य अपनी टीम के साथ मोटरसाइकिल से गश्त पर थे। गांव सिकंदरपुर खागी से होते हुए चमरपुरा तिराहा पर पहुंचे तो वहां पहले से ही काफी लोग इकट्ठा थे और रामदास की हत्या को लेकर एक दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगा रहे थे। भीड़ को समझाने का प्रयास किया तो नहीं माने और पुलिस कर्मियों से गाली-गलौच शुरु कर दी। जालिम पुत्र डोरीलाल, मनोज पुत्र अशोक, अशोक पुत्र हीरा सिंह, श्रीपाल पुत्र गनपत सत्यपाल पुत्र भूरे, प्रेमपाल पुत्र श्यौदान, लोचन पुत्र रक्षपाल, उमेश पुत्र रामेश्वर, औतारी पुत्र डोरीलाल, उदयवीर निवासी गण गांव चमरपुरा ने पुलिस टीम पर अवैध असलाहों से फायरिंग शुरू कर दी। जिससे पुलिस कर्मी बाल-बाल बचे। फायरिंग से ट्रैक्टर-ट्राली में बैठे बारातियों में दहशत व्याप्त हो गई। पुलिस ने तीन लोगों जालिम, मनोज व अशोक को तमंचों के साथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने साक्ष्यों को जुटा कर अदालत में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। मुकदमा न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश संभल स्थित चन्दौसी में विचाराधीन था। अभियोजन पक्ष से सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता धनन्जय पाण्डेय ने साक्ष्यों के आधार पर दलीलें पेश कीं। शुक्रवार को मुकदमें का फैसला सुनाते हुए न्यायाधीश आरती फौजदार ने अभियुक्त लोचन व बाबाजी को दोषी करार देते हुए पांच साल की सजा सुनाई। जेल में बितायी अवधि सजा में समायोजित की जाएगी।

सामूहिक विवाह कार्यक्रम में रस्म अदा करते परिजन। ● अमृत विचार

सामूहिक विवाह कार्यक्रम में एक दूजे के हुए 119 जोड़े

संवाददाता, बबराला

अमृत विचार : बगीचा बारात घर में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत 119 युगल की शादी कराई गई। एक पंडाल में मंत्रोच्चार के साथ जोड़ों ने फेरे लिए और दूसरी तरफ निकाह पढ़ाया गया।

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत आयोजित हुए शादी समारोह में शुक्रवार को सुबह से ही जोड़ों का पहुंचना शुरू हो गया था। कार्यक्रम में रीति रिवाज के अनुसार जोड़ों की शादी संपन्न कराई गई। पूर्व मंत्री अजीत कुमार उर्फ राजू यादव ने नव दंपतियों को आशीर्वाद दिया। नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देने के लिए नगर पंचायत चेयरमैन हर्ष वर्धन वार्ष्णेय भी पहुंचे। जिला समाज कल्याण अधिकारी चंद्रभूषण ने बताया कि कार्यक्रम में 119 जोड़ों की शादी कराई गई। जिसमें 114 हिंदू जोड़े और 5 मुस्लिम जोड़े शामिल रहे। इस दौरान बीडीओ गुन्नौर नरेश पाल सिंह, जुनावई बीडीओ अखिलेश कुमार, अधिशासी अधिकारी अमरेश तिवारी, एडीओ उमेश कुमार, नाजिम अली, महेश सिंह के अलावा ब्लॉकों के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

ऑपरेशन स्माइल: लापता युवक को परिजनों को सौंपा

हापुड़, अमृत विचार: पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देश में जनपद में चलाए जा रहे ऑपरेशन स्माइल अभियान के तहत थाना बहादुरगढ़ पुलिस ने गुमशुदा युवक को दिल्ली से सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द किया है।

इससे परिवार में खुशी के कारण परिजनों की आंखे भर आई । परिजनों ने पुलिस का आभार जताकर प्रसंशा की।

नाम परिवर्तन

मैने अपना नाम फैमिना अहमद से बदलकर सबा अहमद रख लिया है सबा अहमद पत्नि अन्सार अहमद सय्यद निवासी शाहबाद गेट अट्टा अल्लानूर रामपुर।

सम्बन्ध-विच्छेद

मैंने अपने छोटे पुत्र शमशेर सिंह व उसकी पत्नी से समस्त रिश्ते नाते समाप्त करते हुये उन्हें अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में अपने कृत्यों के ये स्वंय जिम्मेदार होंगे। गुरदीप सिंह पुत्र श्री चन्ना सिंह निवासी गोकल नगरी तहसील बिलासपुर जिला रामपुर।

मुरादाबाद विकास प्राधिकरण, मुरादाबाद

सार्वजनिक सूचना

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि गाटा सं0-663 ग्राम मंगूपुरा दिल्ली रोड मुरादाबाद की 245.93 वर्गमी० भूमि पर रिटेल शॉप के निर्माण हेतु ऑन लाइन मानचित्र सं0-MBDA/BP/23-24 / 0334 स्वीकृत हेतु आवेदन प्राप्त हुआ है। मुरादाबाद महायोजना-2021 के अनुसार प्रश्नगत स्थल का भू-उपयोग आवासीय (आर-1) के अन्तर्गत प्रदर्शित है। मुरादाबाद महायोजना-2021 के जोनिंग रेगूलेशन्स के प्राविधान के अनुसार आवासीय (आर-1) मू-उपयोग में रिटेल शॉप क्रिया सशर्त अनुमन्य है, जिसमें न्यूनतम पहुँच मार्ग 12.00 मीटर चौड़ा होने की शर्त अंकित है। प्रश्नगत भूखण्ड 46.00 मीटर चौड़ी सड़क पर स्थित है, जिससे उक्त शर्त का अनुपालन होता है। महायोजना 2021 के जोनिंग रेगूलेशन के अनुसार प्रश्नगत मानचित्र स्वीकृति से पूर्व एक माह का समय देते हुए जनसामान्य से आपत्ति / सुझाव आमंत्रित किये जाने का प्राविधान हैं। अतः उपरोक्तानुक्रम में जनसामान्य से विज्ञप्ति प्रकाशन की तिथि से एक माह के अन्दर आपत्ति / सुझाव आमंत्रित किये जाते है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था अपना कोई आपत्ति / सुझाव देना चाहें, तो नगर नियोजक / प्रभारी, मानचित्र, मुरादाबाद विकास प्राधिकरण, मुरादाबाद के प्रथम तल पर स्थित कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित तिथि के उपरान्त प्राप्त किसी आपत्ति / सुझाव पर विचार नहीं किया जायेगा।

सचिव,
मुरादाबाद विकास प्राधिकरण,
मुरादाबाद

रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल
BAREILLY
पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
विशाल चिकित्सा शिविर
हड्डी रोग विभाग | स्त्री रोग विभाग | बाल रोग विभाग
शैल्य रोग (सर्जरी) विभाग | मेडिसिन विभाग | चेस्ट एवं टी.बी विभाग
यह सुविधा 15 फरवरी 2024 से 26 फरवरी 2024 तक
समस्त रोगों के इलाज की उच्च स्तरीय सुविधाएं
रजिस्ट्रेशन शुल्क मात्र 20/- रूपये
डॉक्टर द्वारा परमार्श मुफ्त | भर्ती एवं पलंग मुफ्त | मुफ्त सामान्य ऑपरेशन
भर्ती मरीजों की मुफ्त जाँचें | नार्मल व सिजेरियन डिलीवरी मुफ्त | भर्ती मरीजों का एक्स-रे मुफ्त
भर्ती मरीजों का अल्ट्रासाउण्ड मुफ्त | ब्रेन एमआरआई 1500/- में स्पाईन एमआरआई 2000/- में हैड सीटी 800/- में | फाईलेरिया अभियान के अन्तर्गत फाईलेरिया की दवाई रोहिलखण्ड हॉस्पिटल में कमरा नं. 1167 में मुफ्त में मिलेगी।
भर्ती मरीजों की दवाईयाँ भारी छूट पर
रोहिलखण्ड हॉस्पिटल में इम्पैनल्ड संस्थायें

इम्पैनल्मेंट संस्थाओं के नाम (कैशलेस-इलाज)
1. आयुष्मान भारत योजना
2. राष्ट्रीय अन्धता नियंत्रण कार्यक्रम (NBCP)
3. हौसला साझेदारी (परिवार नियोजन)
4. सी.ए.आर.आई. (CARI)
5. एक्स-सर्विसमैन कंट्रब्यूटरी हेल्थ स्कीम (ECHS)
6. आई.वी.आर.आई. (IVRI)
7. कर्मचारी राज्य बीमा कारपोरेशन (ESIC)
8. बी.एस.एन.एल.

इम्पैनल्मेंट टी.पी.ए. कंपनी (कैशलेस-इलाज)
1. एचडीएफसी एर्गो
2. एरिकसन इंश्योरेंस प्राइवेट लिमिटेड
3. सेफवे इंश्योरेंस टी.पी.ए. प्राइवेट लिमिटेड
4. रिलायंस हेल्थ इंश्योरेंस
5. आदित्य बिरला ग्रुप जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड
6. जेनिन्स इंश्योरेन्स कंपनी लिमिटेड

*T&C Apply
हैल्पलाइन नं. 9520876126, 9045372695, 8171925965
इमरजेंसी भर्ती की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध अनुभवी डाक्टरों की देख-रेख में
एन.ए.बी.एच.* 'राष्ट्रीय स्तर' द्वारा प्रमाणित संस्था

प्रयागराज में डॉ. राजेंद्र प्रसाद राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के उद्घाटन समारोह में बोले योगी आदियनाथ

सुशासन की पहली शर्त है रूल आफ लॉ: मुख्यमंत्री

राज्य ब्यूरो, प्रयागराज/लखनऊ



अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सुशासन की पहली शर्त रूल आफ लॉ है। बिना बार और बेंच के सहयोग के यह संभव नहीं है। प्रदेश में सुशासन मॉडल को स्थापित करने में बार और बेंच का हमेशा सहयोग मिला।

उन्होंने कहा कि आम जन का न्यायिक जगत पर विश्वास बना रहे हमें इस दिशा में कार्य करना चाहिए। अगर लोकतंत्र में जनता का विश्वास डगमगाया तो फिर उसको सड़कों पर उतरने में देर नहीं लगेगी। हम सबको भारत के लोकतंत्र के सभी स्तंभों को और मजबूती प्रदान करने के लिए हमेशा प्रयास करना चाहिए। योगी, शुक्रवार को प्रयागराज के मेडिकल एसोसिएशन के सभागार में डॉ. राजेंद्र प्रसाद राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के उद्घाटन समारोह में लोगों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में संवाद का विशेष महत्व होता है। अगर किसी को कोई समस्या होती है तो वह अपनी परेशानी के बारे में सीधे शासन को अवगत करा सकता है। समस्याग्रस्त व्यक्ति के पास शासन तक अपनी बात पहुंचाने के अनेक माध्यम हैं।

यह भी कहा कि संविधान ने भारत को उत्तर से दक्षिण और पूर्व से पश्चिम तक एकता के सूत्र में बांधने का कार्य किया। भारत के संविधान ने दुनिया को भी लोकतांत्रिक तरीके से आगे बढ़ने की प्रेरणा दी है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि संसद में तीन नए एक्ट बनें हैं। डॉ. राजेंद्र प्रसाद राष्ट्रीय विधि को यह जिम्मेदारी लेनी चाहिए कि प्रदेश भर के युवा अधिवक्ताओं के नए एक्ट सहित न्यायिक प्रक्रिया से जुड़ा प्रशिक्षण का एक विशेष कार्यक्रम यहां प्रारंभ हो। राज्य सरकार उसमें पूरा सहयोग करेगी।

पढ़ाई का माध्यम हिंदी हो : सीजेआई

संवाददाता, प्रयागराज

अमृत विचार : उच्चतम न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ ने शुक्रवार को यहां कहा कि विधि विश्वविद्यालय की शिक्षा सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों तक सुलभ जानी चाहिए। जिससे छोटे कस्बे के विद्यार्थी इस शिक्षा से वंचित ना रहें। डाक्टर राजेंद्र प्रसाद राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के उद्घाटन के मौके पर चंद्रचूड़ ने कहा, प्रौद्योगिकी ने हमें दूर दराज के विद्यार्थियों तक पहुंचने की क्षमता दी है।

विधि शिक्षा में विकास के बावजूद समकालीन विधि शिक्षा व्यवस्था केवल अंग्रेजी बोलने वाले शहरी बच्चों का पक्ष लेती है। उन्होंने कहा, "पांच विधि विश्वविद्यालय में विविधता को लेकर किए गए सर्वेक्षण से पता चलता है कि अंग्रेजी नहीं बोल पाने की वजह से विविध पृष्ठभूमि से आने वाले बच्चे इन विश्वविद्यालयों में दाखिला नहीं ले पाते। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चंद्रचूड़ ने कहा, "आज भाषिणी सॉफ्टवेयर की मदद से हमने 1950 से 2024 तक उच्चतम न्यायालय के करीब 36,000 फैसलों का अनुवाद किया है। इसका उद्देश्य ऐसे हर नागरिक तक इन्हें पहुंचाना है जो अंग्रेजी नहीं जानते और जनपद न्यायालयों में वकालत करते हैं। प्रधान न्यायाधीश ने डाक्टर राजेंद्र प्रसाद राष्ट्रीय विधि विवि प्रशासन से अपील की कि पढ़ाई का माध्यम हिंदी रखा जाना चाहिए ताकि प्रदेश से सर्वोत्तम विद्यार्थी, सर्वोत्तम अधिवक्ता बनें। उद्घाटन कार्यक्रम को मुख्यमंत्री, उच्चतम न्यायालय के न्यायमूर्ति मनोज मिश्र, इलाहाबाद उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश अरुण भंसाली, उत्तर प्रदेश के महाधिवक्ता अजय कुमार आदि ने संबोधित किया।

रेलवे के सेक्शन इंजीनियर ऑफिस में सीबीआई का छापा

हरदोई, अमृत विचार : बालामऊ जंक्शन पर उस वक्त अफरा. तफरी मच गई जब पता चला कि सीबीआई की टीम ने वहां उत्तर रेलवे के सीनियर सेक्शन इंजीनियर के ऑफिस में छापामारी की और पूछताछ के लिए उन्हें अपने साथ ले गई। उधर सीबीआई की तरफ से कुछ भी नहीं बताया गया है। बताते हैं कि शुक्रवार को सीबीआई की एक टीम बालामऊ जंक्शन पर सीनियर सेक्शन इंजीनियर दिनेश कुमार के ऑफिस पहुंची। दो सरकारी गाड़ियों से पहुंचे सीबीआई के अफसरों ने पहले तो वहीं पर कई घंटे तक छानबीन की। उसके बाद सीबीआई टीम ने ऑफिस में तैनात रेलवे कर्मियों को बाहर निकाल दिया और फिर उसके बाद सीनियर सेक्शन इंजीनियर दिनेश कुमार से पूछताछ शुरू की। सीबीआई के अफसरों ने सीनियर सेक्शन इंजीनियर के ऑफिस के कई अभिलेख अपने कब्ज़े में ले कर उन्हें व एक लैपटॉप और कुछ इलेक्ट्रॉनिक उपकरण भी सीज़ कर दिए।

सार-संक्षेप

आरओ-एआरओ परीक्षा पेपर लीक मामले में आयोग के गेट पर छात्रों ने किया हंगामा

प्रयागराज, अमृत विचार : उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की आरओ-एआरओ परीक्षा पेपर लीक मामले में शुक्रवार को एक बार फिर छात्रों ने आयोग के गेट पर हंगामा करते हु ए प्रदर्शन किया। इसके पहले गुरूवार को भी छात्रों ने हंगामा किया था। हंगामे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने हंगामा कर रहे छात्रों को समझाबुझा कर शान्त का दिया। पेपर लीक मामले में अभ्यर्थियों ने गुरुवार को आयोग के गेट पर प्रदर्शन किया था। उस दौरान पुलिस पहुंच गयी थी। शुक्रवार को कोअभयरथियों ने काफी संख्या में हंगामा करने के लिए पहुंच गये। सूचना मिलते हि पुलिस मौके पर पहुंची और छात्रों को समझाने का प्रयास करने लगी। हंगामा कर रहे छात्रों की मांग थी कि पेपर लीक होने से छात्रों का भविष्य अंधाकर में जा रहा है। इसलिए परीक्षा को निरस्त करते हुए दोबारा कराई जाए। यह कोई पहली बार नही हुआ है इससे पहले 2016 में भी आरओ-एआरओ परीक्षा का पेपर लीक हुआ था जिसके बाद आयोग ने दोबारा परीक्षा कराई थी। वही हंगामे के दौरान कई थानों की पुलिस पहुंच गई। दूसरी तरफ समीक्षा अधिकारी-सहायक और समीक्षा अधिकारी भर्ती परीक्षा के पेपर लीक मामले में तीन सदस्यीय बनाई गयी टीम ने अपनी जांच सुरु कर दी है। अभी इस जांच को गोपनीय रखते हुए अधिकारी मौन है।

समीक्षा अधिकारी परीक्षा देने वाली महिला ने की आत्महत्या

बाराबंकी, अमृत विचार : पुलिस भर्ती परीक्षा को लेकर जिला प्रशासन यूं ही नहीं परेशान है। गुरुवार को समीक्षा अधिकारी की परीक्षा देने वाली महिला ने फंदे से लटक कर आत्महत्या कर ली थी। घरवालों का कहना है कि संबंधित महिला उत्तर कुंजी पुस्तिका के लीक होने से परेशान थी। गुरुवार को घुंघटेर थाना क्षेत्र के डिंगरी निवासी अयोध्या प्रसाद की 30 वर्षीय पुत्री शिव देवी का शव संडे से लटकता हुआ पाया गया था। शिव देवी तलाकशुदा महिला थी। पति से तलाक के बाद वह मायके में रह रही थी। बुधवार की शाम अयोध्या प्रसाद का परिवार कहीं बाहर गया हुआ था। 4 घंटे बाद वापस लौटे तो घर के अंदर कमरे में शिव देवी का फंदे से लटकता हुआ शव संदिग्ध परिस्थितियों में उन्हें मिला। अयोध्या प्रसाद का कहना है कि पिछले दिनों शिव देवी ने टीआरसी कॉलेज में समीक्षा अधिकारी की परीक्षा दी थी। जिसकी उत्तर कुंजी लीक होने से वह परेशान थी।

दो गांठ लहसुन के पीछे वृद्ध को पीट-पीट कर मार डाला

फर्रुखाबाद, अमृत विचार : खेत से लहसुन की दो गांठ उखाड़ लेने पर खेत मालिक ने मारपीट कर दी। मारपीट में घायल हुए वृद्ध को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शमशाबाद में भर्ती कराया गया, जहां शुक्रवार दोपहर उसकी मौत हो गई। वृद्ध के घरवालों ने गांव के ही खेत मालिक के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी। गांव छिछौनापुर निवासी 62 वर्षीय हरीराम ने गुरुवार की शाम गांव के ही शैतान सिंह के खेत से लहसुन की दो गांठ उखाड़ ली थी। यह करते खेत के पास मौजूद शैतान सिंह ने देख लिया और उसने गालीगलौज की। थोड़ी देर मुंहाचाई के बाद शैतान सिंह ने हरीराम को लाठी-डंडों से पीटकर उसे मरणासन्न कर दिया। गंभीर रूप से घायल हरीराम की शुक्रवार को मौत हो गई।

मदरसा आधुनिक शिक्षकों ने प्रदर्शन किया

लखनऊ,अमृत विचार : अपनी मांगों को लेकर मदरसा आधुनिक शिक्षक पिछले 62 दिनों से ईको गार्डेन में धरना प्रदर्शन कर रहे है। शिक्षकों ने कहा कि कई बार आश्वासन के बाद भी अभी तक मुख्यमंत्री से बातचीत नहीं कराई गई है। प्रदेश मीडिया प्रभारी अनन्त प्रताप सिंह ने कहा कि मदरसा आधुनिकीकरण योजना देश के स्वर्गीय अटल बिहारी बाजपेई की ड्रीम योजना थी। कृष्ण कुमार कन्नौजिया, अजित प्रताप सिंह, राजेश श्रीवास्तव ने बताया कि यदि शीघ्र ही हमारी मांगों को पूरा नहीं किया गया तो शिक्षक आमरण अनशन, आत्मदाह, मुख्यमंत्री, विभागीय मंत्री, विधानसभा, सचिवालय एवं निदेशालय का घेराव करने पर मजबूर होंगे।

कारोबारी से ठग लिए 51 लाख एक राज्यमंत्री ने भी धमकाया

अल्पसंख्यक आयोग ने दिए मामले की जांच के आदेश

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार : काकादेव थानाक्षेत्र में एक ठग ने केमिकल कारोबारी से 51 लाख रुपये की ठगी कर ली। कारोबारी ने आरोप लगाया कि पैसे वापस मांगने पर उसे भाजपा के राज्यमंत्री के घर बुलाया गया और धमकाते हुए पैसे वापस न मांगने का दबाव बनाया। राज्यमंत्री ने भी धमकाया। जिसके बाद कारोबारी ने मामले की शिकायत मुख्यमंत्री, अल्पसंख्यक आयोग और पुलिस कमिश्नर से की। अल्पसंख्यक आयोग ने जांच के आदेश दिए हैं।

फजलगंज के रहने वाले हरजीत सिंह केमिकल कारोबारी हैं। उन्होंने केंद्रीय अल्पसंख्यक आयोग, मुख्यमंत्री और पुलिस कमिश्नर को भेजे गए पत्र में आरोप लगाया कि उनका काकादेव में रहने वाले एक युवक से कारोबार के सिलसिले में लेनदेन चलता था। उसने 20 लाख रुपये नगद और करीब 31 लाख रुपये का माल ले रखा था। रुपये मांगने पर उन्हें काकादेव में रहने वाले एक राज्यमंत्री के घर बुलाया गया। आरोप है कि इसके बाद मंत्री ने उन्हें धमकी देते हुए कहा कि अगर रुपये के लिए दबाव बनाया या फिर शिकायत की तो ठीक नहीं होगा। पीड़ित के अनुसार इसके बाद उन्होंने राज्यमंत्री और धोखाधड़ी करने वाले युवक के खिलाफ अल्पसंख्यक आयोग में शिकायत की। इसके साथ ही पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार से भी मिलकर रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए प्रार्थना पत्र दिया। इस सबंध में काकादेव प्रभारी निरीक्षक मानवेंद्र सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। अल्पसंख्यक आयोग ने मामले को संज्ञान में लिया है। अल्पसंख्यक आयोग की जांच के दायरे में राज्यमंत्री भी हैं।

19 तक जांच रिपोर्ट तलब

इस मामले में राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग भारत सरकार के अवर सचिव सुमन कुमार ने निष्पक्ष जांच कर 19 फरवरी तक रिपोर्ट तलब की है। पुलिस इस मामले में फूंक-फूंक कर कदम रख रही है। पुलिस को जानकारी मिली है कि ठग इससे पहले भी राज्यमंत्री के नाम पर कई लोगों को अपना शिकार बना चुका है।

अटल आवासीय विद्यालय में इसी सत्र से 9वीं कक्षा में पढ़ाई

लखनऊ, अमृत विचार : उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निमार्ग कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा संचालित अटल आवासीय विद्यालय में इसी सत्र से कक्षा 9 की पढ़ाई शुरू हो जाएगी। इसके लिए एक अप्रैल से दाखिले शुरू होंगे। 140 सीटों में आधी बालिकाओं के लिए आरक्षित की गई हैं। आवेदन फार्म 23 फरवरी तक मिलेंगे और प्रवेश परीक्षा 13 मार्च को होगी। श्रमिकों एवं कोविड में अनाथ हुए बच्चों के दाखिले अटल आवासीय विद्यालय में होते हैं। विद्यालय में दिव्यांग बच्चों के लिए आरक्षण की सुविधा दी गई है। सीबीएसई पाठ्यक्रम से संचालित अटल आवासीय विद्यालय में रहना, खाना और शिक्षा निशुल्क है। कक्षा 6 और 9 के दाखिले के लिए बच्चों की आयु 6 वर्ष से 14 वर्ष के बीच होनी चाहिए। अटल आवासीय विद्यालय का मुख्य उद्देश्य गरीब और असहाय बच्चों को उच्चस्तरीय एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना है।

बेटे ने की मां की ईट मारकर हत्या, आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता, मलिहाबाद

▸▸ दो बेटों के बीच विवाद में बचाव करने पहुंची थी मां

अमृत विचार : रहीमाबाद थानाक्षेत्र अन्तर्गत कल्याणपुर गहदो गांव में गुरुवार रात जमीन के विवाद को लेकर दो भाईयों के बीच झगड़ा होने लगा। इस पर मां मुमताज (65) बीच-बचाव करने लगी। तभी बेटा मां का सिर ईंट से कूंचकर घटनास्थल से भाग निकला। सूचना मिलते ही घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने महिला को सीएचसी माल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने महिला को मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद पुलिस ने हत्यारोपी बेटे के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

एसीपी मलिहाबाद वीरेंद्र विक्रम सिंह के मुताबिक, कल्याणपुर गहदो गांव में जमील पत्नी मुमताज समेत तीन बेटों और एक बेटी के साथ रहते हैं। जमील ने बताया कि गुरूवार देर शाम करीब 08.00 बजे बेटा खलील नशे में धुत होकर घर पहुंचा और रुपयों की मांग को लेकर उनसे झगड़ा करने लगा। इसी बड़ा बेटा सुफियान भाई खलील का विरोध करने लगा। जिसको लेकर दोनों भाईयों में झगड़ा बढ़ गया। जिसमें दोनों भाईयों के बीच मारपीट होने लगी। जमील ने बताया कि बेटों को आपस में लड़ता देख पत्नी मुमताज बीच-बचाव करने लगी। इस बीच पत्नी ने बड़े बेटे सुफियान को वहां से भगाया दिया और छोटे बेटे खलील को अकेले में समझाने लगी, लेकिन बेटा घर पर रखी ईंट से मां के सिर कूंच घटनास्थल से भाग निकला।

पति ने कुदाल से प्रहार पर पत्नी और बेटे को मौत के घाट उतारा

संवाददाता, सीतापुर

▸▸ पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर छानबीन शुरू की

अमृत विचार : इमलिया सुल्तानपुर थाना इलाके में घरेलू कलह के चलते पति ने खौफनाक वारदात को अंजाम दिया। आग बबूला पति ने कुदाल से ताबड़तोड़ प्रहार कर तीन वर्षीय बेटे सहित पत्नी को मौत के घाट उतार दिया। पुलिस ने मृतका के पिता की तहरीर के आधार पर आरोपी पति के खिलाफ केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। वारदात की रात पति-पत्नी के बीच झगडे. के बाद परिजनों ने स्वीकार की है। लखनऊ पुलिस ने आरोपी पति को हिरासत में लेकर सीतापुर पुलिस को सौंप दिया है।

थाना क्षेत्र के ग्राम पकरिया निवासी प्रदीप गिरी पुत्र वीरबली ने गुरुवार की देर रात अपनी पत्नी भूरा देवी उम्र 35 वर्ष तथा अपने मासूम बेटे आरुष (3 वर्ष) पर कुदाल से ताबड़तोड़ कई प्रहार कर दिया। हमले में पत्नी और बेटा दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजनों ने बताया कि लखनऊ ले जाते समय रास्ते में ही बेटे की मौत हो गई। जबकि ट्रामा सेंटर में महिला ने भी दम तोड़ दिया।

घटना की सूचना पर इमलिया सुल्तानपुर पुलिस व फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जांच-पड़ताल की। परिजनों के साथ एंबुलेंस में गए आरोपी पति को लखनऊ पुलिस ने हिरासत में लेकर मामले की पूछताछ कर रही है।

राम मंदिर के उत्सव में राष्ट्रपति और गरीबों के लिए जगह नहीं थी: राहुल

एजेंसी

चंदौली : कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि राम मंदिर के उत्सव में मोदी, अंबानी,अडाणी,और अन्य अरबपतियों के लिए लाल कालीन बिछा था, लेकिन देश की आदिवासी राष्ट्रपति, गरीबों, बेरोजगार युवाओं और किसानों के लिए जगह नहीं थी। राहुल गांधी यहां भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे।

बिहार से राहुल गांधी की यात्रा 34वें दिन शुक्रवार को दोपहर बाद चंदौली पहुंची जहां कांग्रेस नेताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। राहुल गांधी ने अपने संबोधन में मीडिया पर तंज कसते हुए कहा कि देश में अरबपतियों के लिए काम किया जा रहा है, किसानों की जमीन छीनी जा रही है, महंगाई बढ़ती जा रही है, बेरोजगारी बढ़ती जा रही है, लेकिन इसके बारे में क्या कभी टीवी पर देखा? उन्होंने कहा कि ये मोदी मीडिया आपको अमिताभ बच्चन को दिखा देंगे, ऐश्वर्या राय को दिखा देंगे, पाकिस्तान के व्याख्यान दिखा देंगे मगर बेरोजगारी और महंगाई के बारे में आपको मीडिया में नहीं दिखने वाला है। उन्होंने सवालिया लहजे में कहा कि राम मंदिर का उत्सव आपने देखा। राम मंदिर में नरेन्द्र मोदी आपको दिखे... मुझे बताओ राम मंदिर के उत्सव में क्या आपको कोई किसान दिखा, क्या एक भी गरीब व्यक्ति दिखा? अमिताभ बच्चन दिखे, अंबानी व अडाणी दिखे, हिंदुस्तान के सब अरबपति दिखे, भाजपा के एक दो नेता दिखे, लेकिन क्या आदिवासी राष्ट्रपति दिखीं आपको?

उन्होंने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि अगर आप अरबपति हो, नरेन्द्र मोदी के मित्र हो, तो जो भी जमीन चाहिए ले लो, जो भी हवाई अड्डा चाहिए ले लो, रेलवे चाहिए ले लो।

वर्ग पहेली-345

बाएं से दाएं

1. कक्ष, कमरा।
4. जो असहनीय हो, असह्य।
5. दूसरों की भलाई, दूसरे के हित का काम, उपकार।
7. 1. किसी द्रव को गले से नीचे उतारना 2. शराब पीना 3. हुक्का या सिगरेट आदि का धुआं खींचना 4. किसी तरल पदार्थ को सोख लेना 5. क्रोध को मन में ही दबा लेना।

ऊपर से नीचे

2. 1. जो सरकारी न हो, अराजकीय 2. जिसके लिए शासन जवाबदेह न हो 3. जनता द्वारा स्थापित या संचालित 3. ऋण, कर्ज़।
5. बच्चों का चुंबन, चुम्मी।
6. 1. पशुओं का खाद्य पदार्थ, जैसे- घास-भूसा, डंठल आदि 2. मछली पकड़ने के लिए कांटे में लगा केंचुआ आदि 3. उपाय, विकल्प 4. किसी को फंसाने के लिए दिया जाने वाला लालच। [मु.] -फेंकना : किसी को लोभ में फंसाने का प्रयास करना।



वर्ग पहेली - 344 का हल

1 चिं	2 गु	ड़	ना	
	ण		3 धा	
	सा		4 गो	र	सी
5 मं	ग	ल	पा	णि	
	र		6 च	क	ई
		7 ब	ल		
8 पां	व		9 झूँ	क	

सुडोकू-62

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

9			4					5
			9		3		1	
	8					6		9
		6			7			1
		3				7		
5			1				6	
6		1			8		3	
	2		3		9			6
4					5			7

सुडोकू - 61 का हल

1	2	8	9	5	4	3	6	7
6	5	3	2	1	7	9	8	4
4	7	9	3	6	8	2	5	1
9	4	2	5	7	3	8	1	6
8	6	5	1	4	2	7	9	3
3	1	7	8	9	6	5	4	2
2	9	1	6	3	5	4	7	8
5	3	4	7	8	1	6	2	9
7	8	6	4	2	9	1	3	5

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 17 फरवरी, शनिवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-माघ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि- अष्टमी 08.15 तक तत्पश्चात नवमी।

आज का पंचांग



दिशाशूल- पूर्व। ऋतु-शिशिर। चन्द्रबल-वृषभ, कर्क, सिंह, वृश्चिक, धनु, मीन।
ताराबल-भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-कृत्तिका 08.46 तक तत्पश्चात रोहिणी।

मेष — आज घर में उत्साह का वातावरण रहेगा। संतान को करियर में बेहतर विकल्प मिलने की संभावना बन रही है। गलत निर्णयों के कारण काफी परेशानी बढ़ सकती है। दोस्तों के साथ पारिवारिक समारोह में आप सम्मिलित हो सकते हैं।

वृष — आज ऑफिस में आप अपने सहकर्मियों के ऊपर भारी पड़ेंगे। व्यवसाय में बड़े अनुबंध कर सकते हैं। मार्केटिंग संबंधी गतिविधियों से आपको धन लाभ मिलेगा। आपको कहीं से शुभ सूचना मिलने की संभीवना बन रही है।

मिथुन — आज आप परिजनों की अपेक्षा पर खरे नहीं उतरेंगे। प्रदूषण वाली जगहों पर जाने से बचें। बैंकिंग से जुड़े लोगों को थोड़ी परेशानी होगी। व्यवसाय में लापरवाही भारी पड़ सकती है। पति-पत्नी के आपसी संबंधों में थोड़ा तनाव हो सकता है।

कर्क — आज संतान की उपलब्धियों से हर्षित होंगे। कमीशन आदि से धन लाभ मिल सकता है। प्रेमी जन से आपको उपहार मिलने के योग बन रहे हैं। आप बौद्धिक चर्चाओं में सम्मिलित हो सकते हैं। विवाह आदि कार्यों में आ रही बाधा दूर होगी।

सिंह — आज व्यवसाय में आपको लापरवाही नहीं करनी चाहिए। नए व्यावसायिक संपर्कों से आपको विशेष लाभ होगा। महिलाओं को करियर के अच्छे विकल्प मिल सकते हैं। शोधकार्यों से जुड़े लोग काफी अच्छा प्रदर्शन करेंगे।

कन्या — आज जॉब में उच्च पद मिल सकता है। अधिकारी वर्ग के साथ आपको अच्छा व्यवहार रखना चाहिए। विनिर्माण कार्यों में प्रगति होने के योग बन रहे हैं। रोजगार में बदलाव कर सकते हैं। पारिवारिक संबंधों में मधुरता बढ़ेगी।

तुला — आज कर्ज लेने की प्रवृत्ति से आपको बचना चाहिए। बच्चों की संगत का ध्यान रखें। व्यवसाय में आपको संघर्ष करना पड़ेगा। माता-पिता का आशीर्वाद लेना न भूलें। रिश्तेदारों से कोई अप्रिय सूचना मिल सकती है। बिना मांगे किसी को सलाह न दें।

वृश्चिक — आज नई संपत्ति खरीदने के योग बन रहे हैं। आप प्रतिद्वन्दियों के ऊपर भारी पड़ेंगे। अपने खानपान की आदतों पर नियंत्रण करें। छात्रों को पढ़ाई में अच्छी सफलता मिल सकती है। आप एक साथ कई कार्य करने का प्रयास करेंगे।

धनु — आज मन में चंचलता रहेगी। अध्यापन कार्यों से जुड़े लोगों को सम्मान प्राप्त हो सकता है। अपने व्यवसाय को बढ़ाने के विषय में योजना बना सकते हैं। छात्र पढ़ाई को लेकर गंभीर रहेंगे। परिजनों के साथ शॉपिंग के लिए जा सकते हैं।

मकर — आज किसी रिश्तेदार से कहासुनी हो सकती है। नौकरीपेशा लोगों को अधिकारियों से परेशानी होगी। आपको समस्याओं के बजाय समाधान ढूंढने की प्रवृत्ति विकसित करनी चाहिए। कार्यक्षेत्र में प्रतिद्वन्दिता का वातावरण रहेगा।

कुंभ — आज धन की कमी का सामना करना पड़ेगा। कुसंगति से बचें वरना आपकी छवि पर बुरा असर पड़ सकता है। दांपत्य संबंधों में अविश्वास उत्पन्न हो सकता है। मानसिक कष्ट की स्थिति बन सकती है।

मीन — आज किसी महत्वपूर्ण मीटिंग के लिए आपको निमंत्रित किया जा सकता है। पुण्य कार्यों में आप धन खर्च कर सकते हैं। आपकी कोई मनोकामना पूर्ण हो सकती है। सामाजिक कार्यों को व्यक्तिगत कार्यों से भी अधिक महत्व देंगे।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
कीमत — सुबह : 10.19
सपूत — रात : 07.00
जर्सी — सुबह : 09.53
आंख मिचौली — रात : 10.00

SONY MAX
एज ऑफ टूमारो — सुबह : 10.54
बुलेट ट्रेन — रात : 09.00

SONY PIX
एलोन — सुबह : 10.30
रईस — रात : 07.30

ZEE CINEMA
दोस्ताना — दोपहर : 12.47
गोविंदा नाम तेरा — रात : 09.56

colors CINEPLEX

आज की सुपरहिट फिल्म

जी सिनेमा पर रात-07.30 बजे

जोक्स ऑफ द डे

भिखारी - साहब 20 रुपये दो न, कॉफी पीनी है।
आदमी- लेकिन कॉफी तो 10 रुपये की आती है!
भिखारी- मेरी गर्लफ्रेंड भी साथ में है न।
आदमी-अरे! भिखारी होकर तूने गर्लफ्रेंड बना रखी है।
भिखारी- नहीं जी, गर्लफ्रेंड ने मुझे भिखारी बना दिया है।

पापा- बेटा आज तेरी मम्मी इतनी चुप-चाप क्यों बैठी है?
बच्चा-उन्होंने मुझसे लिपस्टिक मांगी थी,गलती से मैंने फेवीस्टिक दे दी।
पापा (आंख में आंसू के साथ)- जुग-जुग जिओ मेरे लाल ऐसा बेटा भगवान सभी को दे।

मैंथा बाजार भाव

रामपुर–शिवालिक 970 फ्लैग 1095 डीएमओ 855 बोल्ड 1135, **सम्भल–चन्दौसी**–शिवालिक 1000 फ्लैग 1125 बोल्ड 1155 डीएमओ 900।

मुरादाबाद मंडी

दालों का भाव–दाल चना : 75 से 76 रुपये मसूर : 88 से 90 रुपये मलका : 82 से 85 रुपये अरहर : 118 से 125 रुपये उड़द : 95 से 101 रुपये धोआ उड़द : 110 से 120 रुपये मूंग धोआ : 104–106 रुपये मूंग छिलका : 102 रुपये मूंग साबुत : 100 रुपये चना देसी : 80 रुपये चना कावली : 145 से 160 रुपये राजमा लाल : 155 राजमा चित्ता : 145 रुपये लोबिया लाल 94 रुपये लोबिया सफेद : 98 रुपये।

एक नजर

किसान आंदोलन से 500 करोड़ रुपये का नुकसान

नई दिल्ली। उद्योग मंडल पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (पीएचडीसीसीआई) ने शुक्रवार को कहा कि किसान आंदोलन के लंबा चलने से उत्तरी राज्यों में व्यापार और उद्योग को 'गंभीर नुकसान' पहुंच सकता है। उद्योग मंडल का कहना है कि किसान आंदोलन से रोजगार को भारी नुकसान होने की आशंका है और इससे प्रतिदिन 500 करोड़ रुपये से अधिक का आर्थिक नुकसान होगा।

वधावन बंदरगाह को मिल गई मंजूरी

नई दिल्ली। केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने शुक्रवार को कहा कि महाराष्ट्र के पालघर जिले में वधावन बंदरगाह को पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय से पर्यावरण मंजूरी मिल गई है। उन्होंने कहा कि पोत परिवहन मंत्रालय जल्द ही 76,220 करोड़ रुपये की इस परियोजना के लिए मंत्रिमंडल की मंजूरी मांगेगा। वधावन बंदरगाह को जवाहरलाल नेहरू पोर्ट ट्रस्ट (जेएनपीटी) और महाराष्ट्र मैरीटाइम बोर्ड मिलकर विकसित कर रहे हैं।

पेटीएम से रिचार्ज नहीं होगा फास्टैग

एनएचएआई की आईएचएमसीएल ने फास्टैग जारी करने वाले अधिकृत बैंकों की सूची से हटाया

नई दिल्ली, एजेंसी

सार्वजनिक क्षेत्र के भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) की टोल संग्रहण इकाई भारतीय राजमार्ग प्रबंधन कंपनी लिमिटेड (आईएचएमसीएल) ने राजमार्ग उपयोगकर्ताओं को परेशानी से बचने के लिए पेटीएम पेमेंट्स बैंक के अलावा 32 अधिकृत बैंकों से फास्टैग सेवाएं लेने की सलाह दी है।

आईएचएमसीएल ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर जानकारी देते हुए लिखा अपना फास्टैग'32 अधिकृत बैंकों से खरीदें। इन 32 अधिकृत बैंकों में एयरटेल पेमेंट्स बैंक, इलाहाबाद बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, आईडीबीआई बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया और यस बैंक शामिल हैं। एनएचएआई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि भारत में आठ करोड़ से अधिक 'फास्टैग' उपयोगकर्ता हैं और पेटीएम पेमेंट्स बैंक (पीपीबीएल) की बाजार हिस्सेदारी करीब 30 प्रतिशत है। इससे पहले, आईएचएमसीएल ने 19 जनवरी 2024 को लिखे एक पत्र में पेटीएम पेमेंट्स बैंक को नए 'फास्टैग' जारी करने से रोक दिया था।

अब ये बैंक प्रदान करेंगे फास्टैग सेवा

आईएचएमसीएल ने कहा कि वह फास्टैग उपयोगकर्ताओं को आरबीआई दिशा–निर्देशों के तहत नवीनतम फास्टैग केवाईसी प्रक्रिया को पूरा करने के लिए प्रोत्साहित कर रहा है। यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, त्रिशूर जिला सहकारी बैंक, साउथ इंडियन बैंक, सारस्वत बैंक, नागपुर नागरिक सहकारी बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक, करूर व्यास्य बैंक, जेएंडके बैंक, इंडसइंड बैंक, इंडियन बैंक, आईडीएफसी बैंक, फिनो बैंक, इक्विटेबल स्मॉल फाइनेंस बैंक, कॉसमॉस बैंक, सिटी यूनियन बैंक, सेंट्रल बैंक, केनरा बैंक, बैंक ऑफ महाराष्ट्र, एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक और एक्सिस बैंक फास्टैग सेवा प्रदान करने के लिए अधिकृत अन्य बैंक हैं।

पेटीएम ने अपना मुख्य खाता एक्सिस बैंक से जोड़ा

पेटीएम ब्रांड का संचालन करने वाली वित्त प्रौद्योगिकी फर्म वन97 कम्युनिकेशंस ने अपने मुख्य खाते को नियामकीय कार्रवाई में फंसे पेटीएम पेमेंट्स बैंक से एक्सिस बैंक में स्थानांतरित कर दिया है। पेटीएम का नोडल खाता एक मास्टर खाते की तरह है जिसमें उसके सभी ग्राहकों, व्यापारियों के लेनदेन का निपटान किया जाता है। कंपनी ने शुक्रवार शाम को शेयर बाजार को इसकी सूचना दी। कंपनी ने यह कदम पेटीएम पेमेंट्स बैंक के खातों में जमा एवं लेनदेन 15 मार्च के बाद रोकने के आरबीआई के निर्देशों के बाद उठाया है। पेटीएम अपनी सहयोगी इकाई पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड (पीपीबीएल) के पास अपने मुख्य खाते का संचालन करती रही है। लेकिन आरबीआई की सख्ती के बाद पेटीएम के सुचारू संचालन को लेकर भी संदेह उठने लगे थे।

सोने के दाम 180 रुपये और चांदी में 900 रुपये की बढ़ोतरी

नई दिल्ली। वैश्विक स्तर पर कीमतों में गिरावट के बीच राष्ट्रीय राजधानी में शुक्रवार को सोना 180 रुपये की मजबूती के साथ 62,450 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सत्र में पीली धातु 62,270 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। वहीं, चांदी 900 रुपये चढ़कर 75,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। पिछले कारोबारी सत्र में चांदी 74,600 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा-विदेशी बाजारों से सकारात्मक रुख से दिल्ली के बाजारों में सोने की हाजिर कीमतें (24 कैरेट) 180 रुपये बढ़कर 62,450 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार पर रही। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में कॉमेक्स में सोना 2,003 डॉलर प्रति औंस पर रहा है।

स्पाइसजेट के प्रमुख अजय सिंह ने गो फर्स्ट के लिए लगाई संयुक्त बोली

नई दिल्ली, एजेंसी

विमानन कंपनी स्पाइसजेट के प्रमुख अजय सिंह ने बिजी बी एयरवेज के साथ मिलकर दिवालिया प्रक्रिया से गुजर रही एयरलाइन गो फर्स्ट के लिए बोली लगाई है।

स्पाइसजेट ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि बिजी बी एयरवेज प्राइवेट लिमिटेड के साथ सिंह ने अपनी व्यक्तिगत क्षमता में गो फर्स्ट के लिए बोली जमा की है। हालांकि इसमें बिजी बी एयरवेज के बारे में कोई भी विवरण नहीं दिया गया है। लेकिन कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय के पास उपलब्ध आंकड़ों के मुताबिक, बिजी बी एयरवेज का गठन 29 अप्रैल, 2017 को दिल्ली में किया गया था और इसके पास एक लाख रुपये की चुकता पूंजी है। सिंह ने यह बोली ऐसे समय लगाई है जब खुद स्पाइसजेट संकट से उबरने के लिए वित्त जुटाने की कोशिशों और छंटनी कर लागत घटाने में लगी हुई है। इस बीच शरजाह स्थित स्काई वन एफजेडई ने भी गो फर्स्ट के लिए बोली लगाने की सूचना दी है। गंभीर वित्तीय संकट में फंसी गो फर्स्ट ने पिछले साल मई में उड़ानें बंद कर दी थीं और वह इस समय दिवाला समाधान प्रक्रिया से गुजर रही है। स्पाइसजेट ने कहा-नई एयरलाइन के लिए परिचालन भागीदार के तौर पर स्पाइसजेट की भूमिका जरूरी कर्मचारी, सेवाएं और उद्योग विशेषज्ञता मुहैया कराने की है।

सर्राफा

कानपुर	
चॉदी 999 (प्रति किलो)	73,050
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा)	82,500
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल	87,500
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	63,415
गिन्नी (प्रति नग)	47,250–47,450
लखनऊ	
सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम)	63,850
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	63,700
गिन्नी (प्रति 10 नग)	42, 500
चांदी (999)	73,000
चांदी तैयार	73,100
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा)	80, 000
बरेली	
सोना जेवरात पक्के	63,600
सोना जेवरात गिन्नी	62,600
चांदी पक्की	722 (अनुमानित)
मुरादाबाद	
सोना 24 कैरेट	63,750
चांदी आभूषण	73,000।

कंपनी कानून के तहत फाइलिंग की केंद्रीकृत व्यवस्था शुरू

नई दिल्ली, एजेंसी

- व्यवस्था से कारोबारी सुगमता को मिलेगा बढ़ावा

सरकार ने कंपनी कानून और सीमित देयता भागीदारी (एलएलपी) अधिनियम के तहत फाइलिंग को 'समयबद्ध और बिना आमने-सामने आये' पूरा करने के लिए केंद्रीय प्रसंस्करण केंद्र की शुरुआत की है। इससे देश में कारोबारी सुगमता को बढ़ावा मिलेगा।

शुरुआत में केंद्रीय प्रसंस्करण केंद्र (सीपीसी) में कंपनी कानून के तहत 12 फॉर्म और आवेदन प्रसंस्कृत किए जाएंगे। इसके बाद एक अप्रैल से अन्य प्रपत्रों और आवेदनों का निपटारा भी केंद्र के माध्यम से किया जाएगा। कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय ने शुक्रवार को एक बयान में कहा-परिचालन शुरू होने के बाद अब तक सीपीसी को 4,910 फॉर्म मिले हैं। फॉर्म को समयबद्ध और बिना आमने-सामने आये तरीके से प्रसंस्कृत किया जाएगा। इसके बाद सीमित देयता भागीदारी अधिनियम के तहत जमा फॉर्म/ आवेदन को भी केंद्रीकृत करने का प्रस्ताव है। मंत्रालय ने कहा कि उम्मीद है कि सीपीसी के पूरी तरह से चालू होने के बाद सालाना लगभग 2.50 लाख फॉर्म इसके माध्यम से प्रसंस्कृत किए जाएंगे।

कृषि रसायनों के सूझ बूझ से उपयोग पर जागरूकता अभियान

नई दिल्ली। गैर सरकारी रूट्स फाउंडेशन और पीआई इंडस्ट्रीज ने एक समाजिक पहल के तहत मिल कर पंजाब, हरियाणा, उत्तराखंड, और उत्तर प्रदेश के किसानों को कृषि कार्य में स्वस्थ पद्धतियों को अपनाने तथा कृषि रसायनों का प्रयोग सूझबूझ से करने के प्रति जागरूक करने का अभियान चालाया है। एक आधिकारिक बयान के अनुसार इसमें किसानों को पर्यावरण की रक्षा, आर्थिक सशक्तिकरण और उद्यमिता विकास जैसे मुद्दों के प्रति भी जागरूक किया गया है। यह अभियान पंजाब और हरियाणा के कृषि प्रधान राज्यों में चलाया जाएगा।

सस्ते मकानों के लिए कर्ज में 30% वृद्धि की संभावना

मुंबई, एजेंसी

- केयरएज रेटिंग्स ने रिपोर्ट जारी करके जताई उम्मीद
- कहा-2022-23 के दौरान 27 प्रतिशत की वृद्धि दिखी

केयरएज रेटिंग रिपोर्ट के अनुसार कम कीमत के मकानों के लिए कर्ज सहायता में चालू वित्त वर्ष 2023-24 में 29 प्रतिशत और वित्त वर्ष 2024-25 में 30 प्रतिशत की वृद्धि होने का है।

केयरएज रेटिंग की ओर से शुक्रवार को जारी एक रिपोर्ट के अनुसार वित्त वर्ष 2019-20 से वित्त वर्ष 2021-22 के दौरान छोटे मकानों के लिए कर्ज में वृद्धि की दर धीमी रही लेकिन उसके बाद, कम कीमत के मकानों के लिए कर्ज देने वाली कंपनियों ((एएचएफसी)) के कर्ज वितरण में सुधार दिखा और 2022-23 के दौरान इसमें साल-दर-साल 27 प्रतिशत की वृद्धि दिखी। रिपोर्ट में कहा गया है, यह वृद्धि जारी रहने की उम्मीद है।

केयरएज रेटिंग्स ने एएचएफसी के लिए 31 मार्च, 2024 तक संपत्ति (कर्ज) की गुणवत्ता में सुधार होने और सकल अवरुद्ध ऋण (जीएनपीए) सकल कर्ज के 1.2 प्रतिशत के आरामदायक स्तर पर रहने का अनुमान है। रिपोर्ट में कहा गया है कि पूंजी की बढ़ी हुई लागत और उच्च परिचालन व्यय के साथ, वित्त वर्ष 2023-24 में कुल पूंजी (दिए गए कर्ज) पर निवेश प्रतिफल के 3.2 प्रतिशत पर रहने की के साथ लाभप्रदता में कमी आने का अनुमान है। एएचएफसी मुख्यतः स्व-रोज़गार वाले ग्राहकों को कर्ज सुविधाएं करती हैं और ऋण वसूली में जोखिम के मामले में संवेदनशील बनी रहती हैं।

राष्ट्रीय

एक नजर

जयपुर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे को बम से उड़ाने की धमकी

जयपुर। जयपुर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे को बम से उड़ाने की धमकी मिलने पर सुरक्षा जांच एजेंसियों ने संयुक्त रूप से हवाई अड्डे की सघन जांच की। हवाई अड्डा थानाधिकारी ममता मीणा ने बताया कि हवाई अड्डे को बम से उड़ाने की धमकी हवाई अड्डे के आधिकारिक ईमेल पर दी गई थी। साइबर प्रकोष्ठ मेल भेजने वाले के बारे में पता लगाने का प्रयास कर रहा है। उन्होंने बताया कि सूचना मिलने पर पुलिस, बम निरोधक दस्ता, केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) और श्वान दस्ते के सहयोग से हवाई अड्डे पर जांच की गई। जांच के दौरान हवाई अड्डा परिसर में कोई भी संदिग्ध चीज नहीं मिली है।

कोर्ट ने महेंद्रू की जमानत बढ़ाने से किया इनकार

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली की एक अदालत ने कथित दिल्ली आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धनशोधन के मामले में गिरफ्तार शराब करोबारी समीर महेंद्रू को दी गई अंतरिम जमानत की मियाद बढ़ाने से इनकार कर दिया। अदालत ने कहा कि वह इस तथ्य को नजर अंदाज नहीं कर सकती कि आरोपी के खिलाफ 'गंभीर मामला' है। विशेष न्यायधीश एम के नागपाल ने शराब वितरण कंपनी इंडोस्प्रिट के प्रबंध निदेशक महेंद्रू को उनकी पत्नी की सर्जरी के आधार पर अंतरिम जमानत दी थी।

जो भगवान राम को काल्पनिक कहते थे, वह अब जय सिया राम के नारे लगा रहे हैं: मोदी

रेवाड़ी में एम्स की आधारशिला रखने के दौरान प्रधानमंत्री बोले-जो गारंटी दी वह पूरी की

रेवाड़ी (हरियाणा), एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अयोध्या में राम मंदिर पर कांग्रेस के रुख को लेकर शुक्रवार को उसकी आलोचना की और कहा कि जो लोग भगवान राम को 'काल्पनिक' कहते थे और मंदिर निर्माण नहीं चाहते थे, वे भी अब 'जय सिया राम' के नारे लगा रहे हैं। हरियाणा के रेवाड़ी में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) की आधारशिला रखने और कई परियोजनाओं का उद्घाटन करने के बाद एक जनसभा में उन्होंने कहा कि भारत ने आज दुनिया में नई ऊंचाइयों को छुआ है और यह लोगों के आशीर्वाद से संभव हुआ है।

कांग्रेस ने मेरे खिलाफ सारे मोर्चे खोले पर जनता का सुरक्षा कवच साथ है

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस ने मेरे खिलाफ सारे मोर्चे खोल दिए हैं, लेकिन मेरे पास देश की जनता का 'सुरक्षा कवच' है जो हर बार मेरी रक्षा करता है। उन्होंने यह भी कहा कि वह अपने तीसरे कार्यकाल में भारत को दुनिया की शीर्ष तीन अर्थव्यवस्थाओं में शामिल करने की 'गारंटी' पूरी करेंगे।

प्रधानमंत्री ने रोहतक-हांसी-रोहतक नई ट्रेन सेवा को दिखाई हरी झंडी

हरियाणा में रेल के बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देते हुएनरेंद्र मोदी ने 889.28 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित 68.5 किलोमीटर लंबी रोहतक–महम–हांसी नई रेल लाइन को आज रेवाडी से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राष्ट्र को समर्पित किया तथा रोहतक–हांसी–रोहतक नई ट्रेन सेवा को हरी झंडी दिखाई। रोहतक–महम–हांसी 68.5 किलोमीटर नई रेल परियोजना को हरियाणा राज्य सरकार के साथ 50:50 योगदान पर लागत साझेदारी के आधार पर मंजूरी दी गई थी। रेलवे क्षेत्र की परियोजनाओं का उद्देश्य रेल बुनियादी ढांचे का आधुनिकीकरण करना है।

इस सप्ताह संयुक्त अरब अमीरात और कतर की अपनी यात्रा का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि भारत को अब दुनिया के हर कोने से जो सम्मान मिल रहा है, वह केवल मोदी का नहीं है बल्कि हर भारतीय का है। दुनिया में भारत की बढ़ती साख, अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण, कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाए जाने और वन रैंक-वन पेंशन दिए जाने का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि मोदी ने देश को जो 'गारंटी' दी वह पूरी की है।

मोदी ने राजस्थान में 17,000 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का किया लोकार्पण

जयपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को राजस्थान से जुड़ी 17,000 करोड़ रुपये से अधिक लागत की विकास परियोजनाओं का डिजिटल माध्यम से लोकार्पण और शिलान्यास किया और कहा कि विकसित भारत के लिए विकसित राजस्थान का निर्माण बहुत जरूरी है। मोदी ने 'विकसित भारत-विकसित राजस्थान' कार्यक्रम को वीडियो कान्फ्रेस के जरिए संबोधित करने से पहले रिमोट दबाकर इन परियोजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण किया। उन्होंने सड़क, रेलवे, सौर ऊर्जा, विद्युत पारेषण, पेयजल तथा पेट्रोलियम व प्राकृतिक गैस सहित कई महत्वपूर्ण क्षेत्रों से संबंधित विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के लिए विकसित राजस्थान का निर्माण बहुत जरूरी है।

मोदी फिर सत्ता में आए तो क्षेत्रीय दलों के लिए संकट खड़ा हो जाएगा

कोलकाता, एजेंसी

- इंडिया के भविष्य को लेकर अनुमान नहीं लगा सकते: चिदंबरम

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व केंद्रीय वित्त मंत्री पी. चिदंबरम ने शुक्रवार को कहा कि यदि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा ने एक बार फिर से सत्ता में वापसी की तो क्षेत्रीय दलों के लिए अस्तित्व का संकट खड़ा हो जाएगा।

उन्होंने एक साक्षात्कार में कहा कि वह विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) के भविष्य को लेकर कोई अनुमान नहीं लगा सकते क्योंकि वह पार्टी की राष्ट्रीय गठबंधन समिति का हिस्सा नहीं हैं। उन्होंने कहा कि अयोध्या में राम मंदिर आगामी लोकसभा चुनाव में एक कारक हो सकता है लेकिन यह निर्णायक होगा या नहीं, यह तो समय ही बताएगा। पूर्व गृह मंत्री चिदंबरम ने कहा-मैं 'इंडिया' गठबंधन के भविष्य के बारे में कुछ नहीं कह सकता क्योंकि मैं राष्ट्रीय गठबंधन समिति का हिस्सा नहीं हूं और गठबंधन की बैठकों का भी हिस्सा नहीं रहा हूं, लेकिन मुझे पूरी उम्मीद है कि बाकी सभी पार्टियां समझेंगी कि मोदी जी और भाजपा की केंद्र में वापसी से राज्य-विशिष्ट क्षेत्रीय दलों के लिए अस्तित्व का संकट पैदा हो जाएगा। अपनी नई किताब 'द वाटरशेड ईयर-व्हिच वे विल इंडिया गो?' पर चर्चा के लिए चिदंबरम कोलकाता पहुंचे थे।

आय से अधिक संपत्ति मामले में करोड़पति क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी गिरफ्तार

भुवनेश्वर। ओडिशा के भ्रष्टाचार रोधी सतर्कता अधिकारियों ने शुक्रवार को आय के ज्ञात स्रोत से अधिक संपत्ति रखने के आरोप में क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी (आरटीओ) बसंत कुमार महापात्रा को गिरफ्तार कर लिया। सिलसिलेवार छापेमारी किए जाने के बाद उन्हें गिरफ्तार किया गया। सतर्कता विभाग ने कहा गया है कि महापात्रा की संपत्तियों की पड़ताल के दौरान आय से अधिक संपत्ति का पता चला, जिसमें भुवनेश्वर में दो फ्लैट और दो वाणिज्यिक शॉपिंग आउटलेट, भुवनेश्वर और बेंगलुरु में फ्लैट खरीदने के लिए रि 2.23 करोड़ रुपये का अग्रिम भुगतान, 1.16 लाख रुपये नकद आदि शामिल हैं।

झारखंड में आईईडी धमाके में बुजुर्ग महिला की मौत

चाईबासा, एजेंसी

झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) द्वारा कथित तौर पर लगाए गए परिष्कृत विस्फोटक उपकरण (आईईडी) में हुए विस्फोट में एक बुजुर्ग महिला की मौत हो गई। पुलिस ने इसकी जानकारी दी।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि यह घटना मरादिरी गांव के पास एक जंगल में हुई, जहां माओवादियों ने सुरक्षाकर्मियों को निशाना बनाने के लिए आईईडी लगाई थी। मरादिरी गांव के रहने वाले रंडई पूर्ति (56) जंगल में लकड़ी इकट्ठा करनी गई थी तभी वहां धमाका हो गया। पश्चिमी सिंहभूम जिले के पुलिस अधीक्षक (एसपी) आशुतोष शेखर ने कहा कि पुलिस का एक दल शुक्रवार को मौके पर पहुंचा और शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए चक्रधरपुर उपमंडल अस्पताल भेज दिया। एसपी ने घटना की निंदा करते हुए कहा कि माओवादी अब हताशा में निर्दोष ग्रामीणों को निशाना बना रहे हैं, क्योंकि नक्सल विरोधी अभियान से उन पर अंकुश लग गया है।

झारखंड में मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन के मंत्रिमंडल का विस्तार, 8 नए मंत्री शामिल

रांची। झारखंड में आज मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन के मंत्रिमंडल का विस्तार कर उसमें 8 नए मंत्रियों को शामिल किया गया जबकि मंत्रिमंडल में एक सीट अभी भी रिक्त रखा गया है। मंत्रिमंडल विस्तार में कांग्रेस के तीन और झारखंड मुक्ति मोर्चा के पांच विधायकों को मंत्री बनाया गया। हेमंत मंत्रिमंडल में शामिल जोबा मांझी को इस बार मंत्री नहीं बनाया गया जबकि चम्पाई सोरेन मंत्रिमंडल में नई चेहरे की रूप में हेमंत सोरेन की छोटे भाई बसंत सोरेन और दीपक बिरूआ को शामिल किया गया है।

तेजस्वी के विभाग की समीक्षा करेंगे नीतीश

पटना, एजेंसी

बिहार की नीतीश सरकार ने महागठबंधन सरकार में उप मुख्यमंत्री रहे तेजस्वी प्रसाद यादव समेत राष्ट्रीय जनता दल (राजद) कोटे के मंत्रियों के कार्यों एवं लिए गए निर्णयों की समीक्षा करने का आज आदेश दिया।

मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग की ओर से शुक्रवार को जारी आदेश में कहा गया है कि 01 अप्रैल 2023 से स्वास्थ्य विभाग, पथ निर्माण विभाग, नगर विकास एवं आवास विभाग, ग्रामीण कार्य विभाग, खान एवं भूतत्व विभाग और लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग में पूर्व मंत्री के स्तर पर किए गए कार्यों एवं लिए गए निर्णयों की समीक्षा की जाए। इसके साथ ही यदि आवश्यक हो तो सक्षम प्राधिकार से अनुमोदन के बाद उनमें संशोधन किया जाए। इस संबंध में तत्कालीन विभागीय मंत्रियों से संबंधित आदेश की जानकारी दी जाएगी।

हाथ जोड़कर माफी मांगे थे नीतीश: तेजस्वी

राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नेता तेजस्वी यादव ने शुक्रवार को दावा किया कि बिहार के मुख्यमंत्री और जनता दल–यूनाइटेड (जदयू) के अध्यक्ष नीतीश कुमार ने गठबंधन करने से पहले उनके माता–पिता (लालू प्रसाद यादव और पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी) से पिछले विश्वासघातों के लिए माफी मांगी थी। तेजस्वी ने बिहार के कैमूर जिले के मोहनिया में पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के तहत आयोजित एक एक रैली को संबोधित करते हुए यह दावा किया।

नीतीश के लिए दरवाजे हमेशा खुले हैं: लालू

राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के अध्यक्ष लालू प्रसाद ने शुक्रवार को कहा कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के लिए उनके 'दरवाजे हमेशा खुले' हैं। नीतीश कुमार हाल ही में राजद व कांग्रेस के साथ वाले महागठबंधन से नाता तोड़कर कर भाजपा के नेतृत्व वाले राजग में शामिल हो गए। जदयू अध्यक्ष के विरोधी खेमे में जाने के बाद प्रदेश में सत्ता गंवाने वाले वाली राजद के अध्यक्ष ने यहां पत्रकारों के सवालों के जवाब में यह टिप्पणी की।

तमिलनाडु के पूर्व मंत्री सेंथिल बालाजी की हिरासत बढ़ी

चेन्नई। चेन्नई की एक सत्र अदालत ने शुक्रवार को तमिलनाडु के पूर्व मंत्री वी.सेंथिल बालाजी की हिरासत 20 फरवरी तक के लिए बढ़ा दी है। उन्हें प्रवर्तन निदेशालय ने धन शोधन के एक मामले में पिछले साल जून में गिरफ्तार किया था। अभियोजन पक्ष ने केंद्रीय कारागार में बंद बालाजी को प्रधान सत्र न्यायाधीश एस.अली के समक्ष वीडियो कांफ्रेंस के जरिये पेश किया। इसके बाद अदालत ने उनकी न्यायिक हिरासत 20 फरवरी तक के लिए बढ़ा दी। सुनवाई के दौरान बालाजी के अधिवक्ता ने अदालत को सूचित किया कि द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) नेता ने धनशोधन के आरोप से मुक्त करने के लिए अर्जी दी है।

बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगाने की सिफारिश

नई दिल्ली, एजेंसी

संदेशखालि हिंसा

- एनसीएससी के प्रतिनिधिमंडल ने द्रौपदी मुर्मू को सौंपी रिपोर्ट
- आयोग के लोगों ने संदेशखालि का किया था दौरा

राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग (एनसीएससी) के प्रमुख अरुण हलदर ने शुक्रवार को कहा कि आयोग ने संदेशखालि में टीएमसी समर्थकों द्वारा महिलाओं के कथित उत्पीड़न के बारे में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को सौंपी गई रिपोर्ट में पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगाने की सिफारिश की है।

आयोग के एक प्रतिनिधिमंडल ने बृहस्पतिवार को संदेशखालि का दौरा किया था, जहां बड़ी संख्या में महिलाओं ने तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के नेता शाहजहां शेख और उनके समर्थकों पर बलपूर्वक जमीन पर कब्जा करने और यौन उत्पीड़न करने का आरोप लगाया है। राष्ट्रपति को रिपोर्ट सौंपने के बाद पत्रकारों से बात करते हुए हलदर ने संदेशखालि में कथित अत्याचार और हिंसा के बारे में संक्षिप्त विवरण साझा किया। उन्होंने कहा-हमने सिफारिश की है कि पश्चिम बंगाल की स्थिति को देखते हुए वहां राष्ट्रपति शासन लगाया जाना चाहिए। संविधान के अनुच्छेद 338 के तहत एनसीएससी को मिले अधिकारों के अनुसार अनुसूचित जाति के संवैधानिक सुरक्षा कार्यों के बारे में वार्षिक रूप से या जब उचित लगे, राष्ट्रपति को रिपोर्ट देना आयोग का कर्तव्य है। हलदर ने कहा कि राष्ट्रपति ने आयोग को आश्वासन दिया कि वह इस मामले पर गौर करके उचित कार्रवाई करेंगी। उन्होंने दावा किया कि राज्य में अपराधियों ने वहां की सरकार से गठजोड़ कर लिया है। उन्होंने कहा कि संदेशखालि में हिंसा का असर अनुसूचित जाति समुदाय के लोगों पर भी पड़ रहा है।

भाजपा की केंद्रीय टीम ने राज्यपाल से मुलाकात की

कोलकाता। संदेशखालि क्षेत्र का दौरा करने से रोकी गई भाजपा की एक केंद्रीय टीम ने शुक्रवार शाम पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सी वी आनंद बोस से मुलाकात की और कहा कि पार्टी वहां जाने की अनुमति मांगने के लिए अदालत का रुख करेगी। केंद्रीय मंत्री प्रतिमा भौमिक ने कहा कि पुलिस ने दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 के तहत निषेधाज्ञा का हवाला देते हुए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की टीम को संदेशखालि जाने की अनुमति नहीं दी। संदेशखालि ब्लॉक के रास्ते में रामपुर गांव में रोके जाने के बाद भाजपा के छह सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने धरना शुरू कर दिया। बाद में, वे कोलकाता लौट आए और बोस से मिलने राजभवन पहुंचे। केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने संवाददाताओं से कहा–पुलिस ने हमें बेहद अलोकतांत्रिक तरीके से संदेशखालि जाने से रोका। हमने राज्यपाल को सूचित कर दिया है और वह स्थिति को लेकर बहुत व्यथित हैं।

खेल डायरी

मैं व्यक्तिगत रूप से बजरंग, विनेश और साक्षी को ट्रायल के लिए आमंत्रित करूंगा: संजय सिंह

नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के अध्यक्ष संजय सिंह ने शुक्रवार को आश्वासन दिया कि विरोध करने वाले पहलवान बजरंग पूनिया, विनेश फोगाट और साक्षी मलिक को भेदभाव का सामना नहीं करना पड़ेगा और वह महाराष्ट्र में होने वाले ओलंपिक क्वालीफायर ट्रायल में हिस्सा लेने के लिए व्यक्तिगत रूप से उनसे संपर्क कर आमंत्रित करेंगे। यूडब्ल्यूडब्ल्यू ने डब्ल्यूएफआई पर लगाया निलंबन इस शर्त पर हटाया कि किसी भी पहलवान से भेदभाव नहीं होना चाहिए। पूनिया, फोगाट और मलिक ने डब्ल्यूएफआई के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह पर यौन शोषण का आरोप लगाकर विरोध प्रदर्शन किया था। ये डब्ल्यूएफआई प्रमुख के तौर पर संजय सिंह के चुनाव के भी खिलाफ हैं उनका कहना है कि वह बृजभूषण के समर्थक हैं। संजय सिंह ने कहा कि हम जल्द महाराष्ट्र में ओलंपिक क्वालीफाइंग के लिए ट्रायल्स करेंगे। इस राज्य में अच्छा बुनियादी ढांचा है। मैं बजरंग, विनेश और साक्षी से सबकुछ भूलकर ट्रायल्स की तैयारी शुरू करने और देश के लिए पदक जीतने के लिए कहूंगा।

परिस्थितियों के अनुरूप ढलना होगा: हरमनप्रीत

मुंबई, एजेंसी। मुंबई इंडियंस की कप्तान हरमनप्रीत कौर को लगता है कि महिलाओं की प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में खिताब बरकरार रखने के लिए विभिन्न परिस्थितियों के अनुरूप ढलना अहम होगा। डब्ल्यूपीएल 23 फरवरी से 17 मार्च तक बेंगलुरु और नई दिल्ली में खेला जाएगा। पिछले साल शुरूआती चरण मुंबई में खेला गया था और मेजबानों ने चिर परिचित परिस्थितियों और दर्शकों के समर्थन से हरमनप्रीत की अगुआई में खिताब जीता था। हरमनप्रीत ने कहा कि बेंगलुरु में परिस्थितियां मुंबई से अलग होंगी। मुझे दिल्ली में खेलने का ज्यादा अनुभव नहीं है इसलिए मुझे नहीं पता कि दिल्ली में कैसा विकेट होगा। अगर हम इन चीजों से जल्दी सामंजस्य बिठा लेते हैं तो इससे पता चलेगा कि बतौर टीम हम कितने अच्छे हैं।

अनाबेल ने महिला टेस्ट में सबसे तेज दोहरा शतक जड़ा

पर्थ, एजेंसी। ऑस्ट्रेलिया की अनाबेल सदरलैंड ने शुक्रवार को महिला टेस्ट के इतिहास में सबसे तेज दोहरा शतक जड़ा। उन्होंने द.अफ्रीका के खिलाफ एकमात्र टेस्ट मैच के दूसरे दिन 248 गेंद में यह किया। इससे पहले सबसे तेज दोहरे शतक का रिकॉर्ड ऑस्ट्रेलिया की ही केरेन रोल्टन के नाम था, जिन्होंने 2001 में लीड्स में इंग्लैंड के खिलाफ 306 गेंद में दोहरा शतक जड़ा था। अनाबेल 256 गेंद में 210 रन बनाकर आउट हुईं। उनके दोहरे शतक की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी 9 विकेट पर 575 रन बनाकर घोषित की जो महिला टेस्ट क्रिकेट में किसी टीम का सबसे बड़ा स्कोर है। पहली पारी में द. अफ्रीका की टीम सिर्फ 76 रन पर ढेर हो गई थी और दूसरी पारी में भी उसने दिन का खेल खत्म होने तक 67 रन पर तीन विकेट गंवा दिए।

आयहिका और श्रीजा ने दुनिया की शीर्ष दो खिलाड़ियों को हराया, चीन से मिली हार

बुसान (दक्षिण कोरिया), एजेंसी। भारतीय टेबल टेनिस खिलाड़ियों आयहिका मुखर्जी और श्रीजा अकुला ने शुक्रवार को दुनिया की शीर्ष दो खिलाड़ियों क्रमश: सुन यिंगशा और वैंग यिदी को हराया, लेकिन भारत को विश्व टेबल टेनिस चैंपियनशिप में गत चैंपियन चीन के खिलाफ 2-3 से शिकस्त का सामना करना पड़ा। दुनिया की 155वें नंबर की खिलाड़ी आयहिका ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी यिंगशा को 12-10 2-11 13-11 11-6 से हराकर भारत को 1-0 की बढ़त दिलाई। राष्ट्रमंडल खेलों की पदक विजेता श्रीजा ने यिदी को एकतरफा मुकाबले में 3-0 (11-7 11-9 13-11) से हराया। भारत की शीर्ष रैंकिंग वाली खिलाड़ी मनिका बत्रा ने हालांकि निराश किया और वह दुनिया की चौथे नंबर की खिलाड़ी वैंग मान्यु (3-11 8-11 15-13 7-11) और यिंगशा (3-11 6-11 13-11 9-11) के खिलाफ अपने दोनों एकल मुकाबले हार गई। मुकाबला इसके बाद 2-2 से बराबर था। छब्बीस साल की आयहिका भी इसके बाद मान्यु के खिलाफ सीधे गेम में 9-11 11-13 6-11 से हार गई जिससे भारत को शिकस्त झेलनी पड़ी।

डकेट का शतक, इंग्लैंड के दो विकेट पर 207 रन

दूसरे दिन भारत की पहली पारी 445 रन पर सिमटी, इंग्लैंड की टीम अब 238 रन पीछे

राजकोट, एजेंसी

भारत-इंग्लैंड टेस्ट श्रृंखला

रविचंद्रन अश्विन 500 टेस्ट विकेट के आंकड़े को छूने वाले सिर्फ दूसरे भारतीय गेंदबाज बने, लेकिन इंग्लैंड ने सलामी बल्लेबाज बेन डकेट के नाबाद तूफानी शतक से भारत के खिलाफ तीसरे क्रिकेट टेस्ट के दूसरे दिन पहली पारी में 2 विकेट पर 207 रन बनाकर पलड़ा भारी रखा।

डकेट 118 गेंद में 21 चौकों और दो छक्कों से नाबाद 133 रन बनाकर खेल रहे हैं। उन्होंने जैक क्राउली (15) के साथ पहले विकेट के लिए 89 और ओली पोप (55 गेंद में 39 रन, 5 चौके, 1 छक्का) के साथ दूसरे विकेट के लिए 93 रन की साझेदारी की। स्टंप के समय जो रूट नौ रन बनाकर उनका साथ निभा रहे थे। भारत के पहली पारी के 445 रन से इंग्लैंड अब 238 रन पीछे है। इंग्लैंड ने 35 ओवर में 32 बाउंड्री लगाई हैं जिसमें 29 चौके और 3 छक्के हैं। ध्रुव जुरेल (104 गेंद में 46 रन, 2 चौके, 3 छक्के) और अश्विन (89 गेंद में 37 रन, 6 चौके) के बीच आठवें विकेट की 77 रन की साझेदारी से पहली पारी में 445 रन बनाए। कप्तान रोहित शर्मा (131) और रविंद्र जडेजा (112) ने कल शतक जड़े थे। जसप्रीत बुमराह (26 रन, 28 गेंद, 3 चौके, 1 छक्का) और मोहम्मद सिराज (नाबाद 03) ने अंतिम विकेट के लिए 30 महत्वपूर्ण रन जोड़े। डकेट ने 19 चौकों की मदद से 88 गेंद में अपना तीसरा शतक पूरा किया। क्राउली ने उनकी गेंद को स्वीप के प्रयास में शॉर्ट फाइन लेग पर रजत पाटीदार को कैच दे बैठे। डकेट ने बुमराह पर पारी का पहला चौका जड़ने के बाद अगले ओवर में दो और चौके मारे। डकेट ने कुलदीप का स्वागत दो चौकों से किया और 39 गेंद में अर्धशतक बनाया। अश्विन ने दूसरे ओवर में क्राउली को आउट किया। डकेट को पोप के रूप में उम्दा जोड़ीदार मिला। पोप ने कुलदीप पर छक्का जड़ा जबकि डकेट ने अश्विन की गेंदों पर छक्का और चौका मारा। डकेट ने सिराज की गेंद पर दो चौकों के साथ 88 गेंद में शतक पूरा किया। सिराज ने पोप को पगबाधा किया। मैदानी अंपायर ने आउट नहीं दिया लेकिन डीआरएस पर फैसला भारत के पक्ष में गया। सुबह के सत्र में 2 विकेट जल्दी गिरने के बाद जुरेल और अश्विन ने पारी संभाला। अश्विन रेहान अहमद (85 रन पर 2 विकेट) की गेंद को मिड ऑन पर जेम्स एंडरसन के हाथों में दे बैठे। जुरेल अर्धशतक बनाने में 4 रन से चूक गए जब रेहान ने उन्हें विकेटकीपर बेन फोक्स के हाथों कैच कराया। जुरेल ने मार्क वुड (114 रन पर 4 विकेट) की शॉर्ट गेंद को स्लिप के ऊपर से 6 रन के लिए भेजकर अपनी पहली बाउंड्री लगाई। भारत ने दिन की शुरुआत 5 विकेट पर 326 रन से करते हुए सुबह के सत्र में 2 विकेट गंवाकर 62 रन जोड़े। जडेजा (225 गेंद में 112 रन, 9 चौके, 2 छक्के) अपने कल के स्कोर में सिर्फ दो रन जोड़ने के बाद रूट को कैच देकर पवेलियन लौटे। भारत ने पहले दिन के चौथे ओवर में ही कुलदीप यादव (4) का विकेट गंवा दिया जिन्होंने एंडरसन की गेंद पर फोक्स को कैच थमाया।

स्कोर बोर्ड

भारत (पहली पारी)			445/10 (130.5 ओवर)
खिलाड़ी	रन	गेंद	4/6
यशस्वी जायसवाल का रूट बो वुड	10	10	2/0
रोहित शर्मा का स्टोक्स बो मार्क वुड	131	196	14/3
शुभमन गिल का फोक्स बो मार्क वुड	00	09	0/0
रजत पाटीदार का डकेट बो टॉम हार्टली	05	15	1/0
रविंद्र जडेजा का एवं बो रूट	112	225	9/2
सरफराज खान रन आउट	62	66	9/1
कुलदीप यादव का फोक्स बो एंडरसन	04	24	0/0
ध्रुव जुरेल का फोक्स बो रेहान	46	104	2/3
रविचंद्रन अश्विन का एंडरसन बो रेहान	37	89	6/0
जसप्रीत बुमराह पगबाधा बो वुड	26	28	3/1
मोहम्मद सिराज नाबाद	03	21	0/0

अतिरिक्त: 09, **विकेट पतन:** 1-22, 2-24, 3-33, 4-237, 5-314, 6-331, 7-331, 8-408, 9-415, 10-445, **गेंदबाजी:** एंडरसन 25-7-61-1, वुड 27.5-2-114-4, हार्टली 40-7-109-1, रूट 16-3-70-1, रेहान 22-2-85-2

इंग्लैंड (पहली पारी)			207/2 (35 ओवर)
खिलाड़ी	रन	गेंद	4/6
जैक क्राउली का पाटीदार बो अश्विन	15	28	2/0
बेन डकेट नाबाद	133	118	21/2
ओली पोप पगबधा बो सिराज	39	55	5/1
जो रूट नाबाद	09	13	1/0

अतिरिक्त: 11, **विकेट पतन:** 1-89, 2-182, **गेंदबाजी:** बुमराह 8-0-34-0, सिराज 10-1-54-1, कुलदीप 6-1-42-0, अश्विन 7-0-37-1, जडेजा 4-0-33-0

500 विकेट लेने वाले अश्विन दूसरे भारतीय गेंदबाज

राजकोट, एजेंसी

अनुभवी ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन शुक्रवार को इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे क्रिकेट टेस्ट के दौरान पूर्व कप्तान अनिल कुंबले के बाद 500 टेस्ट विकेट लेने वाले दूसरे भारतीय गेंदबाज बने। अश्विन यह उपलब्धि हासिल करने वाले सिर्फ तीसरे ऑफ स्पिनर हैं। वह कुंबले के बाद भारत के दूसरे सबसे सफल टेस्ट गेंदबाज हैं। कुंबले के नाम 619 टेस्ट विकेट दर्ज हैं। अश्विन ने तीसरे टेस्ट के दूसरे दिन यह उपलब्धि हासिल की। उन्हें इसके लिए सिर्फ एक विकेट की दरकार थी। इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज जैक क्राउली उनकी गेंद को स्वीप करने के प्रयास में हवा में उछाल गए और शॉर्ट फाइन लेग पर रजत पाटीदार ने आसान कैच लपका। अश्विन से पहले संन्यास ले चुके श्रीलंका के महान ऑफ स्पिनर मुथैया मुरलीधरन (800) और ऑस्ट्रेलिया के ऑफ स्पिनर नाथन लियोन (517) यह उपलब्धि पा चुके हैं। अश्विन टेस्ट क्रिकेट में 500 विकेट के आंकड़े को छूने वाले दुनिया के नौवें गेंदबाज हैं। 2011 में पदार्पण करने वाले अश्विन ने अपने 98वें टेस्ट में यह उपलब्धि हासिल की। चेन्नई के इंजीनियरिंग स्नातक अश्विन ने शीर्ष क्रम के बल्लेबाज के रूप में शुरुआत की और ऑफ स्पिनर की भूमिका निभाने से पहले मध्यम गति की गेंदबाजी में भी हाथ आजमाया।

प्रधानमंत्री मोदी और सचिन तेंदुलकर ने दी बधाई

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को 500 टेस्ट विकेट लेने की उपलब्धि के लिए ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन की प्रशंसा की। प्रधानमंत्री मोदी ने 'एक्स' पर कहा, रविचंद्रन अश्विन को 500 टेस्ट विकेट लेने की असाधारण उपलब्धि पर बधाई। उनकी यात्रा और उपलब्धियां उनके कौशल और दृढ़ता का प्रमाण हैं। वह आगे और उपलब्धियां हासिल करें, उन्हें मेरी शुभकामनाएं। महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर ने अश्विन को 'लाखों में एक' गेंदबाज करार दिया। तेंदुलकर ने 'माइक्रो ब्लॉगिंग' साइट पर कहा, लाखों में एक गेंदबाज के लिए 500 टेस्ट विकेट। अश्विन (विन) द स्पिनर (नर) में हमेशा 'विनर' होता है। 500 विकेट बड़ी उपलब्धि है। बधाई हो चैम्पियन।

जडेजा, अश्विन की गलती से इंग्लैंड को हुआ पांच रन का फायदा

राजकोट। भारत पर तीसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन पहले सत्र में आर अश्विन के पिच के संरक्षित हिस्से में दौड़ने से इंग्लैंड की टीम को 5 रन का फायदा हुआ है। इससे पहले रवींद्र जाडेजा तीसरे टेस्ट के पहले दिन पिच के संरक्षित हिस्से पर दौड़ने पर चेतावनी दी गई थी। इंग्लैंड को 102वें ओवर में 5 रन का फायदा उस समय हुआ जब भारत का स्कोर 7 विकेट पर 358 रन था। अश्विन ने गेंद को कवर की ओर खेला और रन के लिए पिच पर दौड़ पड़े, लेकिन जुरेल ने उनको वापस भेजा। अंपायर जोएल विल्सन और अश्विन के बीच बातचीत हुई जो पेनाल्टी का सिग्नल देने से पहले निराश दिखे। इंग्लैंड ने पारी की शुरुआत 5 रन से की। नियम में बल्लेबाजों के पिच को खराब करने के बारे में बताया गया है, जिसमें पिच को जानबूझकर या ऐसी स्थिति जहां वह हट सकता था लेकिन ऐसा नहीं किया तो इसे क्षति पहुंचाना अनुचित है।

घरेलू चरण में ऑस्ट्रेलिया-अमेरिका का सामना करेगी महिला हॉकी टीम

राउरकेला, एजेंसी

भारतीय महिला हॉकी टीम सप्ताहांत प्रो लीग मुकाबलों में जब ऑस्ट्रेलिया और अमेरिका से भिड़ेगी तो उसकी नजरें घरेलू सरजमीं पर अपने अभियान का सकारात्मक अंत करने पर टिकी होंगी। पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने में नाकाम रही सविता पूनिया की अगुआई वाली भारतीय महिला टीम एफआईएच प्रो लीग के मौजूदा सत्र में शीर्ष टीमों के खिलाफ प्रभावी प्रदर्शन करने में नाकाम रही है और उसने छह में से पांच मैच गंवाए हैं।

पहले मैच में चीन से मिली 1-2 की शिकस्त के बाद भारत को नीदरलैंड के खिलाफ 1-3 और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 0-3 से हार झेलनी पड़ी। भुवनेश्वर के अंतिम मैच में भारत ने अमेरिका को 3-1 से हराया। राउरकेला के पहले मैच में भारत ने शुरुआती बढ़त बनाई लेकिन चीन ने 2-1 से जीत दर्ज की। भारत इसके बाद नीदरलैंड के खिलाफ 0-1 से हार गया। पिछले मैच में भारत की रक्षापंक्ति ने बेहतर प्रदर्शन किया लेकिन पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलने के मामले में टीम पिछड़ गई।

भारतीय महिला टीम ने पदक सुनिश्चित किया, पुरुष टीम जापान से हारी

ग्रुप चरण में शीर्ष पर रहने के बाद सिंधू, अस्मिता और अश्विनी तथा तनीषा की युगल जोड़ी ने हांगकांग को हराया

बीएटीसी

शाह आलम (मलेशिया), एजेंसी

भारतीय महिला बैडमिंटन टीम ने शुक्रवार को हांगकांग पर 3-0 की जीत के साथ बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप (बीएटीसी) में अपना पहला पदक पक्का किया लेकिन पुरुष टीम क्वार्टर फाइनल में जापान से 2-3 से हार गई।

चीन को हराकर ग्रुप चरण में शीर्ष पर रहने के बाद भारत ने पीवी सिंधू, अस्मिता चालिहा और अश्विनी पोनप्पा तथा तनीषा क्रास्टो की युगल जोड़ी की जीत के दम पर हांगकांग को हराया। अब भारत का मुकाबला जापान और चीन के बीच होने वाले एक अन्य क्वार्टर फाइनल के विजेता से होगा। भारतीय पुरुष टीम ने साहसिक प्रयास किया लेकिन नर्वस किदाम्बी श्रीकांत अंत में निर्णायक पांचवें मैच में हार गए। सिंधू ने लो सिन यान हैप्पी के खिलाफ कड़े मुकाबले में जीत दर्ज की। तनीषा और अश्विनी की महिला युगल जोड़ी ने येयुंग एनगा टिंग और येयुंग पुई लैम की जोड़ी को हराकर भारत की बढ़त दोगुनी कर दी। अस्मिता ने येयुंग सुम यी पर आसान जीत से भारत की जीत के साथ टीम के लिए कांस्य पदक पक्का किया। पूर्व राष्ट्रीय कोच विमल कुमार ने बताया कि यह महिला टीम के लिए एक सहज परिणाम है। मैं उनके प्रदर्शन से बहुत खुश हूं।

स्पर्धा में जापान की पुरुष टीम अपने शीर्ष खिलाड़ियों के बिना खेल रही थी, जिसमें दुनिया के छठे नंबर के खिलाड़ी कोडाई नारोका तथा ताकुरो होकी और युगो कोबायाशी की 2021 विश्व चैम्पियन युगल जोड़ी मौजूद नहीं थी। लेकिन भारतीय पुरुष टीम के लिए यह मुकाबला कड़ा रहा। एचएस प्रणय को केंटो निशिमोटो से हार मिली, जिससे जापान ने 1-0 से बढ़त बना ली। सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की दुनिया की नंबर एक जोड़ी ने फिर शानदार प्रदर्शन करते हुए केन्या मितसुहाशी और हिरोकी ओकामुरा को पराजित कर भारत को मुकाबले में वापसी कराई। राष्ट्रमंडल खेलों के चैम्पियन लक्ष्य सेन ने फिर कोको वाटानाबे को हराकर भारत को 2-1 से आगे किया। एमआर अर्जुन व ध्रुव कपिला अपना मैच हार गए। उन्हें अकिरा कोगा और काजुकी शिबाटा से पराजय मिली और जापान ने स्कोर 2-2 कर दिया। अब जिम्मेदारी श्रीकांत के कंधों पर थी। उन्होंने केंटो मोमोटा से पहला गेम जीता लेकिन अगले दो गेम गंवा दिए और भारत मुकाबला हार गया।

बॉलीवुड हलचल

'फाइटर' ने की 200 करोड़ की कमाई

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेता ऋतिक रौशन और दीपिका पादुकोण स्टारर फिल्म 'फाइटर' ने 200 करोड़ की कमाई कर ली है। सिद्धार्थ आनंद के निर्देशन में बनी फिल्म फाइटर 25 जनवरी को प्रदर्शित हुयी है। यह फिल्म एरियल एक्शन ड्रामा है, जिसमें एयर फोर्स के फाइटर पायलट्स की कहानी को दिखाया गया है। फिल्म फाइटर में ऋतिक और दीपिका की रोमांटिक जोड़ी दर्शकों को खूब पसंद आ रही है। फिल्म को रिलीज हुए आज तीन हफ्ते हो चुके हैं। फिल्म फाइटर ने 200 करोड़ की कमाई कर ली है। 'फाइटर' में ऋतिक रौशन और दीपिका पादुकोण के अलावा अनिल कपूर, करण सिंह ग्रोवर की भी अहम भूमिका है।

जॉन अब्राहम ने दंगे का ट्रेलर किया लांच



मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेता जॉन अब्राहम ने हर्षवर्धन राणे की आने वाली फिल्म दंगे का ट्रेलर सोशल मीडिया पर लांच किया है। बॉलीवुड निर्देशक बिजॉय नांबियर फिल्म दंगे लेकर आ रहे हैं, जिसमें हर्षवर्धन राणे और एहान भट्ट जैसे कलाकार अहम भूमिकाओं में हैं। दंगे का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। ट्रेलर को जॉन अब्राहम ने लॉन्च किया है। जॉन अब्राहम ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम हैंडल पर दंगे का ट्रेलर साझा किया है। फिल्म दंगे कॉलेज के दो गुटों के बीच की तनातनी की कहानी है। हर्षवर्धन राणे और एहान भट्ट के अलावा फिल्म दंगे में निकिता दत्ता, टीजे भानू की अहम भूमिका है। फिल्म दंगे 01 मार्च 2024 को रिलीज होगी।

वैलेंटाइन वीक की लिस्ट में त्रिप्ति शीर्ष पर

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेत्री त्रिप्ति डिमरी ने आईएमडीबी की वैलेंटाइन वीक की लोकप्रिय भारतीय हस्तियों की लिस्ट में पहला स्थान पाया है। वैलेंटाइन सप्ताह को चिह्नित करते हुए, आईएमडीबी ने दुनिया भर में 200 मिलियन से अधिक मासिक विजिटर्स में से निर्धारित सप्ताह की 10 सबसे लोकप्रिय भारतीय हस्तियों की लिस्ट का अनावरण किया। इस सप्ताह सूची में शीर्ष त्रिप्ति डिमरी हैं, जिन्हें एक्शन ड्रामा 'एनिमल' में उनके उल्लेखनीय प्रदर्शन के लिए काफी प्रशंसा मिल रही है। फिल्म में ज़ोया की भूमिका निभाते हुए, त्रिप्ति डिमरी ने ग्रे शेड वाले किरदार को चित्रित करके अपनी वर्सटाइल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। फिल्म में त्रिप्ति ने अपनी दमदार स्क्रीन उपस्थिति, संवाद अदायगी और शानदार लुक से दिल जीत लिया, जिससे वह आईएमडीबी सूची में भी शीर्ष स्थान पर पहुंच गईं। त्रिप्ति डिमरी के बाद शाहिद कपूर सातवें नंबर और भूमि पेडनेकर 23वें नंबर पर हैं, जिससे वैश्विक स्तर पर उनकी बढ़ती लोकप्रियता और मजबूत हो गई है।

कुछ रीत जगत की ऐसी है का अनुभव शानदार: सेजल

मुंबई, एजेंसी। जानी मानी चरित्र अभिनेत्री सेजल शाह का कहना है कि कुछ रीत जगत की ऐसी है में काम करना उनके लिए शानदार अनुभव रहा है। सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन सीरियल 'कुछ रेत जगत की ऐसी है' लेकर आ रहा है। गुजरात के परिवेश पर आधारित इस शो में दहेज प्रथा के खिलाफ आवाज उठाई गई है। मीरा देओस्थले (नंदिनी) और जान खान (नरेन रतनशी) मुख्य भूमिका निभाते नजर आएंगे। नंदिनी की परवरिश उसके मामा और मामी ने की है, जिनका किरदार जगत रावत और सेजल साह ने निभाया है। सेजल शाह ने बताया, कुछ रीत जगत की ऐसी है में काम करना शानदार अनुभव रहा। इस शो में आप सभी को शानदार क्रियेटिव वर्क देखने को मिलेगा।

शोटाइम, फिल्म इंडस्ट्री की कई सच्चाइयों को सामने लेकर आएगा: इमरान



मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड के जानेमाने अभिनेता इमरान हाशमी का कहना है कि उनकी आने वाली वेबसीरीज शो टाइम फिल्म इंडस्ट्री की कई सच्चाइयों को सामने लेकर आएगा। इमरान हाशमी इन दिनों अपनी आने वाली वेबसीरीज शोटाइम को लेकर चर्चा में है। हाल ही में शोटाइम का ट्रेलर रिलीज किया गया है। इसमें सिनेमा जगत के पर्दे के पीछे के दिलचस्प राज से पर्दा उठता हुआ नजर आ रहा है। करण जौहर के धर्मेटिक एंटरटेनमेन्ट के बैनर तले बनी शोटाइम बॉलीवुड के पर्दे के पीछे के कई दिलचस्प किस्सों को लेकर बनाई गई है। इमरान ने शोटाइम में फिल्म निर्माता रघु खन्ना का किरदार निभाया है, जो कर्मशियल सिनेमा बनाता है। उन्होंने बताया, शो टाइम दर्शकों का मनोरंजन करने के साथ ही उन्हें संदेश भी देगा। फिल्म इंडस्ट्री में सुने-सुनाए किस्सों के बारे में लोग जानते है। इंडस्ट्री के बारे में लोगों को बहुत कम पता है। शो टाइम लोगों को फिल्म इंडस्ट्री की दुनिया से रूबरू कराएगा। शो टाइम की कहानी दिलचस्प है। शोटाइम, बॉलीवुड की कई सच्चाइयों को सामने लेकर आएगा। फिल्म इंडस्ट्री में मुझे दो दशक हो गए हैं। मैंने इंडस्ट्री के अच्छे और बुरे दोनों पक्ष देखे हैं। जब मुझे शोटाइम के लिय अप्रोच किया गया तो मैंने तुरंत हां कर दी। डिज़्नी+हॉटस्टार और धर्माटिक एंटरटेनमेंट के साथ सहयोग करना एक अविश्वसनीय अनुभव रहा है। हमने दर्शकों को हमेशा यह जानने के लिए उत्सुक देखा है कि बॉलीवुड के बंद दरवाजों के पीछे क्या चल रहा है और मैं बस इतना कहना चाहता हूं, हमने आप सभी को सुना है।

शिवानी का गाना रील वाला लईका रिलीज

मुंबई, एजेंसी। गायिका शिवानी सिंह का गाना रील वाला लईका रिलीज हो गया है। गाना रील वाला लईका एक लड़की की ख्वाहिश का इजहार है, जिसमें लड़की को रील बनाने वाला लड़का पसंद आ जाता है। शिवानी सिंह ने इसी चाहत को अपने स्वरों से सजाया है। इस गाने के म्यूजिक वीडियो में श्वेता शर्मा उस लड़की के किरदार में नजर आ रही हैं, जिससे रील वाला लईका यानी मैंगो मैन पसंद आ गया है। गाना रील वाला लईका के गीतकार अजीत मंडल है, जिन्होंने इस गाने के लिरिक्स को लिखा है और संगीतकार आर्य शर्मा है। इस गाने का निर्देशन वेंकट महेश ने किया है और क्रिएटिव डायरेक्टर नितेश सिंह है। गाने की कोरियोग्राफी प्रेम शर्मा ने की है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक राज सागर द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0591-3551286 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

हवाई अड्डे पर अनुरोध के बाद भी नहीं मिली व्हीलचेयर, पैदल चलने से बुजुर्ग की मौत

मुंबई, एजेंसी

मुंबई हवाई अड्डे पर एक बुजुर्ग को बुकिंग के बाद भी व्हीलचेयर नहीं मिली, जिसके कारण व्यक्ति मौत हो गई। हालांकि, इस घटना पर एयर इंडिया ने सफाई देते हुए कहा कि यात्री से व्हीलचेयर मिलने तक इंतजार करने का अनुरोध किया था, लेकिन उन्होंने अपनी पत्नी के साथ पैदल जाने का विकल्प चुना।

एयर इंडिया के एक प्रवक्ता ने कहा, 12 फरवरी को न्यूयॉर्क से मुंबई जा रहे हमारे एक मेहमान अपनी पत्नी के साथ इमिग्रेशन क्लियर करने के लिए जाते समय बीमार पड़ गए। बुजुर्ग यात्री ने व्हीलचेयर की मांग की

थी। व्हीलचेयर की भारी मांग के कारण हमने यात्री से थोड़ा इंतजार करने का अनुरोध किया था लेकिन उन्होंने अपनी पत्नी के साथ पैदल चलने का विकल्प चुना। ऐसे में बुजुर्ग इमिग्रेशन काउंटर तक पैदल चलकर गए। ऐसे में उनकी हालत बिगड़ गई। उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी मौत हो गई। एक रिपोर्ट के मुताबिक, 80 साल के बुजर्ग ने न्यूयॉक से मुंबई के लिए उड़ान भरी थी। दंपति ने अपने लिए व्हीलचेयर की बुकिंग की थी। मुंबई एयरपोर्ट पर एयर इंडिया की फ्लाइट जब लैंड हुई तो दंपति को सिर्फ एक व्हीलचेयर मिली।

ऐसे में पति ने उसपर अपनी बुजुर्ग पत्नी को बैठाया और खुद पैदल चलने लगे। विमान से लेकर 1.5 किलोमीटर की दूरी पर टर्मिनल में बने इमिग्रेशन काउंटर तक बुजुर्ग को पैदल जाना पड़ा। काउंटर पर पहुंचने के बाद बुजुर्ग को चक्कर आया और हार्ट अटैक के बाद बुजुर्ग की मौत हो गई। घटना के बाद बुजुर्ग को नानावती अस्पताल भी ले जाया गया, लेकिन इससे पहले मौत हो गई।

तालिबान शासन में विदेशी आतंकियों को मिल रही छूट : यूएन

संयुक्त राष्ट्र। तालिबान शासन में विदेशी आतंकियों को पूरी छूट मिल रही, जिससे वह तेजी से फलफूल रहे हैं। यह जानकारी संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट में सामने आई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि इस बात के कोई हालिया संकेत नहीं हैं कि तालिबान ने युद्धग्रस्त देश में विदेशी आतंकवादी लड़ाकों की गतिविधियों को सीमित करने के लिए कोई कदम उठाया हो।

संयुक्त राष्ट्र प्रमुख एंटोनियो गुटेरेस की ओर से रिपोर्ट में सदस्य देशों की चिंता भी व्यक्त की गई है कि तालिबान शासित अफगानिस्तान में आतंकवादी समूहों को हाल के इतिहास में किसी भी समय की तुलना में अधिक स्वतंत्रता प्राप्त है। विशेष रूप से खतरनाक आइएस आतंकवादी समूह की ताकत लगभग दोगुनी हो गई है।

84 हजार करोड़ के रक्षा सौदे को डीएसी ने दी मंजूरी

नई दिल्ली, एजेंसी

- सेना की ताकत बढ़ाने को सरकार का बड़ा फैसला, बहुउद्देशीय विमान व अन्य की होगी खरीद

रक्षा मंत्रालय ने सशस्त्र बलों की समग्र लड़ाकू क्षमताओं को बढ़ावा देने के लिए बहुद्देशीय समुद्री विमान सहित 84,560 करोड़ रुपये के सैन्य हार्डवेयर की खरीद को शुक्रवार को मंजूरी दे दी है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता वाली रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) ने इन खरीद प्रस्तावों को मंजूरी दी।

डीएसी ने जिन प्रस्तावों को मंजूरी दी है उनमें नई पीढ़ी की टैंक रोधी माइंस (एंटी टैंक), वायु रक्षा सामरिक नियंत्रण रडार, भारी वजन वाले टॉरपीडो, मध्यम दूरी की समुद्री टोही व बहुद्देश्यीय समुद्री विमान, फ्लाइट रिफ्यूलर एयरक्राफ्ट तथा सॉफ्टवेयर

डिफाइंड रेडियो शामिल हैं। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि डीएसी ने भारतीय नौसेना और तटरक्षक बल की निगरानी और हस्तक्षेप क्षमताओं को मजबूत करने के लिए मध्यम दूरी के समुद्री टोही विमानों और बहुद्देश्यीय समुद्री विमानों की खरीद को मंजूरी दी।

वायुसेना को मिलेगा रिफ्यूलर एयरक्राफ्ट

वायु रक्षा प्रणालियों को मजबूत करने के उद्देश्य से वायु रक्षा सामरिक नियंत्रण रडार की खरीद के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई है। यह विशेष रूप से धीमी, छोटी और कम उड़ान वाले लक्ष्यों का पता लगाने की क्षमताओं को मजबूत करेगा। बयान में कहा गया कि डीएसी ने भारतीय वायु सेना की परिचालन क्षमताओं और पहुंच को बढ़ाने के लिए फ्लाइट रिफ्यूलर एयरक्राफ्ट की खरीद के लिए एओएन को मंजूरी दे दी। एक अनुकूल रक्षा स्टार्ट-अप पारिस्थितिकी तंत्र बनाने के लिए भी डीएसी ने पहल किया है। रक्षा अधिग्रहण परिषद ने उत्कृष्टता के लिए नवाचार (आईडीईएक्स) और स्टार्ट-अप व एमएसएमईएस से उन्नत तकनीकों की खरीद को बढ़ावा देने के लिए रक्षा अधिग्रहण प्रक्रिया (डीएपी) 2020 में संशोधन

को मंजूरी दी है। इसके तहत बेंचमार्किंग, लागत गणना, भुगतान अनुसूची और खरीद की मात्रा तय की जाती है। यह आईडीईएक्स और टीडीएफ योजनाओं के तहत स्टार्ट-अप और एमएसएमईएस के लिए एक सहायक व्यावसायिक वातावरण के साथ-साथ बहुत आवश्यक प्रोत्साहन प्रदान करेगा। यह वास्तव में ईज ऑफ डूइंग की भावना से प्रेरित होगा।

एक नजर

गाजा के अस्पताल में ऑक्सीजन आपूर्ति बंद होने से पांच की मौत

राफा। दक्षिणी गाजा के मुख्य अस्पताल पर इजराइली सैनिकों के हमले से अफरा-तफरी की स्थिति है। ऑक्सीजन आपूर्ति बंद होने से शुक्रवार पांच लोगों की मौत हो गई। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने जानकारी देते हुए कहा कि दक्षिणी शहर खान यूनिस में नासिर अस्पताल को लगभग एक सप्ताह तक घेरकर रखने के बाद इजराइली सैनिकों ने इस पर धावा बोल दिया। अस्पताल के कर्मचारियों के अनुसार, बृहस्पतिवार को इजराइली सैनिकों की गोलीबारी में एक मरीज की मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए। इजराइली सेना के मुख्य प्रवक्ता डेनियल हगारी ने कहा कि सेना ने बृहस्पतिवार को अस्पताल में प्रवेश किया क्योंकि उसके पास विश्वसनीय खुफिया जानकारी।

भारत से जुड़े धनशोधन मामले में हांगकांग में सात लोग गिरफ्तार

बीजिंग/हांगकांग। हांगकांग के सीमा शुल्क अधिकारियों ने शुक्रवार को 1.8 अरब डॉलर के धनशोधन मामले में सात लोगों को गिरफ्तार किया। इस मामले में भारत से जुड़े एक मोबाइल एप का भी खुलासा हुआ है। हांगकांग के सीमा शुल्क व उत्पाद शुल्क विभाग ने कहा कि गिरोह ने छद्म बैंक खातों और मुखौटा कंपनियों का इस्तेमाल किया। सीमा शुल्क वित्तीय जांच ब्यूरो की प्रमुख सुजेट इप तुंग-चिंग ने बताया कि यह अभियान भारत में एक मोबाइल ऐप घोटाले और देश की दो आभूषण कंपनियों से जुड़ा है, जिन्होंने लगभग 37.1 करोड़ डालर की हेरफेर की। खाते में प्रतिदिन 1.28 करोड़ डॉलर आते थे और उसमें 50 से अधिक दैनिक लेनदेन होते थे। उन्होंने कहा-आगे की जांच की जा रही है।

ऑस्ट्रेलिया के क्वींसलैंड में भारतीय महिला की मौत, जांच में जुटी पुलिस

मेलबर्न। ऑस्ट्रेलिया के क्वींसलैंड में 28 वर्षीय एक भारतीय महिला कार में मृत पाई गई। कैनबरा में भारतीय उच्चायोग ने कहा कि टीम इस मामले में सभी आवश्यक सहायता के लिए संपर्क में है। उच्चायोग ने कहा, ऑस्ट्रेलिया में दिल दहला देने वाली घटना। उच्चायोग की एक टीम सभी आवश्यक सहायता के लिए संपर्क में है। मीडिया के अनुसार, माउंट ईसा पुलिस जिला अधीक्षक टॉम आर्मिट ने बताया कि पुलिस महिला की मृत्यु की परिस्थितियों की जांच कर रही है। उन्होंने बताया कि, मृतका का वाहन बाढ़ के पानी में आंशिक रूप से डूबा हुआ पाया गया था। महिला की पहचान उजागर नहीं की गई है।

अमेरिका के चेयेने में गोलीबारी, एक युवक की मौत, दो घायल

चेयेने। अमेरिकी राज्य व्योमिंग की राजधानी में सड़क पर गोलीबारी की घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। चेयेने पुलिस विभाग की प्रवक्ता एलेक्जेंड्रा फार्कस ने कहा कि गुरुवार को आवासीय क्षेत्र में गोलीबारी हुई। फार्कस ने कहा कि जांच अधिकारी गोलीबारी के कारणों और पीड़ितों के बारे में जानकारी जुटा रहे हैं। अधिकारी इस बात का भी पता लगा रहे हैं कि घटना में घायल हुए लोग वयस्क थे या नहीं।

पीटीआई समर्थित उम्मीदवारों के घर छापेमारी, इमरान की बहन अलीमा तलब

इमरान की पार्टी के कई नेता गिरफ्तार

लाहौर, एजेंसी

पाकिस्तान में चुनाव के नतीजे आने के बाद प्रधानमंत्री पद को लेकर संशय बरकरार है। इसी बीच पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी गई है। सूत्रों ने बताया कि पुलिस ने पीटीआई समर्थित निर्दलीय उम्मीदवारों को गिरफ्तार कर पूरे पंजाब प्रांत में उनकी संपत्तियों पर छापेमारी जारी है।

जानकारी के अनुसार, पंजाब और खैबर पख्तूनख्वा (केपी) में मुख्यमंत्री पद के लिए पीटीआई द्वारा नामांकित उम्मीदवारों के लिए गिरफ्तारी वारंट जारी किए गए हैं। इसके अलावा, संघीय जांच एजेंसी (एफआईए) ने इमरान खान की बहन अलीमा खान को भी तलब किया है। इधर, पीटीआई ने प्रधानमंत्री पद के लिए उम्मीदवार के रूप में उमर अयूब आगे किया, जिन्हें संसद में जाने से रोका जा सकता है और इसके लिए उनकी गिरफ्तारी की आशंका जताई जा रही है। हालांकि, आशंका को देखते हुए एक स्थानीय अदालत से उन्हें जमानत मिल गई है। वहीं, पीटीआई के पीएम पद के उम्मीदवार उमर अयूब ने खुफिया एजेंसियों की ओर इशारा करते हुए कहा कि सियालकोट से पीटीआई समर्थित एमएनए (नेशनल असेंबली के सदस्य) असलम घुम्मन का अज्ञात लोगों ने अपहरण कर लिया है। इसके अलावा लाहौर में नौ मई को हुए दंगों के मामले में पुलिस ने पीटीआई समर्थित नेता अहमर रशीद भट्टी को रायविंड से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी से पहले अहमर रशीद भट्टी अपनी का जश्न मना रहा थे। इसी तरह, पंजाब पुलिस ने गुजरांवाला से पीटीआई समर्थित नवनिर्वाचित एमएनए- मोबीन आरिफ जट और एहसानुल्लाह विर्क के कारखानों, मिलों और गोदामों पर छापा मारा और उन्हें सील कर दिया। साथ ही पंजाब पुलिस ने नौ मई के मामलों में पीटीआई नेता असलम इकबाल के खिलाफ नए वारंट जारी किए।

इमरान खान से बैकडोर वार्ता कर रही पाकिस्तानी सेना

पाकिस्तान में चुनावी नतीजों से साफ हो गया कि आम पाकिस्तानी लोगों ने शरीफ या जरदारी

परिवार के खिलाफ वोट नहीं, बल्कि पाकिस्तान की सेना के खिलाफ वोट दिया है। सेना ने पाकिस्तान तहरीके इंसाफ (पीटीआई) के नेता इमरान खान को सत्ता से हटाने और चुनाव लड़ने से रोकने के लिए कई कदम उठाए। इससे इमरान के निर्दलीय प्रत्याशियों को बड़े पैमाने पर सेना विरोधी वोट मिले। इस चुनाव ने पाकिस्तान में पिछले 75 साल से चले आ रहे सत्ता समीकरण बदल दिए। अब सेना ने बैकडोर से इमरान के संपर्क शुरू कर दिया है। चुनाव परिणाम आने के बाद सेना ने अदियाला जेल में इमरान से दोबारा संपर्क किया गया। पहला संपर्क ज्वाइंट चीफ ऑफ स्टाफ कमेटी के अध्यक्ष जनरल सहर द्वारा किया गया था। इसके बाद इमरान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी से संपर्क किया गया, जो बानीगाला आवास पर नजरबंद हैं। बुशरा बीबी से चीफ ऑफ जनरल स्टाफ लेफ्टिनेंट जनरल अवैस दस्तगीर मिले थे। बताया जाता है कि जनरल अवैस दस्तगीर पाक सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर के बेहद करीबी माने जाते हैं। जनरल दस्तगीर ने इमरान और बुशरा से कहा कि सेना उन्हें आने वाले समय में कई राहत देगी और पीटीआई को केपीके में सरकार बनाने की अनुमति दी जाएगी। सेना ने इमरान से कहा है कि वे गठबंधन सरकार बनने दें ताकि पाकिस्तान में राजनीतिक स्थिरता आ सके और अर्थव्यवस्था में सुधार हो सके।

मणिपुर : उग्र भीड़ ने अफसरों के दफ्तार जलाए

इंफाल, एजेंसी

- हिंसा में दो लोग की मौत, 42 घायल, पांच दिनों तक इंटरनेट सेवाएं निलंबित की

मणिपुर में जारी हिंसा के कारण स्थिति नाजुक बनी हुई है। राज्य में गुरुवार को एक बार फिर से हिंसा भड़क गई, जिससे वहां की स्थिति खराब हो गई। एक अधिकारी ने बताया कि चुराचांदपुर में गुरुवार रात करीब 400 लोगों ने एसपी और डीसी ऑफिस पर धावा बोल दिया। इस दौरान भीड़ ने सरकारी परिसर में घुसकर आगजनी और तोड़फोड़ भी की।

पुलिस ने बताया कि, सुरक्षा बलों ने भीड़ को काबू करने के लिए फायरिंग की, जिसमें कम से कम दो लोग मारे गए और 42 लोग घायल हो गए। हिंसा के बाद राज्य सरकार ने जिले में पांच दिनों तक इंटरनेट सेवाएं निलंबित कर दी है।

उन्होंने बताया कि सुरक्षा बलों द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली कई बसों और ट्रकों को आंदोलनकारियों ने जला दिया। अधिकारी ने बताया कि सैकड़ों लोग कार्यालय के कमरों में घुस गए और सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाया। उन्होंने कहा कि सुरक्षा बलों ने प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए

आंसू गैस के गोले दागे। वहीं, प्रत्यक्षदर्शियों ने कहा कि सुरक्षा बलों के साथ झड़प में दो व्यक्ति की मौत हो गई और 40 से अधिक लोग घायल हो गए।

इससे पहले मणिपुर पुलिस ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट एक्स में कहा कि लगभग 300-400 की संख्या में भीड़ ने एसपी कार्यालय पर धावा बोलने का प्रयास किया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने पथराव भी किया। पोस्ट में कहा गया कि सुरक्षा बल आंसू गैस चलाकर प्रदर्शनकारियों को उचित जवाब दे रहे हैं और स्थिति नियंत्रण में है।

हथियार लूटने के आरोप में 7 जवान निलंबित

मणिपुर के इंफाल पूर्वी जिले में विशेष बल के चिंगारेल शिविर से हथियारों और गोला-बारूद की लूट के मामले में इंडिया रिजर्व बटालियन के सात जवानों को निलंबित कर दिया गया है। उन पर कर्तव्यों में लापरवाही बरतने के आरोप में कार्रवाई की गई है। इससे पहले गुरुवार को 5वीं इंडिया रिजर्व बटालियन के कमांडेंट के एक आदेश के मुताबिक, उन्हें पूर्व अनुमति प्राप्त किए बिना अपना मुख्यालय नहीं छोड़ने के लिए कहा गया है। आदेश में कहा गया है कि तीन दिन पहले शिविर से हथियार और गोला-बारूद लूटे जाने के बाद सात कर्मियों को गंभीर लापरवाही के लिए निलंबित कर दिया गया है। मणिपुर पुलिस ने गुरुवार को बताया था कि हथियार लूट मामले में छह लोगों को गिरफ्तार किया गया है। सभी को पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है। ईआरबी कैंप से लूटी गई चार इंसास राइफलें, एक एके घटक, एसएलआर की दो मैगजीन और 9 एमएम गोला बारूद के 16 छोटे बक्से भी बरामद किए गए हैं। बता दें कि 13 फरवरी को भीड़ चिंगारेल में 5वीं आईआरबी के शिविर में घुसी और हथियार और गोला-बारूद लेकर भाग गई।

अमेरिका में भारतवंशी परिवार की हत्या में परिवार के मुखिया पर शक

न्यूयॉर्क, एजेंसी। कैलिफोर्निया में रह रहे भारतवंशी परिवार का शव उसके 21 लाख डॉलर के घर में सोमवार को मिला था। जांच के दौरान पुलिस परिवार के मुखिया पूर्व मेटा इंजीनियर आनंद हेनरी को संदिग्ध मान रही है। सैन मेटो पुलिस विभाग ने कहा है कि जब पुलिस मौके पर पहुंची तो आनंद हेनरी, उसकी पत्नी और चार वर्षीय जुड़वां बच्चे का शव पड़ा था।

हेनरी और उसकी पत्नी एलिस प्रियंका बेंजिगर बाथरूम में मृत पड़े थे। उनके शरीर पर गोलियों के निशान थे। नौ एमएम का गन फर्श पर पड़ा था। यह हेनरी के नाम पर रजिस्टर्ड है। पुलिस को दोनों बच्चों के शव बेडरूम में मिले थे। उनके शरीर पर चोट के निशान नहीं थे। बाथरूम में मिले बेंजिगर के शरीर पर गोलियों के कई निशान थे, जबकि हेनरी के शरीर पर केवल एक गोली का निशान था। अभी तक बच्चों की मौत का कारण पता नहीं चल पाया है। पुलिस ने कहा कि आनंद की लिंक्डइन प्रोफाइल से उसकी पहचान मेटा और गूगल में पूर्व साफ्टवेयर इंजीनियरिंग मैनेजर के रूप में हुई है।

न्यूक्लियर प्लांट...

लंदन : ब्रिटेन के वैज्ञानिकों ने एक ऐसा न्यूक्लियर प्लांट बनाया है, जो जलवायु परिवर्तन से लड़ने में मददगार होगा। इस प्लांट में 0.2 मिलीग्राम ईंधन से 5 सेकंड तक 69 जूल ऊर्जा पैदा हुई, यह 5 सेकंड तक 41 हजार घरों की बिजली सप्लाई के बराबर है। यह एक अभूतपूर्व रिकॉर्ड है। ● एजेंसी

अमेरिका: हत्या के दोषी को कोर्ट ने सुनाई 99 साल की सजा

अलास्का। अमेरिका में ऑनलाइन मोटी कमाई के चक्कर में अपनी ही दोस्त की हत्या करने वाली 23 वर्षीय डेनाली ब्रेहमर को अलास्का कानून विभाग ने 99 साल कैद की सजा सुनाई है। ब्रेहमर को एक वर्ष पहले हत्या के लिए दोषी ठहराया गया था। उसने दो अन्य किशोरों के साथ मिलकर दो जून, 2019 को अपनी दोस्त 19 वर्षीय सिंथिया हाफमैन की हत्या कर दी थी। न्यूयार्क पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार, ब्रेहमर 18 साल की थी जब उसे और दो अन्य किशोरों को 21 वर्षीय डारिन शिलमिलर ने ऑनलाइन फंसाया था। शिलमिलर ने खुद को टायलर नाम का करोड़पति बताया और सिंथिया की हत्या के फोटो और वीडियो के बदले ब्रेहमर को 90 लाख डॉलर देने का वादा किया। इसके बाद तीनों ने साजिश के तहत गोली मारकर सिंथिया की हत्या कर दी। अधिकारियों ने कहा कि ब्रेहमर ने शिलमिलर को हत्या के कई स्नैपचैट वीडियो और तस्वीरें भेजीं।

सुप्रीम कोर्ट पहुंचा संदेशखाली विवाद, सीबीआई जांच की मांग

नई दिल्ली, एजेंसी

पश्चिम बंगाल में संदेशखाली विवाद अब सुप्रीम कोर्ट भी पहुंच गया है। दरअसल वकील आलोक अलख श्रीवास्तव ने संदेशखाली के मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट में पीआईएल (जनहित याचिका) दायर की है और याचिका में मांग की है कि कोर्ट की देखरेख में सीबीआई या एसआईटी की टीम मामले की जांच करें। याचिका में संदेशखाली के पीड़ितों के लिए मुआवजे की भी मांग की गई है, साथ ही अपनी जिम्मेदारी ठीक तरह से न निभाने के लिए पश्चिम बंगाल पुलिस के खिलाफ भी कार्रवाई की मांग की गई है। याचिका में संदेशखाली मामले की जांच राज्य से बाहर ट्रांसफर करने की भी मांग की है। संदेशखाली मामले की जांच तीन जजों की कमेटी से कराने की मांग भी की गई है। सीजेआई ने कहा कि हम इसे लिस्ट करेंगे फिर विचार करेंगे।

शरद की याचिका पर तत्काल सुनवाई करेगा सुप्रीम कोर्ट

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कहा कि अजित पवार गुट को असली एनसीपी के रूप में मान्यता देने वाले चुनाव आयोग के आदेश के खिलाफ दायर याचिका पर विचार करेगा। बता दें कि शरद पवार ने चुनाव आयोग के आदेश के खिलाफ याचिका दायर की है। शरद पवार ने याचिका पर तत्काल सुनवाई की मांग की। शरद पवार का कहना है कि महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार गुट द्वारा व्हिप जारी किया जा सकता है। इसलिए, शरद की ओर से पेश वरिष्ठ वकील अभिषेक सिंघवी ने सीजेआई की अध्यक्षता वाली पीठ से याचिका पर तत्काल सुनवाई की मांग की।

वांछित को यूएई से भारत लाया गया, कोर्ट ने सुनाई थी उम्रकैद की सजा

नई दिल्ली। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने अबू धाबी में इंटरपोल चैनलों के साथ घनिष्ठ समन्वय में हत्या और दंगा मामले में वांछित आरोपी नरेंद्र सिंह की वापसी की सुविधा प्रदान की, जिसके खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस जारी किया गया था।

इसकी जानकारी एक आधिकारिक बयान में शुक्रवार को दी गई। सिंह की हरियाणा पुलिस को टोहाना पुलिस स्टेशन, फतेहाबाद, हरियाणा में हत्या, दंगा और स्वेच्छा से गंभीर चोट पहुंचाने के अपराध में एक मामले में तलाश थी। सीबीआई के वैश्विक संचालन केंद्र ने इंटरपोल एनसीबी, हरियाणा पुलिस, अबू धाबी में भारतीय दूतावास, विदेश मंत्रालय अबू धाबी के साथ समन्वय किया है। इसके अलावा, आज एक रेड नोटिस विषय को हरियाणा पुलिस की एसटीएफ की ओर से सुरक्षा विवरण के साथ संयुक्त अरब अमीरात से भारत लौटाया गया।

जेल में बंद पुतिन के विरोधी एलेक्सी नवेलनी की मौत

मॉस्को, एजेंसी

- उग्रवाद के आरोप में 19 साल की सजा काट रहे थे एलेक्सी

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के धुर-विरोधी माने जाने वाले विपक्षी नेता एलेक्सी नवलनी की मौत हो गई है। मीडिया के अनुसार, एलेक्सी नवलनी पिछले काफी समय से जेल में जेल में बंद थे।

एलेक्सी नवलनी की मौत यमालो-नेनेट्स क्षेत्र की जेल में हुई है। यमालो-नेनेट्स क्षेत्र की जेल सेवा ने शुक्रवार को बयान में कहा, 16 फरवरी, 2024 को दंड कॉलोनी नंबर तीन में दोषी एलेक्सी नवलनी को टहलने के बाद अस्वस्थ महसूस हुआ और वह तुरंत बेहोश हो गया। जेल सेवा ने आगे कहा, नवलनी के बेहोश होने के बाद जेल का मेडिकल स्टाफ तुरंत पहुंचा। इसके बाद एम्बुलेंस टीम को बुलाया गया। उन्हें बचाने के हरसंभव कोशिश की गई, लेकिन उनको नहीं बचाया जा

सका। एंबुलेंस के डॉक्टरों ने दोषी नवलनी की मौत की पुष्टि कर दी। मौत के कारणों का पता लगाया जा रहा है। बता दें कि नवलनी उग्रवाद के आरोप में 19 साल की सजा काट रहे थे। उन्हें मॉस्को से लगभग 230 किलोमीटर पूर्व में मध्य रूस की जेल रखा गया था। हालांकि, एलेक्सी नवलनी के एक सहयोगी लियोनिद वोल्कोव ने एक्स पर कहा है कि वह उनकी मौत की पुष्टि करने में असमर्थ हैं। लियोनिद वोल्कोव ने लिखा, "रूसी अधिकारियों ने एक कबूलनामा प्रकाशित किया है कि उन्होंने जेल में एलेक्सी नवलनी की हत्या कर दी।

विज्ञान वैज्ञानिकों ने दी चेतावनी, 2050 तक जलवायु परिवर्तन में भारी परिवर्तन की आशंका

गल्फ स्ट्रीम समाप्ति के बाद आएगा हिमयुग

नैनीताल कार्यालय

अमृत विचार : वैज्ञानिकों ने समुद्री गर्मधारा गल्फ स्ट्रीम के समाप्त होने की चेतावनी दे दी है। इसकी समाप्ति से पश्चिमी यूरोप समेत दुनिया के कई हिस्सों की जलवायु मे बड़ा परिवर्तन आएगा।

वैज्ञानिको ने 2050 के आसपास होने वाले परिवर्तन में लघु हिमयुग आने की आशंका जताई है। गल्फ स्ट्रीम मैक्सिको की खाड़ी से निकलने वाली एक शक्तिशाली समुद्री धारा है, जो उत्तरी अटलांटिक क्षेत्र की जलवायु को विनियमित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इसका गर्म पानी एक प्राकृतिक कन्वेयर बेल्ट के रूप में कार्य करता है, जो भूमध्य रेखा से ध्रुवों की ओर गर्मी पहुंचाता है और इसके रास्ते में मौसम के पैटर्न को प्रभावित करता

अल नीनो प्रभावित क्षेत्र का मानचित्र।

है। इस समुद्री धारा का गर्म पानी सर्दियों के मौसम में तापमान को नियंत्रित करने में मदद करता है। जलवायु परिवर्तन के कारण ग्लेशियर तेजी से पिघल रहे हैं।

डेनमार्क के कोपेनहेगन विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने यह शोध किया है। शोध में कहा है कि जैसे-जैसे जलवायु परिवर्तन के विनाशकारी प्रभाव सामने आ रहे हैं, जिसका सबसे बुरा असर दुनिया भर में ग्लेशियरों का तेजी से पिघलना है। ये बर्फीले पर्वत बढ़ते वैश्विक तापमान के निरंतर हमले के आगे झुक रहे हैं।

इनके पिघलने से गल्फ स्ट्रीम समाप्त होने की आशंका से कतई इंकार नही किया जा सकता है और यह महत्वपूर्ण समुद्री धारा बंद हो जाएगी। इस परिवर्तन में उत्तरी अमेरिका, एशिया और यूरोप के कुछ हिस्सों में औसत तापमान कई डिग्री तक गिर सकता है । जिसके कुछ ही दशकों मे 10 डिग्री सेल्सियस तक अंतर आ जाएगा। इसके दुष्परिणाम दुनिया भर में बेहद गंभीर होंगे। इससे तूफानों में वृद्धि होगी। बरसा में भारी व्यवधान होगा। साथ ही कृषि को बुरी तरह प्रभावित करेगा।

कम करना होगा वैश्विक कार्बन

वैज्ञानिकों का कहना है कि हमें किसी भी दशा में वैश्विक कार्बन को कम करना ही होगा, यदि वैश्विक कार्बन उत्सर्जन कम नहीं हुआ तो 2025 से 2095 के बीच गल्फ स्ट्रीम के पतन निश्चित है। जिसका औसतन केंद्रीय अनुमान वर्ष 2050 लगाया गया है। शोध का नेतृत्व करने वाले डेनमार्क के कोपेनहेगन विश्वविद्यालय में प्रोफेसर पीटर डिटलेवसेन का कहना है कि यह बड़ी चिंता विषय है। बचाव के लिए हमें अभी से जुटना होगा। नेचर कम्युनिकेशंस जर्नल में यह शोध प्रकाशित हुआ है।

फैक्टरी में जिंदा जले 11 में से 8 मृतकों की हुई पहचान

नई दिल्ली, एजेंसी

- दमकल कर्मियों का तलाशी अभियान जारी, धमाके के साथ फटे थे केमिकल ड्रम

अलीपुर में एक पेंट फैक्टरी में आग लगने से 11 लोगों की मौत की पुष्टि हुई है। मृतकों में से आठ की पहचान संभव हो सकी है। अज्ञात शवों के लिए डीएनए जांच कराई जा सकती है।

पुलिस ने बताया कि, घटना किस कारण से हुई जांच शुरू कर दी गई। दमकल कर्मियों का तलाशी अभियान जारी है। दमकल विभाग के निदेशक अतुल गर्ग के मुताबिक, फैक्टरी में दो और लोगों के फंसे होने की संभावना है। अग्निकांड में पुलिस ने गैर इरादतन हत्या और गैर इरादतन हत्या की प्रयास की धारा 304 और 308 के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार, मारे गए आठ लोगों की पहचान अशोक कुमार जैन (62), राम सूरत सिंह (44), विशाल गौंड (19), अनिल ठाकुर (46), पंकज कुमार (29), शुभम (19), मीरा (44) और बृजकिशोर (19) के तौर पर हुई।

अग्निशमन विभाग ने बताया कि दो पेंट और केमिकल गोदाम में आग लगने से 11 लोगों की मौत हो गई। वहीं चार घायल हैं। मृतकों को पोस्टमार्टम के लिए बाबू जगजीवन राम अस्पताल ले जाया गया है। लोकनायक अस्पताल में दो मरीज भर्ती हुए हैं। अलीपुर के रिहायशी इलाके में फैक्टरी में आग लगने के बाद कई धमाके हुए। फैक्टरी में हादसे के समय मजदूर कार्य में जुटे थे, अचानक लगी आग के बाद उन्हें बाहर निकलने का मौका तक न मिला।